अग्रेमाहिषिकं दृष्ट्वा मध्येतुवृषलीपतिम् ।
अन्तेवाधु षिकं दृष्ट्वा निराशाः पितरो गताः ॥४६३॥

आगे माहिषिक अर्थात् भैंसे पर सवार को देखकर और बीच में शूद्री के पति को देखकर और अन्त में वाधु षिक को देखकर पितर लोग निराश होकर चले गये ।

न संपत्तिः क्रियासक्तिर्भैषजं च न विद्यते ।
सर्वरोगविनाशाय दिनान्ते च पयः पिबेत् ॥४६४॥

न तो धन ही है और न चिकित्सा के लिये सामर्थ्य है और दवा भी मौजूद नहीं है इसलिये सब रोगो के विनाश के लिये दिन के अन्त मे पानी पीना चाहिए ।

दिनान्ते च पिबेद्दुग्धं निशान्ते न पिबेत् पयः ।
भोजनान्ते पिबेत्तक्रं किं वैद्यस्य प्रयोजनम् ॥४६५॥

दिन के अन्त मे अर्थात् सायंकाल को दूध पीना चाहिए । और रात्रि के अन्त मे अर्थात् ब्रह्ममुहूर्त मे जल नहीं पीना चाहिए । और भोजन के अन्त मे तक्र पीना चाहिए। फिर वैद्य का कोई मतलब नहीं है ।

भगिनी भगिनीभर्ता दुहिता दुहितुः पतिः ।
श्राद्धकाले पूजिताश्चेन्निराशाः पितरो गताः ॥४६६॥

बहिन, बहिनोई, लड़की, जामाता इनकी यदि श्राद्ध के समय पूजा करदी है तो पितर लोग निराश होकर चले गये ।

कूष्माण्डं महिषीक्षीरं बिल्वपत्रमथद्विजाः ।
श्राद्धकाले पूजितं चेन्निराशाः पितरो गताः ॥४६७॥

कूष्माण्ड, भैंस का दूध, बीला पत्र, और ब्राह्मण यदि श्राद्ध के समय पूजित है तो पितर निराश होकर लौट गये ।

वनेषु दोषाः प्रभवन्ति रागिणां गृहेषु पञ्चेन्द्रियनिग्रहस्तपः ।
अकुत्सिते कर्मणि यः प्रवर्ततेनिवृत्तरागस्यगृहं तपोवनम् ॥४६८॥

रागी मनुष्यों के वन मे भी दोष उत्पन्न हो जाते हैं । और घरो मे भी पांचो इन्द्रियो को वशीभूत रखना तपश्चर्या ही है। जो व्यक्ति अच्छे काम मे लगा रहता है और जिसका अनुराग मिट चुका है उसके लिये घर ही तपोवन है ।

भेदाभेदौ सपदि गलितौ पुण्यपापे विशीर्णे ।
मायामोहौक्षयमुपगतौ नष्टसंदेहवृत्तेः ॥
शब्दातीतं त्रिगुणरहितं प्राप्य तत्त्वावबोधम् ।
निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां कोविधिः कोनिषेधः ॥४६९॥

भेद और अभेद शीघ्र नष्ट हो गये है पुण्य और पाप भी नष्ट हो गये हैं । माया और मोह क्षीण हो गये है । और जिसका संदेह निवृत्त हो चुका है । और शब्दों मे अकथनीय रज. तम, सत्व आदि तीनों गुणों से रहित तत्त्वज्ञान को प्राप्त कर त्रैगुण्य रहित मार्ग मे विचरण करने वालों के लिये क्या तो विधि है और क्या निषेध है । अर्थात् विधि निषेध परक सब शास्त्र उनके ऊपर अनुशासन नहीं करते हैं ।

गोविन्दोमातुलो यस्य पिता यस्य धनञ्जयः ।
अभिमन्यू रणेशेते नियतिः केन वार्यते ॥४७०॥

जिसके मामा कृष्ण गोविन्द है और जिसके पिता अर्जुन है । वह अभिमन्यु सग्राम मृत होकर सो रहा है । भाग्य को (होनहार) कौन रोक सकता है ? अर्थात होनी हाकर ही रहती है ।

सूर्यचन्द्रौ जगन्नेत्रे सूर्याचन्द्रमसावपि ।
पश्य गच्छत एवास्तं नियतिः केन लंघ्यते ॥४७१॥

सूर्य और चन्द्रमा जो कि ससार के नेत्र है देखो वे ही अस्त हो जाते हैं । होनहार को कौन टाल सकता है । अर्थात कोई नहीं । जब सूर्य और चन्द्रमा भी प्रतिदिन अस्त होते है तब मामूली प्राणी का तो कहना ही क्या है । उसे तो भाग्याधीन रहना ही पडेगा ।

बुद्धिर्यस्य बलं तस्य निर्बुद्धेस्तु कुतो बलम् ।
पश्यसिंहो मदोन्मत्तः शशकेन निपातितः ॥४७२॥

जिसके बुद्धि है उसी के पास बल है । बुद्धिहीन के पास बल कहां है । जिस प्रकार देखो कि अभिमान से चूर सिंह को शशे ने मार गिराया ।

नीचाश्रयो न कर्तव्यः कर्तव्यो महदाश्रयः ।
अजः सिंहप्रसादेन आरूढो गजमस्तके ॥४७३॥

नीच व्यक्ति का आश्रय कभी नहीं लेना चाहिए । बडे व्यक्ति का ही आश्रय ग्रहण करना चाहिए । बकरा सिंह की कृपा से हाथी के मस्तक पर बैठ गया ।

दोषाकरोऽपि कुटिलोऽपि कलंकितोऽपि।
मित्रावसान समये विहितोदयोऽपि॥
चन्द्रस्तथापि हरवल्लभतामुपैति।
नैवाश्रितेषु गुणदोषविचारणा स्यात्॥४७४॥

दोषो की खान (अथवा रात्रि करने वाला चन्द्रमा) होते हुए भी, टेढ़ा होते हुए भी कलंक से युक्त होते हुए भी, मित्र की विपत्ति के समय उन्नत होते हुए भो (अथवा सूर्य के अस्ताचल मे जाने पर उगने वाला) चन्द्रमा प्रेम का प्यारा ही होता है। अर्थात् इतने दोष होने पर भी प्रेम जी चन्द्रमा का परित्याग नहीं करते है। क्योंकि अपने आश्रितो के गुण और दोष का विचार नहीं किया जाना चाहिये।

यत्रास्ति लक्ष्मीर्विनयो न तत्र, अभ्यागतो यत्र न तत्र लक्ष्मीः।
उभौ च तौ यत्र दरिद्रता च नैकत्र सर्वो गुणसन्निपातः॥४७५॥

जहां धन है वहां विनय (नम्रता) नहीं है। और जहां याचक है वहां धन नहीं है। और जहां याचक भी हैं और विनय भी है वहां दरिद्रता है। क्योकि सारे गुणो का समूह एक स्थान पर मिलना मुश्किल है।

आशैव राक्षसी पुंसामाशैव विषमञ्जरी।
अशैव जीर्णमदिरा नैराश्यं परमं सुखम्॥४७६॥

मनुष्यो के लिये आशा ही राक्षसी है। अर्थात् आशा युक्त मनुष्य कभी भी झंझट झगड़ो से मुक्त नहीं हो सकता है और आशा ही जहर की वेल है। एवं आशा ही पुरानी शराब है। निराशता ही उत्कृष्ट आनन्द है।

नोपभोक्तुमपि क्लीबो जानात्युपचितां श्रियम्।
ग्राम्यो विरागयत्येव रमयन्नपि कामिनीम्॥४७७॥

नपुंसक व्यक्ति एकत्रित लक्ष्मी का उपभोग करना भी नहीं जानता है। ग्रामीण व्यक्ति सुन्दरी स्त्री से रमण करता हुआ भी उससे विरक्त ही होता जाता है।

प

पिनाकफणिबालेन्दुभस्ममंदाकिनीयुता।
पवर्गरचिता मूर्तिपवर्गविधायिनी॥४७८॥

[illegible]

[illegible]

विरला जानन्ति गुणान् विरलाः कुर्वन्ति निर्धनस्नेहम् ।
विरला रणेषु धीराः परदुःखेनापि दुःखिता विरलाः ॥१७९॥

[illegible]

परोपदेशपाण्डित्यं सर्वेषां सुकरं नृणाम् ।
धर्मे स्वीयमनुष्ठानं कस्यचित्तु महात्मनः ॥१८०॥

[illegible]

परोपदेशपाण्डित्ये शिष्टाः सर्वे भवन्ति वै ।
विस्मरन्तीह शिष्टत्वं स्वकार्ये समुपस्थिते ॥१८१॥

[illegible]

परोपदेशसमये जनाः सर्वेऽपि पण्डिताः ।
तदनुष्ठानसमये सर्वेऽपि न पण्डिताः ॥१८२॥

[illegible]

यह ताज्जुब की बात है। क्योकि सज्जन पुरुषों की सम्पत्ति परोपकार के लिये ही होती है।

खलः सर्षपमात्राणि परच्छिद्राणि पश्यति ।
आत्मनो बिल्वमात्राणि पश्यन्नपि न पश्यति ॥४८४॥

दुष्ट व्यक्ति सरसो के समान छोटे २ भी दूसरो के छिद्रों अर्थात् त्रुटियो को देखता रहता है। और अपनी बील के बराबर मोटी २ गलतियो को देखता हुआ भी नहीं देखता है। अर्थात् देखी अनदेखी कर देता है।

परान्नं प्राप्य दुर्बुद्धे मा प्राणेषु दयां कुरु ।
परान्नं दुर्लभं लोके प्राणा जन्मनि जन्मनि ॥४८५॥

हे दुष्ट बुद्धि वाले मनुष्य ? दूसरे का अन्न पाकर प्राणो पर दया मत कर। क्योंकि ससार मे दूसरे का अन्न बडी मुश्किल से प्राप्त होता है। और प्राण तो प्रत्येक जन्म मे प्राप्त होते ही रहते है।

परसेवा सुखं हंति प्राणं हन्युः परस्त्रियः ।
परान्नं सुकृतं हंति ब्रह्मद्वेषे कुलक्षयः ॥४८६॥

दूसरे की सेवा सुख को नष्ट करती है। अर्थात् सेवक आराम नहीं पा सकता है। और दूसरे की स्त्रियां प्राण का नाश करती हैं। दूसरे का अन्न पुण्य का नाश करता है। और ब्रह्मज्ञानी ब्राह्मण का द्वेष कुलक्षय कर देता है।

विद्याविनयसंपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।
शुनि चैवश्वपाके च पंडिताः समदर्शिनः ॥४८७॥

विद्या तथा नम्रता से युक्त ब्राह्मण मे, गाय में, हाथी मे, कुत्ते मे और चाण्डाल मे पण्डित लोग एक सी दृष्टि रखते हैं। अर्थात् आत्मा सर्वत्र व्यापक है। और वह सब मे एक है। उसमे ऊच नींच नहीं बन सकता है इस विचार से वास्तविक ज्ञानी उनमे भेद बुद्धि नहीं रखता है।

पंचमेऽहनि षष्ठे वा शाकं पचति यो गृहे ।
सशान्तो चाप्रवासी च सचिरं तत्रमोदते ॥४८८॥

पांचवे दिन या छठे दिन जो मनुष्य अपने घर मे शाक पकाता है। वह व्यक्ति शान्ती मे मुक्त होकर तथा अप्रवासी होकर चिरकाल तक वहां आनन्द करता है।

अयममृतनिधानं नायकोऽप्यौषधीनाम् ।
अमृतमयशरीरः कान्तियुक्तोऽपि चंद्रः ॥
भवति विगतरश्मिर्मण्डलं प्राप्य भानोः ।
परसदननिविष्टः को लघुत्वं न याति ॥४८६॥

यह चन्द्रमा अमृत की निधि है, और समग्र जड़ी बूंटी आदि औषधियो का मालिक है, और इसका शरीर अमृत से निर्मित है, एवं कान्ति से युक्त है। ऐसा शक्तिशाली होता हुआ भी यह सूर्य के मण्डल में प्रविष्ट होकर कांति तथा किरणों से हीन हो जाता है। क्योंकि दूसरे के घर मे प्रवेश करने वाला कौन व्यक्ति हलका नहीं होता है। अर्थात् सभी हलके हो जाते है।

परस्पराणि मर्माणि ये वदन्ति नराधमाः ।
परस्परं क्षयं यान्ति वल्मीकोदर सर्पवत् ॥४६०॥

जो नीच मनुष्य आपस की रहस्यमयी गोप्य बाते कह देते हैं, वे आपस मे क्षय को प्राप्त हो जाते हैं। जैसे वांबी और पेट मे रहने वाले सांप आपस मे नष्ट होगये।

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति ।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः ॥ ४६१ ॥

जो व्यक्ति पत्ता, फूल, फल, पानी भक्ति पूर्वक मेरे अर्पण करता है। उस भक्ति पूर्वक अर्पित पत्रादि को मैं नियतात्मा के द्वारा समर्पित होने के कारण खा लेता हूँ। स्वीकार करता हूँ।

उपकारोऽपि नीचानामपकारो हि जायते ।
पयः पानं भुजङ्गानां केवलं विषवर्धनम् ॥ ४६२ ॥

नीच व्यक्तियो के लिये किया गया उपकार भी अपकार ही होता है। जिस प्रकार सांपो को दूध पिलाना केवल उनका जहर बढ़ाना है।

राजपत्नी गुरोः पत्नी मित्रपत्नी तथैव च ।
पत्नीमाता स्वस्य माता पञ्चैते मातरः स्मृताः ॥४६३॥

राजा की भार्या, गुरु की धर्मपत्नी और उसी प्रकार मित्र की धर्मपत्नी, तथा पत्नी की माता और अपनी माता ये पांच मातायें कही गई हैं।

जनिता चोपनेता च यश्च विद्यां प्रयच्छति।
अन्नदाता भयत्राता पञ्चैते पितरः स्मृताः॥ ४९४॥

उत्पन्न करने वाला और उपनयन संस्कार करने वाला और विद्यादान करने वाला, तथा अन्न देने वाला और भय से रक्षा करने वाला ये पांच पिता बतलाये गये हैं।

पञ्चभिः सह गन्तव्यं स्थातव्यं पञ्चभिः सह।
पञ्चभिः सह वक्तव्यं न दुःखं पञ्चभिः सह॥ ४९५॥

पांच आदमियो के साथ ही जाना चाहिए। पांच आदमियो के साथ ही रहना चाहिए। पांच पुरुषो के साथ ही बात चीत करनी चाहिए। क्योकि पांच के साथ कोई कष्ट नहीं मालूम देता है।

देवान् भावयतानेन ते देवा भावयन्तु वः।
परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ॥ ४९६॥

इन यज्ञादि के द्वारा देवताओ को तृप्त करना चाहिए। यज्ञादि से तृप्त हुए देवता लोग आपको तृप्त करेगे। इस प्रकार आपस मे एक दूसरे का कार्य साधन करते हुए तुम परम कल्याण को प्राप्त कर सकोगे।

गच्छ सूकर भद्रं ते ब्रूहि सिंहो मया जितः।
पण्डिता एव जानन्ति सिंह सूकरयोर्बलम्॥ ४९७॥

हे सूअर? तुम्हारा कल्याण हो तुम जाओ और कहो कि मैने सिह को जीत लिया है। पण्डित लोग ही सिह और सूअर के बल को जानते है।

स्वगृहे पूर्ण आचारः परगेहे तदर्धकः।
तदर्धकः परग्रामे पथि सूत्रवदाचरेत्॥ ४९८॥

अपने घर मे पूरे आचार विचार का पालन करना चाहिए। और दूसरे के घर मे उसका आधा आचार विचार रखना चाहिए। दूसरे गांव मे उसका भी आधा आचार विचार रखना चाहिए। और रास्ते मे सूत की तरह आचरण करना चाहिए।

रत्नाकरः किं कुरुते स्वरत्नैः
विन्ध्याचलः किं करिभिः करोति।
श्रीखण्ड खण्डै र्मलयाचलः किम्
परोपकाराय सतां विभूतयः॥ ४९९॥

समुद्र अपने रत्नों का क्या करता है? विन्ध्याचल हाथियों का क्या करता है? और मलयगिरि चन्दन खण्डो से क्या करता है? अर्थात् ये चीजे इनके यहां उत्पन्न होकर भी उनके स्वय के किसी काम मे नहीं आती है। क्योकि सज्जन पुरुषो की सम्पत्ति परोपकार के लिये ही होती है।

पिबन्ति नद्यः स्वयमेव नाम्भः।
स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः॥
पयोमुचाम्भः क्वचिदस्ति पास्यं।
परोपकाराय सतां विभूतयः ॥५००॥

नदियें अपना पानी आप नहीं पीती है। वृक्ष अपने फल खुद नहीं खाते है। बादलो का पानी की प्यास कहां है? सज्जनो की सम्पत्तियां दूसरो के उपकार के लिये ही होती है।

पथ्ये सति गदार्तस्य किमौषधनिषेवणम् ।
पथ्येऽसति गदार्तस्य किमौषधनिषेवणम् ॥५०१॥

रोग से पीड़ित व्यक्ति के लिये जब पथ्य है तो फिर औषध के सेवन से क्या लाभ है। अर्थात् पथ्य से ही रोगनिवृत्ति हो जायगी। और रोगी के लिये यदि पथ्य नहीं है तब भी औषध सेवन से कोई लाभ नहीं है। क्योकि बिना पथ्य के औषध कोई लाभ नहीं कर सकती है।

शान्तिर्देवो द्विजातीनां मुनीनां हृदि दैवतम् ।
प्रतिभास्वल्पबुद्धीनां सर्वत्र समदर्शिनाम् ॥५०२॥

द्विजातियो के लिये शान्ति ही देवता है। मुनियों के हृदय मे देवता निवास करते है। थोडी बुद्धिवालो के प्रतिभा मे ही देवबुद्धि होती है। और समदर्शी व्यक्तियों के लिये सर्वत्र देवता विद्यमान है।

प्रवाहपतितं कार्यं कुर्वन्नपि न लिप्यसे।
वाह्ये सर्वत्र कर्तृत्वमावहन्नपि राघवः ॥५०३॥

प्रवाह मे आये हुए कार्य को करने वाला व्यक्ति उसके फलाफल से लिप्त नहीं होता है। जिस प्रकार बाहरी रूप से रामचन्द्र जी सब काम करते हुए भी कर्तृदोष मे मुक्त ही रहे।

धर्मार्थं यस्य वित्तेहा वरं तस्य निरीहता।
प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य दूरादस्पर्शनं वरम् ॥५०४॥

जो व्यक्ति धर्म कार्य के लिये धन की इच्छा करता है उस व्यक्ति को धन की इच्छा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि पहिले धन की इच्छा से बन्धन होगा और फिर धर्माचरण से बन्धन मुक्ति। जैसे कीचड़ को लगाकर धोने की अपेक्षा दूर से नहीं छूना ही श्रेयस्कर है।

पौलस्त्यः कथमन्यदारहरणे दोषं न विज्ञातवान्।
अक्षैश्चापि युधिष्ठिरेण रमता ज्ञातो न दोषो नु किम् ॥
रामेणापि वने न हेमहरिणस्यासम्भवो लक्षितः।
प्रत्यासन्नविपत्तिमूढमनसां प्रायो मतिः क्षीयते ॥५०५॥

रावण ने दूसरे की स्त्री को हरने मे दोष कैसे नहीं समझा। जुआ खेलते हुए युधिष्ठिर ने उसमे दोष कैसे नहीं जाना। रामचन्द्र जी ने भी जगल मे सुवर्ण के मृग की असम्भवता को कैसे नहीं समझा। नजदीक आई हुई विपत्ति से व्याकुल हो गया है मन जिनका ऐसे पुरुषो की प्रायः बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

अमा पूर्णा गुरुं हन्ति शिष्यं हन्ति चतुर्दशी।
उभयोरष्टमी हन्ति प्रतिपत्पाठनाशिनी ॥५०६॥

अमावस्या और पूर्णिमा गुरु को मारती है। और चतुर्दशी शिष्य को मारती है। अष्टमी गुरु और शिष्य दोनो का नाश करती है। प्रतिपदा पाठ का नाश करती है।

साप्रकृत्यैव तन्वङ्गी त्वद्वियोगाच्च कर्शिता।
प्रतिपत्पाठशीलस्य विद्येव तनुतां गता ॥५०७॥

वह प्रकृति से ही पतले और कोमल अगों वाली है। और तेरे वियोग से अत्यन्त कृश हो गई है। वह प्रतिपदा पढने वाले व्यक्ति की विद्या की तरह अत्यन्त सूक्ष्म हो गई है। जिस प्रकार प्रतिपदा को पढ़ने वाले व्यक्ति की विद्या नष्टप्राय हो जाती है उसी प्रकार वह भी अत्यन्त क्षीण हो गई है।

अजायुद्धमृषिश्राद्धं प्रभाते मेघडम्बरम्।
दम्पत्योः कलहश्चैव परिणामे न किञ्चन ॥५०८॥

बकरियों की लड़ाई, ऋषि का श्राद्ध, प्रातःकाल के समय बादलों का घटाटोप, पति और पत्नी की लड़ाई, इनमें कोई नतीजा नहीं निकलता है। अर्थात् ये सब चीजें परिणाम शून्य होती हैं।

प्रत्यक्षे गुरवः स्तुत्याः परोक्षे मित्रबान्धवाः।
कार्यान्ते दासिभृत्याश्च पुत्रोनैव मृताः स्त्रियः ॥५०६॥

गुरुओं की स्तुति उनके सामने करनी चाहिए। मित्र भाई आदि की स्तुति उनके परोक्ष मे करनी चाहिए। काम के पूर्ण हो जाने पर दास, नौकर आदि की तारीफ करनी चाहिए। पुत्र की कभी प्रशंसा नहीं करनी चाहिए। और मरने के बाद स्त्रियों की तारीफ करनी चाहिए।

तुष्टे सति न लाभाय रुष्टे नाशाय नैव च।
प्रज्वालितानि शष्पाणि नाङ्गाराय न भस्मने ॥५१०॥

जिसके प्रसन्न होने पर तो कोई लाभ नहीं है। और नाराज होने से कोई हानि नहीं है। जैसे जली हुई घास के न तो अंगारे ही बनते है और न भस्म ही बनती है।

निर्वाणदीपे किमु तैलदानम्।
चौरे गते वा किमु सावधानम् ॥
वयोऽतिगे किं वनिता विलासः।
पयोगते किं खलु सेतुबन्धः ॥५११॥

दीपक के बुझ जाने पर तेल गेरने से क्या लाभ है। चोर के चले जाने पर सावधान होने से क्या फायदा है। उम्र चले जाने पर स्त्री सभोग से क्या लाभ है। और पानी के चले जाने पर पुल बांधने से कोई नतीजा नहीं निकलता है।

प्रथमे नार्जिता विद्या द्वितीये नार्जितं धनम्।
तृतीये न तपस्तप्तं चतुर्थे किं करिष्यसि ॥५१२॥

प्रथमावस्था मे जिसने विद्योपार्जन नहीं किया है दूसरी अवस्था मे जिसने धन नहीं कमाया है और तीसरी अवस्था में जिसने तपश्चर्या नहीं की है वह चौथी अवस्था अर्थात् बुढ़ापे मे क्या करेगा।

प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽपि प्रवर्तते।
करिष्यति विना कार्यं कथं यत्नं कृती नरः ॥५१३॥

बिना किसी मतलब के मूर्ख मनुष्य भी किसी कार्य मे प्रवृत्त नहीं होता है। विद्वान् मनुष्य बिना काम के कैसे कार्य करेगा ?

अश्वारूढः पयःपानं गजारूढश्च मैथुनम् ।
शिबिकीमर्दनं चैव पादचारी च भोजनम् ॥५१४॥

घोड़े पर चढ़े हुए दूध पीना और हाथी पर चढ़े हुए मैथुन करना, पालकी पर सवार होकर मर्दन करना और पैदल चलते हुए भोजन करना।

पादाभ्यां न स्पृशेदग्निं न गुरुं ब्राह्मणं तथा ।
न गां च न कुमारीं च न शिशुं च न देवताम् ॥५१५॥

अग्नि को, गुरु को, ब्राह्मण को, गाय को, कुमारी को, बच्चे को और देवता को पैरो से नहीं छूना चाहिए।

पानीयं पानीयं शरदि वसन्ते च पानीयम् ।
नादेयं नादेयं शरदि वसन्ते च नादेयम् ॥५१६॥

शरदृतु मे जल पीना चाहिए। और वसन्त मे भी जल पीना चाहिए। शरदृतु मे नदी का जल नहीं पीना चाहिए और वसन्त मे भी नदी का जल नहीं पीना चाहिए। क्योकि वह कलुषित हो जाती है।

न विद्या कारणं पुंसां दैवमेवात्र कारणम् ।
पाषाणस्य कुतो विद्या केन देवत्वमाप्नुयात् ॥५१७॥

पुरुषो के लिये विद्या ही कारण नहीं है। उन्नति मे भाग्य ही कारण है। पत्थर ने कौनसी विद्या पढ़ी है, उसे किसने देवभाव को पहुँचाया है ?

लालयेत् पञ्चवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत् ।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत् ॥५१८॥

पांच वर्ष तक लाड़प्यार करना चाहिए। दशवर्ष तक डराना धमकाना चाहिए। और सोलहवे वर्ष मे पहुँचने पर पुत्र के साथ मित्रकासा वर्ताव करना चाहिए।

प्राप्तव्यमर्थं लभते मनुष्यो ।
देवोऽपि तं लंघयितुं न शक्तः ॥
तस्मान्नशोचामि न विस्मयो मे ।
यदस्मदीयं न हि तत्परेषाम् ॥५१९॥

मनुष्य जो कुछ प्राप्तव्य होता है उसे पा ही लेता है। देवता भी उसका लंघन नहीं करा सकता है। इसलिये न तो मैं चिन्ता करता हूँ और न मुझे आश्चर्य ही है। क्योंकि जो हमारा है वह दूसरों का नहीं हो सकता है।

कृष्ण त्वदीयपदपङ्कजपञ्जरान्ते
अद्यैव मे विशतु मानसराजहंसः।
प्राणप्रयाण समये कफवातपित्तैः॥
कण्ठावरोधनविधौ स्मरणं कुतस्ते ॥५२०॥

हे कृष्ण ? तेरे चरणकमलरूपी पींजरे मे मेरा मनरूपी राजहंस आज ही प्रविष्ट हो जाय। क्योंकि प्राणों के जाने के समय कफ, वात और पित्त के द्वारा गला रुक जाने पर तेरा स्मरण कहां हो सकता है ?

प्रायो नाम तपः प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते।
तपोनिश्चयसंयोगात् प्रायश्चित्तं प्रकीर्तितम् ॥५२१॥

प्राय शब्द से तप कहा गया है। और चित्त निश्चय को कहते है। तप और निश्चय के सयोग से प्रायश्चित कहा गया है।

खल्वाटो दिवसेश्वरस्य किरणैः संतापितो मस्तके।
वाञ्छन् देश मनातपं विधिवशात् तालस्यमूलं गतः॥
तत्राप्येकफलेन मूर्ध्निपतता भग्नं सशब्दंशिरः।
प्रायोगच्छति यत्र भाग्यरहितस्तत्रापि यान्त्यापदः ॥५२२॥

खल्वाट (गंजा) व्यक्ति शिर पर सूर्य की किरणा के गिरने से संतप्त होकर छायादार स्थान की इच्छा करता हुआ भाग्य से ताल के पेड के नीचे चला गया। वहां भी शिर में पडते हुए एक फल ने आवाज के साथ ही उसका शिर फोड दिया। क्योंकि वहुधा भाग्यहीन व्यक्ति जहां जाता है वहां ही आपत्तियां भी उसी के साथ चली जाती है।

कुटिला लक्ष्मीर्यत्र प्रभवति न सरस्वतीवसतितत्र।
प्रायः श्वश्रूस्नुषयोर्न दृश्यते लोके सोहृदं ॥५२३॥

जहां कुटिल लक्ष्मी का निवास रहता है वहां सरस्वती नहीं रहती है। अर्थात् धन और विद्या दानो एक पुरुष मे नहीं मिलने है। वहुधा सास और वहू मे संसार मे मित्रता नहीं दिखाई देती है। लक्ष्मी और सरस्वती का भी यही सवन्ध है।

चिकीर्षिते कर्मणि चक्रपाणेर्नापेक्ष्यते तत्र सहाय संपत् ।
पाञ्चालजायाः पटसंनिधानेमध्येसमंयन्न तुरी न वेमा ॥५२४॥

चक्र है हाथ में जिसके ऐसे कृष्ण के कोई कार्य संपादन करने की इच्छा होने पर अन्य किसी प्रकार सहायता की जरूरत नहीं रहती है। द्रौपदी के चीर हरण के समय वहां न तो पटनिर्माण के लिए सभा में तुरी ही थी और न वेमा ही था। ये दोनों पटनिर्माण उपयोगी यंत्र हैं।

पात्रापात्रविवेकोऽस्ति धेनुपन्नगयोरिव ।
तृणात् संजायते क्षीरं क्षीरात् संजायते विषम् ॥५२५॥

गाय और सर्प में भी पात्र और अपात्र के ज्ञान की सामर्थ्य है। गौ में घास से दूध बन जाता है। और सर्प में दूध से भी विष बन जाता है।

पिण्डे पिण्डे मतिर्भिन्ना कुण्डे कुण्डे नवं पयः ।
जाता जाता नवाचारा नवावाणी मुखे मुखे ॥५२६॥

प्रत्येक व्यक्ति की बुद्धि अलग अलग होती है। कुण्ड कुण्ड में पानी जुदा जुदा होता है। नये नये आचरण पैदा होते रहते है और हर एक के मुख में नई नई वाणी है।

पितृपूर्वार्जिता भूमिर्दरिद्रापि सुखावहा ।
अपिस्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते ॥५२७॥

पिता दादा परदादाओ से उपार्जित दरिद्र भूमि भी मुझे सुख देने वाली है। हे लक्ष्मण ? यह सोने की लङ्का भी मुझे अच्छी नहीं लगती है।

ग्रासोद् गलितसिक्थस्य कां हानिः करिणोभवेत् ।
पिपीलिका तु तेनैव सकुटुम्बोपजीवति ॥५२८॥

ग्रास में से गिरे हुए कण से हाथी के कोई नुकसान नहीं होता है। किन्तु चींटी तो उसी से कुटुम्ब सहित जीवित रहती है।

पुस्तकं वनिता वित्तं परहस्तगतं गतम् ॥
यदि चेत पुनरायातं नष्टं भ्रष्टं च खण्डितम् ॥५२९॥

पुस्तक, स्त्री, धन, ये तीनो चीजे यदि दूसरे के हाथ मे गई तो फिर गई ही समझो। यदि फिर भी आजाय तो टूटी, फूटी, खण्डित हुई होगी।

पुस्तकेषु च या विद्या, परहस्तेषु यद् धनम् ।
संग्रामे च गृहे सैन्यं त्रयं पुंसां विडम्बनम् ॥५३०॥

पुस्तकों में जो विद्या है, दूसरे के कब्जे में जो धन है और लड़ाई के मैदान में तो सेना है नहीं और घर पर सेना है। ये तीनों पुरुषों के लिये विडम्बनामात्र है। इन से कोई लाभ नहीं है।

पुनरपि जननं पुनरपि मरणम् ।
पुनरपि जननी जठरे शयनम् ॥
इह संसारे खलु दुस्तारे ।
कृपयापारे पाहि मुरारे ॥५३१॥

फिर भी पैदा होना है फिर भी मरना है। और फिर भी माता के उदर में नव मास तक शयन करना है। इस तिर नहीं सकने योग्य अपार संसार में हे कृष्ण ! मुझे बचाओ, मेरी रक्षा करो।

उर्व्यां कोऽपि महीधरो लघुतरो दोर्भ्यां धृतो लीलया ।
तेन त्वं दिवि भूतले च सततं गोवर्धनोद्धारकः ॥
त्वां त्रैलोक्यधरं वहामि कुचयोरग्रे न तद् गण्यते ।
किंवा केशव भाषणेन बहुना पुण्यैर्यशोलभ्यते ॥५३२॥

पृथ्वी पर कोई छोटा मोटा पहाड़ हंसी खेल से हाथों पर उठा लिया है। जिससे हे कृष्ण तू पृथ्वी लोक में और ध्रुवलोक में हमेशा गोवर्धन का उद्धारक कहाता है। त्रिलोकी को धारण करने वाले तुझे मैं अपने स्तन के अग्रभाग पर धारण किये रहती हूँ किन्तु इस की कोई गिनती नहीं करता है। अथवा हे केशव ! अधिक कहने से क्या लाभ है। क्योंकि तकदीर से ही यश की प्राप्ति होती है।

पात्रे त्यागी गुणेरागी संविभागी च बन्धुषु ।
शास्त्रे बोद्धा रणे योद्धा पुरुषः पञ्च लक्षणः ॥५३३॥

योग्य पात्र को दान देने वाला, गुणों में अनुराग करने वाला, भाईयों में सम्पत्ति का बटवारा करने वाला, शास्त्रज्ञानी, तथा रण में लड़ने वाला, ये असली पुरुष के पांच लक्षण होते है।

पूर्वदत्तेषु या विद्या पूर्व दत्तेषु यद्धनम् ।
पूर्वदत्तेषु या भार्या अग्रे धावति धावति ॥ ५३४ ॥

पहिले दिये हुए मे जो विद्या है जो धन है और जो स्त्री है वह आगे दौड़ने पर आगे दौडती है।

फ

कर्तव्योऽप्याश्रयः श्रेयान् फलं भाग्यानुसारतः
नील कण्ठस्य कण्ठेऽपि वासुकि-र्वायुभक्षकः ॥५३५॥

व्यक्ति को आश्रय श्रेष्ठ ही ढूंढना चाहिए। फल तो भाग्य के अनुसार ही मिलताहै। जैसे कृष्ण के गले मे रह कर भी वासुकि वायु ही खाता है। अर्थात् यद्यपि प्रभु त्रैलोक्य के स्वामी है तथापि वासुकि के भाग्य मे वायु भक्षण ही ह।

ब

स्वयं महेशः श्वसुरो नगेशः
सखा धनेशस्तनयो गणेशः।
तथापि भिक्षाटनमेव शंभोः
बलीयसी केवल प्राणिरेच्छा ॥५३६॥

कृष्ण स्वय महेश है जिनका श्वसुर हिमालय है जो पहाड़ो का राजा है। कुबेर जिनका मित्र है गणेश जी जिनके पुत्र है। ऐसे शक्तिशाली कृष्ण के भाग्य मे भी भीख मांगना ही लिखा है। क्योकि कृष्ण की इच्छा ही सब से बलवान् होती है।

भ्रमन् वनान्ते नवमञ्जरीषु
न षट्पदोगंध फलीमजिघ्रत्।
सा किं न रम्या स च किं न रंता
बलीयसी केवल प्राणिरेच्छा ॥५३७॥

नई मजरियो मे बनप्रदेश मे घमते हुए भौरे ने गन्धफली को नहीं सूघा। क्या वह सुन्दर नहीं थी अपितु अवश्य सुन्दर थी। और क्या वह भौरा रमणशील नहीं था। अपितु अवश्य था। परन्तु प्राणि की इच्छा ही सर्वोपरि बलवती है।

वह्नौ विशुद्धामपि जानकीं ताम्
जहौ वनान्ते किल रामचन्द्रः।

सा किं न शुद्धा सच किं न वेत्ता
बलीयसी केवल प्राणिरेच्छा ॥५३८॥

अग्नि शुद्ध हुई सीता को भी रामचन्द्र जी ने जंगल मे छोड दिया। क्या वह सीता शुद्ध नहीं थी ? और क्या रामचन्द्र जी यह बात नहीं जानते थे। किन्तु प्राणी की इच्छा ही सर्वोपरि बलवती होती है।

आप्तद्वेषाद् भवेन्मृत्युः परद्वेषाद्धनक्षयः।
राजद्वेषाद् भवेन्नाशो ब्रह्मद्वेषात् कुलक्षयः ॥५३९॥

यथार्थ वक्ता के साथ द्वेष करने से मृत्यु होती है। दूसरे के साथ द्वेष से धन का नाश होता है। राजा के साथ द्वेष करने से नाश होता है। और आत्मा के साथ द्वेष करने से कुल का नाश होता है।

बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते।
वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ॥ ५४० ॥

बहुत से जन्मो के अन्त मे ज्ञानी मनुष्य मुझे प्राप्त करता है। वासुदेव ही सब कुछ है ? यह समझने वाला महान् आत्मा अत्यन्त दुर्लभ है।

ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः।
अनेन वेद्यं सच्छास्त्रमिति सिद्धान्तडिण्डिमः ॥५४१॥

ब्रह्म सच्चा है ससार झूठा है जीव ब्रह्म ही है दूसरा नहीं है अर्थात् जीव ब्रह्म ही है। इसके द्वारा सच्छास्त्र को जानना चाहिए। यह सिद्धान्त का उद्घोष है।

मात्रा स्वस्रा दुहित्रा वा नोऽविविक्तासनोभवेत्।
बलवानिन्द्रियग्रामो विद्वांसमपि कर्षति ॥ ५४२ ॥

मां के साथ, बहिन के साथ लडकी के साथ; भी मनुष्य को एक शय्या पर नहीं सोना चाहिए। क्योंकि यह बलशाली इन्द्रिय समूह विद्वान् मनुष्य को भी खींच लेता है।

दुर्बलस्य बलं राजा बालानां रोदनं बलम्।
बलं मूर्खस्य मौनत्वं चौराणामनृतं बलम् ॥५४३॥

दुर्बल का बल राजा है। अर्थात वह राजा के पास पुकारेगा। बच्चों की ताकत रोना है। मूर्ख की शक्ति मौन धारण है। और चोर मनुष्य का झूठा ही बल है।

पक्षिणां बलमाकाशो मत्स्यानामुदकं बलम् ।
दुर्बलस्य बलं राजा बालानां रोदनं बलम् ॥ ५४४ ॥

पक्षियो का बल आकाश है। मछलियो की ताकत पानी है। (बाकी ऊपर लिख दिया गया है।

बालस्तावत् क्रीडासक्तस्तरुणस्तावत् तरुणीरक्तः ।
वृद्धस्तावच्चिंतामग्नः परे ब्रह्मणि कोऽपि न लग्नः ॥५४५॥

बच्चा खेल मे लगा रहता है जवान स्त्री के आधीन रहता है। बूढ़ा चिन्तातुर रहता है। परब्रह्म मे कोई लीन नहीं है।

बालादपि ग्रहीतव्यं युक्त मुक्तं मनीषिभिः ।
र वे र विषये किं न प्रदीपस्य प्रकाशनम् ॥५४६॥

विद्वानो को अच्छी संगत बात यदि बच्चे ने भी कही हो तो ग्रहण करनी चाहिए। क्या सूर्य के प्रकाश के न होने पर दीपक नहीं जलाया जाता है ? अर्थात् जरूर जलाया जाता है।

बाल सखित्वमकारण हास्यम् ।
स्त्रीषु विवादमसज्जन सेवा ॥
गर्दभ यानमसंस्कृत वाणी ।
षड्भिर्ना लघुतामुपयाति ॥ ५४७ ॥

बचो से मैत्री, अकारण हँसना, स्त्री के साथ विवाद, दुष्ट पुरुषो का संग, गधे की सवारी, और असस्कृत बोलना इन छः बातो से मनुष्य छोटा हो जाता है।

किं करोति नरः प्राज्ञः प्रेर्यमाणः स्वकर्मणा ।
प्रागेव हि मनुष्याणां बुद्धिः कर्मानुसारिणी ॥ ५४८ ॥

विद्वान् मनुष्य अपने कर्मो से प्रेरित हुआ क्या कर सकता है। क्योकि मनुष्यो की बुद्धि कर्मो का अनुसरण करती है।

कर्मायत्तं फलं पुंसो बुद्धिः कर्मानुसारिणी ।
तथापि सुधिया भाव्यं सुविचार्यैव कुर्वता ॥ ५४९ ॥

पुरुषो को कर्माधीन फल मिलता है। और बुद्धि कर्मो का अनुसरण करती है। तो भी अच्छी प्रकार विचार कर काम करने वाला बुद्धिमान् होता है।

एकं हन्यान्न हन्या द्वाशरो मुक्तो धनुष्मता ।
बुद्धिबु द्धिमतोत्सृष्टा हन्याद्राष्टं सराजकम् ।। ५५० ।।

धनुर्धारी के द्वारा छोड़ा गया बाण एक को मारे या न भी मारे। किन्तु बुद्धिमान् व्यक्ति के द्वारा प्रयुक्त बुद्धि राजा सहित सारे राष्ट्र को भी नष्ट कर देती है।

जागर्ति लोको ज्वलति प्रदीपः ।
सखीजनः पश्यति कौतुकं मे ।।
मुहूर्तमात्रं कुरु कान्त धैर्यम् ।
बुभुक्षितः किं द्विकरेण भुङ्क्ते ।। ५५१ ।।

संसार जाग रहा है, दिया जल रहा है, सखियें मेरा कौतुक देख रही है। हे पति देवता ! कुछ देर ठहर जाओ। क्योंकि क्या भूखा मनुष्य दो हाथ से खाता है। अर्थात् कभी नहीं।

नमस्ते तवशीलस्य नमः केदारखण्डनम् ।
सहस्राणां शतं नास्तिबण्डपुच्छो न दृश्यते ।।५५२।।

तुम्हारी शीलता को नमस्कार है। केदार के खण्डन को नमस्कार है। हजारो मे सौ नहीं है। और बांडी पूंछ वाले भी नहीं दिखाई पड़ते हो।

अस्माकं बदरीचक्रं बदरी च तवाङ्गने ।
बादरायणसम्बन्धात् यूयं यूयं वयम् वयम्।।५५३।।

हमारे तो बदरी का चक्र विद्यमान है। और तुम्हारे आंगन बदरी का पेड़ है। इसलिये बादनारायण के सम्बन्ध के कारण तुम तुमही हो और हम हम ही हैं।

निरर्थकवधत्यागेन क्षत्रियाव्रतिनोमताः ।
दीनाभ्युद्धरणे बुद्धिः कारुण्यं करुणात्मनाम् ।।५५४।।

अर्थ.—अर्थात् प्रयोजन व्यतिरिक्त युद्ध का त्याग करने मे क्षत्रिय लोग भी व्रती माने गये है। तथा गरीबलोगो का उद्धार करने के लिये अपनी सद्‌बुद्धि का प्रयोग करना यही दयावान् लोगो का कारुण्य कहा गया है।

धर्मेमतिर्भवति किं बहुभाषितेन ।
जीवेदयाभवति किं बहुभिःप्रदानैः ॥
शांतिं मनो भवति किं धनदे चतुष्टे ।
आरोग्यं ममास्ति विभवेन तदाकिमस्ति ॥५५५॥

अर्थः—धर्म मे बुद्धि का प्रवेश हो जाय तो व्यथ प्रचुर प्रलाप करने से क्या प्रयोजन ? यदि प्राणिमात्र मे दया होगी तो बहुत ही दान करने से क्या लाभ ? यदि मनमे शान्ति होगी तो द्रव्य से क्या प्रयोजन होगा। यदि मेरे शरीर मे आरोग्य होगा तो ऐश्वर्य प्रदान करने से क्या हो सकेगा ?

बुद्धेःफलं तत्वविचारणं च ।
देहस्य सारं व्रतधारणं च ।
अर्थस्यसारं किलपात्रदानम् ।
वाचःफलं प्रीतिकरं नृणाम् ॥५५६॥

अर्थ—बुद्धि का फल तत्वो का विचार करने से ही मिलता है, तथा शरीर का सार व्रत धारण करने से ही प्राप्त होता है और द्रव्य का सार सत्पात्रदान से ही स्वर्ग मोक्षादिको का पुण्य पैदा होता है, एव वचन का फल प्रिय, हित-मित भाषण करने से ही मनुष्यो को मिल जाता है।

समयोचित सुभाषितम्

(म)

विपत्तौ किं विषादेन संपत्तौ हर्षणेन किम् ।
भवितव्यं भवत्येव कर्मणामीदृशी गतिः ॥ ५५७ ॥

अर्थ—आपत्काल मे शोक करने से क्या प्रयोजन ? तथा ऐश्वर्य अवस्था मे हर्ष करने से क्या प्रयोजन ? जैसा प्रारब्ध होगा वैसा हो सकता है। इसलिये कर्म की गति विचित्र है। उक्तं च-कर्मणां विचित्रागतिः। अर्थात् इस विषय मे पूर्वार्जित शुभाशुभ कर्म ही मनुष्य को कारण हो जाता है।

भवितव्यं भवत्येव नारिकेलफलाम्बुवत् ।
गन्तव्यं गतमित्याहुर्गजभुक्त कपित्थवत् ॥ ५५८ ॥

अर्थ—अर्थात् प्रारब्ध जैसा होगा वैसा हो ही जाता है उदाहरण—नारियल का छिलका कवच बहुत ही कडा होने पर भी भीतर का पानीयुक्त खोवडा अत्यन्त स्वादिष्ट

होता है उसी प्रकार—कवट फल के भीतर प्रवेश किया है ऐसे कीटक माने गज जाति का क्रिमिविशेष इस की गति कोई भी कारण से रुक नहीं सकती है। इसलिये मनुष्य को बंध करने के लिये तथा बंधमुक्त करने के लिए अपना शुभाशुभ मन ही कारण है। नान्यथा।

चतुरं तुरगं परिनर्तयतः पथिपौरजनान् परिमर्दयतः।
नहि ते भुज भाग्यभवो विभवो भगिनी भगभाग्य भवोविभवः।५५१

अर्थ—कला कुशलवान घोड़ा अपनी कौशल्यता से सुन्दर नृत्य करता है तथा रास्ते मे उस अवसर मे नागरिक लोगो का परिमर्दन (अंगस्पर्श) भी करता है। तथा अभागी मनुष्य को ऐश्वर्य नहीं प्राप्त होता है सैकड़ो पुरुषार्थ करने पर भी अभागीन बहन को वैभव नहीं मिलता। वैसे ऐश्वर्य भाग्याधीन कहलाता है, अर्थात् भाग्य (पुण्य) उदय होने से अल्प प्रयास से भी अपने को सम्पत्ति मिल जाती है। तात्पर्य—यदि घोड़ा भाग्यवान् नहीं होता तो नागरिक लोगो को आल्हाद जनक नाच नहीं कर सकता।

भिक्षो मांस निषेवणं किमुचितं किं तेन मद्यं विना।
मद्यं चापि तवप्रियं प्रियमहो वाराङ्गनाभिः सह॥
वारस्त्रीरतये कुतस्तव धनं द्यूतेन चौर्येण वा।
चौर्य द्यूत परिश्रमोऽपि भवतो भ्रष्टस्य कावा गतिः॥५६०॥

अर्थ—भिक्षु को मांस सेवन करना उचित है क्या ? तथा शराव पीना भी उसको उचित है क्या ? तुझको शराब प्रिय है क्या ? अरे तु वेश्या के साथ रत होने से तेरा धन कैसे रहेगा ? अथवा जुआ खेलने से या चोरी के द्वारा हरण किये जाने से धन कैसे रह सकेगा ? अर्थात् चोरी, जूवा का परिश्रम भी तेरे को इतिश्री करने वाले है इसलिये भ्रष्ट हुए भिक्षुक को कौनसी गति होगी ? भगवान ही जाने।

भगवद्गीता किंचिदधीता गंगाजल लवकणिका पीता।
सकृदपि यस्य मुरारि समर्चा तस्य करोति यमोऽपि न चर्चा॥५६१

अर्थः—हे वराक! तुमने अल्पशः भगवद्गीता का अभ्यास किया है? या गंगाजल एक बूंद तक पिया है? अथवा एक दफे भी कृष्ण की पूजा की है क्या? तदनुसार हालत मे यमराज भी इस वराक (वेचारा) आदमी पर कुपित नहीं हो सकता है।

मीमांसा पठिता न यै रूपनिषन्नैव श्रुता तत्त्वतः।
श्रीमदाचार्य भाष्यतो भगवती गीताप्यधीता न यैः॥

सिद्धान्तापगतं शिरोमणिमतंज्ञात्वापि किंचित्ततो ।
भट्टाचार्य पदंगताः कथमहो लज्जां लभन्ते न ते ॥५६२

अर्थः—अहो अर्थात् हे महाशय ! भट्टाचार्य पदपरविराजमान होकर क्या मीमांसा शास्त्र का पठन पाठन किया है ? या उपनिषद् शास्त्र किंचित् सुने हो ? अथवा श्रीमद्आचार्य रचित भगवद्गीता का कुछ अध्ययन किया है न ? किंचिन् सिद्धान्त शास्त्र का मर्म जानते हो ? इस प्रकार इस श्रेष्ठ शिरोमणि पद को प्राप्त होकर भी कुछ भी नहीं समझते हो । तुमको शरम कैसे नहीं आती आश्चर्य ?

भार्यारूपवती शत्रुः पुत्रः शत्रुरपण्डितः ॥
ऋणकर्ता पिता शत्रुर्माता च व्यभिचारिणी ॥५६३॥

अर्थः—अत्यन्त रूपवती पत्नी शत्रु है, मूर्ख पुत्र शत्रु है, कर्जा करने वाला पिता शत्रु है तथा व्यभिचार कर्म करने वाली माता शत्रु है ।

भाग्यवन्तं प्रसूयेथा मा शूरं मा च पण्डितम् ॥
शूराश्च कृतविद्याश्च वनेतिष्ठन्ति मत्सुताः ॥५६४॥

अर्थः—भाग्यवान पुत्र को जन्म देना चाहिये, किन्तु शूर को तथा पण्डित को नहीं देना चाहिये । मेरे पुत्र शूर वीर तथा महाविद्वान होते हुए वन मे रहते है ।

भारते सारमुद्योगं तत्रापि विदुरोक्तयः ।
सनत्सुजातं तत्रापि तत्र श्लोक चतुष्टयम् ॥५६५॥

अर्थ.—इस भारतवर्ष मे उद्योग सार कहलाता है, तथापि विद्वान् लोगो ने जो कहा है वही प्रामुख्य सार है । और सद्बुद्धिवान पुत्र पैदा होना यह भी सार है । तथा कर्ण मधुर हितकारक ऐसे सुभाषित श्लोकों की रचना करना यह सबसे श्रेष्ठतम सार कहलाता है ।

"स्त्रीशूद्रद्विजबन्धूनां त्रयी न श्रुतिगोचरा ।
इतिभारतमाख्यानं कृपया मुनिनाकृतम् ॥
भारतव्यपदेशेन ह्याम्नायार्थश्च दर्शितः ।
दृश्यते यत्र धर्माद्याः स्त्री शूद्रादिभिरप्युत ॥५६६॥

अर्थः—स्त्री, शूद्र तथा ब्राह्मण भाइयो को त्रयी नाम का जो शास्त्र वह श्रुतिगोचर

(ज्ञान) नहीं है। इस प्रकार कृपादृष्टि से मुनीश्वर ने भारतवर्ष का विस्तृत कथन किया है। तथा भारत के व्यपदेश से अर्थात् वर्णन से आम्नाय तथा अर्थ का स्वरूप दिखाया है। जहां धर्मादिक देखे जाते है, उन माने अव्ययार्थक शब्द प्रयोग किया है वहां भी शब्दादिक भी अवलोकन किये जाते है।

मज्जत्वम्भसि यातु मेरुशिखरं शत्रूञ्जयत्वाहवे।
वाणिज्यं कृषि सेवनादि सकलं सर्वाः कलाः शिक्षतु॥
आकाशं विपुलं प्रयातु खगवत्कृत्वा प्रयत्नं परम्।
नाभाव्यं भवतीह कर्मवशतो भाव्यस्य वा शं कुतः॥५६७॥

अर्थः—इस संसार में प्राणि कर्मवशीभूत होकर यदि [illegible] नहीं होता तो समराङ्गण में शत्रुओं को जीत लेवे। या समुद्र में डूबो अथवा सुदर्शन मेरु शिखर पर जावो, 'वाणिज्य' अर्थात् व्यापार, खेती करना इत्यादि और समस्त कला भी सीख लेवे। या उत्कृष्ट प्रयत्न करके पक्षी के समान विस्तृत ऐसे आकाश में सचार करो अथवा [illegible] भी हो जावे तो भी आत्मानुभव किये बिना तेरे को सुख कहां से मिलेगा?

अथाङ्गराजादवतार्य चक्षुर्या हीति जन्यामवदत्कुमारी।
नासौ न काम्यो न च वेदसम्यग्द्रष्टुं न सा भिन्नरुचिर्हि लोकः॥५६८॥

अर्थः—अर्थात् अंग राजा से जन्म लेकर तथा चक्षुष्मान होकर [illegible] कुमारी भी होकर बढ़ने की शक्ति रखकर यदि कोई भी तो फिर भी वह लोग कुछ काम के नहीं हैं [illegible] (आगम) भी यथार्थ देखने के लिए समर्थ नहीं होते हैं [illegible] [illegible] रुचि होती है।

प्रतिक्षणं मृत्यु हरं निजायुर्न वेदमूढो विषयेषुमत्तः।
[illegible] यथा व्यालमुखे प्रविष्टः स मक्षिकांह्रि [illegible] बुद्धिः।५६९

[illegible]

भोजनान्ते विषं वारि भोजने चामृतं पयः।
अजीर्णे भेषजं वारि जीर्णे वारि बलप्रदम्॥५७०॥

[illegible]

रूप में हो जाता है और भोजन पाचक होने से पानी शक्ति वर्धक ही हो जाता है।

खण्डे खण्डे च पाण्डित्यं क्रयक्रीतं च मैथुनम् ।
भोजनं च पराधीनं त्रयंपुंसां विडम्बनम् ॥ ५७१ ॥

अर्थः—मनुष्य ठोस अध्ययन न कर डिगरी से अर्थात् अल्प बुद्धि से अपना पांडित्य (परोपदेश) करेगा, पैसे देकर मैथुन (काम) सेवन करेगा और पराधीनता से भोजन करेगा तो तीनों पुरुषों को विडंबन अर्थात् छोड़ने लायक तुच्छ ही हैं।

वृद्ध काले मृता भार्या वन्धु हस्तगतं धनम् ।
भोजनं च पराधीनं त्रयं पुंसां विडम्बनम् ॥ ५७२ ॥

अर्थः—बुढ़ापावस्था मे मर गई अपनी पत्नी, अपना सारा धन भाई के हाथ मे चला जाने से तथा भोजन पराधीन होने से ये तीनों पुरुषोंको त्यागने योग्य हैं।

दिनान्ते च पिवेद्दुग्धं निशान्ते च पिवेत्पयः ।
भोजनान्ते पिवेत्तक्रं किं वैद्यस्य प्रयोजनम् ॥ ५७३ ॥

अर्थः—दिन के अंतिम समय मे दूध पीना चाहिए, रात पूरी होने के वाद पानी चाहिये। भोजन के वाद छाच पीना चाहिये इस प्रकार आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार चलने से वैद्य का क्या प्रयोजन ?

दर्भहीना तु या सन्ध्या तिलहीनं तु तर्पणम् ।
संकल्पेन विना कर्म भोजनं दक्षिणा विना ॥ ५७४ ॥

अर्थः—दर्भ रहित सध्यावन्दन, तिल व्यतिरिक्त तर्पण तथा संकल्प किये विना कार्य और दक्षिणा लिये विना भोजन करने से क्या प्रयोजन ? अर्थात् व्यर्थ ही है।

म

मनो मधुकरो मेघो मानिनी मदनो मरुत् ।
मा मदो मर्कटो मत्स्यो मकारा दश चंचलाः ॥५७५॥

अर्थः—मन अर्थात मधु (शहद) पैदा करने वाले मखियों के समान चंचल है। मेघ राजा वहुत स्वाभिमानी है अर्थात् जव योग वलवान् होगा तव ही पानी वरसेगा। कामदेव कैसा है अर्थात् वायु के समान चपल है। इसी प्रकार—मद, वन्दर, मछली, मकारा अर्थात् नशा करने योग्य वस्तु ये दश चंचल ही होते हैं।

मनोहि हेतुः सर्वेषामिन्द्रियाणां प्रवर्तने ।
शुभाशुभास्ववस्थासु तच्च मे सुव्यवस्थितम् ॥५७६॥

अर्थः—सब पंचेन्द्रियो में प्रवेश करने मे मन ही कारण है, शुभ तथा अशुभ इन दोनो अवस्थाओ मे मेरा मन ही सुव्यवस्थित है।

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।
गुणेषुसक्तं बन्धाय मोक्षाय तपसिस्थितम् ॥५७७॥

अथः—बन्ध और मोक्ष मे मन ही कारण है अतएव तपस्वी अपने स्वाभाविक गुणो मे स्थित होने से अष्ट कर्म का नाश कर मोक्ष जायेगे। अन्यथा यदि वैभाव मे स्थिर होयेगे तो संसार मे ही हमेशा जन्म, जरा, मरण करते रहेगे।

दृष्टिपूतं न्यस्येत्पादं वस्त्रपूतं पिबेज्जलम्।
शास्त्रपूतां वदेद्वाणीं मनःपूतं समाचरेत् ॥५७८॥

अर्थः—अपनी आंखो से जमीन देखकर पैर रखना चाहिये। वस्त्र से पानी छान कर पीना चाहिये, शास्त्रोक्त बोलना चाहिये। तथा निर्मल मन से सदाचार का पालन करना चाहिये।

श्रुतिर्विभिन्नाः स्मृतयश्च भिन्नानैको मुनिर्यस्यवचः प्रमाणम्।
धर्मस्यतत्वं निहितं गुहायां महाजनो येन गतः स पंथाः ॥५७९॥

अर्थः—इस संसार मे जितनी श्रुतियां (शास्त्र) है वे सब अलग-अलग ही है। तथा उनका स्मरण करने वाले मुनि भी भिन्न-भिन्न मत वाले होने से हम किन मुनि का वचन प्रमाण माने ? इसलिये धर्म का तत्त्व गुहा मे रक्खा गया है, जिस मार्ग से महात्मा जाते है उसी मार्ग से लघु आत्मा भी जाते है।

मरणान्तानि वैराणि निवृत्तं नः प्रयोजनम्।
क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथातव ॥५८०॥

अर्थः—यदि मरण के अन्तिम समय तक वैर भाव से रहकर पश्चात् समूल नष्ट कर देना यही हमारा प्रयोजन है। तथा इसका आप सस्कार करो और मेरे पर भी तेरे समान यही सस्कार रक्खो।

मर्कटस्य सुरापानं ततो वृश्चिकदंशनम्।
तन्मध्ये भूतसंचारो यद्वा तद्वा भविष्यति ॥५८१॥

अर्थः—बन्दर का शराब पीना, और बिच्छु का काटना, इन दोनो मे जो प्राणि का प्रवेश होगा तदनुसार होता ही रहेगा।

मनस्येकं वचस्येकं कर्मण्येकं महात्मनाम् ।
मनस्यन्यद्वचस्यन्यत्कार्ये चान्यद् दुरात्मनाम् ॥५८२॥

अर्थः—मन में एक, वचन मे एक तथा कार्य करने मे एक ऐसे महात्मा होते हैं। और मन मे कुछ, वचन मे कुछ तथा कार्य करने मे कुछ ऐसे दुर्जन होते है ।

चापाकृति धनुर्मासे मकरे कुण्डलाकृति ।
कुम्भे शीतमशीतं वा मीने शीतनिवारणम् ॥५८३॥

अर्थः—धनुष्य मे बाण की आकृति होती है तथा मकर मे कुण्डल की आकृति रहती है । कुम्भ मे शीतपन अथवा गरमपन ऐसी उभय अवस्था रहती है एव मीन राशि मे सूर्य आने से शीत का निवारण होता है ।

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया ।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते ॥५८४॥

अर्थ —निश्चय से दैवकृत संपत्ति गुणमयी होने से मेरी माया नष्ट प्राय होगी, अतः मुझको ये गुण प्राप्त होने से उस प्रकार की माया उनको तार देगी ।

ममेति बध्यते जन्तुर्न ममेति च मुच्यते ।
बन्धाय विषयासक्तं मुक्तौ निर्विषयं मनः ॥५८५॥

अर्थः—इस संसार मे प्राणि मुझको बन्ध नहीं करता है तथा मुझको संसार से छुडवाकर मुक्त नहीं करता । किन्तु मेरा मन विषय मे आसक्त होने से वही मन मुझे बन्ध के लिये कारण होगा और वही जब विषय से परिमुक्त हो जायगा तब मुझे मुक्ति भेजने मे कारण हो जायगा ।

मन्यु प्रहरणा विप्रा राजानः शस्त्रपाणयः ।
शस्त्रमेकाकिनं हन्ति विप्रमन्युः कुलत्रयम् ॥५८६॥

अर्थः—ब्राह्मण द्वारा इस मन का प्रहार किया जाता है तथा राजा लोग शस्त्र से इस मन पर प्रहार करते हैं । अर्थात् अपने वशीभूत रखते है । शस्त्र तो एक दफे प्राणि को मार डालेगा किन्तु ब्राह्मणपटु कुलत्रय को मार देयगा ।

मन्युप्रहरणा विप्राश्चक्रप्रहरणो हरिः ।
चक्रात्तीव्रतरो मन्युस्तस्माद्विप्रं न कोपयेत् ॥५८७॥

अर्थः—ब्राह्मण अपने चंचल मन पर प्रहार (वश) करता है तथा कृष्ण अपने शत्रु पर चक्र का प्रहार करता है। क्योकि चक्र से भी तीव्रतर मन की गति होती है अतः ब्राह्मण पर कदापि क्रोध नहीं करना चाहिये।

अनाहूताः स्वयं यान्ति रसास्वाद विलोलुपाः।
निवारिता न गच्छन्ति मक्षिका इव भिक्षुकाः ॥५८८॥

अर्थः—रसास्वाद लोलुपी (भोजन लंपटी) बुलवाये बिना ही स्वयमेव आते है। तथा निकाल देने पर भी नहीं जाते है, अर्थात् मखियो के समान भिक्षुक होते है।

कस्यचित्किमपि नो हरणीयं मर्मवाक्यमपि नोच्चरणीयम् ।
श्रीपतेः पदयुगं स्मरणीयं लीलया भवजलं तरणीयम् ॥५८९॥

अर्थः—किसी की कुछ भी वस्तु नहीं लेना चाहिये। और मर्म भेदक (हृदयविदारक) शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिये। अन्तरङ्ग तथा बहिरङ्ग लक्ष्मी युक्त भगवान् के चरण युगल का स्मरण करना चाहिये। तथा क्रीड़ा मात्र से इस संसार समुद्र से तरना चाहिये।

वयमिह परितुष्टावल्कलै स्त्वं दुकूलैः।
सम इह परितोषो निर्विशेषा विशेषः॥
सतु भवति दरिद्री यस्य तृष्णा विशाला।
मनसि च परितुष्टे कोऽर्थवान्को दरिद्री ॥ ५९० ॥

अर्थः—इस संसार मे हम लोग संतोषित है क्योकि, वस्त्र के अभाव मे वल्कल (झाडों की साल) पहिन कर हमने लज्जा का संरक्षण किया है। यहॉ पर समता भाव से रहना ही संतोष है, इसमे कोई विशेष नहीं है। किन्तु इस परिवर्तनमय संसार मे रहते हुये जिस की विशाल तृष्णा (आशा) रहेगी वही दरिद्री आदमी होगा और अपने मन मे ही सन्तुष्ट होता है तो कौन ऐश्वर्यवान् है तथा कौन दरिद्री है ?

इक्षु दण्डास्तिलाः क्षुद्राः कान्ता हेम च मेदिनी।
चन्दनं दधि ताम्बूलं मर्दनं गुण वर्धनम् ॥ ५९१ ॥

अर्थः—गन्ना, तिल, क्षुद्र जाति की स्त्री, सुवर्ण तथा पृथिवी, चन्दन, दही, ताम्बूल इन चीजो का मर्दन करने से परस्पर मे संघर्षण होकर उत्तरोत्तर इनके गुण बढ़ते रहेंगे।

मनः कृतं कृतं राम न शरीर कृतं कृतम्।
मनोहि जगतां कर्तृ मनोहि पुरुषः स्मृतः ॥ ५९२ ॥

अर्थः—मन से ही राम हो जाता है किन्तु शरीर से नहीं, मन ही दुनिया का कर्ता और मन ही पुरुष को स्मरण करने योग्य है।

मनसैव कृतं पापं न शरीर कृतं कृतम्।
येनैवालिङ्गिता कान्ता तेनैवालिङ्गिता सुता ॥ ५६३ ॥

अर्थः—मन के द्वारा ही पाप संचित किया जाता है, तथा शरीर से कदापि नहीं। जिस मन से अपनी स्त्री का आलिंगन किया जाता है उसी मन से अपनी कन्या पर भी प्रेम किया जाता है अर्थात् इन दोनो मे भाव अलग-अलग रहेंगे ऐसा समझना चाहिये।

कस्तूरी जायते कस्मात्को हन्ति करिणां शतम्।
किंकुर्यात्कातरो युद्धे मृगात्सिंहः पलायनम् ॥ ५६४ ॥

अर्थः—हिरण के नाभि कमल से कस्तूरी पैदा होती है, सिंह ही सैंकड़ो हाथियो के समुदाय को मार डालेगा। समराङ्गण मे अर्थात् युद्ध मे से कातर शत्रुओ से न लड़ कर भाग जायेंगे। इस श्लोक मे विरोधाभास अलंकार है अर्थात् सामान्य पशुओ से सिंह कदापि नहीं भागेगा ?

अयं मृगः समायाति त्वरितैस्त्वरितैः पदैः।
अतो गच्छस्व शीघ्रं त्वं मृगात्सिंहः पलायते ॥५६५॥

अर्थः—इस श्लोक मे भी विरोधाभासालंकार है अर्थात् यह मृग माने सामान्य पशु धीरे-धीरे अपने पैर रखता हुआ आ रहा है। इसलिये तुम यहाँ से शीघ्र ही चले जाओ, इस प्रकार पशुओं से सिंह भाग गया ऐसा नहीं हो सकता है ?

येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मृत्यु लोके भुवि भारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति ॥५६६॥

अर्थः—जिन लोगो मे विद्या नहीं, तप नहीं, दान तथा ज्ञान नहीं, शील नहीं, गुण नहीं, धर्म नहीं वे लोग इस मृत्युलोक मे भार भूत होकर पूछ रहित मनुष्य रूप से पशु के समान संचार करते हैं। अतः उन लोगो का जीवन आकाश पुष्प के समान व्यर्थ ही है ऐसा मानना चाहिये।

तारुण्ये च मृताभार्या पातकं किमतः परम्।
मनसाचिन्तितं कार्यं दैवमन्यत्तु चिन्तयेत् ॥५६७॥

अर्थः—भर यौवनावस्था मे पत्नी मर जाने से, इसके बिना उत्कृष्ट पाप ही नहीं है। मनुष्य अपने मन से कार्य करने लगता है किन्तु उसका दैव (पुण्य हीन) प्रतिकूल होने से

कार्य भी दुःख दायक हो जाता है। इसलिये पूर्वार्जित किया हुआ अशुभमय पाप ही प्राणी का शत्रु होकर सदैव दुःख देता रहता है।

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्ररक्षणा गूढात्मा कार्य सिद्धिं प्रकाशयेत् ॥५९८॥

अर्थः—मन से विचार किया हुआ काय वचन से प्रकाशित नहीं करना चाहिये क्योंकि, कार्य विफल होने का सम्भव रहने से अपना अभिप्राय सिद्ध नहीं होगा। इसलिये कार्य गुप्त रखकर सिद्ध होने के सुअवसर मे ही उसको प्रकाशित अर्थात् जाहिर करना चाहिए।

मनसाचिन्तितं कार्यं दैवमन्यत्तु चिन्तयेत्।
राजकन्या प्रसङ्गेन गुरुर्भवति बल्लवः ॥५९९॥

अर्थ.—मन से चिन्तित (विचारित) कार्य दैव से उलटा ही हो जाता है इस लिये राजपुत्री के प्रसंग से गुरु भी बलवान् हो जायगा।

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयोगुणाः ॥६००॥

अर्थः—कोई भी वेदान्त शास्त्र में कालीदास की उपमा दी जाती है अर्थात् उनका अर्थ गौरव देख कर उस की सर्वत्र प्रशंसा की है। क्योकि, छन्दबद्ध श्लोको के अलंकार वगैरह का पांडित्य अवलोकन करने मात्र से उनकी विद्वत्ता विदित हो जाती है।

अधमा धनमिच्छन्ति धनमानौ च मध्यमाः।
उत्तमा मानमिच्छन्ति मानो हि महतां धनम् ॥६०१॥

अर्थः—नीच लोग धन की इच्छा करते है तथा मध्यम प्रति के लोग धन और मान की अभिलाषा करते है। और उत्तम लोग स्वाभिमान की आशा करते हैं इसलिये नीतिकार कहते है कि, मान ही महापुरुषो का साक्षात् धन है।

रे रे चातक सावधान मनसा मित्र ! क्षणं श्रूयताम्।
अम्भोदा बहवो वसन्ति गगने सर्वेऽपि नैतादृशाः ॥
केचिद्वृष्टिभिरार्द्रयन्ति धरणीं गर्जन्ति केचिद्वृथा।
यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः ॥६०२॥

अर्थः—भो-भो चातक मित्र ! सावधान चित्त से एक निमिषमात्र सुनो । आकाश मे मेघ (बद्दल) बहुत ही रहते है किन्तु सभी बद्दल बरसने वाले नहीं होते है । कतिपय बद्दल सुवृष्टियो से पृथ्वी को गीले कर देते है तथा कई बद्दल व्यर्थ गर्जना करके चले जाते है । उन बद्दलो से कोई प्रयोजन नहीं है । त जो-जो देखता है वह-वह मेरे सामने दीन वचन से मत बोलो ।

तावत्सर्वगुणालयः पटुमतिः साधुः सतां वल्लभः ।
शूरः सच्चरितः कलङ्करहितो मानीकृतज्ञः कविः ॥
यावन्निष्ठुर वज्रपात सदृशो देहीति नो भाषते ।
तस्माद्वाक्यमिदं मम श्रणुसखे मा ब्रूहि दीनं वचः ॥६०३॥

अर्थः—हे मित्र ! जब तक मनुष्य निष्ठुर (निर्दय) वज्रपात के सदृश मर्म भेद के वचन नहीं बोलेगा । तब तक समस्त गुण युक्त, व्याख्यान पटुता, सज्जनता, पुरुषो को प्रियता, शूरता, सदाचारिता, निष्कलकता, स्वाभिमानिता, कृतज्ञता, कवित्वता इस प्रकार अनेक गुण सम्पन्न कहलायेगा । इस लिये यह मेरा वचन सुनो और दीन वचन मत कहो ।

मुखवर्जं तु गौः शुद्धा मार्जारश्चाश्रमे शुचिः ।
शय्या भार्या शिशोर्वस्त्रमुपवीतं कमण्डलुः ॥६०४॥

अर्थः—जब तक गाय अपनी मूँ सम्भालेगी तब तक शुद्ध रहेगी । तथा बिल्ली जब तक स्वस्थान मे रहेगी तब तक शुद्ध कहलायेगी । इसी प्रकार जब तक अपनी पत्नी (स्त्री) बिछाने पर रहेगी तब तक शुद्ध रहेगी । उसी प्रकार बच्चा जब तक वस्त्र वेष्टित रहेगा तब तक शुद्ध रहेगा । और उस वेष्टन से छूटेगा तो उस को कमडल शुद्ध करेगा ।

मुख्यमेकं पुरस्कृत्य शून्यात्मानोऽपि साधकाः ।
भवन्ति तं विना नैव यथा सख्याङ्क बिन्दवः ॥६०५॥

अर्थः—पुरुष को एक ही अत्यावश्यक है कि ब्रह्मचर्य यदि पुरुष बिना पढ़ा-लिखा भी हो तो भी अपना आत्मकल्याण करेगा, किन्तु ब्रह्मचर्य के अलावा उसका आत्मकल्याण कभी भी नहीं होगा । जैसे वीर्य के विन्दु संख्यात्मक होते हैं वैसे मुमुक्षुओ को अखड ब्रह्मचर्य वृत्ति से रहना ही श्रेयस्कर होगा ।

शक्यो वारयितुं जलेन हुतभुक् छत्रेण सूर्यातपो ।
नागेन्द्रो निशितांकुशेन समदो दण्डेन गोगर्दभौ ॥६०६॥

अर्थः—पानी से अग्नि बुझजाती है। तथा छाता से सूर्य का प्रताप शान्त होता है। हाथी तीक्ष्ण अकुश से मद रहित होता है तथा डडे से गाय और गधे ये दोनो भगाये जाते है।

व्याधिर्भेषजसंग्रहैश्च विविधैर्मन्त्रप्रयोगैर्विषम्।
सर्वस्यौषधमस्ति शास्त्रविहितं मूर्खस्य नास्त्यौषधम् ॥६०७॥

अर्थः—रोग अनेक प्रकार की औषधियो से नष्ट होते है, तथा नाना प्रकार के मंत्रो से विष भी नष्ट होते है। शास्त्रोक्त सब प्राणिमात्र को दवाई निरोगी करती है, किन्तु मूर्ख के लिये इस दुनिया मे कोई भी दवाई, और उपदेश वगैरह कुछ भी नहीं है।

लुब्धमर्थेनगृह्णीयात्स्तब्धमञ्जलि कर्मणा।
मूर्खं छन्दानुरोधेन याथातथ्येन पण्डितम् ॥६०८॥

अर्थः—लोभी मनुष्य को द्रव्य देकर वशीभूत करना, मौनी आदमी को हाथ जोड़ कर संतोषित करना। मूर्ख को अनेक कथाओ के वार्तालाप से शमन करना तथा योग्य वेतन देकर पंडित को वशीभूत करना चाहिये।

मूर्खत्वं हि सखे ममापि रुचिरं तस्मिन्यदष्टौगुणा।
निश्चिन्तो बहुभोजनेष्वभिरुची रात्रौ दिवासुप्यते॥
कार्याकार्य विचारणान्धबधिरो मानापमानौ समौ।
कृत्वासर्वजनस्य मूर्धनि पदं मूर्खः सुखं जीवति ॥६०९॥

अर्थः—भो मित्र! मूर्खत्व भी मुझे योग्य है उस मे आठ गुण होना चाहिये। अर्थात् निश्चिन्त वृत्ति, विपुल भोजन मे अभिरुचि, रात मे तथा दिन मे भी नीन्द लेना स्वीकार की जायगी, तथा कार्य व अकार्य मे अन्धा एवं बहिरा होकर रहुंगा, मान तथा अपमान मे समताभाव से रहुगा। इस प्रकार ऊपर के आठ गुण सम्मिलित हो तो मूर्ख मनुष्य होता हुआ भी समस्त लोगो के मस्तक पर पैर रखकर सुख से अपना जीवन बिता सकेगा।

तैलाद्रक्षेज्जलाद्रक्षेद्रक्षेच्छिथिलबन्धनात्।
मूर्ख हस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम् ॥६१०॥

अर्थः—तेल मे रक्षण करे, पानी से सरक्षण करे, शिथिल बन्धन मे भी सरक्षित करे किन्तु मूर्ख के हाथ मे दिये हुये पुस्तक का मान कभी भी रक्षण नहीं करपाते।

मूर्खस्य पंच चिह्नानि गर्वी दुर्वचनी तथा ।
हठी चाप्रियवादी च परोक्तं नैव मन्यते ॥६११॥

अर्थः– मूर्ख के ये शास्त्रोक्त पांच लक्षण है, अर्थात् गर्विष्ठ होना, दुष्ट वचन बोलना, हठवादी होना तथा अप्रिय भाषण से हमेशा मस्त रहना और दूसरे के कहे हुये अमृत तुल्य हितकारक वचन को भी नहीं मानना ।

आत्मनो मुख दोषेण बध्यन्ते शुक सारिकाः ।
बकास्तत्र न बध्यन्ते मौनं सर्वार्थ साधकम् ॥६१२॥

अर्थ·—तोते और मैने के मुख दोष से स्वयमेव दूसरो से बान्धे जाते है किन्तु वहां बगुला मौन रहने से नहीं बान्धा जाता। इसलिये हमेशा मौन व्रत से रहने से सपर्ण अर्थों की सिद्धि हो जायगी ।

मुञ्च मुञ्च महा सर्प मा मुञ्चविहगोत्तम ।
उभयोः पतनं दृष्ट्वा मौनं सर्वार्थसाधनम् ॥६१३॥

अर्थः—अरे पक्षी ! इस महा साप को छोड़ देव, छोड़देव, भो श्रेष्ठ ! महासाप को मत छोडो । इसलिये दोनो की पतनावस्था देखकर मुमुक्षु को सदैव मौन से रहना चाहिये । जिस से अपना कार्य सिद्ध हो जाय ।

शैले शैले न माणिक्यं मौक्तिकं न गजे गजे ।
साधवो नहि सर्वत्र चन्दनं न वने वने ॥६१४॥

अर्थः—प्रत्येक पर्वत के शिखर पर माणिक्य रत्न नहीं मिलेगा, तथा हरेक हाथियो के मस्तक से गजमोति नहीं मिलेगा। इसी प्रकार सभी लगोट छोड़ कर साधु नहीं बन सकते किन्तु विरले ही महापुरुष साधु हो सकते है। और सभी जगलो मे चन्दन वृक्ष नहीं मिलेगा ।

मौखर्यं लाघवकरं मौनमुन्नतिकारकम् ।
मुखरं नूपुरं पादे कण्ठे हारोविराजते ॥६१५॥

अर्थ·—मनुष्य को मूर्खता अत्यन्त हीनावस्था को प्राप्त करेगी। और मौन व्रत उच्चावस्था को पहुँचायेगा अतः यहाँ पर उपमा दी गई है कि, जैसे पैर की शोभा नूपुर अर्थात् आभषण से आती है और गले की शोभा सुन्दर हार से आती है ।

मौने मौनी गुणिनि गुणवान् पण्डिते पण्डितोऽसौ ।
दीने दीनः सुखिनि सुखवान् भोगिनि प्राप्तभोगः ॥
मूर्खे मूर्खो युवतिषु युवा वाग्मिषु प्रौढवाग्मी ।
धन्यः कोऽपि त्रिभुवनजयी योऽवधूतेऽवधूतः ॥६२६॥

भावार्थः—यह मनुष्य मौनियों से मौन से रहता है [illegible] पण्डितों से पण्डित होकर व्यवहार करता है। सुखी [illegible] होकर रहता है। वाग्मियों में प्रौढ वाग्मी होकर रहता है। [illegible] धन्य है [illegible]

मौनं कालविलम्बश्च प्रयाणं भूमिदर्शनम् ।
भृकुट्यन्यमुखी वार्ता नकारः षड्विधः स्मृतः ॥६२७॥

भावार्थः—इस प्रकार [illegible] कालविलम्ब, प्रयाण, भूमिदर्शन, भृकुटी [illegible] से वार्तालाप नहीं करे और नकार [illegible] प्रकार के [illegible]

मासि मासि समा ज्योत्स्ना पक्षयोरुभयोरपि ।
तत्रैव शुक्लपक्षोऽभूत् यशः पुण्यैरवाप्यते ॥६२८॥

[illegible]

[illegible]दयोऽपि जानन्ति नीरक्षीरविवेचनम् ।
[illegible] हंसस्य यशः [illegible] ॥६२९॥

[illegible]

[illegible]

[illegible] ॥[illegible]॥

अर्थः—जैसा कैसा भी वृक्ष का जड होवे तथा जिससे किससे भी मिश्रित होवें तो उसको जिसको किसको भी देना चाहिये और उसका जैसा होगा वैसा ही रहेगा।

मर्कटस्य सुरापानं तस्य वृश्चिक दंशनम् ।
तन्मध्ये भूतसञ्चारो यद्वा तद्वा भविष्यति ॥६२१॥

अर्थः शराब पिया हुआ बन्दर को बिच्छू काटने से उसमे प्राणि का सचार होकर वह यद्वा तद्वा कूदता रहेगा।

विवाहोऽर्थश्च मरणमन्नं जननमेव च ।
कण्ठे वद्ध्वा दृढं सूत्रं यत्रस्थं तत्र नीयते ॥६२२॥

अर्थः—वर तथा कन्या इन दोनो का विवाह किया जाता है और वर के गले मे मजबूती से कन्या बांधी जाने से वर जिस देश के रहवासी होगे उस देश में कन्या ग्रहण की जाती है। इससे, जनन, मरण, भोजन, देखा जाता है।

यत्र वैदिकास्तत्र पण्डिता यत्र पण्डितास्तत्र वैदिकाः ।
यत्र नोभयं तत्र चोभयं यत्र चोभयं तत्र नोभयम् ॥६२३॥

अर्थः—जहाँ वैद्य रहते हैं वहां पण्डित भी रहते है तथा जहाँ पडित रहते है वहां वैद्य भी रहते है। और जहां नहीं रहते, वहां दोनो रहते है, तथा जहाँ रहते हैं वहाँ दोनों नहीं रहते है।

यथा व्याल गलस्थोपि भेको दंशानपेक्षते ।
तथा कालऽहिनाग्रस्तो लोको भोगानशाश्वतान् ॥६२४॥

जिस प्रकार मेढक सांप के गले मे रहता हुआ भी सांप को नहीं काटता है उसी प्रकार काल रुपी सर्प से डसे हुए लोग अशाश्वत भोगो को भोगते रहते है।

राज्ञि धर्मिणि धर्मिष्ठाः पापे पापाः समेसमाः ।
लोकास्तदनुवर्तन्ते यथा राजा तथा प्रजाः ॥६२५॥

अर्थः—यदि राजा धार्मिक होवे तो प्रजा भी धार्मिक होगी तथा राजा पापी बने तो प्रजा भी पापी वनेगी। जैसा राजा होगा वैसी प्रजा होगी।

यथा देशस्तथा भाषा यथा राजा तथा प्रजाः ।
यथा भूमिस्तथा तोयं यथा बीजं तथांकुरः ॥६२६॥

अर्थः—जैसा देश होगा वैसी भाषा चलेगी और जैसा राजा होगा वैसी प्रजा रहेगी। जैसी भूमि होगी वैसा पानी रहेगा व जैसा बीज होगा वैसा अंकुर उत्पन्न होगा।

स्वधर्मरूपो राजेन्द्रो दयारूपेण मंत्रिणः
सेवकाः साधुरूपेण यथा राजा तथा प्रजाः ॥६२६॥

अर्थः—अपने धर्मानुसार राजा होगा तो दयारूप से मन्त्री होंगे तथा सेवक साधु रूप से रहेंगे और जैसा राजा वैसी प्रजा रहेगी।

राजा राक्षस रूपेण व्याघ्ररूपेण मंत्रिणः।
सेवकाः साधुरूपेण यथा राजा तथा प्रजाः ॥६२७॥

अर्थः—यदि राजा राक्षस के समान रहेगा तो मन्त्री भी व्याघ्र के समान ही रहेगा। सेवक साधु रूप से रहेंगे तो जैसा राजा वैसी प्रजा।

अश्विनी सूयते वत्सं कामधेनुस्तुरङ्गमम्।
तथैव सागरो वह्निं यथा राजा तथा प्रजाः ॥६२८॥

अर्थ—घोडी से बच्चा पैदा होता है और कामधेनु से घोडा पैदा होता है। उसी प्रकार समुद्र मे वड़वानल उत्पन्न होगा और जैसा राजा वैसी प्रजा होगी।

यथा चित्ते तथा वाचि यथा वाचि तथा क्रियाः।
चित्ते वाचि क्रियायां च साधूनामेकरूपता ॥६२९॥

अर्थः—मनुष्य का जैसा मन होगा वैसा वचन होगा। और जैसा वचन होगा वैसी क्रिया होगी। किन्तु मन मे एक, वचन मे एक, क्रिया मे एक ऐसी क्रिया मात्र साधुओ मे देखी जाती है।

पठकः पाठकश्चैव येचान्ये शास्त्रवाचकाः।
सर्वे व्यसनिनो ज्ञेया यः क्रियावान्स पण्डितः ॥६३०॥

अर्थः—पढ़ने वाले, पढाने वाले तथा शास्त्र वाचने वाले ये सब व्यसनी ही है ऐसे समझना चाहिये। और जो क्रियावान् होगा वही पंडित होगा।

यतः सत्यं ततो धर्मो यतो धर्मस्ततो धनम्।
यतो रूपं ततः शीलं यतो नागास्ततो जयः ॥६३१॥

अर्थः—वचन जैसा सत्य होगा वैसा धर्म होगा और जैसा धर्म होगा वैसा साधन प्राप्त होगा। तथा जैसा रूप होगा वैसा शील प्राप्त होगा और जैसा हाथी होगा वैसा जय प्राप्त होगा।

जयोऽस्तु पाण्डुपुत्राणां येषां पक्षे जनार्दनः।
यतः कृष्णास्ततो धर्मो यतो धर्मस्ततो जयः॥६३२॥

अर्थः—पांडु राजा के पुत्रो का जय होवे अर्थात् जिनके पक्ष मे कृष्ण है और जैसा पराक्रमी कृष्ण होगा वैसा धर्म होगा तथा जैसा धर्म होगा वैसा ही जय होगा।

अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्म समुद्भवः॥६३३॥

अर्थः—अन्न से प्राण पैदा होते है तथा पानी से अन्न पैदा होता है। और यज्ञ से पर्जन्य पैदा होता है और यज्ञ से शुभ कर्म पैदा होता है।

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरोजनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥६३४॥

अर्थः—श्रेष्ठ जन जिस जिस आचरण का अंगीकार करेगे उस-उस आचरण का स्वीकार अन्य जन भी करेगे। लोग जिस प्रमाण से सदाचार पालेगे उस प्रमाण भूत से चलेगे।

यस्य वर्णस्य यो राजा स वर्णः सुखमेधते।
जामदग्नेन रामेण ब्राह्मणा भूभुजः कृताः॥६३५॥

अर्थः—जिस वर्ण का जो राजा होगा उस वर्ण से ही सुख मिलेगा। और जामदग्नि राम के द्वारा ब्राह्मण राजा बनाये गये।

य (ए) ष्टव्या बहवः पुत्रा यद्य कोऽपिगयां व्रजेत्।
यजेत वाश्वमेधेन नीलं वा वृषमुत्सृजेत्॥६३६॥

अर्थः—प्रचुर पुत्र मिलकर यज्ञ करना चाहिये यदि उनमे से एक भी उस समुदाय से अन्यत्र चला जायगा तो कार्य मे विकलता आयगी। अथवा अश्वमेध से याग करना चाहिये जिससे उत्तरोत्तर वृष माने धर्म बढ़ते रहे।

यस्मिन्देशे य आचारः स्थाने स्थाने यथा स्थितिः।
तथैव व्यवहर्तव्यं पारम्पर्यागतो विधिः॥६३७॥

अर्थः—जिस देश में जो आचार होगा उस आचार की स्थिति बढ़ती ही रहेगी। तद्वत् व्यवहार करना चाहिये। जिससे विधि अच्छी रहेगी।

यः स्वभावो हि यस्य स्यात्तस्यासौ दुरतिक्रमः।
श्वा यदि क्रियते राजा स किं नास्नात्युपानहम् ॥६३८॥

अर्थ—जो जिसका स्वभाव होगा वही उसको पापाचारी बनायेगा। यदि राजा कुत्ते को पालेगा तो कुत्ता राजजूते को नहीं खायगा ?

यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम्।
तत्सुखं सात्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धि प्रसादजम् ॥६३९॥

अर्थः—जो जिसके सामने विष समान होकर भी परिणाम में अमृत के समान रुचकर हो जाता है वही सात्विक सच्चा सुख है ऐसा स्वानुभवि महापुरुषो ने कहा है।

यद्भावितद्भवत्येव यन्न भावि न तद्भवेत्।
इति निश्चित बुद्धीनां न चिन्ता बाधते क्वचित् ॥६४०॥

अर्थः—जिस प्राणी का जैसा भाव होगा वैसा ही उसको फल मिलेगा। और जिसका भाव ही नहीं होगा। तो कुछ भी नहीं इस प्रकार के निश्चित बुद्धिमान लोगों के लिये कोई भी चिता बाधक नहीं बनेगी।

उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी-
दैवं प्रधानमिति कापुरुषा वदन्ति।
दैवं विहाय कुरु पौरुषमात्मशक्त्या।
यत्ने कृते यदि न सिद्ध्यति कोऽत्र दोषः ॥६४१॥

अर्थः—इस संसार मे उद्योग से ही पुरुष सिंह को सम्पत्ति पैदा होती है और मिथ्याजन ऐसे कहते है कि, दैव ही प्रधान है। इस प्रकार दैव को छोडकर निज आत्म-शक्ति से पुरुषार्थ करना चाहिये। यदि प्रयत्न करते हुये भी कार्य सिद्ध नहीं होगा तो यहां पर कौनसा दोष होगा। अर्थात् दैवकृत दोष को मानना ही जरूरी होगा।

उपसर्गेऽन्यचक्रे च दुर्भिक्षे च भयावहे।
असाधुजनसंसर्गे यः पलायेत जीवति ॥६४२॥

अर्थः—उपसर्ग मे, अन्य युद्ध मे, दुर्भिक्ष मे और भयानक परिस्थिति मे तथा दुर्जन जन संसर्ग मे से जो मनुष्य भागेगा वही जिन्दा रह सकेगा।

यदृच्छालाभसन्तुष्टो द्वन्द्वातीतो विमत्सरः।
समः सिद्धावसिद्धौ च कृत्वापि न निबध्यते ॥६४३॥

अर्थः—जो मनुष्य जैसा मिले उसको ही लाभ मानकर संतुष्ट रहेगा तथा झगडे, लडाई से मत्सर रहित होकर समताभाव से रहकर अपना कार्य सिद्ध होवे अथवा असिद्ध होवे इन उभय अवस्था मे राग द्वेष नहीं करेगा वही मनुष्य कर्मो से बद्ध नहीं होगा।

अष्टादशापिस्मृतयो वदन्ति यस्यापराधः खलुतस्य दण्डः।
स्वस्यापराधः खलुनाभि मूले शिरः कुतो मुण्डयते मृगाक्षी।६४४

अर्थ.—अठारह स्मृतियाँ हैं ऐसे वेदान्ती कहते है। जिसका अपराध होगा वही दण्डित होगा। और निज का अपराध होगा तो निश्चय से नाभि के मूल भाग में मृगाक्षी का शिर रखकर उसका मुंडन, कैसे किया जायगा ?

दीपो भक्षयते ध्वांतं कज्जलं च प्रसूयते।
यथान्नं भक्षयेन्नित्यं जायते तादृशी प्रजा ॥६४५॥

अर्थः—दीपक अंधेरा का नाश करता है तथा काजल को भी पैदा करता है, जिस प्रकार हमेशा भोजन करते रहने से—उसी प्रकार प्रजा उत्पन्न होगी।

यः समुत्पतितं क्रोधं क्षमयैवनिरस्यति।
यतोरगस्त्वचं जीर्णां स वै पुरुष उच्यते ॥६४६॥

अर्थ.—क्रोध जो पैदा होगा उसको क्षमा भाव से ही ध्वंस किया जायगा जैसे सांप की कांचली जीर्ण होने से अपने आप गिर जायगी वैसे ही पुरुष का क्रोध उत्पन्न होकर क्षमा भाव धारण करने से स्वयमेव नष्ट हो जायगा।

यमस्त्र नित्यं यदि शक्तिरस्तिचेत्।
दिने दिने गच्छति नाथ यौवनम्।
मृताय को दास्यति पिण्ड सन्निधौ।
तिलोदकैः सार्धमलोमशं भगम् ॥६४७॥

अर्थ.—हे नाथ! यदि आपकी शक्ति होगी तो सदैव स्वानुभव कीजिये क्योकि समय समय मे (दिन-दिन में) जवानावस्था जा रही है अर्थात् बुढापा आ रहा है। पिंड समीप मे मृतात्मा को क्या दिया जाता है ? अर्थात् तिलोदक (तिल तथा पानी) मिश्रित सार्धमाने भात का पिंड अर्पण किया जाता है।

यस्य आशिष आशास्ते न स भक्तः स वै वणिक्।
आशासानो न वै भृत्यः स्वामिन्याशिष आत्मनः ॥६४८॥

अर्थ:—जिस व्यक्ति का आशीर्वाद तेरे को यदि आशा पैदा करेगा तो तुम भक्त नहीं तथा बनिया भी नहीं और नौकर भी नहीं हो सकता, अर्थात् स्वामी का आशीर्वाद स्वयमेव (अपने) को ही होगा।

यद्भावि न तद्भावि भावि चेन्न तदन्यथा।
इतिमत्वा नरो विद्वान्निश्चिन्तो भवति ध्रुवम् ॥६४९॥

अर्थ:—जो नाशवंत है वह कभी भी शाश्वत नहीं हो सकता है, यदि तुम उसको शाश्वत मानोगे तो क्षणध्वंसी शरीर आत्मा के समान अजरामर नहीं हो सकेगा। इस प्रकार विदित कर मनुष्य अर्थात् बुद्धिमान् निरन्तर निश्चिन्त हो जाता है।

सर्वं त्वमायतीयुक्तं भाषसे प्राज्ञसम्मतम्।
न चोत्सहे सुतंत्यक्तुं यतो धर्मस्ततोजयः ॥६५०॥

अर्थ—तुम विद्वज्जन सम्मत सब ऐश्वर्य युक्त ही भाषण करते हो किन्तु पुत्र का त्याग करना नहीं चाहते हो क्योंकि जैसा धर्म होगा वैसा उस धर्म का जय होगा।

यथैकेन न हस्तेन तालिका सम्प्रपद्यते।
तथोद्यमपरित्यक्तं कर्मनोत्पादयेत्फलम् ॥६५१॥

अर्थ.—जिस प्रकार एक ही हाथ से तालियाँ नहीं होगी, उसी प्रकार उद्योग (धन्दा) का त्याग करने से तुम्हारा पुरुषार्थ फल नहीं पैदा करेगा।

यस्य देवस्य यद्रूपं तथा भूषण वाहनम्।
तद्वद्देवहि तच्छक्तिरसुरान्योद्धुमाययौ ॥६५२॥

अर्थः—जिस देव का जो रूप होगा उसका भूषण (अलकार) वाहन वगैरह तदनुसार ही रहेगा। तद्वत उस देव की शक्ति के अनुसार असुर दैत्यादिक उनके आज्ञाधारी होकर काम करते रहेंगे।

यद्ददाति यदश्नाति तदेव धनिनो धनम्।
अन्ये मृतस्य क्रीडन्ति दारैरपि धनैरपि ॥६५३॥

अर्थः—जो दिया जायगा और जो खाया जायगा वही धनिको का धन कहा जायगा, और उस धनिक का मरण होने के पश्चात् स्त्रियाँ तथा अन्य परिवारजन बचे हुये धन पर ताव मारते रहेंगे।

मासि मासि गृहस्थस्य पक्षे पक्षे च यज्वनाम् ।
ऋतावृतौ यतीनां च यथेच्छं ब्रह्मचारिणः ॥६५४॥

अर्थः—महिने महिने मे गृहस्थ को तथा पक्ष पक्ष मे अर्थात् पन्द्रह पन्द्रह दिनों में जवानो को ब्रह्मचर्य से रहना चाहिये, और ऋतु-ऋतु मे अर्थात् दो-दो मास के एकैक ऋतु माने जाते है इस प्रकार यतीयो को भी यथायोग्य आमरण तक ब्रह्मचर्य से रहना चाहिये।

मन्त्रे तीर्थे द्विजे देवे दैवज्ञे भेषजे गुरौ ।
यादृशी भावनां कुर्यात्सिद्धि र्भवति तादृशी ॥६५५॥

अर्थः—मन्त्र के प्रयोग मे, तीर्थयात्रा मे, ब्राह्मण मे (आत्मा में), देवो मे, दैवज्ञ (ज्योतिषियो मे), वैद्य मे तथा गुरुओ मे जिस प्रकार की भावना की जाती है उसी प्रकार की सिद्धि हुआ करती है।

दृष्ट्वा यतिर्यतिं सद्यो वैद्यो वैद्यं नटं नटः ।
याचको याचकं दृष्ट्वा श्वानवद्गुगु रायते ॥६५६॥

अर्थः—आपस मे यति यति को देख कर, वैद्य वैद्य को अवलोकन कर, नट नट को दृगोचर कर, याचक याचक को देख कर परस्पर मे कुत्ते के समान गुरगुराते अर्थात् चिल्लाते है।

महापातक सम्प्राप्ते प्रायश्चित्तविवर्जिते ।
याचयेच्छ्रोत्रिय स्यान्नं तदभावे जलंपिबेत् ॥६५७॥

अर्थ.—महापाप पैदा होने पर भी यदि प्रायश्चित्त नहीं लेवेंगे तो श्रोत्रिय ब्राह्मणान्न की याचना करनी चाहिये। अथवा न मिले अर्थात् उसके अभाव मे पानी पीना चाहिये।

व्याघ्रस्तु ष्यति कानने सुगहनां सिंहो गुहां सेवते ।
हंसोऽह्लाय च पद्मिनीं कुसुमितां गृध्रः श्मशान स्थले ॥

साधुः सत्कृति साधुमेव भजते नीचोऽपि नीचं जनम् ।
या यस्य प्रकृतिः स्वभाव जनिता केनापि न त्यज्यते ॥६५८॥

अर्थ—बाघ जगल मे रह कर आनन्दित होता है, सिंह भीषणमय गुहा मे सोकर अपने को सन्तोषित मानता है । हंस पक्षी विस्तृत तालाब के कमल पुष्प पर विराजित होकर सुख मानता है । गिधाड़ पक्षी श्मशान के अग्र भाग पर वास कर आनन्द मानता है । साधु अपना आत्मानुभव सिद्ध करने के लिये ही निरन्तर ध्यान मग्न होकर साक्षात् सिद्धो के समान सुख पाते है । नीच मनुष्य नीच आदमी का ही आश्रय कर अपने को सुख मान लेता है । अर्थात् जिसका जैसा स्वभाव होता है उस स्वभाव जनित सुव्यापार एवं दुर्व्यापार को किसी के द्वारा भी नहीं छुड़वाया जाता है ।

काकः पद्मवने रतिं न कुरुते हंसो न कूपोदके ।
मूर्खः सज्जनसंगमे न रमते दासो न सिंहासने ॥
कुस्त्री सज्जन संगमे न रमते नीचं जनं सेवते ।
यायस्य प्रकृतिः स्वभाव जनिता केनापि न त्यज्यते ॥६५९॥

अर्थः—कव्वा कमल वन मे क्रीड़ा नहीं करता है, हंस पक्षी कूए के जल मे क्रीड़ा नहीं करता है । मूर्ख मनुष्य सज्जन सगत मे नहीं रमता है, सेवक सिंहासन पर नहीं शय्या करता (सोता) है । नीच स्त्री सज्जन का सहवास न कर नीचजन की ही सेवा करती है । इसलिये जिसका स्वभाव जैसा होगा वैसा ही रहेगा ।

स्यादत्यन्त निरक्षरः क्षितिपतिः श्रीकार मात्रा श्रया- ।
न्मन्त्री तत्कथितार्थ लेखन परस्तत्सेवको जायते ॥
अध्येता तदगार मेव भजते विद्वांस्तु तं याचते ।
यावान्यस्य गिरा समं परिचय स्ताव द्विदूरे श्रियः ॥६६०॥

अर्थः—राजा बिना पढ़ा लिखा हुआ अक्षर शत्रु कहलायेगा मन्त्री पढ़ा लिखा विद्वान् होने से राजा से प्रतिपादित अर्थ का उत्कृष्ट लेखक होने पर राज सेवक हो जायेगा । और अध्यापक राजमहल की इच्छा करेगा तो विद्वान् राजा को ही चाहेगा इसलिये जब तक जिसकी वानी समस्त जनता के दृष्टिगोचर होगी तब तक उनकी वानी विद्वत्ता से ऐश्वर्य पैदा करेगी ।

मृत्युर्बुद्धिमताऽपोह्योयावद्‌बुद्धि बलोदयम् ।
यद्यसौ न निवर्तेत नापराधोऽस्ति देहिनः ॥६६१॥

अर्थ—जब तक बुद्धि बल का उदय रहेगा तब तक समय पाकर मृत्यु उसकी बुद्धिमत्ता छीन लेगी यदि बुद्धिमान् मृत्युवश नहीं होगा तो देहधारी प्राणी का अपराध नहीं माना जायगा।

याममध्ये न भोक्तव्यं द्वियामंनैव लङ्घयेत् ।
याममध्ये रसोत्पत्तिरतऊर्ध्वं रसक्षयः ॥६६२॥

अर्थ—प्रथम प्रहर में भोजन का सेवन नहीं करना चाहिये और दूसरे प्रहर का उल्लघन भी नहीं करना चाहिये। तथा प्रथम प्रहर मे रसोई तैयार करने से उसमे से उत्तर समय मे रस का नाश होगा।

कन्यागते सवितरि तिष्ठन्ति पितरो गृहे ।
शून्यं प्रेतपुरं तत्र यावद्‌वृश्चिकदर्शनम् ॥६६३॥

अर्थ—कन्या राशि मे स्थित सूर्य पितृगृह मे रहेगा इसलिये वहाँ प्रेतपुर (स्मशान) रिक्त होगा अर्थात् जब तक शून्य रहेगा तब तक बिच्छु का ही अवलोकन होगा।

दूसरा अर्थ—कन्या के घर मे स्थित जामाता उसी के घर मे रहेगा तब वहाँ अर्थात् अपना घर शून्य हो जायगा उस जामाता के शून्य घर मे बिच्छु ही दीखने लगेंगे।

यावद्वित्तोपार्जन सक्तस्तावन्निजपरिवारो रक्तः ।
पश्चाज्जर्जरभूते देहेवार्ता कोपि न पृच्छति गेहे ॥६६४॥

अर्थः—जब तक मनुष्य न्यायोपार्जित द्रव्य कमाने मे समर्थ रहेगा तबतक अपना परिवार अपने पर प्रेमयुक्त रहेगा। तत्पश्चात् बुढापावस्था मे उसकी वार्ता तक घर मे कोई भी नहीं पूछेगा।

विशाखान्तं गता मेघाः प्रसवान्तं हि यौवनम् ।
प्रणामान्तं सन्तां कोपो याचनान्तं हि गौरवम् ॥६६५॥

अर्थः—विशाखा नक्षत्र के अन्त तक मेघ (बद्दल) रहेंगे तथा प्रसूती के आखिर समय तक जवानावस्था रहेगी, नमोऽस्तु करने तक सज्जन का क्रोध रहेगा एवं याचना करने तक आदमी का गौरव (बड़प्पन) रहेगा तदनन्तर कपास के समान हल्के होजायेगे।

युक्तियुक्तमुपादेयं वचनं बालकादपि ।
विदुषापि सदाग्राह्यं वृद्धादपि न दुर्वचः ॥६६६॥

अर्थः—बालक से भी यदि वचन यथायोग्य होगा तो अवश्य ग्रहण करना होगा तथा विद्वान का वचन हमेशा धारण करना होगा और वृद्धों से भी कदापि दुर्वचन नहीं निकलेगा ।

अन्यत्तृणमि त्याज्यमप्युक्तं पद्म जन्मना ।
घटं भिन्द्यात्पटं छिन्द्यात्कुर्याद्रासभरोहणम् ।
येन केन प्रकारेण प्रसिद्धः पुरुषो भवेत् ॥ ६६७ ॥

अर्थः—तथा इससे जो अन्य वचन युक्त भी हो अर्थात ग्रहण करने लायक हो तो घास के समान उसका त्याग करना चाहिये । ऐसा रामचन्द्र प्रभु ने कहा है । घडे का भेदन तथा वस्त्र का छेदन और गधे पर बैठने से पुरुष प्रसिद्ध हो जायगा । यह जैनेतर सुभाषित होने से जैन विद्वान् इस श्लोक के अर्थ पर विश्वास न रक्खे ।

सज्वरो विज्वरो वापि पित्तलः परिभुञ्जयेत् ।
ये गुणालङ्घने प्रोक्तास्ते गुणा लघु भोजने ॥६६८॥

अर्थः—मनुष्य को बुखार हो अथवा नहीं हो तो भी पित्तका फल भोगना चाहिये. नीतिकार कहते हैं कि, मनुष्य को हमेशा आरोग्य रहना चाहिये, यदि आकण्ठ भोजन करेंगे तो रोग पैदा हो जायगा । इससे अल्पाहार करने से सदैव निरोगी अवस्था ही रहेगी ऐसा तात्पर्य समझना चाहिये ।

निर्वाते ये गुणाः प्रोक्तास्ते गुणाः कर्म बन्धने ।
ये गुणा लङ्घने प्रोक्तास्ते गुणालघु भोजने ॥६६९॥

अर्थः—निरोगी अवस्था के जो गुण कहे गये हैं वे गुण अत्यन्त आवश्यक समझ कर स्वयं पुण्य से ग्रहण करना चाहिये । और जो गुण उपवास करने के लिये कहे गये हैं वे गुण अल्प भोजन कर धारण करना चाहिये ।

अतीव बलहीनं हि लंघनं नैव कारयेत् ।
ये गुणा लंघने प्रोक्तास्ते गुणालघु भोजने ॥६७०॥

अर्थः—जो मनुष्य अत्यन्त शक्तिहीन हो उसको उपवास नहीं करना चाहिये। जो गुण लङ्घन मे कहे गये है वे गुण लघुभोजन (अवमोदर्य) ग्रहण करने से प्राप्त हो जायेगे।

युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु ।
युक्त स्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा ॥६७१॥

अर्थः—जिस मनुष्य का यथा योग्य आहार तथा विहार और योग्य शुभ कर्म मे ही विचार होगा उस मनुष्य का जो स्वप्न ज्ञान रूपी योग है वह मात्र दुःखदायक होगा।

शैशवेऽभ्यस्त विद्यानां यौवने विषयैषिणाम् ।
वार्धक्ये मुनिवृत्तोनां योगेनान्ते तनुत्यजाम् ॥६७२॥

अर्थ—बाल्यावस्था मे विद्याध्ययन करना चाहिये, जवानावस्था मे सत्कन्या के साथ विवाह करना चाहिये। और वृद्धापकाल मे मुनि दीक्षा ग्रहण करना चाहिये तथा योग के अन्त मे शरीर का त्याग करना चाहिये। अर्थात् समाधि मरण करने की आवश्यकता होगी।

अमन्त्र मक्षरं नास्ति नानौषधिर्वनस्पतिः ।
अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः ॥६७३॥

अर्थः—अमन्त्र पूर्वक अक्षर नहीं है तथा वनस्पति से विविध प्रकार की दवाई पैदा होती है, अयोग्य पुरुष नहीं है क्योकि इस दुनिया मे कार्यकर्ता मिलना बहुत मुश्किल है।

यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति ।
तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् ॥६७४॥

अर्थः—जो-जो मनुष्य जिस-जिस शरीर का भक्त होगा उस-उस शरीर की श्रद्धा से पूजा करने की अभिलाषा करेगा। और उसकी अचल (स्थिर) श्रद्धा उन महाशयो मे ही होगी ऐसा मै कहूँगा।

यो यत्र कुशलः कार्ये तत्र तं विनियोजयेत् ।
कार्येष्वदृष्टकर्मायः शास्त्रज्ञोऽपि विमुह्यति ॥६७५॥

अर्थः—जो मनुष्य जिस कार्य मे निपुण है उसको उस कार्य मे नियन्त्रित करना चाहिये। और जो मनुष्य कार्य करने मे कुशल होगा उस मनुष्य पर शास्त्र जानकार भी मोहित होगा इस प्रकार का व्यवहार देखा जाता है।

वालत्वे च मृता माता वृद्धत्वे च मृताः सुताः।
यौवने च मृता भार्या पातकं किमतः परम् ॥६७६॥

अर्थ—वाल्यपन मे ही माता मर गई थी, तथा वृद्धापकाल मे पुत्री मर गई और यौवनावस्था मे स्त्री मर गई तो दुनियॉ मे इससे भी वढ़कर कौनसा पाप है।

(२)

भस्मी भूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत् ॥६७७॥

अर्थः—मनुष्य के मरने के वाद उस शरीर का अग्नि संस्कार किया जायगा इसलिए उस मृतक देह मे जीवका पुनरागमन नहीं होगा अतः सम्पूर्ण प्रयत्नो से मनुष्य को कर्जा कर घी पीना चाहिये। इस प्रकार एकान्तवादियो की नीति है।

ऋणकर्ता पिता शत्रु माता च व्यभिचारिणी।
अविनीता रिपुर्भार्या पुत्रः शत्रुर पण्डितः ॥६७८॥

अर्थ—कर्जा करने वाला पिता शत्रु है, व्यभिचार करने वाली माता शत्रु है। विनय रहित स्त्री शत्रु है और विना पढ़ा लिखा अपना पुत्र ही शत्रु है।

ऋणानुवन्धरूपेण पशुपत्नी सुतालयाः।
ऋण क्षये विनश्यन्ति ऋणादौ प्रभवन्ति च ॥६७९॥

अर्थः—कर्जादिको मे ऋणानुवन्धरूप से पशु, स्त्री, पुत्र और मकान इत्यादि पैदा होते है तथा कर्जा दे चुकने पर ये सव नाश हो जाते हैं।

रमणीयः सहिपुरुषो रमणी यत्रैवरज्यति विदग्धा।
श्लोकःसएव सुभगश्चित्तं सक्तं हि यत्र रसिकस्य ॥६८०॥

अर्थः—वही पुरुष आसक्त है कि, जहॉ उसकी स्त्री भी आधी जली हुई उस पुरुष पर विपयासक्त हो जाती है अत वही श्लोक सुलभ है कि, जहॉ रसिक का चित्त तल्लीन हो जाता है।

भस्मना शुद्ध्यते कांस्यं ताम्रमम्लेन शुध्यति ।
रजसा शुद्ध्यते नारी नदी वेगेन शुद्ध्यति ॥ ६८१ ॥

अर्थः—राख से कांस्य का बर्तन शुद्ध हो जाता है और तांबा आंवला से शुद्ध होता है। स्त्री मासिक धर्म से शुद्ध हो जाती है तथा नदी वेग से बहने से शुद्ध हो जाती है।

रङ्कं करोति राजानं राजानं रङ्कमेव च ।
धनिनं निर्धनं चैव निर्धनं धनिनं तथा ॥ ६८२॥

अर्थः—एक दफे दैव राजा को गरीब बनाता है और एक दफे गरीब को राजा बनाता है तथा एक समय मे धनवान् को निर्धन दरिद्री करता है एव निर्धन को धनवान् करता है।

अन्नं सम्प्रोक्ष्यगायत्र्या सत्यं त्वर्तेति मन्त्रतः ।
ऋतं त्वेति च सायं तु परिषिञ्चेत्प्रदक्षिणम् ॥६८३॥

अर्थः—अन्न अर्थात् चारा से गायों का संरक्षण करना चाहिये तथा मन्त्र से सत्य वचन का परिपालन करना चाहिये। एव ऋतु का सवत्सर से रक्षण करना तथा गरीब ब्राह्मण का संरक्षण दक्षिणा से करना चाहिये।

रामो राजमणिः सदा विजयते रामं रमेशं भजे ।
रामेणाभिहता निशाचरचमू रामाय तस्मै नमः ॥
रामान्नास्ति परायणं परतरं रामस्य दासोऽस्म्य हम् ।
रामेचित्तलयः सदा भवतु मे भो राम मामुद्धरः ॥६८४॥

अर्थः—रामचन्द्र राजा समस्त राजाओं के मुकुट पर जडे हुये रत्नो के समान श्रेष्ठ हैं ऐसे सदैव विजयशाली रामराजा का भजन करना चाहिये। और राम के द्वारा मारे गये जो रात मे संचार करने वाले ऐसे निशाचरो के समुदाय ऐसे राम राजा को मेरा नमस्कार होवे। इस संसार मे रामराजा से कोई भी राजा पराक्रमी ऐसा दूसरा नहीं हुआ है मै राम का सेवक हूं मेरा चित्त हमेशा राम के चरणकमलो मे लीन रहे और रामचन्द्र प्रभो! मेरा उद्धार कीजिये।

उत्सवे व्यसने चैव दुर्भिक्षे शत्रुविग्रहे ।
राजद्वारे श्मशाने च यस्तिष्ठति स बान्धवः ॥ ६८५॥

अर्थः—उत्सव मे, संकट मे, दुर्भिक्ष मे, शत्रु पराजय करने में, राज द्वार मे तथा श्मशान में जो सहानुभूति से रहेगा वही भाई हो सकेगा ।

राजा राष्ट्र कृतं पापं राज्ञः पापं पुरोहितः ।
भर्ता च स्त्री कृतं पापं शिष्य पापं गुरुस्तथा ॥६८६॥

अर्थः—राजा राष्ट्रकृत पाप का भागीदार होगा तथा राजा से किया हुआ पाप का भागीदार पुरोहित होगा । स्त्री से अर्चित पाप का भागीदार पति होगा। शिष्य से किया गया पाप का भागीदार गुरु होगा ।

राजसेवा मनुष्याणामसिधारावलेहनम् ।
पञ्चानन परिष्वङ्गो व्यालीवदन चुम्बनम् ॥६८७॥

अर्थः—लोगो से राजा की सेवा कैसी होगी तलवार की धार चाटने के समान कडी है । जैसे सिह के द्वारा चारो तरफ से घेर लिये गये है ऐसे संकट मे फंसे हुये प्राणियोके जीवनके समान वैसे सर्पके मुंहका चुम्बन करने से मर जाना ही बाकी होगा ।

कालो वा कारणं राज्ञो राजा वा कालकारणम् ।
इति ते संशयो माभूत् राजाकालस्य कारणम् ॥६८८॥

अर्थः—यहॉ पर काल कारण होगा राजा कारण हो अथवा दोनो ही कारण होगे इस प्रकार का सन्देह तेरे मन मे नहीं होना चाहिये क्योकि, प्रामुख्य रीति से राजा ही काल का कारण होगा ।

काके शौचं द्यूतकारे च सत्यं क्लीवे धैर्यं मद्यपे तत्व चिन्ता ।
सर्पे शान्तिःस्त्रीषु कामोपशान्तीराजा मित्रं केन दृष्टं श्रुतंवा ॥६८९

अर्थः—कव्वे में शुचि भूंतपन, जूवा खेलने वालो मे सत्य भाषण, नपुंसको मे धैर्य, शराब पीने वालो में तत्व विचार, सांप मे शान्ति, स्त्रियो मे कामाग्नि की शान्ति तथा राजा मित्र हो जावे । ये सब किसने देखा है अथवा सुना है ।

वृद्धार्को यज्ञ धूमश्च वालस्त्री निर्झरोदकम् ।
आयुष्यवर्धकं नित्यं दिवसे क्षीरान्न भोजनम् ॥६९०॥

अर्थ —वृद्ध सूर्य, यज्ञ का धुंवा, बाल स्त्री (कन्या), झरनी रहित पानी ये सब आयुष्यवर्धक है अत. सदैव दिन मे क्षीरान्न का भोजन करना चाहिये।

माता यदि विषं दद्यात्पिता विक्रीयते सुतम्।
राजा हरति सर्वस्वं शरणं कं व्रजेत्तदा ॥६६१॥

अर्थः— माँ यदि विष देगी, पिता पुत्री को बेच देगा, राजा समस्त धन का हरण करेगा तो ऐसी आपत्तिकाल मे किसको शरण जाना चाहिये ?

अभ्रवृन्दं विशाखान्तं प्रसूत्यन्तं च यौवनम्।
राज्यान्तं नरकं तद्वद्याचनान्तं हि गौरवम् ॥६६२॥

अर्थः—बद्लो का समुदाय विशाखा नक्षत्र के अन्तिम तक रहेगा तथा प्रसूति के आखिर तक यौवनावस्था रहेगी तथा राजा का अन्त नरक तक रहेगा तदनुसार याचना का अन्त गौरव तक रहेगा।

गगनं गगनाकारं सागरः सागरोपमः।
राम रावणयोर्युद्धं राम रावण यो रिव ॥६६३॥

अर्थः—आकाश स्वयमेव आकाशाकार ही होगा, समुद्र समुद्रोपम ही होगा, राम तथा रावण का युद्ध राम रावण के समान ही होगा।

रिक्त पाणिर्न पश्येत राजानं देवतां गुरुम्।
दैवज्ञं पुत्रकं मित्रं फलेन फलमादिशेत् ॥६६४॥

अर्थ.—राजदर्शन, देवता दर्शन, गुरु दर्शन करते समय गृहस्थ एव गृहस्थिनी सूखे हाथ से नहीं जाना कुछ न कुछ सामने द्रव्य रखकर दर्शन करना चाहिये, ऐसा व्यवहार देखा जाता है। ज्योतिष जानकार पुत्र तथा मित्र के सामिप्य मे फल रखकर आदर सत्कार करना चाहिये।

आपद्गतं हससि किं द्रविणान्ध मूढ।
लक्ष्मीः स्थिरा न भवतीति किमत्र चित्रम्।
एतान्प्रपश्यसि घटाञ्जल यन्त्र चक्रे।
रिक्ता भवन्ति भरिता भरिताश्चरिक्ताः॥६६५॥

अर्थः—हे द्रव्य मूढ़ ! आपत्काल मे क्या हँसी करेगा ? लक्ष्मी स्थिर नहीं हो सकती है इसमे आश्चर्य क्या ? इसको देखोगे अरहट यन्त्र एक खाली हो जाता है और एक भरता जाता है इस प्रकार संसार चक्र की दशा अनादिकाल से अखण्ड चल रही है इसका नाम ही क्षण भंगुर है ।

रेवा तीरे तपः कुर्यात् मरणं जाह्नवी तटे ।
दानं दद्यात्कुरुक्षेत्रे तत्सर्वं गौतमी तटे ॥६६६॥

अर्थः—रेवा नदी के किनारे तपश्चर्या करना चाहिये और मरण करना हो तो जाह्नवी नदी के तीर मे करे । दान देना हो तो कुरुक्षेत्र मे देना चाहिये तथा जो शेष बचा हुआ है, उसको गौतम नदी के तट पर देना चाहिये ।

(ल)

हरिणापि हरेणापि ब्रह्मणापि सुरैरपि ।
ललाट लिखितारेखा परिमार्ष्टुं न शक्यते ॥६९७॥

अर्थः—हरि के द्वारा, कृष्ण के द्वारा, ब्रह्म के द्वारा तथा देवो से भी जो प्रालब्ध आदमी का लिखा गया होगा उसको अन्यथा करने के लिये शक्य नहीं होगा ।

लब्धप्रतिष्ठाः प्रथमं यूयं किं बलवत्तरैः ।
अपवादैरिवोत्सर्गाः कृतव्यावृत्तयः परैः ॥६९८॥

अर्थ.—तुम पहले लब्ध प्रतिष्ठित होकर क्या बलवानो से अपवाद जन्य उत्सर्ग करवा कर दूसरो से निवृत्त हो गये ।

लोभ मूलानि पापानि व्याधयो रसमूलकाः ।
स्नेहमूलानि दुःखानि त्रीणित्यक्त्वा सुखी भव ॥६९९

अर्थः—लोभ के मूल पाप है तथा रस के मूल रोग है, स्नेह (प्रेम) के मूल दुःख है इसलिये इन तीनो का त्याग करके हे प्राणी ! तू सुखी हो जावे ।

लोभमूलानि पापानि लाभाल्लोभो विवर्धते ।
त्रिमाप घटितं कार्यं त्रिकोट्यापि न पूर्यते ॥७००॥

अर्थः—लोभ के मूल पाप है और पाप के लाभ से लोभ वढ़ जाता है तीन मास तक स्थगित हुआ कार्य तीन करोड़ वर्षो तक भी पूरा नहीं हो पावेगा ।

लोभाविष्टो नरो वित्तं वीक्षते नैव चापदम् ।
दुग्धं पश्यति मार्जारो यथा न लगुडा हतिम् ॥७०१॥

अर्थः—लोभ के वशीभूत हुआ मनुष्य ऐश्वर्य को देखेगा किन्तु आपत्ति को जरा भी नहीं देखेगा । जिस प्रकार दूध देखने वाली (दूध पीने वाली) बिल्ली ऊपर से आया हुआ डडे की मार नहीं देखेगी उसी प्रकार लोभवश मनुष्य की गति होगी ।

यद्यपि सात्स्वयं ब्रह्मा त्रैलोक्याकर्षण क्षमः ।
तथापि लौकिकाचारं मनसापि न लङ्घयेत् ॥७०२॥

अर्थः—यदि ब्रह्मा स्वयम्भू है और तीन लोक को आकर्षण करने मे समर्थ भी है तथापि लोकाचार को किंचित् भी नहीं छोड़ना चाहिये ।

(व)

कै वर्त कर्कशकर ग्रहण च्युतोऽपि ।
जालान्तरे निपतितः शफरो वराकः ॥
दैवात्ततो विगलितो गिलितो बकेन ।
वक्रे विधौ वद कथं व्यवसाय सिद्धिः ॥७०३॥

अर्थः—यदि बगुले से मछली अपने हस्तदोष से पानी मे चली जाय अथवा जल मे आकर बेचारी फस जाय । मगर दैवयोग से उस बगुले ने उसको निगलने पर भी उसका दैव यदि टेढ़ा होगा तो हे सखे ! कहो कि, उस बगुले का कार्य कैसे सिद्ध होगा ?

कर्मणो हि प्रधानत्वं किं कुर्वन्ति शुभाग्रहाः ।
वसिष्ठदत्तलग्नोपि रामः किं भ्रमते वनम् ॥७०४॥

अर्थ —कर्मो का उदय यदि बलवान् होगा तो उस मनुष्य के शुभ ग्रह कुछ भी नहीं कर सकेंगे इसी प्रकार वशिष्ठ ऋषि ने शुभ मुहूर्त निकालने पर भी राम वन मे क्यो भ्रमण कर रहे है ?

शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः ।
वक्ता दश सहस्रेषु दाता भवति वा नवा ॥७०५॥

अर्थ —सौ मे एक शूर पुरुष पैदा होगा और हजारो मे एक आत्महितैषी पण्डित होगा तथा वक्ता दस हजारो मे प्राप्त होगा किन्तु दाता होगा या नहीं होगा ?

वयसि गते कः कामविकारः शुष्के नीरे कः कासारः ।
क्षीणे वित्ते कः परिवारो ज्ञाते तत्त्वे कः संसारः ॥७०६॥

अर्थः—मनुष्य को बुढ़ापा आने पर कौन सा काम बिकार पैदा होगा ? सूखे हुये नदी तथा नाले के जल मे कौन सी काई होगी ? तथा संपत्ति नष्ट होने पर कौनसा परिवार रहेगा एवं जाने हुये तत्व विवेचन से कौन सा संसार शेष रह सकेगा ?

वचस्तत्रैव वक्तव्यं यत्रोक्तं सफलं भवेत् ।
स्थायी भवति चात्यन्तं रङ्गः शुक्लपटे यथा ॥७०७॥

अर्थः—वचन का प्रयोग वहीं पर करना चाहिये कि कहा गया वचन सफल हो जावे । जैसे सफेद वस्त्र पर दिया हुआ रग अत्यन्त स्थायी हो जाता है । वैसे मौका पाकर बोलना चाहिये कि वचन व्यर्थ नहीं हो सके ।


अन्य क्षेत्रे कृतं पापं पुण्य क्षेत्रे विनश्यति ।
पुण्य क्षेत्रे कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति ॥७०८॥

अर्थः—अन्य स्थान मे किया हुआ पाप पुण्य क्षेत्र मे नाश हो जायगा तथा पुण्य क्षेत्र मे किया हुआ पाप वज्र लेप हो जायगा ।

अपृच्छं पुत्रदारादींस्तैरुक्तोऽहं रघूत्तम ।
पापं तवैव तत्सर्वं वयं तु फल भागिनः ॥७०९॥

अर्थः—मै हे रघु ! अच्छा कहता हूं कि, तू तेरे पुत्र तथा स्त्री, भाई इत्यादिको को मत पूछो क्योकि, तेरे द्वारा ही सब पाप किया गया है और हम उसके फल भोग रहे है ?

चतुर्थोऽध्यायः समाप्तः ।



पञ्चमोऽध्यायः

अन्यैः साकं विरोधेन वयं पञ्चोत्तरं शतम् ।
परस्पर विरोधेन वयं पञ्च च ते शतम् ॥७१०॥

अर्थः—दूसरो के साथ विरोध करना ठीक नहीं है क्योकि हम पांच लोग हैं और वे सौ लोग हैं इसलिये परस्पर विरोध करने से हमारी ही हानि होगी उनकी उन्नति होगी अतएव आपस मे संधि करना चाहिये ।

प्रिय वाक्य प्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति जन्तवः ।
तस्मात्तदेव वक्तव्यं वचने का दरिद्रता ॥७११॥

अर्थः—हित, मित, प्रिय वचन बोलने से सब सन्तोषित हो जाते हैं, इसलिये यही वचन बोलना चाहिये कि, वचन बोलने मे क्या दरिद्रता है ?

हस्तादपि न दातव्यं गृहादपि न दीयते ।
परोपकरणार्थाय वचने का दरिद्रता ॥ ॥७१२॥

अर्थ—हाथ से भी नहीं देना चाहिये तथा घर से भी नहीं दिया जाता है किन्तु परोपकार करने के लिये वचन प्रयोग मे क्या दरिद्रता है ।

न शर न्मेघवत्कार्यं वृथैव घन गर्जितम् ।
परस्यार्थमनर्थं वा प्रकाशयति नो महान् ॥७१३॥

अर्थः—आकाश बिजली व्यर्थ ही गर्जना करती है किन्तु मेघ के समान कार्य नहीं कर पाती, क्योंकि दूसरो का भाव अथवा अभाव को हम प्रकाशित नहीं कर सकते हैं ।

अशक्तस्तु भवेत्साधु ब्रह्मचारी च निर्धनः ।
व्याधितो देवभक्तश्च वृद्धा नारी पतिव्रता ॥१४॥

अर्थः—साधु पापकार्य करने मे असमर्थ हैं और ब्रह्मचारी द्रव्यहीन है । तथा व्याधि से पीड़ित मनुष्य देवभक्त है एव बुड्ढी स्त्री पतिव्रता है ।

आर्ता देवान्नमस्यन्ति तपः कुर्वन्ति रोगिणः ।
निर्धनादान मिच्छन्ति वृद्धा नारी पतिव्रता ॥१५॥

अर्थः—रोग से सन्तप्त लोग देवान्न अर्थात् निर्माल्य का भी भक्षण करते है, दरिद्रीजन दान करने की इच्छा करते है तथा गत वयस्का नारी (स्त्री) पतिव्रता रहती है।

आदौ वेश्या पुनर्दासी पश्चाद्भवति कुट्टिनी।
सर्वोपाय परिक्षीणा वृद्धानारी पतिव्रता ॥७१६॥

अर्थ'—प्रथम वेश्या पश्चात् दासी तदनन्तर कुट्टिनी होगी ये सब उपाय परीक्षणीय होगी अत' बूढ़ी स्त्री पतिव्रता कहलायेगी।

विषं कुपठिता विद्या विषं व्याधिरनौषधः।
विषं व्याधिर्दरिद्रस्य वृद्धस्य तरुणी विषम् ॥७१७॥

अर्थ—मिथ्या गुरु से अध्ययन कर प्राप्त की गई विद्या विष के समान होगी, औषधोपचार नहीं करने से रोग भी विष तुल्य होगा और दरिद्री आदमी को व्याधि विषके समान होगा, बुड्डे आदमी के लिये जवान स्त्री विष के माफिक मारक होगी।

नारीणां नायकं नेत्रं वेश्यानां नायकं धनम्।
विप्राणां नायकं विद्या वृन्ताकं शाकनायकम् ॥७१८

अर्थ.—स्त्रियों का अधिपति नेत्र कटाक्ष होगा, वेश्याओ का नायक धन होगा, ब्राह्मणो की नायिका विद्या होगी, वृक्ष के देटो का नायक शाक होगा।

वृन्ताकं कोमलं पथ्यं कूष्माण्डं कोमलं विषम्।
आर्द्रकं च सदा पथ्यमपथ्यं वदरी फलम् ॥७१६॥

अर्थ—चारित्रवान् को पथ्य करना ही श्रेयस्कर होगा असाध्य रोगी को विष सेवन (समाधि) करना ही योग्य होगा। तथा रोगी को हमेशा पथ्य से रहना ही उत्तम होगा और उसको अपथ्य करने वाला वेर का फल होगा।

करारविन्देन पदारविन्दं मुखारविन्दे विनिवेशयन्तम्।
वटस्य पत्रस्य पुटे शयानं वालं मुकुन्दं मनसास्मरामि ॥७२०॥

अर्थ.—हस्त कमल से पद कमल की शोभा होगी, मुख कमल से उपदेश ग्रहण करने योग्य हृदय कमल की शोभा होगी और वटवृक्ष के पत्र के अग्र भाग पर वालमुकुन्द अर्थात कृष्णकी शोभा होगी। उनको मैं मन से स्मरण करूँगा।

यज्ञोपवीते द्वेधार्ये श्रौते स्मार्ते च कर्मणि ।
तृतीयमुत्तरीयार्थे वस्त्राभावे चतुर्थकम् ॥७२१॥

अर्थः—जनेव दो ग्रहण करना चाहिये अर्थात् श्रवण और याग विषय मे, और तीसरा जनेव उत्तरीय वस्त्र के विषय मे, चौथा वस्त्र के अभाव मे परिधान करना चाहिये ।

शर्मान्तं ब्राह्मणस्योक्तं वर्मान्तं क्षत्रियस्य तु ।
गुप्तान्तं चैव वैश्यस्य दासान्तं शूद्रजन्मनः ॥७२२॥

अर्थः—सौख्यदायक क्रियाकाण्ड ब्राह्मण के लिये कहा गया है, और दूसरों के मर्मभेदक क्रियाकाण्ड क्षत्रिय के लिये सूचित किया है तथा मन, वचन, काय, युक्त, सत्य, सहितक्रियाकाण्ड वैश्य के लिये कहा है और शूद्र के लिये सेवा सुश्रूषा कही गई है ।

वैशेष्यात्प्रकृति श्रेष्ठान्नियमस्य च धारणात् ।
संस्कारस्य विशेषाच्च वर्णानां ब्राह्मणः प्रभुः ॥७२३॥

अर्थ—वैश्य लोगों का स्वभाव श्रेष्ठ होने से नियम, यम वगैरह धारण करते तथा सस्कार विशेष होने से वर्णों मे ब्राह्मण अर्थात् आत्म स्वरूप को जानने वाले श्रेष्ठ है

तिमिरारिस्तमोहन्ति शङ्कातङ्कि त मानसाः ।
वयं काका वयं काका इति जल्पन्ति वायसाः ॥७२४॥

अर्थः—अन्धेरा के राशी को सूर्य नाश करता है तथा शकाओ से आकुलित चित्त मन होता है । हम कव्वे है, हम कव्वे है इस प्रकार कव्वे चिल्लाते रहते है ।

ब्रह्मस्थाने कृतं पापं विष्णु स्थानेषु मुच्यते ।
विष्णुस्थाने कृतं पापं शिवस्थानेषु मुच्यते ॥ ७२५॥

अर्थः—ब्रह्मस्थान मे किया हुआ पाप विष्णु स्थान मे—त्याग किया जाता है विष्णु स्थान मे किया हुआ पाप शिवस्थान मे त्याग किया जाता है ।

शिवस्थाने कृतं पापं गुरुस्थानेषु मुच्यते ।
गुरुस्थाने कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति ॥७२६॥

अर्थः—शिवस्थान मे किया गया पाप गुरु स्थान मे त्याग किया जाता है। और गुरुस्थान मे किया हुआ पाप वज्रलेप हो जाता है।

देशाटनं पण्डित मित्रता च वाराङ्गना राजसभा प्रवेशः।
अनेक शास्त्राणि विलोकितानि चातुर्यमूलानि भवन्तिपञ्च ॥७२७

अर्थ—देश संचार करने से पंडित तथा मित्रो का समागम होता है एवं वेश्या का राज सभा मे प्रवेश होता है। अनेक शास्त्रो का अभ्यास करने से पुरुषो मे एक प्रकार का व्यवहार चातुर्य प्राप्त हो जाता है।

किं वास सैवं न विचारणीयं वासः प्रधानं खलु योग्यतायाः।
पीताम्बरं वीक्ष्य ददौ तनूजां दिगम्बरं वीक्ष्य विषं समुद्रः ॥७२८॥

अर्थ—क्या दिन का विचार नहीं किया जाता है? निश्चय से रात से भी दिन प्रधान कहलाता है। पीले वस्त्र को देखकर अपने से छोटे भाई को देना चाहिये और आकाश को देखकर समुद्र विष समान हो जाता है (मर्यादित) रहता है।

मार्गे मार्गे निर्मलं ब्रह्म वृन्दंवृन्दे वृन्दे तत्त्वचिन्तानुवादः।
वादे वादे जायते तत्त्वबोधो बोधे बोधे भासते चन्द्र चूडः ॥७२९॥

अर्थ—विचार विचारो मे पवित्र ऐसा आत्मानुभव हो रहा है और आत्मानुभव से तत्त्व विवेचन हो रहा है। तथा वाद विवाद मे तत्त्व ज्ञान पैदा होता है और तत्त्व ज्ञान से स्वानुभवरूपी आत्मसूर्य प्रकाशमान होता है।

केयूरा न विभूषयन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्वला।
न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं नालं कृता मूर्धजाः ॥
वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते।
क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम् ॥७३०॥

अर्थः—अलकार पुरुष को शोभायमान नहीं करते है तथा चन्द्रहारादिक भी प्रकाशमान् नहीं कर सकते है। स्नान, लेपन अर्थात सुगधी द्रव्य, पुष्प तथा पुष्पो से अपना मस्तक भूषण भूत नहीं हो सकता है एक वाणी ही ऐसी चीज है कि पुरुष को अलकृत कर सकती है या पुरुष के द्वारा सुसस्कृत वाणी का ही धारण किया गया है। और अलकार निश्चय से विनाश को प्राप्त होते हैं किन्तु निरन्तर पुरुष को सुसस्कृत वाणी का भूषण ही अलकार है नान्यथा।

दुर्जनस्य विशिष्टत्वं परोपद्रव कारणम् ।
व्याघ्रस्य चोपवासेन पारणं पशुमारणम् ॥७३१

अर्थः—दुर्जन का वैशिष्ट्य अर्थात् दुष्टपन दूसरो के लिये हानिकारक है जैसे वाघ के उपवास से होने वाली पारणा पशुमारक कहलाती है ।

कान्तारे घनतिमिरे भुजङ्गमेभ्यो ।
नो भीता न च गणिता महापगापि ॥
किं बाले वहसि भयं मदङ्गसङ्गात् ।
विक्रीते करिणि किमंकुशे विवादः ॥७३२॥

अर्थ—हे बाले ! अन्धकारमय घोर जंगल मे रहते हुये सर्पों से नहीं डरना चाहिये तथा महान् नदियाँ भी बहुत है उनसे भी भयभीत होना उचित नहीं है और मेरे ससर्ग से क्यो डर रही है अर्थात् हाथी को ही बेचा जाने पर उसमे अकुश का क्या प्रयोजन ?

सौमित्रिर्वदति विभीषणाय लङ्कां ।
देहि त्वं भुवनपते विनैव कोशम् ॥
एतस्मिन् रघुपतिराह वाक्यमेतत् ।
विक्रीते करिणी किमंकुशेविवादः ॥७३३॥

अर्थः—लक्ष्मण विभीषण को कहते है कि, लकान्तर्भूत रावण के विषय मे हे विभीषण ! तुम खजिना के अलावा भी इस लका को शोभायमान् राजा है इस प्रकार रामचन्द्र जी ने यह वाक्य कहा है कि हाथी बेचने पर अंकुश का प्रश्न ही क्या है ?

सम्पीतेऽधरमधुनि स्तने गृहीते ।
संजाते गतवसने तथोरुयुग्मे ॥
किं नीवीगतमवले रुणत्सि पाणिं ।
विक्रीते करिणि किमंकुशेविवादः ॥७३४॥

अर्थ—हे स्त्रियो ! अभी तुम्हारे अधरोष्ट का पान कर रहा हूँ । अर्थात् वस्त्र के अभाव मे तुम्हारे छाति पर स्तन (कुच) युगल स्पष्ट रीति से दृग्गोचर हो रहे है अतः

अधः स्थान को प्राप्त होते हुये अबले तुम क्यो हाथो से आच्छादित करती है क्योकि, हाथी बेचे जाने से अकुश का प्रश्न ही नही उठ पाता है ।

न भूतपूर्वं न कदापि वार्ता हेम्नः कुरंगो न कदापि दृष्टः ।
तथापि तृष्णा रघुनन्दनस्य विनाशकाले विपरीत बुद्धिः ॥७३५॥

अर्थ —भूतकाल मे अर्थात् प्राचीन अवस्था मे नहीं तथा कभी भी सुवर्ण का हिरण वार्तालाप नहीं देखा गया है तथापि रामचन्द्र जी को तृष्णा लग गई है कि उस हिरण को वश किया जावे इस भ्रम से अर्थात् व्यामोह से उसके पीछे लग गये क्योकि विनाशकाल मे विपरीत बुद्धि स्वयमेव हो जाती है ।

हरिः करी वृश्चिक वेणु रम्भा विनाशकाले फल मुद्वहन्ति ।
यथा तथा सज्जन दुर्जनानां विनाशकाले विपरीत बुद्धिः ॥७३६॥

अर्थः—सिह, हाथी, बिच्छू, बांस, रम्भा अर्थात् अप्सरा ये सब विनाशकाल मे फल अर्पण करते है क्योकि जिस प्रकार सज्जनो के उसी प्रकार दुर्जनो के विनाश-काल मे बुद्धि भ्रम देखे जाते है ।

विप्रास्मिन्नगरे महान्कथयतां तालद्रुमाणां गणः ।
को दाता रजको ददाति वसनं प्रातर्गृहीत्वा निशि ॥
को दक्षः परदारवित्तहरणे सर्वोपि दक्षो जनः ।
कस्माज्जीवसि हे सखे विष कृमिन्यायेनजीवाम्यहम् ॥७३७॥

अर्थ —हे ब्राह्मण ! इस नगर मे महान काल वृक्षो का समूह है ऐसा कहो अर्थात् कौन दाता धोबी को वस्त्र देता है कि सुबह ग्रहण किया हुआ वस्त्र रात मे दिया जायगा अथवा कौन समर्थ है कि परस्त्री तथा सपत्ति हरण करने मे अर्थात् सभी जन समर्थ हैं । हे सखे ! किसमे जीवोगे ? अर्थात् विषकृमि के न्याय से मै जीता हू ।

विषादप्यमृतं ग्राह्यममेध्यादपि काञ्चनम् ।
नीचादप्युत्तमां विद्यां स्त्रीरत्नं दुष्कुलादपि ॥७३८॥

अर्थः—विष मे भी अमृत ग्रहण करने योग्य है तथा अपवित्र से भी सुवर्ण ग्रहण करना चाहिए । नीच मे भी उत्तम विद्या ग्रहण करना चाहिये तथा दुष्कुल मे भी [illegible] धारण करना चाहिये ।

परोक्षे कार्य हन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम् ।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विष कुम्भं पयोमुखं ॥७३९॥

अर्थः—परोक्ष मे कार्य नाशक, प्रत्यक्ष मे प्रियवादीत्व इस प्रकार के धोकेबाज मित्र का त्याग करना चाहिये अर्थात् परोक्ष मे विष कुम्भ के समान प्राण हरण करने मे कुशल तथा प्रत्यक्ष मे अत्यन्त मीठे भाषण करके दूध के समान मधुर वादी ऐसे कुमित्र का अवश्य त्याग करना आवश्यक है ।

अनर्घमपि माणिक्यं हेमाश्रयमपेक्षते ।
विनाश्रयं न शोभन्ते पण्डिता वनितालताः॥७४०॥

अर्थः—अमोल्य कीमत का माणिक्य रत्न भी सुवर्ण की अपेक्षा करता है अर्थात् आश्रय करता है । और आश्रय के अलावा पडित, स्त्री तथा बेल वगैरह शोभा को नहीं पाते है।

विद्वत्त्वं च नृपत्त्वं च नैव तुल्यं कदाचन ।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते ॥७४१॥

अर्थ.—विद्वत्ता तथा राजत्व की समानता कभी भी नहीं हो सकती है क्योंकि अपने देश में ही राजा का आदर सत्कार होता है किन्तु विद्वान की सर्वत्र अर्थात् स्वदेश तथा परदेश इन दोनो मे कदर होती है अत राजा से भी विद्वान श्रेष्ठ है ।

विद्वानेव विजानाति विद्वज्जन परिश्रमम् ।
नहि वन्ध्या विजानाति गुर्वी प्रसव वेदनाम्॥७४२

अर्थः—विद्वज्जनो का परिश्रम विद्वान ही जान सकता है, क्योकि सद्वा स्त्री की महती प्रसूति वेदना वांझ स्त्री नहीं जान सकती है अर्थात् उस वन्ध्या का विषय नहीं है ।

विभवाः सर्वतः पूज्या न शरीराणि देहिनाम् ।
चाण्डालोऽपि नर श्रेष्ठो यस्यास्ति विपुलं धनम्॥७४३

अर्थ —ऐश्वर्य ही सर्वत्र पूज्य है मनुष्यो को किन्तु शरीर नही है, सम्पत्तिवान् यदि चाण्डाल भी क्यो न हो जिसके पास प्रचुर धन है ऐसा नीच भी धनवान् नर श्रेष्ठ हो सकता है ।

उषः कालश्चगर्गश्चशकुनं च बृहस्पतिः ।
अङ्गिराश्चमनोत्साहो विप्रवाक्यं जनार्दनः ॥७४४॥

अर्थ:—प्रातःकाल मे आया हुआ स्वप्न तथा गर्गऋषी का शकुन वृहस्पति ही जान सकता है क्योकि, मनोल्हासी ऐसे कृष्ण ने ब्राह्मण वाक्य ग्रहण किया। अर्थात् समयोचित वचन भी स्वीकार करने लायक होता है।

नदीनां च नखीनां च शृंगिणां शस्त्र पाणिनाम्।
विश्वासो नैव कर्तव्यः स्त्रीषु राज कुलेषु च ॥७४५॥

अर्थ—नदियो का, शेर, वाघ अर्थात् जिन हिंसक प्राणियो के नख अत्यन्त तीक्ष्ण है और जिन जानवरो के सींग बर्छी के समान है तथा जिनके हाथ मे शस्त्र है ऐसे प्राणियो पर कभी भी विश्वास नहीं रखना चाहिये। और इसी प्रकार स्त्रियो पर तथा राजाओ पर भी कदापि विश्वास न रक्खे।

समुपागतवति नाथे गेहे कृष्णे करोमि किंत्वद्य।
स्मर सखि पाणिनिसूत्रं विप्रतिषेधे परं कार्यम् ॥७४६॥

अर्थ:—हे स्मर सखि! सामने उपस्थित अपने पति के विषय मे तथा घर मे और कृष्ण के सम्बन्ध मे मुझे आज क्या करना चाहिये? अर्थात् पाणिनि सूत्र का निषेध करने से ही उत्कृष्ट कार्य होगा।

सद्भावो नास्ति वेश्यानां स्थिरता नास्ति सम्पदाम्।
विवेको नास्ति मूर्खाणां विनाशो नास्ति कर्मणाम् ॥७४७॥

अर्थ—वेश्याओ का सद्भाव स्वप्न मे भी नहीं रहता है तथा सम्पत्ति की स्थिरता नहीं रहती है और मूर्ख लोगो मे विवेक नहीं रहता है तथा कर्मो का विनाश नहीं होता है।

अनार्येण कृतघ्नेन संगतिर्मे न युज्यते।
विनाशमपि कांक्षन्ति ज्ञातीनां ज्ञातयः सदा ॥७४८॥

अर्थ—म्लेछो के साथ तथा कृतघ्न (वैमान) के साथ मेरी सगत नहीं हो सकती है क्योकि सगाई सम्बन्धी लोग हमेशा अपने सम्बन्धी लोगो का नाश कब होगा ऐसी अभिलाषा करते रहते है।

ब्रह्म हत्यादि पापानां कथञ्चिन्निष्कृतिर्भवेत्।
विश्वासघातकानां तु निष्कृतिर्नास्ति कुत्रचित् ॥७४९॥

अर्थ.—आत्म हत्यादि कृत पापों का कदाचित् अर्थात किसी समय मे विमोचन

(नाश) हो सकता है किन्तु विश्वासघात किये गये पापों का मात्र नाश कभी भी नहीं हो सकता है।

वीणेव श्रोत्र हीनस्य लोलाक्षीव विचक्षुपः ।
व्यसोः कुसुममालेव विद्या स्तब्धस्य निष्फला ॥७५०॥

अर्थः — वहिरा आदमी को वीणा से क्या प्रयोजन ? तथा अन्धे को चक्षुष्मान का क्या प्रयोजन ? अर्थात् निर्गन्ध ऐसे फूलों के माला के समान अनभ्यासी मनुष्य की विद्या क्या काम की निष्फल है।

धनञ्जये हाटक संपरीक्षा महारणे शस्त्रभृतां परीक्षा ।
विपत्ति काले गृहिणी परीक्षा विद्यावतां भागवते परीक्षा ॥७५१

अर्थ — अग्नि से सोने की परीक्षा होती है तथा समरांगण मे (युद्ध में) शस्त्र-धारियों की परीक्षा की जाती है और सकट काल मे पत्नी (स्त्री की) परीक्षा ली जाती है एव भागवत मे विद्वान् की परीक्षा की जाती है।

व्यसनानि सन्ति वहुशो व्यसनद्वयमेवकेवलं व्यसनम् ।
विद्याभ्यसनं व्यसनं ह्यथवा हरिपाद सेवनं व्यसनम् ॥७५२॥

अर्थ — व्यसन तो वहुत है किन्तु उनमे से दो ही श्रेष्ठ हैं अर्थात विद्याभ्यास करने का व्यासग और भगवच्चरण की सेवा करना ये उत्कृष्ट व्यसन हैं।

विवाहो जन्म मरणं यदा यत्र च येन च ।
त्रयःकाल कृताः पाशाः शक्यन्ते न निवर्तितुम् ॥७५३॥

अर्थ — इस ससार मे ये तीन ही वलवत्तर पाश कहलाते हैं अर्थात् विवाह (शादी) कर लेना, तथा जन्म लेना और कालानुसार मरण करना। जिस समय, जहाॅ पर जिसके द्वारा किये जाते है ये तीन प्राणिमात्र के कालकृत पाश (वन्धन) हैं इसलिये इनमे से प्राणी नहीं निकल सकते है।

दृष्टिं देहि पुनर्बाले कमलायतलोचने ।
श्रूयते हि पुरा लोके विपस्य विपमौपधम् ॥७५४॥

अर्थः — हे कमल लोचने वाले ! फिर एक दफे देख लेवे, निश्चय से — प्राचीन काल से ही सुना जाता है कि अर्थात् विपय का विप ही औपध होता है।

वेषं न विश्वसेत्प्राज्ञो वेषो दोषाय जायते।
रावणो भिक्षुरूपेण जहारजनकात्मजाम् ॥७५५॥

अर्थ.—बुद्धिमान् मनुष्य को चाहिये कि, वेष देखकर विश्वास नहीं रखना चाहिये, क्योंकि वेष (बनावट) दोष को प्राप्त होजाता है। रावण भिक्षु के रूप मे आकर जनक राजा की पुत्री अर्थात् सीता देवीजी का हरण कर ले गया है न ?

वैद्यराज नमस्तुभ्यं यमराज सहोदर।
यमस्तु हरते प्राणान्वैद्यःप्राणान्धनानि च ॥७५६॥

अर्थः—वैद्यराज तुमको नमोऽस्तु तथा यमराज मेरा सगा भाई है। यमराज तो प्राण ही हरण करता है किन्तु वैद्यराज प्राण और धन हरण करता है अतः यम से भी वैद्य निष्कृष्ट है।

वैद्यानां शारदी माता पिता च कुसुमाकरः।
यमदंष्ट्रा स्वसाप्रोक्ता हितभुग्मितभुग्रिपुः॥७५७॥

अर्थः— वैद्यो की शारदा माँ है और कुसुमाकर पिता है तथा यमदंष्ट्रा यह श्वसुर है एवं हितभुग्, मितभुग् ये दोनो शत्रु है।

श

स्वहस्त ग्रथिता माला स्वयं घृष्टं च चन्दनम्।
स्वहस्तलिखितं स्तोत्रं शक्रस्यापि श्रियं हरेत् ॥७५८॥

अर्थः—अपने हाथ से रचित पुष्पमाला तथा स्वयमेव घिसा हुआ चन्दन और स्वहाथ से लिखित स्तोत्र ये तीनो इन्द्र के ऐश्वर्य का भी हरण कर लेते है।

नापितस्य गृहे चौरं पाषाणे गन्ध लेपनम्।
आत्मरूपं जले दृष्टं शक्रस्यापि श्रियं हरेत् ॥७५९॥

अर्थ —नाई के घर मे चौरकर्म (हजामत), पत्थर के ऊपर गंध का लेपन करना तथा अपना स्वरूप पानी मे अवलोकित होना ये तीनो भी इन्द्र के ऐश्वर्य आत्म साक्षात्कार कर लेते है।

अजारजः खररजस्तथा संमार्ज नीरजः।
दीपमञ्चकयोश्छाया शक्रस्यापि श्रियं हरेत् ॥७६०॥

अर्थ—बकरी का रज, गधे का रज तथा झाड़ू मे जो कूडा कचरा रूपी रज पैदा

होता है और दीपक एवं मंचा की छाया, ये भी इन्द्र की सम्पत्ति हर लेते है अर्थात् चुरा ले जाते है। ऐसा तात्पर्य समझ लेवे।

दिवा कपित्थच्छाया च रात्रावश्वत्थमेव च।
दीपखट्वानरच्छाया शक्रस्यापि श्रियं हरेत् ॥७६१॥

अर्थ—दिन मे कवट वृक्ष की छाया तथा रात में घोड़े की छाया और जुगुना (खद्योत) कीड़ा विशेष की छाया ये तीनो इन्द्र के वैभव हरा लेती है।

परान्नं परवस्त्रं च परशय्या परस्त्रियः।
परवेश्मनि वासश्च शक्रस्यापिश्रियं हरेत् ॥७६२॥

अर्थः—दूसरो के अन्न पर ताव देते रहना, दूसरो के वस्त्र पर निर्वाह करना, अन्य के विछाई हुई गद्दी पर सो जाना, पर स्त्रियो का समागम करना, दूसरो के घर मे निवास करना, ये भी इन्द्र के विभव को हर लेते है।

शनैः पन्थाः शनैः कन्थाः शनैः पर्वतलङ्घनम्।
शनैर्विद्या शनैर्वित्तं पञ्चैतानि शनैः शनैः ॥७६३॥

अर्थ—धीरे धीरे से मार्ग तय करना तथा धीरे धीरे से मार्ग थकावट को पैदा करना और धीरे धीरे पवत का उल्लघन कर जाना तथा धीरे धीरे से विद्या प्रगट करना और धीरे धीरे से सम्पत्ति प्राप्त कर लेना ये पांचो भी अत्यन्त प्रभावशाली हो जाते है।

अस्थिवद्दधिवच्चैव कुष्ठवत्पिष्टवत्तथा।
राजंस्तव यशो भाति शरच्चन्द्रमरीचिवत् ॥७६४॥

अर्थ—हड्डी के समान, दही के समान, कुष्ठ रोग के समान, पिष्ट पेषण के समान अर्थात् एक दफे पिसा गया आटे को ही वार वार पीसते रहना। हे राजन्! ये सव तेरा यश गाते है। जैसे शरद् ऋतु के चन्द्रमा के किरण के समान ज्ञात करे।

शत्रोरपि गुणा वाच्या दोषा वाच्या गुरोरपि।
सर्वदा सर्व यत्नेन पुत्रे शिष्यवदाचरेत् ॥७६५॥

अर्थः—यदि शत्रु मे भी गुण होवें तो वरावर गुण वर्णन करना चाहिये, तथा गुरु के सामने अपने दोषो की आलोचना करना चाहिये। और हमेशा समस्त प्रयत्न से पुत्र के विषय में शिष्य के समान आचरण रखना चाहिये।

शतं विहाय भोक्तव्यं सहस्रं स्नानमाचरेत् ।
लक्षं विहाय दातव्यं कोटिं त्यक्त्वा हरिं भजेत् ॥७६६॥

अर्थ.—सौ को छोड़कर भोजन करना चाहिए, तथा हजार को छोड़कर स्नान कर पवित्र होना चाहिए। लक्ष का त्यागकर दान देना चाहिये और करोड़ का भी त्याग कर भगवान का भजन, पूजन करना चाहिये।

श्मशानान्ते पुराणान्ते मैथुनान्ते च या मतिः ।
सामतिः सर्वदाचेत्स्यात्कोन मुच्येत बन्धनात् ॥७६७॥

अर्थः—जो बुद्धि श्मशान तक, और शास्त्र श्रवण तक तथा काम सेवन करने तक चलेगी वह बुद्धि यदि सदैव पाप कार्य में रहेगी तो कोई भी मनुष्य संसार से मुक्त नहीं हो सकेगा।

श्वशुरगृहनिवासः स्वर्गतुल्यो नराणाम् ।
यदि भवति विवेकी पञ्चवाषट् दिनानि ।
दधि मधुघृतलोभान्मासमेकं वसेच्चेद्भवति ।
विगत लज्जो मानवो मान हीनः ॥७६८॥

अर्थः—ससुराल के गृह में निवास करना मनुष्यों को साक्षात्स्वर्ग के समान माना जाता है यदि जामाद पॉच अथवा छः दिनो मे विवेकी होगा। दही, मधु, (शहद) घी के लोभ से एक मास तक रहना चाहिये ऐसा कहोगे तो मनुष्य बेशर्मी तथा मानहीन कहलायेगा।

श्रद्धया दीयते यस्माच्छ्राद्धं तेन निगद्यते ।
पितृनुद्दिश्य विप्रेभ्यो दत्तं श्राद्धमुदाहृतम् ॥७६९॥

अर्थः—जिससे श्राद्ध अत्यन्त श्रद्धा से दिया जाता है इसलिए उस विशेषण से कहा गया है। अर्थात् जिनका हृदय उदार है ऐसे लोगो ने पिता के उद्देश से ब्राह्मणों को श्राद्ध दिया है।

प्रातःस्नानं गवां सेवा आरामः पुष्पवाटिका ।
मातापित्रोश्च शुश्रूषा शास्त्राय च सुखाय च ॥ ७७०॥

अर्थः—सुबह का स्नान, जिनवाणी की सेवा, आश्रम का निर्माण, फूलों का

बगीचा लगाना तथा माता-पिता की शुश्रूषा करना इत्यादि बातों से शास्त्रानुसार प्राणियों को सुख हो जायगा।

दुर्मन्त्री राज्यनाशाय ग्रामनाशाय कुञ्जरः ॥
शालको गृहनाशाय सर्वनाशाय मातुलः ॥७७१॥

अर्थ —राज्य का नाश करने के लिए दुष्ट मन्त्री ही कारण है, तथा गाव का नाश करने के लिये दुष्ट हाथी ही कारण है और घर का नाश करने के लिए साला ही कारण है। तथा सर्वस्व का नाश करने के लिये मामा कारण है।

शालको गृहनाशाय वित्तनाशाय कुञ्जरः।
महिषी तोयनाशाय सर्वनाशाय मूषकः ॥७७२॥

अर्थः—साला घर नाश के लिये कारण है, हाथी द्रव्य का नाश करने के लिये कारण है तथा भैंसा पानी का नाशार्थ करण है और सब का नाश करने के लिये चूहे कारण है।

अग्रत श्चतुरो वेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः।
इदं ब्राह्ममिदं क्षात्रं शापादपि शरादपि ॥७७३॥

अर्थः—अग्रगण्य चार प्रकार के वेद है जैसे सामवेद, ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद। तत्पश्चात वाण सहित धनुष है यह ब्रह्म विद्या है यह क्षात्र विद्या है अर्थात् ये दोनों शाप से तथा वाण से कहे जाते हैं।

क्रोध एव महान् शत्रुस्तृष्णावैतरणी नदी।
सन्तोपो नन्दनवनं शान्तिरेवहि कामधुक् ॥७७४॥

अर्थः—क्रोध ही मनुष्य का महा शत्रु कहलाता है और तृष्णा वैतरणी नदी कहलाती है तथा सन्तोष नन्दन (आनन्द) वन है और शान्ति ही कामधेनु है।

दिल्लीश्वरो वा जगदीश्वरो वा मनोरथान् पूरयितुं समर्थः।
अन्येन केनापि नृपेण दत्तं शाकायवास्याल्लवणायवास्यात् ॥७५॥

अर्थः—यदि दिल्ली का राजा होवे मगर भारत का राजा होवे वे दोनों ही अपने अपने मनोरथ पूर्ण करने मे समर्थ हैं। अन्य कोई भी राजा ने शाखा करने के लिये लवण समुद्र राज्य अर्पण किया है।

निराशीर्यत चित्तात्मा त्यक्त सर्व परिग्रहः।
शारीरं केवलं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम् ॥७७६॥

अर्थः—निराशमय होकर आत्मा समस्त परिग्रह का त्याग करता है और शरीर से ही केवल काम करने वाला तपस्वी पापार्जन नहीं कर सकता है।

गुरुरात्मवतां शास्ता राजा शास्ता दुरात्मनाम्।
अथप्रच्छन्नपापानां शास्ता वैवस्वतोयमः ॥७७७॥

अर्थः—गुरु अपनी आत्मा पर शासन करता है तथा राजा दुर्जनों पर शासन चलाता है इसके पश्चात् पाप को छिपाने वाले पापियो पर यम राजा शासन चलाता है।

यः स्वभावो हि यस्यास्ते सनित्यं दुरतिक्रमः।
श्वा यदि क्रियते राजा स किं नाश्नात्युपानहम् ॥७७८॥

अर्थः—जिस जीव का जैसा स्वभाव होगा उसका वैसा ही हमेशा पापाचार चलेगा क्योंकि, यदि कुत्ते को राजा बना दिया जाय तो वह कुत्ता जूते खाये बिना रह सकता है क्या? अवश्य खायगा।

न कालनियमोऽथवा ऋणधनादि संरोधनम्।
न भूति परिशुद्धि रप्यय न चात्र दिग्बन्धनम् ॥७७९॥

अर्थः—कोई भी काल नियम नहीं है कि कर्जा धनादिक वगैरह को रोकने वाला अर्थात् यहाँ पर दिशा बन्धन नहीं है कि प्राणिमात्र की शुद्धि हो जावें।

न चाङ्ग करमातृकान्यसन वायुसंशोधनम्।
शिवाय गुरवे नमः परममन्त्रसम्राडयम् ॥७८०।

अर्थः—यहाँ पर वायु के संशोधन करने वाले कोई प्राणी के हितकारक, अन्य मातृकान्यास नहीं है। क्योंकि मोक्ष देने वाले केवल गुरु को ही नमोस्तु है। यही एक उत्कृष्ट सम्राट तुल्य मन्त्र ही सर्व कार्य सिद्ध करने में समर्थ होगा।

शिवाय विष्णुरूपाय शिवरूपाय विष्णवे।
शिवस्य हृदयं विष्णुर्विष्णोश्च हृदयं शिवः॥७८१॥

अर्थः—शिव तो विष्णु के रूप में है और विष्णु शिव के रूप मे है अर्थात् शिव का दिल माने विष्णु का ही है तथा विष्णु का दिल माने शिव का ही है इन दोनो मे भेद नहीं है।

सद्भिस्तु लीलया प्रोक्तं शिलालिखितमक्षरम् ।
असद्भिः शपथेनापि जले लिखितमक्षरम् ॥७८२॥

अर्थ—सज्जन लोगो ने तो लीला से कहा है कि शिला पर लिखित अक्षरों को तथा दुर्जन लोगो ने कहा है कि सोगन्ध से (शपथ से) पानी मे लिखे हुये अक्षरो को अर्थात् इस श्लोक मे सज्जन, दुर्जन की परीक्षा की है।

राज्ञश्चामात्यजा दोषाः पत्नी दोषास्तु भर्तरि ।
तथा शिष्यार्जितं पापं गुरुः प्राप्नोति निश्चितम् ॥७८३॥

अर्थ—राजा के द्वारा किया गया दोष का भागी मन्त्री है और स्त्री के द्वारा किया गया दोष का भागी पति है। तथा शिष्य के द्वारा किया गया पाप का भागी गुरु है अर्थात् शिष्य के अपराध से गुरु दंडित हुये ।

छिक्कापतनजृम्भासु जीवोत्तिष्ठांगुलिध्वनिम् ।
कुर्वञ्श्रेयो ह्यवाप्नोति अकृते ब्रह्महा भवेत् ॥७८४॥

अर्थः—अर्थात् छिक्कानामक पट्टन मे जीव कितने सख्या मे रहते हैं क्योकि, ऊँगली से नापने माफिक उनमे से कार्य करने वाले ऐश्वर्य प्राप्त कर लेते है और नहीं करने वाले अपनी आत्म-विराधना करते है।

आपदर्थं धनं रक्षेत् श्रीमतामापदः कुतः ।
साचेदपगता लक्ष्मीः सञ्चितार्थोऽपि नश्यति ॥७८५॥

अर्थ—आपत्काल मे धन की रक्षा जरूरी है अर्थात् श्रीमान् लोगो को आपत्काल कहाँ है। यदि रोज लक्ष्मी का व्यय हो जायगा तो एक दफे बहुत काल से संचितार्थ का भी नाश हो जायगा।

शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ।
अथवा योगिनामेव कुलेभवति धीमताम् ॥७८६॥

अर्थ—पवित्र ऐसे श्रीमन्तो के घर में प्रायः मनुष्य अपने योग से अर्थात् मन,

वचन, काय के पयोग से भ्रष्ट हो जाते है। अथवा योगियों के कुल मे ही बुद्धिमानो का सद्भाव (सम्भव) पाया जाता है।

शुभं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयाद्भद्रमित्येव वा वदेत् ।
शुष्कवैरं विवादं च न कुर्यात्केनचित्सह ॥७८७॥

अर्थः—अच्छा ही बोलना चाहिये अथवा प्रिय वचन बोलना या भद्रवाचा बोलना न्याय संगत होगा। किन्तु कोई प्राणि के साथ फालतूकवैर तथा वाद विवाद नहीं करना चाहिये कोई लाभ नही होगा।

शुभं ब्रूयाच्छुभं ध्यायेच्छुभमिच्छेच्चशाश्वतम् ।
जंतूनामुपकाराय कुर्याद्देहादि चालनम् ॥७८८॥

अर्थ – हमेशा शुभ बोलना चाहिये तथा शुभ आत्म ध्यान करना और सदैव शुभेच्छा करना चाहिये। प्राणियो पर उपकार करने के लिये अपने शरीरादिको का सदुपयोग करना चाहिये।

सन्ध्यामुपासते विप्रा नित्यमेव द्विजोत्तमाः ।
शुचिर्वाप्य शुचिर्वापि सन्ध्या काले विधीयते ॥७८९॥

अर्थ —सदैव द्विजोत्तम ब्राह्मण सन्ध्या की आराधना करते है। शुचिभूतावस्था में अथवा अशुचिभूतावस्था मे कालानुसार करते है।

सर्वेषां ब्राह्मणानां तु त्रिषु कालेष्वयं विधिः ।
शुचिर्वाप्यशु चिर्वापि सन्ध्या काले विधीयते ॥७९०॥

अर्थ —सब ब्राह्मणों का त्रिकाल में करने का यह विधि कहलाता है, यदि वे शुचिभूत होवे या अशुचिभूत होवे किन्तु समयोचित सन्ध्या उनसे की जाती है।

श्रुति स्मृती उभे नेत्रे द्विजस्य परिकीर्तिते ।
एकेन हीनः काणः स्याद्द्वाभ्यामन्धःप्रजायते ॥७९१

अर्थ —अर्थात श्रवण करना, याद करना इस प्रकार दो नेत्र ब्राह्मणों के प्रसिद्ध है यदि इनमें से एक से रहित होने से वे दोनों से ही अन्धे होंगे।

प्रीतिर्मे क्रियते सास्मिन्सकृदुच्चरिते श्रुते ।
श्रुतं हरति पापानि तथारोग्यं प्रयच्छति ॥७६२॥

अर्थः– निर्दोष ऐसे शास्त्र के विषय मे मेरे द्वारा प्रीति की जाती है कि, जिससे शास्त्रश्रवण मात्र से पाप का नाश हो जाता है और मनुष्य को आरोग्य प्रदान करता है।

श्रुतं हरति पापानि तथारोग्यं प्रयच्छति ।
रक्षां करोति भूतेभ्यो जन्मनां कीर्तनं मम ॥७६३॥

अर्थः—शास्त्र श्रवण पाप का विनाश करता है तथा आरोग्य भी अर्पण करता है एव प्राणियो का सरक्षण करता है यही मेरा जन्म जन्मान्तर का कीर्तन (वर्णन) है।

सुवर्ण पुष्पितां पृथ्वीं विचिन्वन्तित्रयोजनाः ।
शूरश्च कृतविद्यश्च यश्च जानातिसेवितुम् ॥७६४॥

अर्थ —सोने के पुष्पो से आच्छादित भूमि का संशोधन ये ही तीनो जन करते है क्योकि शूरवीर, विद्वान् तथा जिसका सेवन करना जानते है ऐसे लोग।

(ष)

षट्कर्णो भिद्यते मन्त्रश्चतुःकर्णः स्थिरोभवेत् ।
द्विकर्णस्य च मन्त्रस्य ब्रह्माप्यन्तं न गच्छति ॥७६५॥

अर्थ —छह कर्णों से मन्त्र भेदित होता है तथा चार कर्णों से मन्त्र स्थिर रहता है और दो कर्णों का मन्त्र ब्रह्मा के पास तक भी नहीं जाता है।

(स)

सम्मुखो ह्यर्थ लाभाय दक्षिणेसुख सम्पदाम् ।
पृष्ठे तु मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः ॥७६६॥

अर्थ—चन्द्रमा अपने सामने (सम्मुख) आने से अर्थ लाभ होता है, तथा दक्षिण भाग मे आने से ऐश्वर्य सुख प्राप्त होता है। पीछे जाने से मरण होता है अर्थात् पीठ पर होने से अशुभ सूचक है, और बायां तरफ आने से धन का नाश होता है।

सर्वः सर्वं न जानाति सर्वज्ञो नास्ति कश्चन ।
नैकत्र परिनिष्ठास्ति ज्ञानस्य पुरुषे क्वचित् ॥ ७६७ ॥

अर्थः—सब लोग सभी नहीं जान सकते है अर्थात् कोई भी सर्वज्ञ नहीं है किसी भी पुरुष मे सर्वज्ञ के समान ज्ञान की पूर्ति नही होती है ।

स्वदत्तां परदत्तां वा यो हरेच्च वसुन्धराम् ।
षष्टि वर्ष सहस्राणि विष्ठायां जायते कृमिः ॥७६८॥

अर्थः—स्वप्रदत्ति न हो या अपर अर्पित हो इन दोनो अवस्थाओ में जो पृथ्वी का हरण करता है वह प्राणी साठ (६०) हजार वर्षों के बाद विष्ठा मे कृमि (कीड़ा विशेष) हो जाता है ।

सत्यं जन विरोधाय असत्यं जन रञ्जनम् ।
सुरा विक्रीयते स्थाने दधि क्षीरं गृहे गृहे ॥७६६॥

अर्थः—सत्य भाषण से लोगो को विरोध होता है और असत्य भाषण से लोगो का मन रञ्जायमान हो जाता है । शराब तो उसी स्थान मे बिकती है तथा दही और दूध घर घर में बिकती है ।

समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः ।
शीतोष्ण सुख दुःखेषु समः सङ्गविवर्जितः ॥८००॥

अर्थ —शत्रु मे तथा मित्र में एवं मान, अपमान मे जिनका समभाव रहेगा तथा सर्दी में गरमी में, सुख, दु ख मे समताभाव रहेगा तो वही महात्मा समस्त परिग्रह का त्याग कर सकेगा ।

सर्वे ब्रह्मवदिष्यन्ति सम्प्राप्ते तु कलौयुगे ।
नैव तिष्ठन्ति मैत्रेय शिश्नोदर परायणाः ॥८०१॥

अर्थः—सब ही ब्रह्म बोलते है, कलिकाल मे एव युग में प्राप्त होने से इसलिये शिश्नोदरपरायणता की मित्रता सम्भवनीय नहीं है ।

सकृज्जल्पन्ति राजानः सकृज्जल्पन्ति पण्डिताः ।
सकृत्प्रदीयते कन्या त्रीण्येतानि सकृत्सकृत् ॥ ८०२ ॥

अर्थ—राजा लोग एक दफे बोल उठते है तथा पंडितजन भी एक ही समय कहते है और कुलवान् कन्या भी एक ही काल मे दी जाती है। ये तीन विषय ऐसे है कि एक एक ही वेला मे अर्पण किये जाते है।

सर्व काल कृतंमन्ये भवतां च यदप्रियम्।
सपालो यद्वशे लोको वायोरिव घनावलिः ॥८०३॥

अर्थ—ये सब विचार मै कालकृत ही मानता हूँ और आपको जो अप्रिय है। अर्थात् वायु के समान धनवान, घनोदधि और तनुवातमय यह लोकाकाश (मृत्युलोक) जिसके वशीभूत होगा उसका पालन किया जायगा।

सर्व खल्विदं ब्रह्म सर्वमात्मेति भावयेत्।
अहमन्यदिदं चान्यदित्येषा खण्ड खण्ड धीः ॥८०४

अर्थ—इस जगत मे सब यह ब्रह्ममय ही दीखता है क्योंकि समस्त यह आत्मा ही है ऐसी भावना करना चाहिये। मै अन्य (दूसरे का) हूँ यह भी अन्य का ही है इस प्रकार की जो बुद्धि की प्रणाली होती है वह खण्ड-खण्ड रूप से ज्ञात होती है।

सत्यानृतं तु वाणिज्यं श्ववृत्तिर्नीचसेवनम्।
वर्जयेत सदा विप्रो राज्यन्यश्च जुगुप्सितम् ॥८०५॥

अर्थः—असत्य भाषा से ही दुनियां मे व्यापार चलता है तथा निज ऐश्वर्य से नीचो की सेवा की जाती है। हे ब्राह्मण! घृणास्पदमय राज्य कार्य हो या प्रजाकार्य हो तो भी हमेशा इन दोनो का दूर से ही वर्ज करना चाहिये।

सत्यानृते तु वाणिज्यं तेनापदि च जीवनम्।
सेवाश्ववृत्तिर्विख्याता ब्राह्मणानां विगर्हिता ॥८०६॥

अर्थः— असत्य व्यवहार करने से मनुष्य का जीवन आपद्ग्रस्त हो जाता है। अर्थात् निन्दा रहित ब्राह्मणों की प्रख्यात श्ववृत्तिजन्य सेवा कही जाती है।

नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते।
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात् ॥८०७

अर्थ—यहाँ पर क्रम भूत कार्य का सम्भव है क्योंकि इसका प्रतिवादी (अक्रम) युगपत् कार्य-क्रम का असम्भव है। अर्थात् हमारे द्वारा महद्भय से ही किंचित् धर्म का पालन किया जाता है।

शुचि भूमिगतं तोयं शुचिर्नारी पतिव्रता।
शुचिः क्षेमकरो राजा सन्तोषी ब्राह्मणः शुचिः॥८०८

अर्थः—पवित्र भूमि से पैदा हुआ पानी तथा शुचिभूत स्त्री पतिव्रता कहलायेगी। न्यायवान् राजा हमेशा पवित्र है सन्तोषी ब्राह्मण भी शुचिभूत रहेगा।

सर्वं परवशे दुःखं सर्वमात्मवशेसुखम्।
इति मत्वा तु राजेन्द्र स्वयंदासास्तपस्विनः॥८०९

अर्थः—पराधीनता ही सब तरह से दुःख है और स्वातन्त्र्यता से अर्थात् आत्मानुभूति से सुख है। इस प्रकार मानने से राजेन्द्र! तपस्वीयो का आप स्वयमेव दास है।

कार्तिक्यां कृत्तिकायोगे यः कुर्यात्स्वामिदर्शनम्।
सप्तजन्म भवेद्विप्रो धनाढ्यो वेद पारगः॥८१०

अर्थः—कार्तिक मास के कृति का योग नक्षत्र मे जो मनुष्य स्वामी का दर्शन करेगा वह सात जन्मतक ब्राह्मण रहकर सम्पत्तिमान् तथा वेद पारंगत होगा।

श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयःपरधर्मो भयावहः॥८११॥

अर्थः—निर्गुणी भी हो तो भी अपना धर्म ही श्रेयस्कर होगा तथा परधर्म से स्वधर्म ग्रहण करने योग्य होगा अर्थात स्वधर्म मे मरण भी हो जाय तो भी ठीक किन्तु परधर्म प्राणिया को भयग्रस्त होगा।

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥८१२

अर्थः—तुम सब धर्मो का त्याग करके मुझे ही शरणागत हो जाय! मै सब पापो से मोक्ष की इच्छा करता हूँ और तू मात्र पवित्र नहीं है।

जलेविष्णुःस्थलेविष्णु र्विष्णुः पर्वतमस्तके।
ज्वालामालाकुलेविष्णुःसर्वविष्णुमयंजगत्॥८१३

अर्थः—पानी मे विष्णु, पृथ्वी पर विष्णु, पहाड के अग्रभाग पर भी विष्णु, अग्नि में विष्णु तथा सब यह विष्णुमय दुनिया है। अर्थात् सरक्षणमय है।

अविद्याजीवनं शून्यं दिक्शून्याचेदबान्धवा ।
पुत्रहीनं गृहंशून्यं सर्वशून्या दरिद्रता ॥८१४॥

अर्थ —अज्ञानमय जीवन शून्य है तथा बन्धू हीन भाइयो का अभाव भी दिशा शून्य है । और पुत्र रहित घर शून्य है तथा सब शून्य दरिद्रता है ।

कष्टावृत्तिःपराधीना कष्टोवासो निराश्रयः ।
निर्धनो व्यवसायश्च सर्वकष्टा दरिद्रता ॥ ८१५

अर्थ —पराधीनता अत्यन्त कष्टदायक है निराश्रित आधार रहित जीवन भी वहुत दुःखमय है । और द्रव्यहीन मनुष्य का व्यापार अनर्थकारक है एव सब से खेदजनक कष्ट दरिद्रता कहलाती है ।

अरण्यं सारङ्गैर्गिरिकुहरगर्भाश्च हरिभिर्दिशो ।
दिङ्मातंगैः सलिलमुषितं पङ्कजवनैः ।
प्रियाचक्षुर्मध्यस्तनवदनसौन्दर्यविजितैः ।
सतांमानेम्लानेमरणमथवादूरगमनम् ॥ ८१६

अर्थ.—सज्जनो से मानी गई बाते है कि, सुखी मनुष्य का निवास स्थान यदि अरण्य मे हो या जहाँ पर अनेक हिसक पशुओ का भी संचार हो रहा है ऐसे भीषणमय पर्वतो के कदरो मे हो अथवा माता के गर्भ मे, सिहो से दिशा व्याप्त की है ऐसे सिह युक्त स्थान मे या दिशारूपी हाथियो द्वारा जंगल के तलावो का जल शुचिभूत किया गया है ऐसे स्थान मे हो अथवा प्रिया (स्त्री) के नेत्र कटाक्ष के मध्य भाग अर्थात् स्तन वदन हमने मुख के सौन्दर्य से जीत लिया है चन्द्रमा सौन्दर्य को ऐसे स्थान मे हो, मूँ की छटा यदि म्लान हो जायगी तो मरण करना या देश छोड़कर दूर चले जाना ही श्रेयस्कर होगा।

प्रियान्याय्या वृत्तिर्मलिनमसुभङ्गे ऽप्यसुकरम् ।
त्वसन्तोनाभ्यर्थ्याःसुहृदपि न याच्यःकृशधनः ॥
विपद्युच्चैः स्थेयं पदमनुविधेयं च महताम् ।
सतां केनोद्दिष्टं विषममसि धाराव्रतमिदम् ॥८१७

अर्थ —प्रिया (स्त्री) की वृत्ति न्यायसंगत है यदि किंचित् उसकी मलीन वृत्ति से (आचरण से) प्राणी का वध होगा तो जीव हिंसा का दोष आ जायगा इसलिये दुर्जन

से भी हिंसा नहीं होना चाहिये। तथा मित्र से भी कृशधन की याचना नही की जाती है और विपत्तिकाल मे भी श्रेष्ठतम महान् ऐसे शास्वतीय पद का अगीकार करना चाहिये। सन्तो का यह अत्यन्त कठिनतम असिधाराव्रत अर्थात् तलवार के धार के ऊपर चलने के माफिक किनके द्वारा कहा गया है ?

अप्राप्तयौवना नारी न कामाय न शान्तये।
संप्राप्ते षोडशेवर्षे गर्दभी चाप्सरायते॥ ८१८

अर्थः—छोटी उमर की स्त्री से समागम करने से काम की शान्ति नहीं हो सकती और सोलह वर्ष की उमर की स्त्री जवान होने से गधी के समान एवं देवांगना के समान कहलाती है।

अकीर्तिञ्चापि भूतानि कथयिष्यन्ति तेऽव्ययाम्।
सम्भावितस्य चाकीर्ति मरणादतिरिच्यते॥ ८१९

अर्थः—अपकीर्ति प्राणियो के लिये निरन्तर कहलाती है तथा मनुष्य को अपकीर्ति से रहना यह मरण से भी अनिष्ट है। इस प्रकार की नीति मानी गई है।

स राघवेन्द्रो हृतराजदारः स वानरेन्द्रो हृतराजदारः।
एवं तयोरध्वनि दैवयोगात् समानशीलव्यसनेषु सख्यम्॥८२०॥

अर्थः—अर्थात् वह रामचन्द्र कैसा है ? अपनी वशीभूत की है प्रजा जिन्होने ऐसा तथा वह हनुमान रामाज्ञानुसार लकान्तर्भूत प्रजा को आत्मसात किया है जिन्होने ऐसा इन दोनो का दैवयोग से मार्ग मे परस्पर समानशील अर्थात् आचरण एक होने से मित्रत्व होगया।

मृगामृगैःसङ्गमनुव्रजन्ति गावश्च गोभिस्तुरगास्तुरंगैः।
मूर्खाश्च मूर्खैः सुधियः सुधीभिः समानशीलव्यसनेषु सख्यम्॥८२१

अर्थ—परस्पर मे हरिण हरिणीयो से समागम (काम सेवन) करते है, बैल गायो से, घोडे घोडियो से। मूर्ख मूर्खो मे, बुद्धिमान् बुद्धिमानो से मित्रत्व हो जाता है अर्थात् समान शीलता से सख्य उपस्थित होता है।

सर्वौषधीनाममृतं प्रधानं सर्वेषु सौख्येष्वशनं प्रधानम्।
सर्वेन्द्रियाणां नयनं प्रधानं सर्वेषुगात्रेषु शिरः प्रधानम्॥८२२॥

अर्थ—सर्वौषधीयो से अमृत प्रधान है। तथा समस्त सौख्यो मे भोजन प्रधान

है और सर्व इन्द्रियो से नेत्र प्रधान है तथा समग्र अवयबो से मस्तक प्रधान है।

यथा विहङ्गास्तरुमाश्रयन्ति नद्यो यथा सागरमाश्रयन्ति।
यथा तरुण्यः श्रियमाश्रयन्ति सर्वेगुणाः काञ्चनमा श्रयन्ति ॥८२३

अर्थ—जैसे पक्षी वृक्षो के आश्रय करते है तथा नदियाँ समुद्र के आश्रय करती है। और जवान स्त्रियाँ सम्पत्ति के आश्रय करती है वैसे समस्त गुण सुवर्ण के आश्रय करते हैं।

यस्यास्ति वित्तं सनरः कुलीनः स पण्डितः सश्रुतवान् गुणज्ञः।
स एव वक्ता सच दर्शनीयः सर्वेगुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति ॥८२४॥

अर्थ—जिसके पास द्रव्य है वही मनुष्य कुलवान् कहलाता है वही पडित शास्त्रज्ञ तथा गुणवान् है। वही वक्ता, वही अवलोकनीय और सब गुण ऐश्वर्य के आधीन रहते है।

शय्या वस्त्रं चन्दनं चारु हास्यं वीणा वाणी दृश्यते या च नारी।
न भ्राजन्ते क्षुत्पिपासातुराणां सर्वारम्भास्तन्दुल प्रस्थमूलाः॥ ८२५

अर्थ—बिछाई, वस्त्र, गन्ध, सुन्दरता, हास्यरस, वीणावाद्य, बानी इत्यादि चौसठ कलाए जिस स्त्री मे देखी जाती है उस स्त्री मे भूख, प्यास, आतुरता, समस्तारम्भ अर्थात् चावलों के एक महान् ढेर को प्रस्थ रूप से कहावत प्रचलित है ऐसे असाता-वेदनीय जन्य पापारम्भ नही प्रगट होते है। वस्तुतः साता का उदय सदैव नहीं होने पर भी ऐसी निराकुलावस्था मे पचेन्द्रिय सुख सम्भवनीय है।

सद्वंशजातं गुणकोटि नम्रं धनुः कथं पार्थिववाम हस्ते।
शरः परप्राण विहारदक्षः सपक्ष पातोप्य धमो गरीयान्॥८२६॥

अर्थ—सज्जाति वश कुलोत्पन्न सकल गुण सम्पन्न ऐसे वीर अर्जुन के बांया हाथ मे धनुष्यबाण कैसे सम्भवनीय होगा? अर्थात् बाण दूसरो के प्राण हरण करने में समर्थ होगा, अपने वशज का गुण गाता हुआ भी महान् अधम होगा अर्थात् निर्दय से प्राण हड़प करेगा। दूसरा अर्थ—अथवा सत्प्रयास से प्राप्त किया गया तथा योग्य डोरी का प्रयोग करने पर अत्यन्त नम्रीभूत हुआ धनुष्य तद्भव मोक्षगामी अर्जुन का कैसे अपमान करेगा? अर्थात् सूर्यास्त होने के प्रथम ही जयद्रथ (सिन्धु राजा) का गर्दन उड़ा दिया क्योकि, अभिमन्यु के शत्रु का नाश कर डाला।

वनानि दहते वह्नि र्वनमूलानि रक्षति ।
ब्राह्मण क्षोभितो वह्निः समूलं च विनश्यति ॥८२७॥

अर्थ.—अग्नि जंगलो को जलाती हुई भी सार भाग जंगल के मूल भाग का सरक्षण करेगी किन्तु ब्राह्मण से पैदा हुई क्रोधाग्निमात्र समूल को भी जला देगी।

अन्यायोपार्जितं द्रव्यं दशवर्षाणि तिष्ठति ।
प्राप्ते चैकादशे वर्षे समूलं च विनश्यति ॥८२८॥

अर्थ —अन्याय से कमाया हुआ धन दस वर्ष तक रहता है पश्चात् ग्यारहवे वर्ष मे समूल नष्ट हो जाता है ।

पिपीलिकार्जितं धान्यं मक्षिकासञ्चितं मधु ।
लुब्धेन सञ्चितं द्रव्यं समूलं च विनश्यति ॥८२६

अर्थ.—चींटियो से कमाया हुआ धान्य (अनाज) तथा मक्खियो से परिप्राप्त मधु (शहद) और लोभी मनुष्य से अर्जित द्रव्य का समूल नाश होजाता है ।

पुत्र इत्येव पितरि कन्यकेत्येव मातरि ।
इत्येवं वदतः पुंसः सर्वत्रविजयो भवेत् ॥ ८३०

अर्थः—यह मेरा पुत्र है ऐसे पिता के विषय मे तथा यह मेरी पुत्री है माता के सम्बन्ध मे ऐसा कहता हुआ पुरुष सर्वत्र विजयशाली होगा ।

अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति ।
नायं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः ॥८३१

अर्थः—अज्ञानी तथा अविश्वासी सन्देहभूत मनुष्य का नियम से विनाश होता है । तथा यह लोक नहीं है अथवा दूसरा नहीं है और सुख नहीं है ऐसा कहने वाला सशयात्मा नाश पाता है ।

येन केन प्रकारेण यस्य कस्यापि देहिनः ।
सन्तोषं जनयेत्प्राज्ञस्तदेवेश्वर पूजनम् ॥८३२॥

अर्थ.—जैसे कैसे भी हो तथा जो कोई भी बुद्धिमान मनुष्य यदि सन्तोष कमा-

येगा तो वही सर्वश्रेष्ठ सम्पत्तिमान् पूज्य माना जायगा ऐसा न्याय प्राप्त व्यवहार रहेगा।

यती च ब्रह्मचारी च सदाबद्धश्च घोटकः ।
अन्तःपुरमरण्यं च सदा मैथुन चिन्तकाः ॥८३३

अर्थ — यतीराज होवें अथवा ब्रह्मचारी होवे इन दोनो को समयप्रबद्ध कर्मबन्ध ही होगा। पापी के अन्त.करण घोर जगल के समान समझना चाहिये कि, निरन्तर ये कामी लोग कामसेवन का ही चिन्तवन करते है।

तक्षकस्य विषंदन्ते मक्षिकायाश्च मस्तके ।
वृश्चिकस्य विषं पुच्छे सर्वाङ्गे दुर्जनस्यतत् ॥८३४

अर्थ —सांप का विष दांत मे रहता है तथा मक्खियो का विष मस्तक मे रहता है तथा बिछुओ का विष पूछ मे रहता है और दुर्जनो का सर्वांग मे रहता है।

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानिचात्मनि ।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्रसमदर्शनः ॥ ८३५

अर्थः—सर्व प्राणियो मे स्थित आत्मा को तथा समस्त मनुष्यो के आत्माओ मे विराजमान सर्वज्ञत्व के अस्तित्व को समताभाव दर्शीयोग सहित आत्मा अवलोकन कर पाता है।

चतुरः सखि मे भर्ता यल्लिखति च तत्परो न वाचयति ।
तस्मादप्यधिको मे स्वयमपि लिखितं स्वयं न वाचयति॥८३६

अर्थः—हे सखि! मेरा पति बहुत चातुर्यवान् है जो लिखते है उसको कोई भी नहीं जानते हैं उससे भी अधिक मेरे द्वारा स्वयमेव लिखा गया अर्थ को मै नहीं जान सकती हूँ आश्चर्य?

तीर्थे विवाहे यात्रायां संग्रामे देश विप्लवे ।
नगर ग्रामदाहे च स्पष्टास्पष्टिर्न दुष्यति ॥८३७

अर्थः—तीर्थ मे (धर्म मे), शादी मे, यात्रा मे, युद्ध मे, देशशून्य में, नगर तथा गांव के दहन क्रिया मे अर्थात् आग लगने के समय मे स्पर्श या अस्पर्श का दोष नहीं आ सकता है।

सद्यः प्रज्ञाहरा तुण्डी सद्यः प्रज्ञाकरी वचा ।
सद्यः शक्तिहरानारी सद्यः शुक्रकरं पयः ॥८३८

अर्थः—तत्काल ही बुद्धिहरण करने वाली शराब है तथा तुरन्त बुद्धि पैदा करने वाली हित, मित, प्रियवाचा है और फौरन शक्ति का ह्रास करने वाली स्त्री है, इसी प्रकार शीघ्र ही वीर्य प्राप्त करने वाला दूध है ।

सम दुःखसुखःस्वस्थःसमलोष्टाश्मकाञ्चनः ।
तुल्य प्रियाप्रियोधीरस्तुल्यनिन्दात्मसंस्तुतिः ॥८३९

अर्थः—दुःख मे तथा सुख मे समताभाव रखना, सुवर्ण मे रत्न में मिट्टी के ढेर मे पत्थर मे समताभाव रखना, और इष्ट वस्तु तथा अनिष्ट वस्तु में माध्यस्थभाव रखना, एवं धीर मनुष्य को निन्दा और स्तुति मे औदासिन्यभाव अवश्य रखना चाहिये ।

दीपाग्नि दीपतैलं च सकेशां विधवां तथा ।
प्रेताग्नि च तथा स्पृष्ट्वासचैलं स्नानमाचरेत् ॥८४०

अर्थः—दीप से पैदा हुई अग्नि, दीप तथा तेल से प्राप्त अग्नि, सधवा स्त्री, विधवा स्त्री तथा श्मशान मे प्राप्त मुर्दे की अग्नि को स्पर्श करने मात्र पर मस्तक से स्नान करना चाहिये ।

सर्वत्र जयमन्विच्छेत्पुत्रादिच्छेत्पराजयम् ।
वासुदेवं नमस्यन्ति वसुदेवं न ते जनाः ॥८४१

अर्थः—सब जगह जय प्राप्त करने की अभिलाषा तथा पुत्र से पराजय की इच्छा अर्थात् अपने बेटे से दूसरो पर जय होना चाहिए । वे लोग वासुदेव को नमस्कार करते है किन्तु उनके पुत्र कृष्ण को नहीं करते हैं ।

सर्वदास्वहितमाचरणीयं किं करिष्यतिजनो बहु जल्पः ।
सर्वलोकपरितोषकारको नास्तितत्रखलुकश्चिदुपायः॥८४२

अर्थः—हमेशा आत्म कल्याण का ही सदाचार रखना चाहिये अर्थात् फालतू बक-बक करने वाली जनता क्या कर सकेगी । क्योंकि सब लोग सन्तोष देने वाले नहीं होंगे वहां निश्चय से कौनसा उपाय करना होगा ।

मासां स्पर्शय पुष्पवत्यहमहो पुष्पेण किं पातकम् ।
पुष्पिण्यासहसंगमेनपुरुषस्याधायुपं क्षीयते ।
अस्पृष्ट्वासकलायुषं क्षयतिचेत्तस्यार्धं नाशोवरः ।
सर्वस्यापिविनाशकाल समये अर्धं त्यजेत्पण्डितः ॥८४३

अर्थः—मुझे स्पर्श मत कीजिए मैं रजस्वला हुई हू । अत हे नाथ ! रजस्वला से क्या पातक होगा । रजस्वला स्त्री के साथ काम सेवन करने से पुरुष का आधा आयुष्य नष्ट हो जायगा । यदि स्पर्श नहीं करने से समग्र आयु का क्षय हो जायगा ऐसा कहोगे तो उसका आधा भाग नाश हो जाना श्रेयस्कर होगा। किन्तु पण्डित मात्र आधा आयुष्य का त्याग करेगा । समय मरण के हिसाब से होगा ।

सर्वनाशे समुत्पन्ने ह्यर्धं त्यजति पण्डितः ।
अर्धेन कुरुते कार्यं सर्वनाशो न जायते ॥८४४॥

अर्थः—पडित सब आयुष्य का विनाश पैदा होने पर निश्चय से आयुष्य का त्याग करेगा । तथा आधा आयुष्य से काम करते रहेगा सब का नाश नही होगा ।

सहते शरशतपातानाजानेयः कशां न वासहते ।
सहतेविपत्सहस्रं मानी नैवापमानलेशमपि ॥८४५॥

अर्थ.—सैकडो बाणो के घाव सहन करते है किन्तु अपशब्दों के घाव मात्र किंचित् भी नहीं सहन करते है तथा हजारो भी विपत्तियाँ सहन करेगे लेकिन अभिमानी मनुष्य लवलेश मात्र भी अपमान सहन नहीं करेगे ।

सहपरिजनेन विलसति धीरोगहनानि तरतिपुनरेकः ।
विषमेकेननिपीतं त्रिपुरजितासहसुरैरमृतम् ॥८४६॥

अर्थ —धीर लोग परिवार जनो के साथ लीला करते है और तरने मे मुश्किल ऐसा भवसागर भी पार करते हैं। जन्म, जरा, मरण इन त्रिपुर को जीतने वाले धीर वीर मनुष्य देवों के साथ अमृत पीकर अमर हो जाते है ।

यो न यानं न पर्यङ्कं न पीठं न गजं रथम् ।
आरोहेत्संमतोऽस्मीति स राजवसतिं वसेत् ॥८४७॥

अर्थ —जो मनुष्य वाहन पर बैठेगा नहीं तथा पर्यंकासन पर भी स्थिर नहीं होगा और पीठ पर विराजमान नहीं होगा अथवा हाथी पर, रथ पर भी नहीं होगा। तो मेरी सम्मति है आप विराजमान हो जावे इस प्रकार कहने वाला मनुष्य राज दरवार में रहेगा।

अथ यत्रैवमासीनं प्रभुं दुष्ट चारिणः।
न तत्रोप विशेद्यो वै स राजवसतिं वसेत् ॥८४८॥

अर्थः—जो दुराचारी जहाँ पर प्रभु विराजमान होगा वहाँ पर नहीं वैठेगा ऐसा मनुष्य राजमहलों में रहेगा।

नास्यानिष्टानिसेवेत नाहितैः सहसंवसेत।
स्वस्थानान्न विकम्पेत स राजवसतिं वसेत् ॥७४६॥

अर्थः—यह मनुष्य अनिष्टों का सेवन नहीं करेगा, और अकल्याणकारी लोगों के साथ निवास नहीं करेगा तथा अपने स्थान से चलायमान नहीं होगा ऐसा मनुष्य राजस्थान में रह सकेगा।

लाभेन हर्षयेद्यस्तु न व्यथेद्योऽवमानितः।
असंमूढश्च यो नित्यं स राजवसतिं वसेत् ॥७५०॥

अर्थ.—जो मनुष्य लाभ से हर्षायमान नहीं होगा तथा अपमान होने से दुःखित नहीं होगा ऐसा जो सज्जन मनुष्य हमेशा राजनिवास में रहेगा।

अम्लानो वलवाञ्शूरश्छायेवानुगतः सदा।
सत्यवादी मृदुर्दान्तः स राजवसतिं वसेत् ॥८५१॥

अर्थः—तेजवान्, वलवान, शूर मनुष्य हमेशा छाया के अनुसरण करने वाला अर्थात् निर्भय ऐसा सत्यवादी कोमल-परिणामी कोमल-दान्तवान तथा इन्द्रियों का दमन करने में चतुर पुरष राजवसति में रहेगा।

अन्यस्मिन्प्रेष्यमाणे तु पुरस्ताद्यः समुत्पतेत्।
अहं किं करवाणीति स राजवसतिं वसेत् ॥७५२॥

अर्थः—जो रत्न दूसरो के द्वारा भेजा गया होगा या अपने सामने ही आकर गिर गया होगा ऐसी हालत में मैं उसको लेकर क्या करूँगा ऐसा प्रतिपादन करने वाला मनुष्य राजवसतिका में रहेगा।

आन्तरे चैव बाह्ये च राज्ञा यश्चैव सर्वदा।
आदिष्टो नैव कम्पेत स राजवसतिं वसेत् ॥८५३॥

अर्थ—अन्तर तथा बाह्यावस्था मे जो राजा सदैव निर्मल-परिणामी रहेगा उस राजा का आदेश अस्थिरमान नहीं होगा। ऐसा पराक्रमी राजा राज दरबार मे रहेगा।

यो वै गृहेभ्यःप्रवसन् प्रियाणां नानुसंस्मरेत्।
दुःखेन सुखमन्विच्छेत् स राजवसतिं वसेत् ॥८५४॥

अर्थः—जो मनुष्य घर में रहता हुआ भी स्त्री का सस्मरण तक नहीं करेगा तथा दुःख को भी सुख समझेगा ऐसा योगी समान मनुष्य राज मकान मे रहेगा।

समयाचारिको धर्मोजातिदेशकुलोद्भवः।
आमाचारः परिग्राह्यस्तत्र तत्रयथोदितः ॥८५५॥

अर्थ—जाति, देश तथा कुल से पैदा हुआ धर्म जो सदाचाररूपी कुलाचार से जैसे-जैसे बढेगा वैसे-वैसे ग्रहण करना योग्य होगा।

यदभावि न तद्भावि भावि चेन्न तदन्यथा।
इति निश्चित्य सततं सर्वंत्यक्त्वा हरिं भजेत् ॥८५६

अर्थः—जिसका अभाव होगा भविष्य मे उसका सद्भाव नहीं होगा यदि होगा ऐसा कहोगे तो अन्यथा (उल्टा) नहीं हो सकेगा इस प्रकार निश्चय करके सब का त्याग कर सदैव भगवान् का भजन करना होगा।

सर्वं परवशेदुःखं सर्वमात्मवसे सुखम्।
एतद्विद्यात्समासेन लक्षणं सुख दुःखयोः ॥८५७॥

अर्थ—पराधीनता से दुःख होगा स्वाधीनता से सुख होगा। सद्विद्या से और असद्विद्या से सुख दुःख होगे।

चेतो हरायुवतयः सुहृदोऽनुकूलाः।
सद्बान्धवाः प्रणति नम्रगिरश्च भृत्याः॥
वल्गन्ति दन्तिनिवहास्तरलास्तुरङ्गाः।
संमीलने नयनयो र्नहि किञ्चिदस्ति ॥७५८॥

अर्थः—पति के मनहरण करने वाली जवान स्त्रियाँ होंगी, [illegible] अर्थात् वशीभूत रहेंगे और सज्जन आदि लोग अत्यन्त नम्रीभूत होकर रहेंगे [illegible] भी विनयशील होकर वचन का व्यवहार करेंगे तथा [illegible] का समुदाय [illegible] होगा और चपलायमान घोड़े [illegible] रहेंगे। अर्थात् दोनों नेत्रों [illegible] होने से (मिट जाने से) उस स्थान पर कुछ भी नहीं मालूम होगा।

अश्वारूढं यतिं दृष्ट्वा खट्वा रूढां रजस्वलाम्।
सवेश्यां विधवां दृष्ट्वा सचैलं स्नानमाचरेत् ॥७५८॥

अर्थ.—घोड़े पर बैठे हुए यति को देखकर तथा खाट पर बैठी हुई [illegible] को अवलोकित कर और वेश्या सहित विधवा को आलोकित कर [illegible] स्नान करना चाहिये।

नौकायां शत्रु संबाधे कोटमध्ये महान्धके।
स्पर्शास्पर्शे न दोषोऽस्ति न तथा यत्र मण्डपे ॥८६०

अर्थ—नाव में शत्रुओं की बाधा होने में तथा [illegible] के बीच में [illegible] होने से और स्पर्श तथा अस्पर्श होने पर आगमरूप से दोष नहीं [illegible]।

कुण्डे काष्ठे रथेमञ्चे नौकायां पशुवृक्षयोः।
तृणौघजनसंघाते स्पर्श दोषो न विद्यते ॥८६१॥

[illegible]—कूप से, लकड़ी के ढेरों से, रथ से [illegible] से, नाव से [illegible] वृक्ष से और [illegible] से एवं बहुत लोगों के समुदाय से स्पर्श दोष नहीं [illegible]।

न स्वामी भृत्यतःस्वाम्यमिच्छन् यो[illegible]ति [illegible]।
स वै स्वामी स वै भृत्यो गुण लुब्धो न [illegible] ॥८६२

[illegible]

[illegible]

सभाजिता [illegible] जिता।
[illegible] ॥८६३॥

[illegible]

[illegible]

यत्र तत्र हरेरर्चा सदेशः श्रेयसां पदम् ।
स वै पुण्य तमो देशः सत्पात्रं यत्र लभ्यते ॥८६४॥

अर्थः—जहाँ-जहाँ भगवान् की पूजा स्तुति की जाती है वही देश सातिशय पुण्यवान् कहलाता है । वही पुण्यतम सुदेश है कि जहाँ सुपात्र दान मिल जाता है ।

प्राज्ञो वा यदि वा मूर्खः सधनो निर्धनोपि वा ।
सर्वे कालवशं यान्ति शुभाशुभ समन्विताः ॥८६५

अर्थ—बुद्धिमान् हो यदि मूर्ख हो, धनवान् हो अथवा दरिद्री हो, ये सब जन पूर्वोपार्जित पुण्य पाप के अनुसार यमराजा के ग्रास बन जाते हैं ।

सङ्गः सर्वात्मना त्याज्यः स चेत्यक्तुं न शक्यते ।
स सद्भिः सह कर्तव्यः सन्तः सर्वस्य भेषजम् ॥८६६

अर्थ—संपूर्ण रीति से सग का त्याग करना चाहिये । सज्जनो के साथ करना सब के लिये औषध माना गया है ।

क्षुधितस्तृषितः कामी विद्यार्थी बहुपोषकः ।
भाण्डारी रक्षकश्चैव सप्त सुप्तान्प्रबोधयेत् ॥८६७॥

अर्थ—भूख से त्रसित, प्यास से पीड़ित, काम से सन्तप्त छात्र ही ब्रह्मचर्य का सरक्षक होगा इसलिये उस ब्रह्मचर्य रक्षक को भांडारी सात सुवर्णो के पुतलियाँ अर्पण करेगा ।

सहवासी विजानाति सहवासि विचेष्टितम् ।
बकं किं वर्ण्यसे राम येनाहं निष्कुलीकृतः ॥८६८॥

अर्थः—हे राम ! अपने पडौसी ही जानता है तथा वही विचार कर सकता है कि, बगुले का क्यो वर्णन किया जिससे मै कुल शून्य होगया हूँ । इस प्रकार राम को सम्बोधन कर हँस पक्षी कह रहा है ।

चिता चिन्तासमाह्युक्ता बिन्दुमात्रं विशेषतः ।
सजीवं दहते चिन्ता निर्जीवं दहते चिता ॥८६९॥

अर्थ—चिता अर्थात् मुर्दा, चिन्ता ये दोनों समान ही है ऐसा कहा गया है । क्योंकि, एक बिन्दुमात्र की विशेषता है, सजीव (देहधारी) को चिन्ता जला देती है और मुर्दे को आग जला देती है ।

अन्धकः कुब्जकश्चैव राजकन्या च त्रिस्तनी ।
सानुकूले जगन्नाथे विपरीतः सुयुग्भवेत् ॥८७०॥

अर्थ—अन्धी हो, कुबड़ी हो तो भी राजपुत्री तीन स्तन वाली है, वह राजपुत्र को देने लायक थी किन्तु दुर्दैव के वजह से राजपुत्रव्यतिरिक्त सुयोग्य वर को दी गई ।

असारे खलु संसारे सारं श्वशुर मन्दिरम् ।
क्षीराब्धौ च हरिः शेतेशिवः शेते हिमालये ॥ ८७१

अर्थः—निःसार ऐसे ससार मे श्वसराल ही सारभूत माना जाता है । क्षीर समुद्र मे कृष्ण सोता है तथा हिमालय पर्वत पर महादेव सोता है ।

साम दाने दण्ड भेदावित्युपाय चतुष्टयम् ।
हस्त्यश्वरथ पादातं सेनाङ्गं स्याच्चतुष्टयम् ॥८७२॥

अर्थ —साम, दाम, दण्ड तथा भेद इस प्रकार के चार अमोघ उपाय है । तथा हाथी, घोडे, रथ, पैदल सेना इस प्रकार की यह चतुरंग सेना है ।

रोगस्योपक्रमे सान्त्वं मध्ये किञ्चिद्धनव्ययः ।
शनैरनादरः शान्तौ स्नातो वैद्यं न पश्यति ॥८७३॥

अर्थः—कोई भी रोग शुरू होने पर सन्तोष से रहने की आवश्यकता है, किन्तु बीच मे रोग उपशमनार्थ के लिए थोड़ा द्रव्य का भी खर्चा हो जाता है । यदि धीरे से काल मर्यादा से अनादर भी होगा तो रोगी को शान्ति से रहना चाहिये । और शुचिभूत पवित्र पुरुष वैद्य के पास जाता ही नहीं ।

दुग्धं पयस्तदपि च क्वथितं तदेव माधुर्यमप्यपहृतं मथितं च वेगात् ।
दग्धः पुनर्घृत कृते नवनीतपिण्डः स्नेहस्तु कारणमनर्थ परंपरायाः ॥

अर्थः—दूध और पानी का मिलाप करने से उसमे माधुर्य पैदा होकर भी तुरन्त स्वाद नष्ट हो जायगा पश्चात् शीघ्र ही उन दोनो का मंथन करने से अर्थात् दूध व पानी को तपाकर जामुन लगाने से परिवर्तन हो कर दही जम जायेगा उसको विलोड़ने से मक्खन घी वन जायगा । इस प्रकार अनर्थ परम्परा के लिये स्नेह ही कारण होगा ।

अनृतं मत्स्यगन्धं च दिवास्वापं च मैथुनम् ।
पुनाति वृषलस्यान्नं सायं सन्ध्या बहिर्जले ॥८७५॥

अर्थः—स्त्रियाँ ही पुरुष के मरण कारण है और स्त्रियाँ ही पुरुष के व्यसन कारण होती हैं। तथा स्त्रियाँ ही पुरुष के नरक के लिये कारण है और स्त्रियाँ ही पुरुष को झगडे मे गिराने के लिये मुख्य कारण है।

आत्मबुद्धिः सुखायैव गुरुबुद्धि र्विशेषतः।
परबुद्धिर्विनाशाय स्त्रीबुद्धिः प्रलयान्तिका ॥८८६॥

अर्थः—आत्म बुद्धि से सुख होता है तथा गुरु के बुद्धि से विशेषता पैदा होती है। और परबुद्धि विनाश के लिये कारण है तथा स्त्री बुद्धि से प्रलय मौजूद है।

सर्वस्य द्वे सुमति कुमती सम्पदापत्ति हेतू।
एको गोत्रे प्रभवति पुमान् यः कुटुम्बंबिभर्ति॥
वृद्धो यूना सह परिचयात्यज्यते कामिनीभिः।
स्त्रीपुंवच्च प्रभवति यदातद्धि गेहं विनष्टम्॥ ८८७॥

अर्थ.—सब लोगो की दो प्रकार की बुद्धि होती है एक सुमति, दूसरी कुमती। उसके लिये कारण यह है कि, सम्पत्ति तथा आपत्ति तथा एक ही गोत्र मे पैदा होती है पुरुष सारे कुटुम्ब परिवार का पालन-पोषण करता है। और बुडा आदमी जवान के साथ अपना परिचय नहीं रखता है क्योंकि, उसने जवान युवतीयों का भी त्याग किया है। जब स्त्री पुरुष के समान होती है तब स्त्री-पुरुष इन दोना का घर ही नष्ट होजाता है।

सुखस्यानन्तरं दुःखं दुःखस्यानन्तरं सुखम्।
न नित्यं लभते दुःखं न नित्यं लभते सुखम् ॥८८८॥

अर्थः—ससार की परिपाटी ऐसी है कि, सुख के पश्चात् दु:ख होता है और दु:ख के अनन्तर सुख पैदा होता है। और हमेशा दु:ख नहीं पैदा होता है तथा सदैव मनुष्य को सुख भी नहीं प्राप्त होता है। सुख तो साता के उदय से है और दु:ख असाता के उदय से मिलता है।

सुखस्यानन्तरं दुःखं दुःखस्यानन्तरं सुखम्।
द्वयमेतद्धि जन्तूनामलङ्घ्यं दिन रात्रिवत्॥८८९॥

अर्थ—सुख के बाद दुःख तथा दु:ख के नन्तर सुख ये दोनो मात्र ससारी प्राणियों को हमेशा नहीं छोडते है। जैसे दिन रात के समान दिन के बाद रात और रात के नन्तर दिन आता है।

सुख स्यानन्तरं दुःखं दुःखस्यानन्तरं सुखम् ।
सुख दुःखावृते लोके नेहास्त्येकमनन्तरम् ॥८६०॥

अर्थ—सुख के पश्चात दुःख और दुःख के बाद सुख, इस प्रकार सुख तथा दुःख के गड्ढे में फंसे हुए लोगो मे एक को छोड़कर अन्य नहीं रहता है।

सुखमध्ये स्थितं दुःखं दुःखमध्ये स्थितं सुखम् ।
द्वयमन्योन्य संयुक्तं प्रोच्यतेजल पङ्कवत् ॥८६१ ॥

अर्थः—सुख मे दुःख है और दुःख मे सुख है ये दोनो परस्पर मे सम्मिलित है अतः पानी कीचड़ के समान कहे जाते है।

सुख दुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि ॥८६२॥

अर्थ—सुख दुःख मे, लाभ अलाभ मे, जय अपजय में समान भाव रखकर तुम युद्ध की तैयारी करो। तुमको पाप का दोष नहीं लगेगा।

सुखार्थीत्र त्यजेद्विद्यां विद्यार्थी च त्यजेत्सुखम् ।
सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम् ॥८६३॥

अर्थ.—सुखी मनुष्य को विद्या छोडना चाहिये तथा विद्यार्थी को सुख छोड़ना चाहिये। सुखार्थी को विद्या कहाँ से आयगी, और विद्यार्थी को सुख कैसा मिलेगा ?

शर्वरी दीपक श्चन्द्रः प्रभाते दीपको रविः ।
त्रैलोक्ये दीपको धर्मः सुपुत्रः कुल दीपकः ॥८६४॥

अर्थ—रात मे दीपक ही चन्द्र कहलाता है तथा प्रातःकाल में दीपक सूर्य और तीन लोक के दीपक धर्म है। तथा सुपुत्र कुलदीपक है।

सुखस्य दुःखस्य न कोऽपिदाता परोददातीति कुबुद्धि रेषा ।
अहंकरोमीति वृथाभिमानः स्वकर्म सूत्रग्रथितोहि लोकः ॥८६५॥

अर्थः—इस क्षण भंगुर संसार मे सुख का तथा दुःख का कोई भी दाता नहीं है। किन्तु दूसरे देते हैं ऐसा कहना ही मिथ्यामति है। मै करता हूं ऐसा भी मिथ्याभिमान नहीं करना चाहिये। क्योकि, यह ससार स्वकर्माजित सूत्र से निर्माण हुआ है।

सिद्धमन्नं फलं पक्वं नारी प्रथम यौवनम् ।
सुभाषितं च ताम्बूलं सद्यो गृह्णाति बुद्धिमान् ॥ ८९६

अर्थ—प्राप्त किया हुआ अन्न, पका हुआ फल तथा स्त्री का प्रथम यौवन अर्थात् जब तक गर्भवती नहीं होगी तब तक स्त्री जवान रहेगी। बुद्धिमान् मनुष्य सारगर्भित भाषा तथा तांबूल तुरन्त ग्रहण करेगा।

उपाध्यायश्च वैद्यश्च ऋतुकाले वराङ्गना ।
सूतिका दूतिका चैव कार्यान्ते तृणवत्स्मृताः ॥८९७॥

अर्थः—वेश्या उपाध्याय को तथा वैद्य को प्रसूतिकाल में ही मानेगी और सूतिका एवं दूतिका को अपना कार्य होने तक मानेगी पश्चात् तुच्छ तृण के माफिक जानेगी।

मौनान्मूकः प्रवचन पटुर्वाच कोजल्पको वा ।
धृष्टः पार्श्वे प्रभवति तदा दूरतश्चाप्रगल्भः ॥८९८॥

अर्थः—मौन से मनुष्य मूक के समान होगा तथा प्रवचन के पटुत्व से बहुभाषी होगा और पास में धैर्यवान् होगा, दूर से वल्गना करता रहेगा।

क्षान्त्या भीरुर्यदि न सहते प्रायशोनाभिजातः ।
सेवा धर्मः परम गहनो योगिनामप्यगम्यः ॥८९९॥

अर्थ—प्रायः पुरुष यदि डरपोक होगा तो शान्ति से सहन नहीं करेगा और सेवा धर्म महान होने से योगियों को भी पैदा होना बहुत मुश्किल होगा।

विज्ञैः स्निग्धैरूपकृतमपि द्वेष्यतामेति कश्चित् ।
साक्षादन्यैरपकृतमपि प्रीतिमेवोपयाति ॥
चित्रं चित्रं किमथ चरितंनैकभावाश्रयाणाम् ।
सेवाधर्मः परम गहनो योगिनामप्यगम्यः ॥९००॥

अर्थ—विद्वान लोगों के द्वारा अत्यन्त प्रेम से किये गये उपकार भी दुर्जन अपनी दुष्टता से भूल जाते है। और सज्जन दूसरों के द्वारा किये हुये अपकारों को भी अच्छे मनस्तर प्रेमभाव से ग्रहण करते है। अतः सेवाधर्म परमोत्कृष्ट होने से योगियों को भी अगम्य है।

कासे श्वासे तथा शोषे मन्दाग्नौ विषमज्वरे ।
प्रमेहे मूत्रकृच्छ्रे च सेवयेन्मधुपिप्पलीम् ॥६०१॥

अर्थः—खांसी मे, दमा मे, कृशता मे, मन्दाग्नि मे, विषम ज्वर मे, बुखार में, मेहन के, मूत्र कृषण मे, वनस्पति दवाई का ही प्रयोग करना चाहिये ।

क्षान्त्याभीरूः कोपयुक्तो मूर्खः सेवक उच्यते ।
रूपवांश्च भवेज्जारः सेवा धर्मोऽति दुर्गमः ॥६०२

अर्थः—सौम्यता से युक्त मित्रता, क्रोधयुक्त मूर्ख सेवक कहा जाता है । रूपवान व्यभिचारी कहा गया और सेवाधर्म अत्यन्त असाध्य हो जाता है ।

रामचन्द्र समादिष्ट नल संचय संचितम् ।
सेतुं दृष्ट्वा समुद्रस्य ब्रह्महत्यां व्यपोहति ॥६०३॥

अर्थ.—रामचन्द्र की आज्ञा पाकर सेवको ने पानी का संचय किया तथा समुद्र का सेतु (पुल) देखकर आत्म हत्या का पाप दूर किया ।

अंगारपूर्वे गमने च लाभः सोमेशनौ दक्षिणमर्थ लाभम् ।
बुधे गुरौ पश्चिम कार्य सिद्धी रवौ भृगौ चोत्तरमर्थ लाभः ॥६०४

अर्थ —अगार नामक नक्षत्र विशेष से गमन (प्रयाण) करने से लाभ होगा तथा चन्द्रमा, शनि ये दोनो गृह दांया हाथ तरफ होने से द्रव्य लाभ होगा । बुध, गुरु ये दोनो पश्चिम भाग मे होने से कार्य की सिद्धि होगी । सूर्य, भृग ये दोनों उत्तर दिशा मे होने पर धन लाभ होगा ।

(ह)

हस्तचित्रा गता मेघाः प्रसूता गत यौवना ।
देशान्तर गता श्चारायाचका गत गौरवाः ॥६०५॥

अर्थ.—हस्ता नक्षत्र तथा चित्रा नक्षत्र जाने से मेघ चला जायगा और स्त्री प्रसृति करेगी तो उसका यौवन नष्ट होगा याचक देशान्तर से चले जाने से उसका आदर सत्कार समाप्त हो जायगा ।

हसता लभ्यते नारी रुदता लभ्यते धनम् ।
पठता लभ्यते विद्या त्यजता लभ्यते यशः ॥६०६॥

अर्थ.—हास्य मुख से रहने से स्त्री प्राप्त होगी, रोते रहने से द्रव्य लाभ होगा, पढते रहने से विद्या प्राप्त होगी, त्याग करने से यश कमाया जायगा।

करण भगण दोषं वार संक्रान्ति दोषम्।
कुतिथि कुलिक दोषं यामयामार्धदोषम्॥
कुज शनि रवि दोषं राहु केत्वादि दोषम्।
हरति सकल दोषं चन्द्रमाः संमुखस्थः ॥६०७॥

अर्थः—इन्द्रिय तथा भगेन्द्र दोष तथा शनिवार तथा सक्रान्ति दोष, मिथ्यातिथि कुलिक नाम के दोष, प्रहर प्रहरार्ध से दोष खराब नीति प्राप्त शनि, आदित्य से दोष तथा राहु केत्वादिकों से दोष, चन्द्रमा सामने आजाने से समस्त दोष विध्वस हो जाते है।

हसद्भिः क्रियते कर्म रुदद्भिः परिपच्यते।
अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ॥६०८॥

अर्थः—हँसने वाले लोगो के द्वारा कर्म प्राप्त किया जाता है तथा रोने वालों के द्वारा कर्म भोगा जाता है। शुभ कर्म तथा अशुभ कर्म के फल प्राणियो से भोगे जाते हैं।

द्राक्षादीनि फलानीक्षून् पयोमूलं घृतं दधि।
ताम्बूलमौषधं पत्रं हविर्भुक्त्वापि नाचमेत् ॥६०८॥

अर्थ —अनार, अगुर, दाड़िम, गन्ना वगैरह फल है, दूध से घी तथा दही पैदा होते है। तथा ताम्बूल सेवन औषध होगा। पत्तो को अग्नि जलाकर नचा देगी।

व्यसनानि सन्ति वहुशो व्यसन द्वयमेव केवलं व्यसनम्।
विद्याभ्यसनं व्यसनं ह्यथवा प्रभुपादसेवनं व्यसनम् ॥६१०॥

अर्थ —व्यसन तो बहुत है उनमे से दो ही व्यसन कहलाते है एक विद्याभ्यास और भगवान् की चरण सेवा।

यस्मिन् काले च यद्देशे यन्मुहूर्ते च यद्दिने।
हानिमृ त्युर्यशो लाभस्तत्तत्काले भविष्यति ॥६११॥

अर्थः—जिस काल मे, जिस देश में, जिस मुहूर्त में, जिस दिन मे, हानि, मृत्यु, यश, लाभ वगैरह उस-उस काल मे सम्भवनीय होंगे।

मूर्खस्य चाष्टचिह्नानि शीका टीका च मालिका ।
प्रतिष्ठा लम्बधोत्राणि हाजी होजी च योग्यता ।।६१२

अर्थः—मूर्ख के ये आठ दोष शास्त्र प्रसिद्ध है—शिकायत, निन्दा, मालिकता, स्वप्रशंसा, दीर्घ धोका, हाँ मे हाँ, ठीक है जी तथा अपनी योग्यता की स्तुति करना इत्यादि मुर्खत्वपन के अष्ट दोष प्रचलित है ।

हितं न वाच्यं अहितं न वाच्यं हिताहितं नैवतु वाचनीयम् ।
भेरण्डको नाम ऋषिर्महात्मा हितोपदेशेन बलिं प्रविष्टः ।।६१३।।

अर्थः—हित नहीं बोलना, अहित नहीं बोलना तथा हिताहित भी नहीं बोलना चाहिये । अर्थात् भेरण्डक नामक ऋषि ने हितोपदेश से बलि मे प्रवेश किया ।


आपद्गतं किं हससि द्रविडान्ध मूढः ।
लक्ष्मी स्थिरा न भवति अत्र किं विचित्रम् ।।
एतत्पश्यसि घटयन्त्र चक्रम् ।
रिक्ता भवन्ति भरिता भरिताश्चरिक्ताः ।।६१४।।

अर्थ—सकटग्रस्त, द्रव्यहीन, अन्धा, मूर्ख तू क्यो हँसता है, लक्ष्मी स्थिर नहीं रहती यहाँ क्या आश्चर्य है । यह देखलेवे अरहट यन्त्र को एक भरता है एक खाली होता है इसी प्रकार लक्ष्मी सदैव एक आदमी के पास स्थिर नहीं रहेगी ।

।। समाप्तोऽय समयोचित सुभाषितम् ।।

तीसरे अध्याय में सूचना

नोट—पूर्वार्द्ध के १३५ श्लोक मे—ऊन के दो अर्थ होते है एक केश से पैदा हुआ करडा और दूसरा अर्थ रजाई का गरम शुद्ध कपड़ा होता है ।



सार समुच्चयः

देव देवं जिनं नत्वा भवोद्भव विनाशनम् ।
वक्ष्येऽहं देशनां कांचिन्मति हीनोऽपि भक्तितः ॥१॥

अर्थः—पंचपरावर्तनमय चतुर्गति रूप संसारनाशक ऐसे देवाधिदेव अर्हन्त तीर्थकर सर्वज्ञदेव को द्रव्यभावरूप से नमस्कार करके बुद्धिहीन होता हुआ भी भक्तिवश होकर मै (कुलभद्राचार्य) सर्वज्ञ प्रणीत सिद्धान्त गर्भित उपदेश को कहूँगा ।

संसारे पर्यटन् जन्तुर्बहुयोनिसमाकुले ।
शारीरं मानसं दुःखं प्राप्नोतिबत ! दारुणं ॥२॥

अर्थ.—इस ससार मे परिभ्रमण करता हुआ प्राणी खेद की बात है कि, चौरासी लक्ष्य भूत समस्त योनियो मे जन्म मरण को प्राप्त होकर शारीरिक तथा मानसिक, असहायक ऐसे भीषणमय दु खो को प्राप्त करता है ।

आर्त ध्यानरतो मूढो न करोत्यात्मनो हितम् ।
तेनासौ सुमहत्क्लेशं परत्रेह च गच्छति ॥ ३ ॥

अर्थः—हमेशा आर्तध्यान मे सलग्न हुआ जीव अपनी मूर्खता से आत्मकल्याण नहीं करता है। इसलिये वह इहलोक एव परलोक में प्राप्त ऐसे महान् क्लेशों को उठाता है ।

ज्ञान भावनया जीवो लभते हितमात्मनः ।
विनयाचारसम्पन्नो विषयेषु पराङ्मुखः ॥ ४ ॥

अर्थः—जीव ज्ञान भावना के प्रभाव से आत्मिक सौख्य प्राप्त कर लेता है। और विनयाचार मे प्रतिष्ठित हुआ ऐसा पवित्रात्मा पचेन्द्रिय जन्य विषय कषायो से अलग अर्थात् दूर होता है ।

आत्मानं भावयेन्नित्यं ज्ञानेन विनयेन च ।
मा पुनर्म्रियमाणस्य पश्चात्तापो भविष्यति ॥५॥

अर्थ —ज्ञान और विनय से निरन्तर आत्मिक भावना भानी चाहिये । यदि ऐसा नहीं किया जाय तो आयु के अन्त मे मरण को प्राप्त होकर तुझे जन्म जन्मान्तर मे महान पश्चाताप होगा ।

तथापि सत्तपःकार्यं ज्ञानसद्भाव भावितम् ।
यथाविमलतांयाति चेतोरत्नंसुदुस्तरम् ॥ ६ ॥

अर्थ—हे भव्य ! तू सम्यग्ज्ञानरूपी सद्भाव से भाया हुआ ऐसे अच्छे तप कर, जिससे तू निर्मलता को प्राप्त हुआ अन्यों से मुश्किल आत्म रत्न को हस्तगत करोगे।

नृजन्मन फलं सारं यदेतज्ज्ञान सेवनम् ।
अनिगूहितवीर्यस्य संयमस्य च धारणम् ॥७॥

अर्थः—प्रत्येक संसारी जीवमात्र को सम्यग्ज्ञान की उपासना करना यही एक अद्वितीय मनुष्य जन्म का सारभूत फल है। एवं अपनी आत्मिक स्वशक्ति को न छिपाकर पवित्रात्मा को प्राणी संयम तथा इन्द्रिय संयम को अवश्यमेव ग्रहण करना चाहिये।

ज्ञान ध्यानोपवासैश्चपरीषहजयैस्तथा ।
शील संयम योगैश्च स्वात्मानं भावयेत् सदा ॥८॥

अर्थः—हमेशा भव्यात्मा को ज्ञानाभ्यास तथा ध्यान, उपवासादिकों के प्रभाव से परीषहों को जीतना चाहिये। और शील, संयम एवं योगो के वल से आत्मा की उपासना करनी चाहिये।

ज्ञानाभ्यासःसदाकार्यो ध्याने चाध्ययने तथा ।
तपसो रक्षणं चैव यदीच्छेद्धितमात्मनः ॥ ६ ॥

अर्थः—भव्यात्मा को ज्ञानाभ्यास तो सदैव करना ही योग्य है और पूरी तौर से निजात्म कल्याण करने के लिये अवश्य ध्यान करना ही चाहिये। यदि आत्महित करना चाहता है तो तपश्चर्या की संरक्षा सतत कर।

ज्ञानादित्यो हृदिर्यस्य नित्यमुद्योतकारकः ।
तस्यनिर्मलतां याति पंचेन्द्रिय दिगङ्गना ॥ १० ॥

अर्थ.—जिनके हृदय में निरन्तर सम्यग्ज्ञानरूपी सूर्य उदित हुआ है उनके आत्मिक वल से पंचेन्द्रियरूपी दिशांगना (सेना) सदा निर्मलता को प्राप्त होती है।

एतज्ज्ञानफलं नाम यच्चारित्रोद्यमः सदा ।
क्रियते पाप निर्मुक्तैः साधु सेवा परायणैः ॥११॥

अर्थः—हमेशा जो चारित्ररूपी वृक्ष को बढाने के लिये उद्योग करते है वे सकल पापों से निर्मुक्त हो जाते है यही उनका ज्ञान का साक्षात फल कहा जाता है। और हमेशा साधु सेवा मे भी तत्पर रहते है ऐसे भव्यजीव विरले ही है।

सर्वद्वन्द्वं परित्यज्य निभृतेनान्तरात्मना।
ज्ञानामृतं सदापेयं चित्ताल्हादनमुत्तमम् ॥१२॥

अर्थः—समस्त झंझट का परित्याग करके निज अन्तरात्मा मे निश्चल होना चाहिये। एव निरन्तर मनको आनन्दयुक्त करने योग्य ज्ञानामृत का पान करना चाहिये।

ज्ञानं नाम महारत्नं यन्न प्राप्तं कदाचन।
संसारे भ्रमता भीमे नाना दुःख विधायिनि ॥१३॥

अर्थ—ससार मे सम्यग्ज्ञान ही महारत्न माना गया है क्योकि कभी भी प्राप्त होने लायक नहीं था। इसलिये भीषणमय ससार मे भ्रमण करता हुआ जीव अनेक दुःखों को भोग रहा है।

अधुना तत्त्वया प्राप्तं सम्यग्दर्शनसंयुतम्।
प्रमादं मा पुनः कार्षो विषयास्वाद लालसः ॥१४॥

अर्थः—हे ससारी! तू पचेन्द्रियरूपी विषयास्वाद मे लपट होकर इस समय आत्म स्वरूप से च्युत है। अतः सम्यग्दर्शन युक्त तत्व मे रुचिरूप श्रद्धा रखता हुआ प्रमाद को प्राप्त न होवे।

आत्मानं सततं रक्षेज्ज्ञान ध्यान तपो बलैः।
प्रमादिनोऽस्य जीवस्य शीलरत्नं विलुप्यति ॥१५॥

अर्थः—ज्ञान, ध्यान तथा तपोबल से आत्मा की निरन्तर सरक्षा करनी चाहिये। अर्थात् इस ससारी जीव के शीलतत्व को अनादिकाल से प्रमादी लोग हरण कर रहे हैं अत सावधानी से काम लेना चाहिये।

शील रत्नं हतंयस्य मोहध्वान्तमुपेयुषः।
नाना दुःख शता कीर्णे नरके पतनं ध्रुवम् ॥१६॥

अर्थः—मोहरूपी चक्कर मे फसकर जिसने शीलरूपी रत्न का नाश किया है। उसने सैकडों दुःखों की खान जो नरक है उसको ही शाश्वत प्राप्त कर लिया है ऐसा समझना चाहिये।

यावत् स्वास्थ्यं शरीरस्य यावच्चेन्द्रिय सम्पदः ।
तावद्युक्तं तपःकर्तुं वार्द्धक्ये केवलं श्रमः ॥१७॥

अर्थः—जब तक शारीरिक स्वास्थ्य योग्य रहेगा एवं जब तक इन्द्रियों का बल ठीक होगा, तब तक ही तप करना युक्त है अन्यथा बुढ़ापे में मात्र भार ही समझा जाता है ।

शुद्धे तपसि सद्वीर्यं ज्ञानं कर्म परिक्षये ।
उपयोगि धनं पात्रे यस्य याति स पण्डितः ॥१८॥

अर्थ—शुद्ध तपश्चर्या में आत्मिक शक्ति तथा सम्यग्ज्ञान ये दोनों कर्मनाश करने के लिये कारण हो जाते हैं । जैसे जिनका सत्पात्र को दान देने में द्रव्य का सदुपयोग होता है वैसे पुण्योपार्जन होने से वही पंडित कहा जाता है ।

गुरुशुश्रूषयाजन्म चित्तं सद्ध्यान चिन्तया ।
श्रुतं यस्य समेयाति विनियोगं स पुण्यभाक् ॥१९॥

अर्थ—जिनका गुरुओं की सेवा सुश्रूषादि करने में ही जन्म लाभ हुआ है और मन आत्मध्यान में लग गया है वैसा उनका काल भी श्रुताभ्यास करने में ही चला जाता है तो वही पुण्यात्मा माना जायगा ।

छित्वा स्नेहमयान् पाशान् भित्वा मोहमहार्गलाम् ।
सच्चारित्रसमा युक्तः शूरो मोक्ष पथे स्थितः ॥२०॥

अर्थ—प्रेममय पाशका छेदन कर और महामोहरूप [illegible] का भेदन कर जो शूरवीर सच्चारित्र सम्पन्न होगा वही मोक्षमार्ग में आरूढ़ होगा

अहो मोहस्य माहात्म्यं विद्वांसो येऽपि मानवाः ।
मुह्यन्ति तेऽपि संसारे कान्तार्थरति तत्पराः ॥२१॥

अर्थ—इस मोह का आश्चर्य है कि बड़े-बड़े विद्वान लोग भी मोह में [illegible] [illegible] मोह का माहात्म्य [illegible] [illegible] संसार में मोहित हो जाते हैं

मानः क्रोधस्तथा लोभो रागो द्वेषस्तमस्तथा ।
मदो माया तथा मोहः कन्दर्पो दर्प एव च ॥२२॥

अर्थ—काम शत्रु, क्रोध, लोभ, राग, द्वेष, मात्सर्य, गर्व, माया, मोह, कन्दर्प इत्यादि ये सब आत्मा के वैरी (दुश्मन) है ।

एते हि रिपवो चौरा धर्म सर्वस्व हारिणः ।
एतैं वंभ्रम्यते जीवः संसारे बहु दुःखदे ॥२३॥

अर्थः—ये ही शत्रु चोर बनकर आत्मा के रत्नत्रयरूपी धर्ममय धन अहर्निश हरण कर रहे है । इसी कारण से ससारी जीव अनन्त दु खी होकर चतुर्गति मे भ्रमण कर रहा है ।

रागद्वेषमयोजीवः कामक्रोधवशेयतः ।
लोभमोहमदाविष्टः संसारे संसरत्यसौ ॥२४॥

अर्थ—यह जीव राग द्वेषी तथा काम क्रोध के वशीभूत हुआ लोभ, मोह और मदयुक्त ससार में ससरण (जन्म-मरण) कर रहा है ।

सम्यक्त्वज्ञान सम्पन्नो जैनभक्त जितेन्द्रियः ।
लोभ मोह मदैस्त्यक्तो मोक्ष भागी न संशयः ॥२५॥

अर्थ·—जितेन्द्रिय पुनीतात्मा सम्यग्ज्ञान सहित जैनभक्त (केवली) होकर समस्त लोभ मोहादि शत्रुओ का विध्वस करके मोक्ष जाता है इस विषय मे सन्देह नहीं है ।

काम क्रोध स्तथा मोहस्त्रयोऽप्येते महाद्विषः ।
एतेन निर्जितायावत्तावत्सौख्यं कुतो नृणाम् ॥२६॥

अर्थ—काम, क्रोध तथा मोह ये तीनमात्र महाशत्रु कहलाते है अतः इन शत्रुओ से जो मनुष्य जीते गये है उनको कहाँ से सुख ?

नास्ति कामसमो व्याधिर्नास्ति मोहसमो रिपुः ।
नास्ति क्रोधसमो वह्निर्नास्ति ज्ञानसमं सुखम् ॥२७॥

अर्थ—कामपिशाच के समान इस ससार मे अन्य कोई व्याधि नहीं है, और मोह सरीखे दूसरा शत्रु नहीं है । तथा क्रोधवत् अन्य अग्नि नहीं है, एव ज्ञान के समान दूसरा सच्चा सुख नहीं है ।

कषाय विषयार्त्तानां देहिनां नास्ति निर्वृतिः ।
तेषां च विरमे सौख्यं जायते परमाद्भुतम् ॥२८॥

अर्थ—विषय-कषाय के आधीन हुये मनुष्यों को मोक्ष नहीं और उन विषय-कषायों से निवृत्त होने से परमोत्कृष्ट अर्थात् निर्वाण सुख मिल जाता है ।

कषायविषयोरगै श्चात्मा च पीडितः सदा ।
चिकित्स्यतां प्रयत्नेन जिनवाक्सारभैषजैः ॥२९॥

अर्थः—विषय कषायरूपी रोगों से पीड़ित आत्मा को इसका जिनेन्द्र वचनामृत गर्भित औषधों के द्वारा प्रयत्न किया जाय तो उनसे निवृत्त हो सकता है ।

विषयोरगदष्टस्य कषाय विष मोहितः ।
संयमोहि महामंत्र स्त्रातासर्वत्र देहिनाम् ॥३०॥

अर्थ.—संसार में विषय कषायों से मोहित जीव को विषयरूपी [illegible] सर्प [illegible] दश किया है जिसको ऐसे समय में प्राणियों को बचाने का अमोघ उपाय संयमरूपी महामन्त्र ही है ।

कषाय कलुषो जीवो रागरंजित मानसः ।
चतुर्गति भवाम्भोधौ भिन्ना नौरिव सीदति ॥३१॥

अर्थ—कषायों से कलुषित जीव का मन राग-द्वेषयुक्त ही होता है अतः चतुर्गतिरूप संसार समुद्र में गोता खाता हुआ नष्ट हुए जहाज के समान [illegible] है ।

कषायवशगोजीवो कर्मबध्नातिदारुणम् ।
तेनासौ क्लेशमाप्नोति भवकोटिषुभीषणम् ॥३२

अर्थ—कषायों से वशीभूत जीव [illegible] कर्मों का बन्ध कर लेता है और तदनुसार [illegible] भवों में [illegible] क्लेश को प्राप्त करता है ।

कषायविषयैश्चित्तं मिथ्यात्वेन च संयुतम् ।
संसारबीजतां याति विमुक्तं मोक्षबीजताम् ॥३३

[illegible]

कषायविषयं सौख्यं इन्द्रियाणां च संग्रहः ।
जायते परमोत्कृष्टमात्मनो भवभेदियत् ॥३४॥

अर्थ —इस ससार मे मात्र इन्द्रिय जन्य सौख्य विषय कषायो के सग्रह से ही पैदा होता है । और ससार का छेदन-भेदन होने से आत्मा को परमोत्कृष्ट सच्चा मोक्ष सुख ही मिलता है ।

कषायात् शत्रुवत् पश्ये द्विषयान् विषवत्तथा ।
मोहं च परमं व्याधिमेवमत्यों विचक्षणः ॥३५॥

अर्थ.—मनुष्य को ऐसा देखना चाहिये कि, कषाय तो शत्रु है और विषय तो साक्षात् विष ही है । और मोहमात्र को महाव्याधि ही समझना चाहिये, ऐसा होता हुआ भी फिर यह ससारी जीव क्यो फसता है यही आश्चर्य ?

कषायविषयैश्चोरैर्धर्मरत्नंविलुप्यति ।
वैराग्यखड्गधाराभिः शूराःकुर्वन्ति रक्षणम् ॥३६

अर्थ'—कषाय विषयरूपी चोरो के द्वारा धर्मरत्न हरण किया गया है । अत. शूर लोग वैराग्य शस्त्ररूपी तीक्ष्ण धाराओ से ही उसका योग्य संरक्षण करते है ।

कषायकर्षणं कृत्वा विषयाणामसेवनम् ।
एतद्धो मानवाः पथ्यं सम्यग्दर्शनमुत्तमम् ॥ ३७

अर्थः—कषायो का नाश कर विषय सुख का सेवन नहीं करना ही मनुष्यो का यही एक सम्यग्दर्शनरूपी उत्तम पथ्य कहा जाता है ।

कषायातपतप्तानां विषयामयमोहिनाम् ।
संयोगायोगखिन्नानां सम्यक्त्वं परमं हितम् ॥३८

अर्थ —विषय कषायरूपी आतपो (गर्मी) से तप्तायमान ऐसे मोही जीवो को और सयोग-वियोग से जिनके चित्त खेद खिन्न हुए है ऐसे प्राणियो को सम्यक्त्व ही परम हितकारक है ।

वरं नरकवासोऽपि सम्यक्त्वेन समायुतः ।
न तु सम्यक्त्व हीनस्य निवासो दिवि राजते ॥३९॥

अर्थः—सम्यक्त्व से मरण कर नरक मे जाना भी श्रेयस्कर होगा किन्तु सम्यक्त्व रहित होकर स्वर्ग मे भी जन्म हो जाय तो भी अत्यन्त हानिकारक माना जायगा। अर्थात् राजा श्रेणिक के समान सम्यक्त्वयुक्त नरकवास भी श्रेष्ठ है। और सम्यक्त्व रहित मिथ्यादृष्टि देवो का स्वर्ग निवास भी हानिकारक (दुःखदायक) है।

सम्यक्त्वं परमं रत्नं शंकादिमलवर्जितम् ।
संसारदुःखदारिद्रय नाशयेत्सुविनिश्चितम् ॥४०

अर्थः—शंकादि पच्चीस मल दोषो से रहित सम्यक्त्व ही उत्कृष्ट रत्न है अतः निश्चय से इसी से ही संसार दुःखदारिद्र का समूल नाश हो जाता है।

सम्यक्त्वेन हि युक्तस्य ध्रुवं निर्वाण संगमः ।
मिथ्यादृशोऽस्यजीवस्य संसारेभ्रमणं सदा ॥४१

अर्थ.—सम्यक्त्व से सहित ही निश्चय (शाश्वत) से मोक्ष का लाभ है। अन्यथा मिथ्यादृष्टि जीव तो अनादि से अभी तक इस परिभ्रमणमय संसार मे हमेशा जन्म-जरा-मरण कर रहा है।

पण्डितोऽसौ विनीतोऽसौ धर्मज्ञः प्रियदर्शनः ।
यःसदाचारसम्पन्नः सम्यक्त्वदृढमानसः ॥४२॥

अर्थ —पडित हो या विनयवान् हो धर्मात्मा होने से ही सबको प्रेमपात्र होता है। और जो सदाचार से युक्त होगा वही सम्यक्त्व से निश्चल चित्त होगा।

जरा मरण रोगानां सम्यक्त्वज्ञान भैषजैः ।
शमनं कुरुते यस्तु स च वैद्यो विधीयते ॥४३॥

अर्थः—जन्म-जरा-मरणरूपी रोगो के लिये सम्यग्ज्ञान ही औषध है। और जो औषध शमन (निरोगी) कर देता है उसी को ही वैद्य माना गया है।

जन्मान्तरार्जितं कर्म सम्यक्त्वज्ञान संयमैः ।
निराकर्तु सदायुक्तमपूर्वं च निरोधनम् ॥ ४४॥

अर्थः—जन्मजन्मान्तरो मे सचित किये हुए कर्मो के निराकरण करने के लिये सम्यक्त्व ज्ञान और सयम ही समर्थ है। और हमेशा इन तीनों से ही अपूर्व कर्मो का निरोधन हो सकता है।

सम्यक्त्वंभावयेत्क्षिप्रं सज्ज्ञानं चरणं तथा ।
कृच्छ्रात्सुचरितं प्राप्तं नृत्वं याति निरर्थकम् ॥४५

अर्थ —भव्यात्मा को सदैव सम्क्यत्व की भावना भानी चाहिये अन्यथा ज्ञान और चारित्र निरर्थक हैं। क्योंकि अत्यन्त मुश्किल से ही सम्यक्त्वचारित्र को प्राप्त किया जाता है उसके अलावा मनुष्यत्व पाना निःसार है।

अतीतेनापि कालेन यन्न प्राप्तं कदाचन ।
तदिदानीं त्वयाप्राप्तं सम्यग्दर्शनमुत्तमम् ॥ ४६

अर्थः—अनादिकाल से अभी तक भी तुझे सम्यक्त्व नहीं प्राप्त हुआ था अब तेरे द्वारा उत्तम सम्यग्दर्शन प्राप्त किया गया है उसका ठीक संरक्षण करना ही आद्य कर्तव्य है।

उत्तमे जन्मनि प्राप्ते चारित्रं कुरु यत्नतः ।
सद्धर्मे च परां भक्तिं शमे च परमां रतिम् ॥४७॥

अर्थः—हे भव्य ! तू उत्तम ऐसे जैनधर्म मे प्राप्त हुआ है अतः प्रयत्न से चारित्र का परिपालन कर। और सद्धर्म मे उत्कृष्ट भक्ति रख एवं सच्चे सुख मे सातिशय प्रेम रखने का भाव प्रकट कर इससे ही तेरा भला होगा।

अनादिकालजीवेन प्राप्तं दुःखं पुनः पुनः ।
मिथ्यामोहपरीतेन कषायवश वर्तिना ॥ ४८ ॥

अर्थः—अनादिकाल से इस जीव ने बार-बार दुःख ही दु ख प्राप्त किया है। क्योंकि झूठे मोह के ससर्ग से कषायवश होकर इसने बहुत ही अनिष्ट किया है।

सम्यक्त्वादित्यसम्पन्नं कर्मध्वान्तं विनश्यति ।
आसन्नभव्यसत्वानां काललब्ध्यादि सन्निधौ ।४९

अर्थ —सम्यक्त्वरूपी सूर्य से कर्मरूपी अन्धेरा का नाश होता है। और काललब्धि प्राप्त होने से प्राणियों को आसन्न (निकट) भव्यत्व पैदा होता है।

सम्यक्त्वभाव शुद्धेन विषयासङ्ग वर्जितः ।
कषाय विरतेनैव भव दुःखं विहन्यते ॥ ५० ॥

अर्थः—शुद्ध सम्यक्त्व से विषयवासना दूर हो जाती है। और कषाय का अभाव होने से भय दुःख का भी समूल विनाश हो जाता है।

संसार ध्वंसनं प्राप्य सम्यक्त्वं नाशयन्ति ये।
वमन्ति ते ऽमृतं पीत्वा सर्वव्याधिहरं पुनः ॥५१

अर्थः—जो लोग संसार के विध्वंसक को प्राप्त होकर भी सम्यक्त्व का नाश करते हैं, वे सकल रोगनाशक ऐसे अमृत को पीकर भी वमन करते हैं ऐसे समझना चाहिये।

मिथ्यात्वं परमं बीजं संसारस्य दुरात्मनः।
तस्मात्तदेव मोक्तव्यं मोक्षसौख्यं जिघृक्षुणा ॥५२

अर्थः—मिथ्यात्व संसार का परमोत्कृष्ट बीज होने से वह मोक्ष का दुश्मन [illegible] जाता है इसलिये मुमुक्षु लोगों को पहले उसका ही त्याग करना चाहिये।

आत्मतत्वं न जानन्ति मिथ्यामोहेन मोहिताः।
मनुजायेन मानस्थाविप्रलुब्धाः कुशासनैः ॥५३॥

अर्थ—मिथ्यामोह से मोहित हुये जीव आत्मतत्त्व को नहीं जानते हैं और [illegible] मानव मानी होकर [illegible] के [illegible] कुशासन करते रहते हैं

दुःखस्य भीरवोऽप्येते सद्धर्म न हि कुर्वते।
कर्मणामोहनीयेन मोहिताबहवोजनाः ॥५४॥

अर्थ—जो लोग दुःख से डरकर जिनधर्म का सदाचार नहीं करते हैं, वे [illegible] मोहनीय कर्म से बहुत ही मोहित होते हैं ऐसे समझना चाहिये

[illegible] न रमते चित्तं धर्मे दैवः [illegible]।
देवानां दुःख भीरूणां प्रायो मिथ्यादृशां [illegible] ५५

[illegible]

दुर्लभं न मानवं [illegible] पूर्वकर्मार्जितं [illegible]।
[illegible] येन [illegible] [illegible] ५६

अर्थ.—पूर्व जन्म के कर्मानुसार मनुष्यो के द्वारा दु ख नहीं सहन किया जाता है, इसलिये हे वराक ! जिससे कर्म का नाश हो जाय ऐसे धर्म का तू आचरण कर।

सुकृतं तु भवेद्यस्य तेन यान्ति परिक्षयम् ।
दुःखोत्पादन भूतानि दुष्कर्मणाणि समन्ततः५७

अर्थ—हे जीव ! तेरे चारो तरफ से दु ख देने वाले दुष्कर्म ही भरे हुये हैं, इसलिये जिसके द्वारा कर्मनाश किया जाय ऐसा पुण्य सम्पादन कर।

धर्मएव सदा कार्यो मुक्त्वाव्यापारमन्यतः ।
यः करोति परं सौख्यं यावन्निर्वाणसंगमः ॥५८॥

अर्थः—हे भव्य ! तू अन्य व्यापारों का त्याग कर हमेशा धर्म का ही अगीकार कर। जो धर्म उत्कृष्ट सौख्य प्राप्त करके अन्तिम मे मोक्ष भेजता है।

क्षणेऽपि समति क्रान्ते सद्धर्म परिवर्जिते ।
आत्मानं मुषितं मन्ये कषायेन्द्रिय तस्करैः ॥५६

अर्थः—हे जीव ! तू एक क्षण भर भी धर्म छोडेगा तो कषाय और इन्द्रियरूपी चोरो के द्वारा आत्मा को ठगा दिया है ऐसा समझ।

धर्म कार्ये मतिस्तावद्यावदायुर्दृढं तव ।
आयुःकर्मणि संक्षीणे पश्चात्त्वं किं करिष्यति६०

अर्थ—जब तक तेरी आयु बलवत्तर रहेगी तब तक तू धर्म कार्य मे बुद्धि का सदुपयोग कर, अन्यथा आयु कर्म नष्ट होने के पश्चात् पश्चाताप करने से क्या प्रयोजन ?

धर्ममाचर यत्नेन मा भवस्त्वं मृतोपमः ।
सद्धर्म चेतसां पुंसां जीवितं सफलं भवेत्॥ ६१

अर्थ—हे भव्य ! तू प्रयत्न से धर्माचरण कर और मुर्दे के समान होकर जीना चाहते हो तो तेरे को धिक्कार है। पुरुषो के लिये धर्माचरण उनके जीवन का ही मुख्य सार कहा जाता है।

मृतानैव मृतास्ते तु ये नरा धर्मकारिणः ।
जीवंतोऽपिमृतास्ते वै ये नराः पापकारिणः ६२

अर्थः—जो लोग धर्माचरण करके मर गये हैं वे वास्तविक नहीं मरकर जिन्दे ही है ऐसे समझना चाहिये। और जो मानव पापाचारो से जीवित है वे साक्षात् मर ही गये है ऐसा विचार करना चाहिये।

धर्मामृतं सदा पेयं दुःखातंक विनाशनम्॥
यस्मिन्पीते परंसौख्यं जीवानां जायते सदा॥६३

अर्थ:—धर्मात्माओ को मात्र हमेशा धर्मामृत ही पीना चाहिये अर्थात् जिसका पान करने से जीवो को परम मोक्ष सुख मिल जाता है।

स धर्मो यो दयायुक्तः सर्व प्राणिहितप्रदः।
स एवोत्तारणे शक्तो भवाम्भोधौसुदुस्तरे॥६४॥

अर्थ—जो धर्म दया सहित होगा वही समस्त प्राणियो को सुख देगा, और वही धर्म पार होना मुश्किल ऐसे संसाररूपी समुद्र से प्राणीमात्र का उद्धार करने के लिये समर्थ हो सकता है।

यदाकण्ठगतप्राणो जीवोऽसौ परिवर्तते।
नान्यः कश्चित्तदा त्राता मुक्त्वा धर्मं जिनोदितम्॥६५

अर्थ.—जिस समय यह संसारी जीव प्राण जाते समय तक भी इस संसार में परिभ्रमण करता ही रहता है। उस समय मे जिनेन्द्र कथित जिनधर्म को छोड़कर इसका संरक्षण करने वाला अन्य कौन समर्थ हो सकता है।

अल्पायुषानरेणेह धर्मकर्म विजानता।
न ज्ञायते कदामृत्युर्भविष्यति न संशयः॥६६॥

अर्थ:—यह मनुष्य किंचित् आयुष्य को ग्रहण करता हुआ धर्म का स्वरूप अच्छी तरह से नहीं समझता है। इसलिये भविष्य में मृत्यु कब होगी इस बात को भी तू ही समझकर सदैव चिन्तातुर होकर रहता है इस विषय मे कथंचित् भी सन्देह नहीं है।

आयुर्यस्यापि देवज्ञैः परिज्ञाते हितान्तके।
तस्यापिक्षीयते सद्यो निर्मलोत्तर योगतः॥६७

अर्थ.—जिस मनुष्य का आयुष्य जितना है इसका खास प्रमाण सर्वज्ञदेव द्वारा जाना जाता है। और उसका आयुष्य भी क्षण-क्षण में क्षीण होता जाता है किन्तु वह समझता नहीं।

जिनैर्निगदितं धर्मं सर्वसौख्यमहानिधिम् ।
ये न तं प्रतिपद्यन्ते तेषां जन्म निरर्थकम् ॥६८

अर्थः—जिनेन्द्र भगवान् ने समस्त सुखो का महा निधि युक्त धर्म कहा है अतः जो लोग उस धर्म को नहीं प्राप्त कर सकते है उनका जन्म बकरी के गले के स्तनवत् निरर्थक है।

हितं कर्म परित्यज्य पापकर्मसु रज्यते ।
तेन वैदह्यतेचेतः शोचनीयो भविष्यति ॥६९॥

अर्थ.—जो मनुष्य हितकारक पुण्य छोडकर पापकार्य मे प्रवृत्त हो जाता है वह अपने चित्त को ही जलाकर भविष्य में शोकातुर हो जाता है।

यदि नामाप्रियं दुःखं सुखं वा यदि वा प्रियम् ।
ततः कुरुतसद्धर्मं जिनानां जित जन्मनाम् ॥७०॥

अर्थः—जिस मनुष्य को अप्रिय तो दु ख ज्ञात होता है और प्रिय सुख विदित होता है तो जिनेन्द्र प्रतिपादित जिनधर्म का ही तू स्वीकार कर अन्यथा दु.खी होगा।

विशुद्धादेव संकल्पात्समं सद्भिरुपार्ज्यते ।
स्वल्पेनैव प्रयासेन चित्रमेतदहो परम् ॥७१॥

अर्थ —महात्माओ के द्वारा विशुद्धमय सकल्प से ही समभाव सम्पादन किया गया है। अत. यह बात आश्चर्यजनक है कि, अल्प पुरुषार्थ से उत्कृष्ट जो एकता कही है उसको आत्म साक्षात्कार किया जाता है।

धर्मएव सदा त्राता जीवानां दुःख संकटात् ।
तस्मात्कुरुत भो यत्नं यथानन्त सुखप्रदे ॥७२॥

अर्थः—प्राणियों को दु खरूपी संकटो से दूर करने के लिये धर्म ही हमेशा संरक्षक रहेगा। इसलिये भो भव्य! अनन्त सुख देने योग्य जो जिन धर्म उसको प्राप्त करने के लिये सदैव तू प्रयत्न कर।

यत्त्वया न कृतो धर्मः सदा मोक्ष सुखावहः ।
प्रसन्नमनसा येन तेन दुःखी भवानिह ॥७३॥

अर्थः—हमेशा मोक्ष सुख देने वाला जो धर्म है उसका सम्पादन तेरे द्वारा नहीं किया गया अतः प्रसन्न चित्त से उसको नहीं पैदा करने से तू इस संसार में अनन्त दु.खी हो गया है यही एक अद्वितीय कारण समझ।

यत्त्वया क्रियते कर्म विषयान्धेन दारुणम्।
उदये तस्य सम्प्राप्ते कस्ते त्राता भविष्यति ॥७४

अर्थः—विषयवासना (काम सेवन) में मग्न होकर जो भीषणमय कर्म तेरे द्वारा प्राप्त किया गया है, जब उस कर्म का उदय हो जायगा तब तेरा संरक्षण करने में कौन समर्थ होगा। अर्थात् कोई भी नहीं।

भुक्त्वाप्यनन्तरं भोगान् देवलोके यथेप्सितान्।
योहि तृप्तिं न सम्प्राप्तः स किं प्राप्स्यति सम्प्रति ७५

अर्थ—हे जीव! तू इच्छानुसार स्वर्ग में अनन्त भोगों को अनेक दफे भोग कर भी तेरी तृप्ति नहीं हुई, तो अब क्या तेरी पूरी तृप्ति होगी?

वरं हालाहलं भुक्तं विषं तद्भवनाशनम्।
न तु भोग विषं भुक्तमनन्तभवदुःखदम् ॥७६॥

अर्थ—उसी भव (ससार) का नाशक हलाहल विष को भी भोगना श्रेयस्कर होगा किन्तु अनन्त भवों में दुःख देने वाला भोग रूपी विष को मात्र नहीं भोगना चाहिये।

इन्द्रिय प्रभवं सौख्यं सुखाभासं न तत्सुखम्।
तच्च कर्म विबन्धाय दुःखदानैक पण्डितम् ॥७७॥

अर्थ.—इन्द्रियों से पैदा हुआ सुख सुखाभास अर्थात् सच्चा सुख नहीं है, तथा उससे अनेक प्रकार के कर्मों का ही बन्ध होता है इसलिये वे कर्मबन्ध दुःख देने के लिये निपुण बन जाते हैं।

अक्षाश्वान्निश्चलंधत्स्व विषयोत्पथगामिनः।
वैराग्यप्रग्रहा कृष्टान् सन्मार्गे विनियोजयेत् ॥ ७८

अर्थ.—विषयवासनारूपी मार्ग में दौडने वाले इन्द्रियरूपी घोडों को तू निश्चल कर और पंचेन्द्रियों का वैराग्यरूपी शस्त्र से प्रहार कर अर्थात् दमन करके मोक्षमार्ग में उनका सदुपयोग कर, तो ही तेरा आत्म कल्याण होगा।

अक्षाण्येवस्वकीयानिशत्रवो दुःख हेतवः ।
विषयेषु प्रवृत्तानि कषायवशवर्तिनः ॥७९॥

अर्थ —अपनी इन्द्रियाँ ही आत्मा के शत्रु होने से अत्यन्त भीषण दु ख देने लायक है, अर्थात् कारण हैं इसलिये ये समस्त पंचेन्द्रिय कषाय के वशीभूत होकर विषयवासना (कामवासना) मे प्रवृत्त हो रहे है ।

इन्द्रियाणां यदा छन्दे वर्तते मोह संगतः ।
तदात्मैव तव शत्रुरात्मनो दुःख बन्धनः ॥८०॥

अर्थ —मोह के संसर्ग से जब इन्द्रियाँ अपने अपने विषय मे स्वच्छन्द बन जाते है तब तेरा आत्मा ही तेरा शत्रु होकर तुझे दु खरूपी बन्धन मे डालने वाला है ।

इन्द्रियाणि प्रवृत्तानि विषयेषु निरन्तरम् ।
सज्ज्ञान भावना शक्त्या वारयन्ती हतेरताः ॥८१

अर्थः—पचेन्द्रिय निरन्तर विषयो मे ही प्रवृत्त होते है इसलिये सज्ज्ञानरूप भावना बल से आत्मा मे मग्न हुये लोग रोक देते है, अर्थात् अपने वश मे करते है ।

इन्द्रियेच्छारु जामज्ञः ? कुरुते यो ह्युपक्रमम् ।
तमेव मन्यते सौख्यं किन्तु कष्टमतः '.रम् ॥८२

अर्थ —किन्तु आश्चर्य ! अज्ञानी मनुष्य अत्यन्त रोगदायक होने पर भी इन्द्रिय की इच्छा को ही पसन्द करता है और उनसे ही अपने को सौख्य मानता है, अतः यह कष्टमय होने से दु ख ही माना जाता है ।

आत्माभिलापरागाणां यःसमःक्रियते बुधेः ।
तदेव परमं तत्वमित्यूचुर्ब्रह्मवेदिनः ॥ ८३ ॥

अर्थ —धीमानो से आत्मा पर अभिलापभाव समानरीत्युनुसार किया जाता है इसलिये वही उत्कृष्ट तत्व है ऐसा आत्मवेदियो के द्वारा कहा गया है ।

इन्द्रियाणां समे लाभं रागद्वेप जयेन च ।
आत्मानं योजयेत्सम्यक् संसृतिच्छेद कारणम् ॥८४॥

अर्थः—राग द्वेष जीतने से इन्द्रियो का समान लाभ कहा जाता है अर्थात् इन्द्रिय आत्मा के वश हो जाते है। इसलिये यथार्थ रीति से आत्मा का विनियोग करने से ससार का ही समूल विध्वंस हो जाता है।

इन्द्रियाणि वशे यस्य यस्य दुष्टं न मानसम्।
आत्मा धर्मरतो यस्य सफलं तस्य जीवितम् ॥८५॥

अर्थ—जिस महात्मा के पचेन्द्रिय वशीभूत है और जिस पवित्रात्मा का मन भी आत्माधीन है। ऐसे जो धर्म में लवलीन आत्मा उसका ही जीवित सफलमय है।

परनिन्दासु ये मूका निज श्लाघ्यपराङ्मुखाः।
ईदृशैर्ये गुणैर्युक्ताः पूज्याःसर्वत्रविष्टपे ॥८६॥

अर्थः—जो महात्मा परनिन्दा से मूक ही है अर्थात् अपनी मुँह से दूसरे की निन्दा नहीं करते है और अपनी प्रशसा से भी पराङ्मुख रहते है। ऐसे गुणो से जो युक्त है वे ही इस दुनिया मे सर्वत्र अर्थात् समस्त भूमण्डल पर पूज्य है ऐसे समझना।

प्राणान्ति केऽपि सम्प्राप्ते वर्जनीयानि साधुना।
परं लोक विरुद्धानि येनात्मा सुखमश्नुते ॥८७॥

अर्थ.—साधु के द्वारा लोकविरुद्ध कार्य यदि प्राणान्तिक समय तक भी होता रहेगा तो तुरन्त ही उसका त्याग किया जाता है जिस कारण से आत्मा परम सुख को प्राप्त हो।

समानयति भूतानि यः सदा विनयान्वितः।
स प्रियः सर्वलोकेऽस्मिन्नापमानं समश्नुते ॥८८॥

अर्थ—सदैव जो पवित्रात्मा विनयशाली है वह समस्त प्राणियो के द्वारा माना जाता है वही सर्वत्र दुनियाँ मे प्रिय होकर कभी भी अपमान को प्राप्त नहीं होता है।

किम्पाकस्य फलं भक्ष्यं कदाचिदपि धीमता।
विषयास्तु न भोक्तव्या यद्यपि स्युः सुपेशलाः ॥८९

अर्थः—बुद्धिमान द्वारा किसी समय मे किंपाक फल भी भक्षण किया जाय तो भी ठीक है। किन्तु विषयवासना (कामवासना) को नहीं भोगना चाहिये अर्थात किसी भी अवस्था मे उचित नहीं होगा।

स्त्रीसम्पर्क समं सौख्यं वर्णयन्त्यबुधा जनाः।
विचार्य माणमेतद्धि दुःखानां बीजमुत्तमम् ॥६०॥

अर्थ'—मूर्ख लोग ऐसे कहते हैं कि, इस संसार मे स्त्री के संभोग समान सुख ही अन्यत्र नहीं है, किन्तु इस विषय मे यदि पूर्वा पर विचार किया जायगा तो समस्त दु खों का एक उत्तम बीज ही कहा जावेगा।

स्मराग्निना प्रदग्धानि शरीराणि शरीरिणाम्।
शमाम्भसाहि सिक्तानि निवृत्तिं नैव भेजिरे ॥६१॥

अर्थ —संसारी जीवों के शरीर कामाग्नि से ही जले हुए है इसलिये निश्चय से उन पर शमरूपी शीतल जल के सिंचन से ही ठडे हो सकते है किन्तु निवृत्ति अर्थात् आत्मिक सच्चे सुख नहीं प्राप्त कर सकते है।

अग्निना तु प्रदग्धानां शमोस्तीति यतोऽत्र वै।
स्मरवह्निप्रदग्धानां शमो नास्ति भवेष्वपि ॥६२॥

अर्थः—अर्थात् अग्नि से यदि शरीर जल जाय तो भी यहाँ पर कदाचित् सुख प्राप्त हो सकेगा। किन्तु कामाग्नि से जलने से ससारी प्राणियो को जन्मान्तर मे भी सुख नहीं मिल सकेगा ऐसा समझना चाहिये।

मदनोऽस्ति महाव्याधिर्दुश्चिकित्स्यः सदा बुधैः।
संसारवर्धनेऽत्यथ दुःखोत्पादन तत्परः ॥६३॥

अर्थः—कामदेव तो महाव्याधि ही है ऐसे बुद्धिमानो के द्वारा सदैव कहा जाता है क्योकि, अत्यन्त मुश्किल से भी इसका त्याग होना महादुर्लभ है। यह स्मरदेव संसार वढ़ाने मे और मनुष्यो को दु'ख देने मे महा तत्पर है। इसलिये इसको वशीभूत करने के लिये सयम ही परम अकुश है।

यावदस्य हि कामाग्नि हृदये प्राज्वलत्यलम्।
आश्रयन्ति हि कर्माणि तावदस्य निरन्तरम् ॥६४॥

अर्थः—जब तक मनुष्य के हृदय मे कामाग्नि जलती रहती है तब तक इसको संयमरूपी दवाई से रोकना चाहिये, अन्यथा निरन्तर ही मनुष्य के चित्त मे अशुभ।श्रवो से कर्म आकर संचार करेगे।

कामाहि दृढ दष्टस्य तीव्राभवति वेदना।
ययासुमोहितो जन्तुः संसारे परिवर्तते ॥९५॥

अर्थः—कामरूपी सर्प प्राणी को काटने से अत्यन्त वेदना होती है। अतः जिससे जीव मोह के प्रताप से प्रभावित होकर संसार मे परिभ्रमण करता है।

दुःखानामाकरो यस्तु संसारस्य च वर्धनम्।
स एवमदनो नामनराणां स्मृति सूदनः ॥९६॥

अर्थः—जो काम दु खो की एक खान है और संसार को वढ़ाने वाला होने से वही मदन (काम) मनुष्यो की स्मृति भी नष्ट करने वाला है।

संकल्पाच्च समुद्भूतः कामसर्पोऽतिदारुणः।
रागद्वेषद्विजिव्होऽसौ वशीकर्तुं न शक्यते ॥९७॥

अर्थः—प्राणी के संकल्प-विकल्पमात्र से उत्पादन होकर कामसर्प अत्यन्त रौद्रमय होता हुआ रागद्वेषरूपी दोनो ही जवान इसके अत्यन्त हानिकारक होने से इसको वश करना अशक्य है अर्थात् वश नहीं किया जाता।

दुष्टा येयमनङ्गेच्छा सेयं संसारवर्धिनी।
दुःखस्योत्पादने शक्ता शक्ता वित्तनाशने ॥९८॥

अर्थ—अर्थात् कामेच्छा जो है वह अत्यन्त दुष्टा होने से शास्त्रकार ने उसको अनगेच्छा कही है, उसी से ससार उत्तरोत्तर बढ़कर मनुष्य को दु ख उत्पन्न करने में और सम्पत्ति का विनाश करने मे भी इच्छा समर्थशालिनी वन जाती है।

अहो ते धिषणा हीना ये स्मरस्यवशं गताः।
कृत्वा कल्मषमात्मानं पातयन्ति भवार्णवे ॥९९॥

अर्थः—जो लोग कामाधीन वन गये है वे अत्यन्त बुद्धिहीन होकर पापिष्टात्मा को संसाररूपी घनघोर समुद्र मे डुवा देते हैं यह महदाश्चर्य ?

स्मरेणातीव रौद्रेण नरकावर्त पातिना।
अहो खली कृतो लोको धर्मामृतपराङ्मुखः ॥१००॥

अर्थः—काम के अत्यन्त रौद्रभाव के द्वारा ससारी जीव नरकरूपी बिलो मे गिराये गये है। आश्चर्य इस बात का है कि, कामी लोग इस तमाम संसार को कलंकित कर और धर्मामृत से पराङमुख होगये है धिक्कार ?

स्मरेण स्मरणादेव वैरं देवनियोगतः।
हृदये निहितं शल्यं प्राणिनां तापकारकम् ॥१०१॥

अर्थ—काम का स्मरण करनेमात्र से ही स्वर्गीय देवो से भी काम वैरी (दुश्मन) भाव को उदिप्त करना है और मामूलियो की क्या वार्ता ? अर्थात प्राणियों के अन्तःकरण मे सन्तापदायक एक प्रकार का शल्य पैदा करता है।

तस्मात्कुरुत सद्वृत्तं जिनमार्गरताः सदा।
ये सत्खण्डितां याति स्मरशल्यं सुदुर्धरम् ॥१०२॥

अर्थः—जो लोग जैन मार्ग पर स्थित है उनको सदैव सदाचार का नियम से परिपालन करने की आवश्यकता है। इसलिये अत्यन्त मुश्किल से इस कामशल्य के टुकडे किये जाते है।

चित्त सन्दूषकः कामस्तथा सद्गतिनाशनः।
सद्वृत्तध्वंसन श्चासौ कामोऽनर्थ परंपरा ॥१०३॥

अर्थ.—काम चित्त का दूषक होने से सद्गति का नाशक है और सदाचार के भी विध्वसक होने से यह दुष्ट काम अनर्थ परस्परा के कारण है।

दोषाणामाकरः कामो गुणानांच विनाशकृत्।
पापस्य च निजो बन्धुः परापदां चैव संगमः ॥१०४

अर्थः—काम दोषो का मूल है और गुणो का विनाशक होने से पाप का सगा भाई है, तथा आपत्तियो का समूह है।

पिशाचे नैव कामेन छिद्रितं सकलं जगत्।
वम्भ्रमेति परायत्तं भवाब्धौ स निरन्तरम् ॥१०५॥

अर्थः—इस कामरूपी पिशाचने तमाम दुनिया मे छिद्र निर्माण किया है और ससार समुद्र मे वह अधम काम प्राणियों को अपने आधीन कर परिभ्रमण करवा रहा है।

वैराग्य भावना मन्त्रैस्तन्निवार्य महाबलम् ।
स्वच्छन्द वृत्तयोर्धीराः सिद्धिसौख्यं प्रपेदिरे ॥१०६

अर्थ:—उस काम को वैराग्यभावनारूपो मन्त्रो के महाबल से उसका निवारण कर सदाचार सम्पन्न से सचरण करने वाले धीर-वीर सिद्धि सौख्य को प्राप्त कर लेते है ।

कामी त्यजति सद्वृत्तं गुरोर्वाणीं हियं तथा ।
गुणानां समुदायं च चेतः स्वास्थ्यं तथैव च ॥१०७॥

अर्थ—कामी मनुष्य सदाचार का त्याग करता है तथा गुरु वचन नहीं मानता, और गुणो का भी नाश कर अपने स्वास्थ्य को अस्वस्थ अर्थात खराब कर लेता है ।

तस्मात्कामः सदाहेयो मोक्ष सौख्यं जिघृक्षुभिः ।
संसारं च परित्यक्तुं वाञ्छद्भिर्यतिसत्तमैः ॥१०८॥

अर्थ —इसलिये काम सदैव छोड़ने योग्य है मोक्ष सौख्य की वांछा करने वाले मुमुक्षुओ के द्वारा ससार हेय समझकर त्याग करने के लिये निरन्तर प्रयत्न किया गया है । अर्थात् मुनियो ने उसका त्याग किया है ।

कामार्थौ वैरिणौ नित्यं विशुद्धध्यान रोधनौ ।
संत्यज्यतां महाक्रूरौ सुखं संजायते नृणाम् ॥१०९॥

अर्थ:—काम और अर्थ पुरुषार्थ ये दोनो शत्रु होने से इनका हमेशा त्याग करना चाहिये क्योकि विशुद्ध ध्यान का निरोध करने वाले है । अतः इन महाक्रोधियों का परित्याग करने से मनुष्यो को सच्चा सुख प्राप्त होता है ।

कामदाहो वरं सोढुं न तु शीलस्य खण्डनम् ।
शीलखण्डनशीलानां नरके पतनं ध्रुवम् ॥११०॥

अर्थ —मनुष्य को इस विषय मे काम को ज्वर समझकर छोड़ देना श्रेयस्कर है किन्तु शील का विनाश नहीं करना चाहिये । जिन्होने इस पवित्र शील का विध्वंस किया होगा उन भ्रष्टो का पतन निश्चय से नरक गति मे ही होगा ।

कामदाहः सदानैव स्वल्पकालेन शाम्यति ।
सेवनान्न महापापं नरकावर्त पातनम् ॥१११॥

अर्थः—कामवेदना उत्पन्न होकर थोड़े ही समय में शान्त हो जाती है अर्थात् हमेशा के लिये नहीं और उसका सेवनमात्र से महापाप पैदा होकर मनुष्य को नरक में गिरा देता है।

सुतीव्रेणापि कामेन स्वल्पकालं तु वेदना।
खण्डनेन तु शीलस्य भवकोटिषु वेदना ॥११२॥

अर्थः—अत्यन्त तीव्र कामोत्तेजन से किंचित् काल तक ही वेदना होती है। किन्तु शील का खण्डन होने से मात्र करोड़ो भवो तक वेदना होती है।

नियतं प्रशमं याति कामदाहः सुदारुणः।
ज्ञानोपयोग सामर्थ्याद्विषं मन्त्रपदैर्यथा ॥११३॥

अर्थः—अत्यन्त भीषण भी काम सन्ताप नियम रखने से उपशमभाव को प्राप्त होता है। जैसे ज्ञानोपयोगवल से उसका प्रशमन किया जाता है वैसे मन्त्रो के सामर्थ्य से भी सर्प विष दूर किया जाता है।

असेवनमनङ्गस्य शमाय परमंस्मृतम्।
सेवनाच्च पराद्वृद्धिः शमस्तु न कदाचन ॥११४॥

अर्थः—काम सेवन नहीं करने से ही अत्यन्त उसका उपशम हो जाता है ऐसे शास्त्र वचन सुना जाता है। तथा उसका सेवनमात्र से उसकी उत्तरोत्तर वृद्धि ही होती है किन्तु कभी भी शान्त नहीं हो सकता है।

उपवासोऽवमोदर्य रसानां त्यजनं तथा।
अस्नान सेवनं चैव ताम्बूलस्य च वर्जनम् ॥११५॥

अर्थः—काम शमन करने के उपाय—उपवास करना, अवमोदर्य तप, रसो का त्याग, स्नान नहीं एव ताम्बूल का त्याग इत्यादि कहे गये है।

असेवेच्छानिरोधस्तु निरनुस्मरणं तथा।
एते हि निर्जरोपाया मदनस्य महारिपोः ॥११६॥

अर्थः—काम सेवन नहीं करने की इच्छा रखने से उसका निरोध होता है तथा अनुस्मरण नहीं करने से भी उस काम की निर्जरा होती है, ये ही उसके महाशत्रु है ऐसे समझना चाहिये।

काममिच्छानिरोधेन क्रोधं च क्षमयाभृशम् ।
जयेन्मानं मृदुत्वेन मोहं संज्ञान सेवया ॥११७॥

अर्थ—इच्छा निरोध से काम का नाश होता है और क्षमाभाव से क्रोध का विध्वस किया जाता है । तथा कोमल परिणाम से मान जीता जाता है एवं सम्यग्ज्ञान से मोह का प्रलय हो जाता है ।

तस्मिन्नुपशमे प्राप्ते युक्तं सद्वृत्त धारणम् ।
तृष्णां सुदूरतस्त्यक्त्वा विषान्नमिव भोजनम् ॥११८॥

अर्थ—कामोपशमन होने के पश्चात् मनुष्य को सदाचरण गर्भितशील ग्रहण करना न्यायसगत होगा । तथा तृष्णा का भी त्याग ऐसा करना चाहिये कि, जैसे विषमिश्रित अन्न (भोजन) का त्याग किये समान अर्थात् तृष्णा से ही प्राणी का घात होता है, उसको अत्यन्त हेय समझकर भव्य को अति दूर रहना चाहिये ।

कर्मणां शोधनं श्रेष्ठं ब्रह्मचर्यं सुरक्षितम् ।
सारभूतं चरित्रस्य देवैरपि सुपूजितम् ॥११९॥

अर्थः—भो भव्य ! यदि तू कर्मों का नाश करना चाहता हो तो बारह व्रतों में श्रेष्ठ ऐसे ब्रह्मचर्य का सरक्षण कर । यही चारित्र का सारमय होने से स्वर्गीय देवों के द्वारा भी इसकी पूजा की गई है ।

या चैषा प्रमदा भाति लावण्य जलवाहिनी ।
सैषा वैतरणी घोरं दुःखोर्मिशत संकुला ॥१२०॥

अर्थ—हाव-भाव और सुललित शृङ्गार सलिल से युवती (स्त्री) अत्यन्त सुन्दर विदित होती है, किन्तु वह वैतरणी नदी के जल के समान अति चपला होने के कारण सैकड़ों घोर दुःखों की खान ही है ऐसे समझना चाहिये ।

संसारस्य च बीजानि दुःखानांराशयः पराः ।
पापस्य च निधानानि निर्मिता केनयोपितः ॥१२१॥

अर्थ—स्त्रियों ऐसी होती है कि, संसारोत्पत्ति के बीज तथा उत्कृष्ट दुःखों की राशियों होती है । और भी अनेक पापों की भूमिका होने से इन स्त्रियों को किसने निर्माण (पैदा) की है यह समझ में नहीं आता ?

इयं सा मदनज्वाला वन्हेरिव समुद्भुता ।
मनुष्यैर्यत्र हूयन्ते यौवनानि धनानि च ॥१२२॥

अर्थः—यह स्त्री अतीव कामासक्ता होने से अग्नि के समान ही पैदा हुई है और जिस स्थान पर यौवनो से तथा धनो से परिपूर्ण ऐसे पुरुषों के द्वारा निवास किया गया है ऐसे आस्पद (जगह) मे ।

नरकावर्त पातिन्यः स्वर्ग मार्गदृढार्गलाः ।
अनर्थानां विधायिन्यो योषितः केननिर्मिताः ॥१२३॥

अर्थः—स्त्रियाँ मनुष्यो को नरक के बिलो में ऊपर से ही पटक देतीं है जिससे स्वर्ग का मार्ग तो वज्रकपाट से बिल्कुल बन्द ही होगया है । और अनेक अनर्थ परम्परा को भी पैदा करने वाली स्त्रियाँ किस व्यक्ति से प्राप्त की गई है, इसका समाधान कौन करेगा ?

कृमिजालशताकीर्णे दुर्गन्धमल पूरिते ।
विरामूत्रसंवृते स्त्रीणां का काये रमणीयता ॥१२४॥

अर्थ —अनन्त कृमि कीटको से परिपूरित तथा अत्यन्त घृणास्पद ऐसे दुर्गन्ध मल-मूत्र सहित होने से इस जाति की स्त्रियो के शरीरो मे कौनसी सौन्दर्यता देखी जाती है आश्चर्य ?

अहो ते सुखितां प्राप्ता ये कामानल वर्जिताः ।
सद्वृत्तं विधिनापाल्य यास्यन्ति पदमुत्तमम् ॥१२५॥

अर्थ.—अहो भाग्य की बात है कि, जो लोग कामाग्नि मे पैदा हुये दुःखो से दूरवर्ती है वे ही आत्मिक सौख्य को साक्षात्कार कर सकते है । और विधि से अपने सचारित्र का पालन करते हुये 'उत्तम पद' अर्थात् मोक्ष को प्राप्त कर ही लेते है, अतः ससार मे उन्हीं लोगों का ही जीना श्रेयस्कर होगा ।

भोगार्थी यः करोत्यज्ञो निदानं मोहसंगतः ।
चूर्णीकरोत्यसौ रत्नं अनर्थ सूत्र हेतुना ॥१२६॥

अर्थ —जो अज्ञानी मनुष्य भोगोपभोग लिये मोहनीय कर्म के संसर्ग से निदान कर्म को बांधता है, वह अनर्थ संस्कार के कारण से रत्न का बरबाद अर्थात् खण्ड-खण्ड कर देता है ऐसा समझना चाहिये ।

भवभोग शरीरेषु भावनीयः सदा बुधैः।
निर्वेदः परया बुद्धया कर्मारातिजिघृक्षुभिः ॥१२७॥

अर्थः—हमेशा बुद्धिमानो के द्वारा संसार, भोग तथा शरीर के क्षण भंगुर पर वैराग्य भावना भाई जाती है क्योकि समबुद्धि से कर्मरूपी शत्रु को जीतने के लिये जितेन्द्रियो से ऐसे आत्महित कार्य किये जाते है।

यावन्न मृत्यु वज्रेण देहशक्लो निपात्यते।
नियुज्यतां मनस्तावत्कर्माराति परिक्षये ॥१२८॥

अर्थः—जब तक मरणरूपी बज्र के प्रहार से शरीर के टुकड़े नहीं किये जाते है तब तक कर्मरूपी शत्रु का ध्वस करने के लिये इस चचल मन को आत्मवश करना जरूरी है।

त्यज कामार्थयोः संगं धर्म ध्यानं सदाभज ।
छिन्द्धि स्नेहमयान् पाशान् मानुष्यं प्राप दुर्लभम् ॥१२९॥

अर्थ.—हे आसन्न भव्य ! तू काम और अर्थ का सग छोड़कर निरन्तर धर्मध्यान की आराधना कर। क्योकि अत्यन्त मुश्किल से इस मनुष्यत्व को पाकर स्नेहमय पाश को अर्थात् कर्मबन्धन को तोड देवे।

कथं ते भ्रष्टसद्वृत्त ? विषयानुपसेवते।
पश्चतां हरतां तेषां नरके तीव्रवेदना ॥१३०॥

अथ.—हे भ्रष्टाचारी ! कामी लोग विषय सेवन (कामसेवन) कैसे करते है ? क्योकि उन लोगो की मृत्यु होने के पश्चात वे नारकीय तीव्र वेदना भोगते हैं महाकष्ट ही कष्ट मानिये।

सद्वृत्तभ्रष्टचितानां विषयासंग संगिनाम् ।
तेषामिहैव दुःखानि भवन्ति नरकेषु च ॥१३१॥

अर्थः—कामरूपी पिशाचो मे फंसे हुए दुराचारी लोगों को इसी लोक में अनन्त दुःख पैदा होते है और परलोक मे अर्थात नरक मे नहीं सहन करने योग्य ऐसे दुःख भोगने पड़ते है।

विषयास्वाद लुब्धेन रागद्वेषवशात्मना।
आत्मा च वञ्चितस्तेन यः शर्मनापि सेवते ॥१३२॥

अर्थ —जो रागद्वेषी आत्मा विषय के लोलुपता से अत्यन्त लोभी वन गया है। उसने मात्र आत्मा को फसाया क्योकि जो आत्मिक सुख का सेवन नहीं कर सका।

आत्मना यत्कृतं कर्म भोक्तव्यं तदनेकधा।
तस्मात्कर्माश्रवंरुद्ध्वास्वेन्द्रियाणि वशंनयेत् ॥१३३॥

अर्थः—आत्म द्वारा जो कुछ कर्म किया गया है उसका फल तो अनेक दफे भोगना ही होगा। इसलिये कर्माश्रव को रोक कर अपने पचेन्द्रियो को वश करना चाहिये।

इन्द्रियप्रसरं रुद्ध्वास्वात्मानंवशमानयेत्।
येन निर्वाण सौख्यस्य भाजनं त्वं प्रपत्स्यसे ॥१३४॥

अर्थः—इन्द्रियो का ओघ रोककर उनको आत्मा के आधीन कर लेना ही योग्य है जिससे तू मोक्ष सुख का पात्र हो सके।

सम्पन्नेष्वपि भोगेषु महतां नास्ति गृद्धता।
अन्येषां गृद्धिरेवास्ति शमस्तु न कदाचन ॥१३५॥

अर्थ.—पूर्वार्जित पुण्य योग से ऐश्वर्य युक्त होने पर भी उन भोगोपभोगो मे महात्माओ को भोगने की बिल्कुल आकांक्षा नहीं रहती है। और दरिद्रियो को मात्र दिन रात भोग भोगने की तीव्र कांक्षा रहती है किन्तु पुण्यहीन होने से कदाचित भी सुख नहीं मिल सकता।

षट्खण्डाधिपतिश्चक्री परित्यज्य वसुन्धराम्।
तृणवत् सर्व भोगांश्च दीक्षा दैगम्बरी स्थिता ॥१३६

अर्थः—छह खड के अधिपति चक्रवर्ती सम्पूर्ण पृथ्वी का राज्य त्याग कर और सकल भोगोपभोगो को तृणवत् अर्थात् कचरे के समान समझकर दिगम्बर दीक्षा ग्रहण कर आत्मा मे स्थित होकर कर्मों का परिहार करते है इनको धन्य है।

कृमि तुल्यैः किमस्माभिर्भोक्तव्यं वस्तुदुस्तरम्।
तेनात्र गृहपंकेपु सीदामः किमनर्थकम् ॥१३७॥

अर्थ —कृमिकीटकों के समान ये भोग है क्या हमारे द्वारा अप्राप्य होने से भोगने योग्य होगे? अर्थात् कभी भी नहीं। इसलिये तू गृहस्थरूपी कीचड़ मे फंसकर अनर्थो के विपय मे आसक्त होकर क्यो दुःख उठा रहा है।

येन ते जनितं दुःखं भवाम्भोधौ सुदुस्तरम् ।
कर्मारातिमतीवोग्रं विजेतुं किं न वाञ्छसि ॥१३८॥

अर्थः—जिस कारण से उत्पन्न हुआ वह दुःख संसार समुद्र मे अत्यन्त मुश्किल ऐसे कर्म शत्रु का अतीव भीषणपन उसको जीतने के लिये तू क्यो नहीं चाहता है ?

अब्रह्मचारिणो नित्यं मांस भक्षण तत्पराः ।
शुचित्वं तेऽपि मन्यन्ते किन्तु चिन्त्यमतः परम् ॥१३९

नोट—आचार्य का अभिप्राय यह सिद्ध होता है कि, स्त्री आलिगन को मांस-भक्षण कहा है ।

अर्थः—अब्रह्मचारी अर्थात् ससारी लोग हमेशा मांस-भक्षण करने मे तत्पर रहते है । किन्तु अपने को पवित्र मानते है इसलिये इस विषय पर यथायोग्य गम्भीर विचार किया जाय तो महदाश्चर्य मालूम होता है ?

येन संक्षीयते कर्म संचयश्च न जायते ।
तदेवात्म विदा कार्यं मोक्ष सौख्याभिलाषिणा ॥१४०

अर्थ —जिस कारण से कर्मनाश किया जाता है उसी कारण के प्रताप से संचित कर्ममात्र नष्ट नहीं किया जायगा । इसलिये मुमुक्षु के द्वारा आत्म कल्याणकारक कार्य ही किया जाता है ।

अनेकशस्त्वया प्राप्ता विविधा भोगसम्पदः ।
अप्सरोगण संकीर्णे दिवि देवविराजिते ॥१४१॥

अर्थः—हे जीव ! तेरे द्वारा नाना प्रकार के भोगैश्वर्य अनेक दफे प्राप्त किये गये है । और स्वर्ग मे भी अप्सराओ के बीच मे अत्यन्त आसक्त होकर देव विराजमान है ।

पुनश्च नरके रौद्रे रौरवेऽत्यन्त भीति दे ।
नाना प्रकार दुःखौघैः संस्थितोऽसि विधेर्वशात् ॥१४२॥

अर्थ —फिर अत्यन्त भयप्रद रौद्रस्वरूप रौरव नरक मे विविध प्रकार दु.खो के समुदायो से सहित होकर दैव के वशीभूत हुआ तू उपस्थित होगया है ।

तप्ततैलिक भल्लीषु पच्यमानेन यत्त्वया ।
सम्प्राप्तं परमं दुःखं तद्वक्तुं नैवपार्यते ॥१४३॥

अर्थ—नरक मे तपा हुआ तेल के कड़ई मे तुझे नारकीयो के द्वारा पकाया गया है अतः प्राप्त किये उस दु ख का कथन नहीं किया जा सकता है अर्थात् वचनातीत होने से।

नानायन्त्रेषु रौद्रेषु पीडयमानेन वन्हिना।
दुःसहावेदना प्राप्ता पूर्वकर्मनियोगतः ॥१४४॥

अर्थ.—वहाँ भीषणमय नाना प्रकार के यन्त्रो मे तुझे गिराकर नारकियो के द्वारा अग्नि से सतप्तमान किया गया है किन्तु पूर्व जन्मार्जित कर्म के सयोग से तूने असह्य वेदना प्राप्त की है।

विरामूत्र पूरिते भीमे पूति श्लेष्मावसाकुले।
भूयोगर्भगृहे मातुर्दैवाद्यातोऽसिसंस्थितिम् ॥१४५॥

अर्थः—अत्यन्त वीभत्स अर्थात् घृणास्पद ऐसे मलमूत्र से परिपूर्ण और भीषण-युक्त माता के उदर मे अनेक दफे (बारबार) तू पुण्य पाप के सयोग से उपस्थित होकर दुःख भोगा है।

तिर्यग्गतौ च यद् दुःखं प्राप्तं छेदनभेदनैः।
न शक्तस्तत् पुमान् वक्तु जिव्हा कोटिशतैरपि ॥१४६

अर्थ—तथा तिर्यचगति में तू ने छेदन-भेदनो से जो दुःख पाया है वह भी पुरुष कहने के लिये सैकडो करोडो जबानो से समर्थ न नहीं हो सकता।

संसृतौ नास्ति तत्सौख्यं यन्न प्राप्तमनेकधा।
देव मानव तिर्यक्षु भ्रमता जन्तुनानिशम् ॥१४७॥

अर्थ.—स सार मे शाश्वत सुख नहीं है जो कि, तू अनेक दफे भी उसको पाया नहीं एवं देव, मनुष्य तथा तिर्यच प्राणी भी अहर्निश (दिनरात) परिभ्रमण करते रहते है।

चतुर्गतिनिबन्धेऽस्मिन् संसारेऽत्यन्त भीतिदे।
सुखदुःखान्यवाप्तानि भ्रमता विधि योगतः ॥१४८॥

अर्थः—चतुर्गति रूप ससार अत्यन्त भयंकर होने से इस अरहटयुक्त रौड़ मे संसारी जीव अपने-अपने पूर्वाजित पुण्यपापानुसार अनेक सुख-दुःखो के फल भोगते हुये परिवर्तन करते है इसी का नाम ससार कहा है।

एवं विधमिदं कष्टं ज्ञात्वात्यन्त विनश्वरम् ।
कथं न यासि वैराग्यं धिगस्तु तव जीवितम् ॥१४६॥

अर्थः—अत्यन्त नश्वर ऐसे कष्ट के स्वरूप समझकर तू वैराग्यभाव को क्यो नहीं प्राप्त करता ? इस प्रकार की तेरी जिन्दगी को धिक्कार है।

जीवितं विद्युता तुल्यं संयोगाःस्वप्नसन्निभाः ।
सन्ध्यारागसमः स्नेहः शरीरं तृण बिन्दुवत् ॥१५०॥

अर्थः—प्राणी का जीवन आकाश बिजली के समान है और इष्ट के संयोग स्वप्न के माफिक है। एवं सायकाल के अभ्रु वदृश्य के समान स्नेह (प्रेम) का पाश है तथा शरीर तृण के बूंदवत् नाशशील है। अतः वैराग्य ही ग्रहण करने योग्य है।

शक्र चापसमा भोगाः सम्पदो जलदोपमाः ।
यौवनं जलरेखेव सर्वमेतदशाश्वतम् ॥१५१॥

अर्थः—इन्द्र धनुष्य के समान भोग है और जल के बुलबुले के सदृश्य सम्पत्ति है। तथा यौवन अर्थात् जवानावस्था पानी के रेखे समान है इसलिये संसार मे सभी चीजे नाशवत ही है।

समान वयसो दृष्ट्वा मृत्युना स्ववशीकृताः ।
कथं चेतःसमो नास्ति मनागपि हितात्मनः ॥१५२॥

अर्थः—प्राणियो को समान उमर के देखकर यमराजा अर्थात् मृत्यु अपने वशीभूत की है। इसलिये इस जीव के अन्तःकरण मे समभाव क्यो नहीं पैदा होता ? यदि किंचित् भी वैराग्य प्राप्त हो जाय तो आत्म-कल्याण हो जायगा।

सर्वाशुचिमये काये नश्वरे व्याधि पीडिते ।
कोहि विद्वान् रतिंगच्छेद्यस्यास्ति श्रुतसंगमः ॥१५३॥

अर्थ.—व्याधियो से जर्जरित नाशवत ऐसे अशुचिमय (अपवित्र) शरीर मे कौन ऐसा विद्वान् है कि, इस पर प्रेम करे ? जिसने शास्त्राभ्यास किया है ऐसा भव्य जीव।

चिरं सुयोषितः कामो भोजनाच्छादनादिभिः ।
विकृतिं याति सोऽप्यन्त्ये कास्था वाह्येपु वस्तुपु ॥१५४॥

अर्थ—रसयुक्त भोजन, शृङ्गार सहित शरीर सौन्दर्य, चन्दन, वस्त्र, गन्ध, पुष्पमाला इत्यादिकों से ससारी प्राणी चिरकाल तक यथेच्छ स्त्रियो के साथ रतिक्रीडा कर चुके है। किन्तु काम के अन्त मे मात्र वे परिश्रम को प्राप्त हुये इसलिये बाह्य वस्तुओ में कौनसी आकांक्षा रक्खी जावे ?

नायातो बन्धुभिः सार्धं न गतो बन्धुभिः समम् ।
वृथैव स्वजने स्नेहो नराणां मूढ चेतसाम् ॥१५५॥

अर्थः—मरण के पश्चात् अपने साथ कोई भी भाई वगैरह नहीं आ सकते तथा जाते समय कोई भी पुत्र, पौत्र तथा भाई इत्यादि अपने साथ नहीं ले जा सकते है। अत. मूर्ख मनुष्यो को अपने भाइयो पर प्रेम करना व्यर्थ है।

जातेनावश्यमर्तव्यं प्राणिना प्राण धारिणा।
अतः कुरुत मा शोकं मृतेबन्धुजने बुधाः ॥१५६॥

अर्थः—प्राण धारण किये हुए प्राणी को एक दफे अवश्य जन्म के निमित्त से मरना ही है । अतः हे बुद्धिमान लोग ! भाइयो के मरने के पश्चात् शोक मत करो क्या लाभ होगा ?

आत्मकार्यं परित्यज्य परकार्येषु यो रतः।
ममत्वरतचेतस्कः स्वहितं भ्रंशमेष्यति ॥१५७॥

अर्थः—जो मनुष्य आत्मकार्य का त्याग कर अन्य कार्य मे आसक्त है ऐसे ममत्व सहित प्राणी आत्महित का ही नाश करता है।

स्वहितं तु भवेज्ज्ञानं चारित्रं दर्शनं तथा।
तपः संरक्षणं चैव सर्व विद्भिस्तदुच्यते ॥१५८॥

अर्थः—आत्मकल्याणकारक तो ज्ञान, चारित्र तथा दर्शन अर्थात् रत्नत्रयमय ही है। और तपश्चर्या सरक्षिका कहलाती है इसलिये सर्वज्ञ भगवान् ने भी कहा है ।

सुख सम्भोग संमूढा विषयास्वाद लंपटाः।
स्वहिताद्भ्रंशमागत्य गृहवासं सिषेविरे ॥१५९॥

अर्थः—जो लोग विषयरूपी आस्वाद मे लंपट बन गये है वे सम्भोग सुख मे फसकर अति मूर्ख हो रहे है अतः अपने आत्महित से भ्रष्ट होकर गृहस्थाश्रम स्वीकार कर रहे है ऐसे समझना चाहिये।

वियोगा बहवो दष्टा द्रव्याणां च परिक्षयात् ।
तथापि निर्घृणः चेतः सुखास्वादन लम्पटाः ॥१६०॥

अर्थः—वहुत से वियोगरूपी सर्प मनुष्यो को काटने से और सम्पत्तियो के विनाश से अत्यन्त ही हानि होगई है, तथापि महाअधम मनुष्य सुखरूपी स्वाद की रुचि लेने मे वहुत लम्पट हुआ है ।

यथा च जायते चेतः सम्यक्छुद्धिं सुनिर्मलाम् ।
तथा ज्ञानविदा कार्यं प्रयत्नेनापि भूरिणा ॥१६१॥

अर्थ —जिस प्रकार प्राणी पैदा होता है उसी प्रकार निर्मल भावना से सम्यक्त्व की शुद्धि करनी चाहिये । तथा प्रचुरतम प्रयत्न से सम्यग्ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है ।

विशुद्धं मानसं यस्य रागादिमल वर्जितम् ।
संसाराग्र्यं फलं तस्य सकलं समुपस्थितम् ॥१६२॥

अर्थः—जिसका मन रागद्वेष रहित होकर अत्यन्त विशुद्ध वन गया है उसका फल ससार मे श्रेष्ट ऐसे सर्वस्व सौख्य है ।

संसार ध्वंसनेहीष्टं धृतिमिन्द्रिय निग्रहे ।
कषायविजय यत्नं नाभव्यो लब्धुमर्हति ॥१६३॥

अर्थ —ससार का नाश करने के लिये प्रत्येक मनुष्य को धैर्य धारण कर इन्द्रियो का निग्रह (दमन) करना ही इष्ट होगा । क्योकि कषायो की विजय करने के लिये अभव्य प्रयत्न नहीं करता है अतः उसमे सामर्थ्य नहीं है ।

एतदेव परं ब्रह्म न विन्दन्तीह मोहिनः ।
यदेतच्चित्त नैर्मल्यं रागद्वेषादि वर्जितम् ॥१६४॥

अर्थ.—यही एक उत्कृष्ट ब्रह्म माने आत्मानुभव है इसको मोही जीव कभी भी नहीं जान सकते हैं । इसलिये रागद्वेष से रहित होकर इस चित्त को निर्मल करना चाहिये ।

तथानुष्ठेयमेतद्धि पण्डितेन हितैषिणा ।
यथा न विक्रियां याति मनोऽत्यर्थं विपत्स्वपि ॥१६५॥

अर्थ.—जैसे आत्माभिलाषी पडित के द्वारा इसका अनुष्ठान अर्थात् आत्म-साक्षात्कार किया जाता है वैसे अत्यन्त सकट मे भी जिनका मन विक्रियत्व (मिथ्यात्व) को नहीं प्राप्त होता है वही मन ब्रह्म का अनुभव करता है।

धन्यास्ते मानवा लोके ये च प्राप्यापदांपराम्।
विकृतिं नैव गच्छन्ति यतस्ते साधुमानसाः ॥१६६॥

अर्थ—जो लोग महान् आपत्तियो को प्राप्त होकर भी विकृति को नहीं सम्पादन करते है वे लोग सज्जन प्रशसित धन्य है।

संक्लेशो नहि कर्तव्यः संक्लेशो बन्ध कारणम्।
संक्लेश परिणामेनजीवो दुःखस्य भाजनम् ॥१६७॥

अर्थ—सक्लेश नहीं करना चाहिये अर्थात् सक्लेश बन्ध का कारण है इसलिये सक्लेश परिणाम से जीव दु.ख का पात्र होता है।

संक्लेश परिणामेन जीवः प्राप्नोति भूरिशः।
सुमहत्कर्म सम्बन्धं भवकोटिषु दुःखदम् ॥१६८॥

अर्थः—सक्लेश परिणाम से जीव अनन्तशः दुःख पैदा करता है और उससे महान् कर्म का बन्ध होकर करोड़ो भवो मे दारुण दुःख देता है अत. परिणाम शुद्ध रखना चाहिये।

चित्तरत्नमसंक्लिष्टंमहतामुत्तमंधनम्।
येन सम्प्राप्यते स्थानं जरामरण वर्जितम् ॥१६९॥

अर्थ—हमेशा अपने चित्त रत्न को विशुद्ध रखना चाहिये यही महात्माओ का उत्कृष्ट धन है। जिससे जन्म-जरा-मरण रहित ऐसे मोक्ष लक्ष्मी को प्राप्त करते है।

सम्पत्तौ विस्मिता नैव विपत्तौनैव दुःखिताः।
महतां लक्षणं ह्येतन्नतु द्रव्यसमागमः ॥१७०॥

अर्थ—जो मनुष्य सम्पत्तिकाल मे हर्षित नहीं होता और विपत्ति समय मे दुःखित नहीं होता है। यही महात्माओ का लक्षण कहा गया है किन्तु द्रव्य प्राप्त होना नहीं।

आपत्सु सम्पत्तीषु पूर्वकर्मनियोगतः।
शौर्यमेव परंत्राणं न युक्तमनुशोचनम् ॥१७१॥

अर्थः—पूर्व कर्म के संयोग से आपत्ति मे और सम्पत्ति मे इन उभयावस्था में मनुष्य को शौर्य धारण करना ही उत्कृष्ट पोषण है अन्यथा शोक से क्या प्रयोजन योग्य नहीं है।

विशुद्ध परिणामेन शान्तिर्भवति सर्वतः।
संक्लिष्टेन तु चित्तेन नास्तिर्भवेष्वपि ॥१७२॥

अर्थः—विशुद्ध परिणाम से सर्वत्र शान्ति होती है और संक्लिष्ट परिणाम से मात्र जन्म-जन्मान्तर मे भी शान्ति नहीं होनी।

संक्लिष्ट चेतसां पुंसांमाया संसारवर्धिनी।
विशुद्ध चेतसो वृत्तिः सम्पत्तिविरुदायिनी ॥१७३॥

अर्थ.—संक्लिष्ट चित्त वाले मनुष्यो की माया संसार को वढ़ाती है और विशुद्ध चित्त वालो की वृत्ति सम्पत्ति को पुष्ट करती है।

यदा चित्तविशुद्धः स्यादापदः सम्पदस्तथा।
समस्तत्वविदां पुंसां सर्वं हि महतां महत् ॥१७४॥

अर्थ—जब मनुष्य का परिणाम विशुद्ध हो जाता है तब आपत्ति भी सम्पत्ति के समान होती है अत समभाव ही तत्ववेदीयो को ग्रहण करना महान् श्रेयस्कारक है।

परोऽप्युत्पथमापन्नो निषेद्धुं युक्त एव सः।
किं पुनः स्वमनोत्यर्थं विषयोत्पथ यायिवत् ॥१७५॥

अर्थः—यदि दूसरे मनुष्य भी सक्लिष्ट परिणाम को प्राप्त होगा तो विशुद्ध परिणामी मनुष्य को उचित है कि, उसको उससे निषेध करे, जब ऐसा है तो हमेशा के लिये विशुद्ध परिणाम से ही चित्त को स्थिर रखना अन्यथा हानि होगी।

अज्ञानाद्यदि मोहाद्यत्कृतं कर्मसुकुत्सितम्।
व्यावर्तयेन्मनस्तस्मात् पुनस्तन्न समाचरेत ॥१७६॥

अर्थ—यदि अज्ञान से या मोह से जो कुत्सित कर्म किया जाता है उससे अपने मन को दूर करना चाहिये फिर कभी भी मन उसमे प्रवेश नहीं करे।

अचिरेणैव कालेन फलं प्राप्स्यसि दुर्मते ?
विपाकेऽतीव तिक्तस्य कर्मणोयत्त्वयाकृतम् ॥१७७॥

अर्थ —हे दुर्मते ! विपाकावस्था मे जो अत्यन्त अशुभ कर्म का सचय किया गया है तेरे द्वारा उससे तुरन्त ही तुझे फल मिलेगा जिसके सेवनमात्र से अतीव दु:ख होगा।

वर्धमानं हितं कर्म संज्ञानाद्यो न शोधयेत् ।
सुप्रभूतार्णवसंभ्रस्तः स पश्चात्परितप्यते ॥१७८॥

अर्थ.—यदि जो मनुष्य बढते हुये अशुभ कर्म का सशोधन नहीं कर अपना आत्म कल्याण नहीं करता है तो चिरकाल तक ससार समुद्र मे परिभ्रमण कर पश्चात पश्चाताप करेगा इसमे क्या सन्देह है ।

सुखभावकृते मूढाः किं न कुर्वन्ति मानवाः ।
येन सन्तापमायान्ति जन्मकोटि शतेष्वपि ॥१७९॥

अर्थ —मूर्ख लोग सुखाभास को ही सच्चा सुख मानकर उसमे ही निरन्तर निमग्न रहते है और आत्महित का कार्य कभी भी नहीं करते इसका क्या कारण अर्थात मूर्खता, जिससे वे करोडो जन्म तक सताप को प्राप्त होते है ।

परं च वंचयामीति यो हि मायां प्रयुज्यते ।
इहामुत्र च लोके वै तैरात्मा वंचितःसदा ॥१८०॥

अर्थः—जो मनुष्य दूसरे को ठगाता है वही निश्चय से ठग जाता है किन्तु यह कार्य माया का ही कहा जाता है । और ऐसा जो करेगा वह इहलोक मे एव परलोक मे अपनी आत्मा को ही फसाया ऐसे समझना चाहिये ।

पंचतासन्नतां प्राप्तं न कृतं सुकृतार्जनम् ।
स मानुषेऽपि सम्प्राप्ते हा ! गतं जन्म निष्फलम् ॥१८१

अर्थ.—जो मनुष्य मरने तक समय मे भी पुण्यार्जन नहीं कर सकता, उसको मनुष्य भव प्राप्त होकर भी सुख नहीं मिला उसका जन्म निष्फल ही है यह अत्यन्त दु.ख की बात ?

कर्मपाशविमोक्षाय यत्नं यस्य न देहिनः ।
संसारे च महागुप्तौ वद्धःसंतिष्ठते सदा ॥१८२॥

अर्थः—कर्मपाश का विध्वस करने के लिये जो लोग प्रयत्न नहीं करते वे संसार मे ही महागुप्त होकर हमेशा कर्मबद्ध से रहते है ।

गृहाचारकवासेऽस्मिन् विषयामिष लोभिनः ।
सीदन्ती नरशार्दूला बद्धा बान्धव बन्धनैः ॥१८३

अर्थः—इसी गृहस्थावस्था मे विषय सेवनरूपी मांस के लोलुप्ता से भाइयो के वन्धन मे आवद्ध वद्ध होकर नररूपी पिशाच अनन्त दु ख उठाते है ।

गर्भवासेऽपि यद्दुःक्खं प्राप्तमत्रै व जन्मनि ।
अधुना विस्मृतं केन येनात्मानं न बुद्धयसे ॥१८४॥

अर्थः— माता के गर्भवास मे जिस दुःख को इसी जन्म मे तुमने प्राप्त किया था उसको अभी तुम भूल गये हो इसलिये आत्मा को तू नहीं जानता है इसका नतीजा ठीक नहीं ।

चतुर शीति लक्षेषु योनीनां भ्रमतात्वया ।
प्राप्तानि दुःखशल्यानि नानाकाराणि मोहिना ॥१८५

अर्थ.—चौरासी लाख योनियो मे भी तेरे द्वारा अनन्त दफे भ्रमण किये गये है और अनेक प्रकार के कारणो से मोह के वशीभूत होकर अनन्त दुःख तुमने प्राप्त किया है ।

श्री भगवती आराधना, अपरनाम मूलाराधना ग्रन्थे प्रतिपादिता गाथा निम्न प्रकारेण उद्धरिष्यते—यथा—

एक्कं पि अक्खरं जो अरोचमाणो मरेज्जजिणदिट्ठं ।
सो वि कुजोणि णिवुड्ढो किं पुणसव्वं अरोचन्तो ॥६२

अरोचित्वाज्जिनाख्यातं एकमप्यक्षरं मृतः ।
निमज्जति भवाम्भोधौ सर्वस्यारोचको नकिम् ॥६६॥

विजयोदया—एवमपीत्यस्य वाल वालमरण प्रवृत्तस्य भव्यस्य संख्याता, असंख्याता, अनन्ता वा भवन्ति भवाः । अभव्यस्य तु अनन्तानन्ताः । मिथ्या दर्शन दोष माहात्म्य सूचनं संसार महत्ताख्यापनेन क्रियतेऽनया गाथा ।

जिन दृष्टस्यैक स्याप्यक्षरस्या श्रद्धाने कुयोनिषूत्पत्तिः स्यात्किं पुनः समस्तस्यापि श्रुतस्येत्याह—

मूलाराधनो—कुजोणिणिवुड्डो कुत्सितयोनि निमग्नो भवति ।


अर्थ.—श्री जिनेश्वर ने उपदेशा हुआ एक अक्षर पर भी जो मिथ्यादृष्टि श्रद्धान नहीं करेगा अर्थात् उस अक्षर को मूर्खता से निकालेगा स्पष्ट खुलासा—जैसे—एक मुनि ने षट्खण्डागम गर्भित धवल शास्त्र से 'सजद' शब्द को निकाल दिया और ताम्रपत्र पर-संजद शब्द रहित खुदवा कर लिपिबद्ध किया। इससे यह कलक उस पर (मुनि पर) 'आचन्द्रार्कवत्' रहेगा। इसमे तिलतुषमात्र भी सन्देह नहीं अर्थात् जग-प्रसिद्ध है।

वैसे—वह मिथ्यादृष्टि कुयोनियों मे चिरकाल परिभ्रमण करेगा ?

जो समस्त जिन वचनो को मानता नहीं वह तो ससार मे अनन्तकाल तक भ्रमण करेगा ही इस विषय को भिन्न प्रकार से कहने की आवश्यकता नहीं है।

जिनेन्द्र ने कहा हुआ सकल जीवादिक तत्वो का उपदेश जो मिथ्यादृष्टि मुनि अप्रमाण समझकर अश्रद्धान करता है उसके लिये तो कहना ही क्या बचा ?

ऐसे इस गाथा का अभिप्राय है।



सुभाषित सुवर्ण स्कन्धः—

कषायविषया विषयाहारो त्यागो यत्र विधीयते ।
उपवासो स विज्ञेयः शेषं तु लंघनं विदुः ॥१॥

अर्थः—संसार मे कषाय और विषय ये दोनो ही प्राणियो के आहार बन गये है, इनका त्याग जहां पर कहा गया है वहाँ पर उपवास ही जानना चाहिये। और इनके व्यतिरिक्त जितने भी होगे वे सब लंघन मे ही आजायेगे।

यःकश्चिन मकरध्वजस्य वशगः किं ब्रूमहे तत्कृते।
नो लज्जा न च पौरुषं नच कुलं कुत्रास्ति पापान्विते ॥
नो धैर्यं चपितुगुरोश्च महिमा कुत्रास्ति धर्मःस्थितिः ।
नो मित्रं न बान्धवा न च गृहं ध्वस्तः स्त्रियं पश्यति ॥२॥

अर्थ—जो कोई भी ससारी प्राणी कामपिशाच के वशीभूत हो गया होगा तो उसके विषय मे कहना ही क्या रहा ? अर्थात् उस मनुष्य को शर्म नहीं, पुरुषार्थ नहीं चलेगा, और उसका कुल भी नहीं रहेगा। पाप संचय करने वाले जीव में शुद्धि कहाँ से आ सकेगी। उनमे धैर्य नहीं रहेगा, पिता और गुरु की महिमा भी नहीं रहेगी ऐसी हालत मे धर्म की स्थिति कहाँ से आयगी ? तथा उनमे कोई मित्र नहीं और भाई भी नहीं होगा व मकानादिक भी नहीं ठहर सकेगे इस प्रकार विनाशपन को प्राप्त हुआ आदमी स्त्री को ही देखेगा।

कामार्तानां कुतः पुण्यं पापार्थीनां कुतः सुखम्।
नास्ति तत्प्राणिनां चकर्म दुःखदं यन्नकामजम् ॥३॥

अर्थः— काम से पीडित प्राणियो को कहाँ से पुण्य पैदा होगा ? और पाप कमाने वालो को सुख कहाँ से मिलेगा ? अर्थात् उन प्राणियो को क्या कर्म दुख नहीं दे सकेगा ?

यथा माता यथा पुत्री यथा भगिनी च स्त्रियः।
कामार्थी च पुमानेता एक रूपेण पश्यति ॥ ४ ॥

अर्थः—जैसी माता होगी वैसी ही लडकी होगी और जैसी वहिन होगी वैसी ही स्त्रियों होगी। जो कामी मनुष्य होगा वह इन सबको एक स्वभाव से ही देखेगा।

उत्तमे क्षणिकः कोपो मध्यमे प्रहर द्वयम् ।
अधमस्य अहोरात्रिं नीचस्य मरणान्तकम् ॥५॥

अर्थः—उत्तम मनुष्य मे यदि क्रोध आयगा तो एक निमिषमात्र रहेगा तथा मध्यम मे आयगा तो दो प्रहर तक (६) घटो तक रहेगा। और अधम को एक दिन तक रह सकेगा व नीच मनुष्य को मात्र आमरण तक रहेगा।

या पुंसि देदिप्यमान सुभगे ह्यारोग्यता जायते ।
गम्भीरं भयवर्जितं गुणनिधिं सन्तोष जातं चिरम् ॥
विख्यातं शुभ नाम जाति महिमा धैर्याद्युदार क्षमम् ।
नेत्रानन्द करो न भूमि पति जो हीने कुले जायते ॥६

अर्थः—जिस पुरुष मे कांतियुक्त अर्थात् तेज पुञ्ज ऐसी सौभाग्यशालिनी आरोग्यता पैदा करेगी तथा उस पुरुष मे गम्भीरता अर्थात् कायरता रहितत्वपन, सप्त-भयो से विरक्तता और गुणो का निधि भूत सन्तोष चिरकाल तक ही रहेगा। तथा दुनिया मे वह मनुष्य प्रसिद्ध ऐसे शुभ नाम से और जाति से, महिमा से, धैर्यादि अनेक उदार गुणो से समर्थ रहेगा यदि राजा होकर भी प्रजा को आनन्द मे नहीं रखेगा तो वह पापी नीच कुल मे ही नियम से उत्पन्न होगा।

किं विद्याधर वादनाद निपुणोद्धारः कृतो धैर्यवान् ।
किं योगीश्वर काननं च कथितं ध्यानं धृतं केवलम् ॥
किं राज्यं सुरनाथ तुल्य भवतो भूमण्डले विद्यते ।
यच्चित्तं च विवेक हीन मनिशं दुःखं च पुंसोऽधिकम् ॥७॥

अर्थ—हे विद्याधर! आप वादविवाद करने मे तथा घोषणा करने मे और निपुण प्राणियो का आत्म हित करने मे, क्या धैर्यवान् वृत्ति को आपने धारण किया होगा। हे योगीश्वर! आपने जंगल मे कहा हुआ केवलध्यान ग्रहण किया होगा! और स्वर्गीय देवेन्द्र के समान राज्य इस पृथ्वी तल पर आपका विराजमान होगा जिस मनुष्य का मन हमेशा विवेक से हीन रहेगा तो उस मनुष्य को सदैव अधिक प्रमाण से दुःख ही रहेगा।

कामलुब्धे कुतो लज्जा अर्थहीने कुतः क्रिया ।
सुरापाने कुतः शौचं मांसाहारी कुतो दया ॥८॥

अर्थ.—काम सेवन मे जिस मनुष्य का चित्त आसक्त होगा उस मनुष्य को शरम (लज्जा) कहाँ से पैदा होगी ? और द्रव्यहीन मनुष्य मे क्रिया कहाँ से आ सकेगी ? तथा शराब पीने वाले मनुष्य मे शुचिभूतता कहाँ से प्राप्त होगी ? और मांस सेवन करने वाले प्राणियो मे दया कहाँ से आ सकेगी ?

धर्मार्थ काम मोक्षाणां यस्यैकोऽपि न विद्यते ।
अजागल स्तनस्यैव तस्यजन्म निरर्थकम् ॥९॥

अर्थः—धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष इन चारो मे से जिस मनुष्य के पास एक भी नहीं होगा उस मनुष्य का जन्म बकरी के गले मे स्थित स्तन के समान होगा। उसका जीना निरर्थक होगा।

गणस्याग्रे न गच्छेत् यदि कार्य सिद्धिः स्यात् ।
समीचीनं न स्यात्तदा मुखरस्तत्र हन्यते ॥१०॥

अर्थः—जनसमुदाय के अग्रभाग मे नहीं जाना चाहिये। यदि कार्य की सिद्धि होगी तो ठीक होगा अथवा नहीं होगी तो उन लोगो के द्वारा इस आदमी का मुख निरुत्तर किया जायगा।

कले कालौ चले चित्ते देहाद्यानाद कीटके ।
अद्यापि चित्रं जिनरूप धरा नरा दृश्यन्ते ॥११॥

अर्थ.—इस हुडावसर्पिणी युक्त पंचमाकाल मे मनुष्यो का चित्त बहुत चंचल रहेगा और प्राणी अन्न मे से पैदा होने वाले कीड़े के समान हमेशा आहार करते ही रहेगे। ऐसी भीषणावस्था मे भी जिनलिंग ग्रहण करने वाले मुनिराज दृष्टिगोचर हो रहे है यही आश्चर्य ?

न विप्रा विप्रयो रस्ति सर्वथा शुद्ध शीलता ।
कालेननादि जा गोत्रे स्खलनं क्व न जायते ॥१२॥

अर्थ —अर्थात् ब्राह्मणो मे ब्राह्मणत्व नहीं है क्योकि उनमे शील की शुद्धि नहीं रही अत. अनादिकाल मे नहीं होने से त्रुटियॉ क्यो नहीं पैदा होगी ?

संयमो नियमः शीलं तपो दानं दमो दया ।
विद्यन्ते तात्विकायस्यां साजातिर्महती मता ॥१३॥

अर्थः—प्राणी सयम तथा इन्द्रिय संयम दो प्रकार के है तथा नियम, यम ये भी उभययुक्त हैं तथा शील के अठारह हजार भेद होते है और तप के बारह भेद अन्तरग छह प्रकार के और बहिरंग के छह मिलकर कुल १२ होते है। दान-चार प्रकार के है आहार दान, अभय दान, शास्त्र दान तथा औषध दान। दमो अर्थात् पचेन्द्रिय निग्रह कर अपने वश मे रखना चाहिये। दया—सब प्राणीमात्र पर करना ही आवश्यक है जिनके दिल मे ये समस्त गुण रहेगे तो उनकी ही जात श्रेष्ठ मानी जायगी।

महापाप प्रकर्ताऽपि प्राणी श्री जैनधर्मतः।
भवेत् त्रैलोक्य संपूज्यो धर्मात्किं भो परं शुभम् ॥१४॥

अर्थ —महापाप करने वाला प्राणी यदि जैनधर्म मे रत होगा तो वही त्रैलोक्य पूज्य तीर्थंकर प्रभु हो जायगा ? हे प्राणीगण हो! धर्म से उत्कृष्ट इस जगत् मे क्या होगा।

गुणैरिहस्थान च्युतस्यापि जायते महिमा महान्।
अपि भ्रष्टं तरोः पुष्पं न कैः शिरसि धार्यते ॥१५॥

अर्थ.—इस ससार मे यदि मनुष्य कर्मवश गुणो से रहित होगा तो भी उसके महिमा की श्रेष्ठता पैदा होगी। अर्थात् नष्ट भ्रष्ट हुये वृक्ष द्वय से क्या कोई महाशयो के द्वारा अपने मस्तक के अग्र भाग पर पुष्प धारण नहीं किये जायेगे।

धैर्यं यस्य पिता क्षमा च जननी शान्तिश्चिरंगेहिनी।
सत्यं सूनुरयं दया च भगिनी भ्रातामनः संयमः॥
शय्याभूमि तलं दिशोऽपिवसनं ज्ञानामृतं भोजनम्।
ह्येते यस्य कुटुम्बिनो वदसखेकस्माद्भयं योगिनः॥१६

अर्थ—जिस योगी का धैर्य ही पिता है और क्षमा ही माता है तथा शान्ति रूपी स्त्री बहुत काल तक रहने वाली है सत्य भाषण ही पुत्र तथा दया बहन है और मन का सयम भाई है। पृथ्वी का तल भाग ही बिछाई और दश दिशाएँ वस्त्र हैं तथा ज्ञानामृत भोजन, से ये सब जिनके परिवार होंगे। सखे ? कहिये! योगी लोगो को किससे भय प्राप्त हो सकेगा ?

कलि प्रावृषि मिथ्यादिङ्मेघच्छन्नासु दिक्ष्विह।
खद्योतवत्सुदेष्टारो हा द्योतन्ते क्वचित्क्वचित् ॥१७॥

अर्थः—इस कलिकाल रूपी वर्षा काल में दश दिशाएँ मिथ्यात्व रूपी बद्लो से व्याप्त हो गई है। जुगुने कीटकके माफिक सदुपदेश देने वाले योगिराज कई-कई स्थानो में प्रकाशित होगे दुःख है।

तिथिपर्वोत्सवाः सर्वेत्यक्तायेन महात्मना।
अतिथिं तं विजानीयाच्छेषमभ्यागतं विदुः ॥१८॥

अर्थ – अष्टमी, चतुर्दशी, पर्व वगैरह उत्सव जिन महात्माओ ने संपूर्णतः त्याग किया है उनको ही अतिथि (साधु) समझ लेना चाहिये। और इनसे व्यतिरिक्त अपने घर आये हुओ को सगे सम्बन्धी के रूप मे मानना चाहिये।

देवागमनभोयान चामरादि विभूतयः।
मस्करिष्वपि दृश्यन्ते नातस्तो नो महान् ॥ १६

अर्थः—हे भगवन् ? चतुर्णिकाय देवों के शुभागमन तथा इन्द्रो के आकाशवाहन और चौसठ चमरादिक विभूतियां ये सब मस्करीयो मे भी देखे जाते है अतः आप हम लोगो से बड़े नहीं है। किन्तु इन लोगो से व्यतिरिक्त आप मे अनन्त चतुष्टय होने से हमारा मस्तक आपके चरणो मे झुक जाता है। इससे आप हमसे बड़े है।

चातुर्वर्ण्यव्यवस्थानं यस्मिन्देशे न विद्यते।
म्लेच्छदेश स विज्ञेयः आर्यावर्त स्ततःपरम् ॥२०

अर्थ.—जिस देश मे चार प्रकार के वर्णाश्रम (ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्रम, वानप्रस्थाश्रम तथा सन्यासाश्रम) की व्यवस्था नहीं देखी जाती है वह देश म्लेच्छ ही समझना चाहिये। और आर्य खण्ड उससे पर है।

समन्तभद्रो भद्रार्थो भातुभारतभूषणः।
अवटुतटमटझटिति स्फुट वाचाट
धूर्जटेर्जिह्वा, समन्तभद्रेस्थित-
वतिसति का कथा अन्येषाम् ॥ २१ ॥

अर्थः—भगवान् समन्तभद्राचार्य वीर शासन का प्रचार करने मे सर्वत्र समर्थ होने से इस भारतवर्ष के वे भूषणास्पद होवे। इनके विषय मे अन्य एकान्त वादियो के हालत के रूप मे कहते है कि, जिस समय वादरूपी मैदान मे वादियो का प्रवेश होता था उनके मुँह से स्पष्ट वाचा वाहर नहीं निकल सकती थी। अर्थात् उनकी जवान समर्थ न

होकर भीतर ही घुस जाती थीं। अर्थात् समन्तभद्र रूपी सिंह गर्जना सुन कर वादि रूपी गज (हाथी) वहां से भाग जाते थे उनकी क्या कथा।

रे-रे चातक! स्याद्वादवनगजकेसरी नेमिचन्द्रः
समायाति पलायध्वं पलायध्वम् ॥ २२ ॥

अर्थ —अरे रे वादिजन हो! स्याद्वाद करने में चतुर तथा जंगली हाथियो के लिये सिंह के समान ऐसे नेमिचन्द्र प्रभु का आगमन हो रहा है अतः तुम लोग यहाँ से जल्दी भागो-भागो।

नमः श्रीसमन्तभद्राय महतेकवि वेधसे।
यद्वचो वज्रपातेन निर्भिन्नाःकुमताद्रयः ॥ २३ ॥

अर्थः—भगवान् समन्तभद्राचार्य को मै (जिनसेन) नमोऽस्तु करता हूं। क्योंकि महान् कवि होने से जिनके वचन रूपी वज्रपात से बड़े बड़े मिथ्यारूपी पर्वतो के (वादियो के) टुकड़े-टुकड़े हो जाते थे।

आसन्नभव्यता कर्म हानिसञ्ज्ञित्वशुद्धिभाक्।
देशनाद्यस्तमिथ्यात्वो जीवःसम्यक्त्वमश्नुते ॥२४

अर्थः—अर्थात् कतिपयभव प्राप्य निर्वाण पद इति आसन्न भव्य', कम से कम दो तीन भव, अधिक से अधिक सात आठ भव ग्रहण कर मोक्ष प्राप्त कर लेना इसका नाम आसन्न भव्य है। सप्त प्रकृतियो की हानि करने की योग्यता रखना तथा शिक्षा, क्रिया, उपदेश, वार्तालाप करने योग्य मन सहित सञ्ज्ञित्व की आवश्यकता और परिणामो की निर्मलता रखना। काल लब्धि के अनुसार तीर्थंकरादिको के सदुपदेश मिलने से, अनादि ऐसे मिथ्यात्व के अभाव हो जाने से ऐसे शुभावसर मे जीव सम्यक्त्व प्राप्त करेगा।

धर्मः सम्यक्त्वमात्रात्मा शुद्धास्यानुभवोऽथवा।
तत्फलं सुखमत्यक्षमक्षयंक्षायिकं च यत् ॥२५॥

अर्थ.—धर्म का लक्षण अर्थात् सम्यक्त्व इससे युक्त सम्यग्दृष्टि का पवित्रात्मा अथवा आत्मा का शुद्धानुभव प्राप्त होगा, उसका फल अतीन्द्रियात्मक शाश्वत सुख या क्षायिक सम्यक्त्व माना गया है।

अनुकम्पाकृपाज्ञेया सर्वसत्त्वेष्वनुग्रहः।
मैत्रभावोथमाध्यस्थ्यं निःशल्यं वैरवर्जनात् ॥ २६

अर्थः— [illegible]

[illegible]

उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः ।
न हि सिंहस्य सुप्तस्य प्रविशन्ति मुखेमृगाः ॥३१

अर्थ'—मनुष्य के उद्योग करने से ही कार्य सिद्धहोजाते है किन्तु मनोराज्य करने मात्र से नहीं हो सकते। जैसे सोया हुआ सिंह के मुख मे प्राणीगण अर्थात् पशु प्रवेश नहीं कर सकते है वैसे धन्दा किये बिना कार्य नहीं हो पाते है।

एकाकी निष्पृहस्य शान्तः पाणिपात्रो दिगम्बरः।
कदाप्रभो भविष्यामि कर्मनिर्मूलनक्षमः ॥३२॥

अर्थः—मै अकस्मात् निष्पृह, शान्त होकर कब हस्तरूपी पात्र मे आहार कर दिगम्बर साधु हो जाऊँगा और कब भगवान् हो जाऊँगा कि अष्ट कर्मों का विध्वंस करने मे समर्थ हो जाऊँगा ऐसे मिथ्या साधु की सेवा करते समय भर्तृहरि विचार करता था।

हस्तिस्नानमिवसर्वमनुष्ठानमनियमितेन्द्रियमनोवृत्तीनाम् ।
दुर्भगाभरणमिवदेहखेदावहमेवज्ञानं स्वयमनारतश्च ॥ ३ ३

अर्थः—हाथी के स्नान के समान ही अमर्यादातीत पचेन्द्रिय तथा मन के किये हुये समस्त चंचल भूत आचरण बेकार माने गये है। क्योकि, शोभा रहित ऐसे दौर्भाग्ययुक्त आभूषण के समान देह के अनन्त परिश्रम सहन करते हुये भी मनुष्य विचार करता है कि, मै ही स्वयं ज्ञानी हूँ इस प्रकार अभिमानी होकर निरन्तर दुःख उठाता है। अतः इन्द्रिय तथा मन से तप होगा।

यदि वहति च दण्डं नग्नमुण्डं करण्डम् ।
यदि वससि गुहायां वृक्षमूले शिलायाम् ॥३४॥

अर्थः—यदि शिक्षा को प्राप्त हो जावोगे तो नग्न होकर मुण्डन केशलोच करो। यदि गुहा मे रहोगे अथवा झाड़ के नीचे या शिला पर बैठकर ध्यान करोगे।

यदि पठसि पुराणं वेद सिद्धान्त तत्त्वम् ।
यदि हृदयमशुद्धं सर्वमेतन्नकिञ्चित् ॥ ३५ ॥

अर्थ.—यदि तुम समझकर तथा सिद्धान्तयुक्त तत्व और पुराण पढ़ोगे ? अथवा तुम्हारा दिल यदि अशुद्ध होगा तो सब ही पठन-पाठन करना बेकार हो जायगा।

अविचार्यंकृतेकर्मणि यत्पश्चात्प्रतिविधानम् ।
गतोदके सेतुबन्धनमिवविफलं भवतिकार्यम्॥३६

अर्थः—यदि अविचार पूर्वक किये गये कार्यों से बाद मे विचार उपस्थित होगे तो बाढ़ उतरने के पश्चात् पुल बांधने के समान कार्य विफल हो जायेगे ।

शुभ भावोमनुष्याणां यदापापे प्रवर्तते ।
पापोवाथ शुभेतस्य तदनिष्टं शुभं भवेत् ॥३७॥

अर्थ —यदि मनुष्यों का शुभभाव पाप कार्य मे प्रवेश करेगा तो पापयुक्त अशुभ-भाव ही शुभ होने लगेगा । और उनका अनिष्ट भी शुभ हो जायगा ?

नरत्वेऽपि पशूयन्ते मिथ्यात्वग्रस्त चेतसः ।
पशुत्वेऽपि नरायन्ते सम्यक्त्व व्यक्तचेतनाः ।३८

अर्थः—मिथ्यात्व की वजह से जिनके चित्त आसक्त हो गये है, और मनुष्य होने पर भी पशु के समान आचरण कर रहे है वे केवल पशु ही है। तथा पशु होते हुये भी जिनके मन सम्यक्त्व से विशुद्ध हुये हैं वे मनुष्य ही है ।

शैले शैले न माणिक्यं मौक्तिकं न गजे गजे ।
नहि साधवो सर्वत्र न चन्दनं वने वने ॥३९॥

अर्थः—प्रत्येक पहाड़ो के मस्तक (शिखर) पर माणिक्य रत्न नहीं मिलेगा और हरेक हाथियो के मस्तक से मोती नहीं मिल सकेगा। तथा साधु विरले ही होगे और सभी जगलो मे चन्दन वृक्ष नहीं मिल सकेंगे ।

सुररत्न हारो न च मर्कटस्य पक्वान्नाहारो न च गर्दभस्य ।
अन्धस्य नृत्यं वधिरस्य गीतं मूकस्य वार्ता न च प्रयोजनम् ॥४०

अर्थः—यदि बन्दर के गले मे देवो पुनीत रत्न हार पहना जायगा तो शोभा आ सकेगी तथा षड् रसमय पच पक्वान्न युक्त आहार गधे को खिलवाया जायगा तो क्या लाभ होगा ? और जन्मता से जो अन्धा है उसके सामने नृत्य हो जायगा तो क्या प्रयोजन होगा और मूक मनुष्य से भाषण किया जाय तो क्या लाभ होगा ।

गुरुऽज्ञानान्धकार रु शब्दस्तन्निपेधकः ।
अज्ञानान्धकार निरोधित्वान्गुरुरित्यभिधीयते ॥४१॥

अर्थः—'गु' शब्द से अज्ञान अन्धकार लिया है और 'रु' शब्द से उसका निषेध किया गया है इसलिये अज्ञानांधकार का निरोध होने से उनको गुरु इस अन्वर्थक नाम से कहा है।

करणेन विना ज्ञानं संयमेन विना तपः।
सम्यक्त्वेन विना लिंगं क्रियमाणमनर्थकम् ॥४१॥

अर्थः—ससारी जीवों को इन्द्रियो के अलावा ज्ञान नहीं पैदा होता है। तथा संयम के विना तपश्चर्या नहीं होती है और सम्यक्त्व के बिना जिनलिग ग्रहण करना भी अनर्थकारक है।

शब्दात्पदप्रसिद्धिः पद सिद्धेरर्थ निर्णयो भवति।
अर्थात्तत्वज्ञानं तत्वज्ञानात्परं श्रेयः इति ॥४२॥

अर्थः—शब्द से पद की सिद्धि होती है और पद सिद्धि होने से अर्थ निर्णय होता है तथा अर्थ निर्णय से तत्व ज्ञान होता है और तत्व ज्ञान से परमोत्कृष्ट पुण्य पैदा होता है।

तुरग शत सहस्रं गोकुलं भूमि दानम्।
कनकरजतपात्रं मेदिनी सागरान्ता ॥४३॥

अर्थ.—लाखो के संख्या मे घोड़े दान मे दिये जाय, तथा अनेक गायो को और भूमियो को भी दान देने से या सुवर्ण, चांदी के बर्तन देने से और समुद्र तक पृथिवी देने से भी अन्न दान के समान नहीं हो सकते है।

संसारोत्तरणे विवेकपटुता यस्यास्त्यसौ पण्डितः।
तत्त्वं शाश्वतनिर्मलं च सनयं जानात्यसौ पण्डितः ॥४४॥

अर्थ.—ससार समुद्र तरने में, विवेक चातुर्य वगैरह गुण जिस मनुष्य मे होगे वे ही पडित होगे तथा तत्व ज्ञान, शाश्वत सुखेच्छा, निर्मल परिणाम और नय का स्वरूप अच्छे जानेगे वे ही पडित कहने योग्य होगे।

शेपाकाम विडम्बिता विपयिणः सर्वेजनाखण्डिताः।
यःसत्पात्र सुभुक्तिशेपममृतं भूञ्जीत तस्यानिशम् ॥४५॥

अर्थः—इसके अलावा जितने भी गुण होगे तो आडम्बर मात्र होगे और पंचेन्द्रियजन्य विषय वीर लोगो के द्वारा त्याग किये गये है। जो सुपात्र दान देकर शेष अमृतप्रायान्न का सेवन करेगा उसका ही जन्म सफल होगा।

तुष्टिःपुष्टिररोगताति बलता दीर्घायुरंहः क्षयः।
योऽन्तस्तपस्यथाविघटनं जानात्यसौ पण्डितः॥४६॥

अर्थः—सन्तोष, आरोग्यता, शरीरसामर्थ्यता, अतिशय आत्म बलता, दीर्घायुष्यता ये सब गुण पाप क्षय करने योग्य है और जो अन्तरग मलिनता को आत्मा से दूर करेगा वही आत्मानुभवी पंडित हो सकता है।

समुद्राणां वडवाग्निभयं पादपानां मारुतभयम्।
पृथिवीनां भूकम्पभयं साधूनां दुर्जन भयम्॥ ४७॥

अर्थः— सागरो को हमेशा वड़वाग्नि का डर रहता है तथा वृक्षो को तूफान का भय रहता है, और भूमि को भूकम्प होने का भय रहता है तथा साधुओ को दुर्जन का डर रहता है।

यतीनां कोप चाण्डालः पक्षीनां काक चाण्डालः।
पशूनां गर्दभ चाण्डालःसर्वेषु चाण्डालो निन्दकः॥४८

अर्थः—यतियो को क्रोध पैदा होना यह चांडाल है तथा पक्षियो मे कव्वा चांडाल है। पशुओ मे गधा चांडाल है, किन्तु सब से चांडाल निन्दक कहलाता है।

परपरिभवपरिवादादात्मोत्कर्षाच्च वध्यते कर्म।
नीचैर्गोत्रं प्रतिभवमनेकभवकोटि दुर्मोचम्॥४९॥

अर्थः—पर निन्दा अर्थात दूसरो को तुच्छ समझ कर उनकी निन्दा करने से तथा अपने को श्रेष्ठ ज्ञात कर अपनी प्रशसा करने मात्र से कर्म वांधता है। उस मनुष्य को नीच गोत्र का वध होकर करोडो भवो तक अत्यन्त दु ख देता है।

कायस्थित्यर्थमाहारः कायो ज्ञानार्थमिष्यते।
ज्ञानं कर्म विनाशाय तन्नाशे परमं सुखम्॥५०॥

अर्थ.—शरीर स्वास्थ्य के लिए आहार ग्रहण किया जाता है तथा शरीर से ज्ञानार्जन किया जाता है और ज्ञान से कर्म का विध्वस किया जाता है तथा कर्म का नाश होने से उत्कृष्ट मोक्ष सुख प्राप्त हो जाता है।

आद्यो जिनो नृपः श्रेयान् वृत्तदानादि पुरुषौ।
येतदन्योन्य सम्बन्धाद्धर्मस्थितिरभूदिह ॥५१॥

अर्थः—प्रथम अर्हन्त भगवान् श्रेष्ठ है पश्चात् चक्रवर्ति सम्राट राजा। तथा चारित्र, दान, पूजा वगैरह पुरुषो मे होगे तो श्रेष्ठ हो सकते है। इनके परस्पर के सम्बन्ध से इस संसार मे धर्म स्थिर रह सकता है।

भव्येन भक्तितः कृत्वा मौनं नियत कालिकम्।
जिनेन्द्र प्रद्वारे देया घंटिकासमहोत्सवम् ॥५२॥

अर्थ—भव्य जीव सातिशय भक्ति से काल स्थिति के मर्यादारूप मौन व्रत धारण कर श्रीजिनमन्दिर के महाद्वार अर्थात् दरवाजे मे महोत्सव सहित स्वशक्तिप्रमाण जय घटिका बांधनी चाहिए।

श्रीमत्पुण्यमिदं जगत्सुखकरं साम्राज्य लक्ष्मीधरम्।
देवेन्द्रैरपिवन्दितं भवहरं कर्माष्टकाष्टाहुतिम् ॥
पापतापहरं हरिकुलतरं अरिष्ट नेमीश्वरम्।
घाति क्षयकरं अघाति रहितं तं वन्दे नेमिजिनम् ॥५३

अर्थः—अन्तरग लक्ष्मी तथा बहिरग लक्ष्मी सहित यह पुण्य तीन लोक के लोगो को सुखकारक होकर तीर्थंकर प्रभु के साम्राज्यरूपी लक्ष्मी को धारण करने वाला है। तथा जिनके चरण युगल देवेन्द्रो से भी वदित है और संसार नाशक होकर अष्टकर्म रूपी इंधन को जलाने वाले है। ऐसे भव्यजनो के सन्ताप को दूर करने योग्य तथा हरिवश को तारने वाले अरिष्ट नेमीश्वर भगवान् घातिकर्म रहित और अघाति कर्म सहित ऐसे नेमिनाथ तीर्थंकर को मै नमोऽस्तु करता हूँ।

यस्य प्रसादाज्जिनधर्मप्राप्ताधर्मेणजाताकुरुभूमिसौख्या।
चिन्तामणीप्राप्तस्वर्गापवर्गा सम्प्राप्तप्रजापालभवन्तिलोकाः ॥५४॥

अर्थः—जिसके प्रसाद से जिनधर्म प्राप्त हुआ और धम से भोगभूमि सौख्य मिल गया। तथा चिन्तामणी रत्न से स्वर्ग और मोक्ष मिल गये और राजा लोगो के द्वारा प्रजा यथायोग्य पालन-पोषण की गई।

श्रीमज्जिनेन्द्रसाकल्यरूपधारि मुनीश्वरान्।
सत्कृत्यदत्तमन्नादि दानमुत्तममीरितम् ॥५५॥

अर्थः—भगवान् जिनेन्द्र देव के जिनलिंग को ग्रहण करने वाले मुनीश्वर उत्तम-पात्र हैं। अत नवधाभक्तियुक्त सप्तगुणो से सुशोभितः होकर आहार दान देना यह उत्ताम दान कहलाता है।

दत्तं मध्यम पात्राय दानं मध्यममुच्यते।
द्रव्यं जघन्यपात्राय जघन्यं दानमिष्यते ॥५६॥

अर्थः—तथा मध्यमपात्र को दिया हुआ आहार दान मध्यम कहा जाता है और जघन्यपात्र को दिया आहार जघन्य ही कहलाता है।

जिनधर्मजगद्बन्धुमनुबद्धुमपत्यवत्।
यतीन् जनयितुं यस्येत्तथोत्कर्षयितुं गुणैः॥५७

अर्थः—जैनधर्म यह त्रैलोक्य का भाई है इसका पूर्व परम्परा से अस्तित्व रखने के लिये जिस प्रकार गृहस्थ अपना वंश चलाने के लिये सन्तान पैदा करते हैं। उसी प्रकार मुनियो को निर्माण करना और उनके गुण बढ़ाने के लिये गृहस्थो को दीक्षा देकर यतियो को उत्पन्न करना चाहिए।

प्राणान्तेऽपि न भंक्तव्यं गुरु साक्षिश्रितं व्रतम्।
प्राणान्त स्तत्क्षणे दुःखं व्रत भङ्गो भवे भवे ॥५८॥

अर्थः—देव, गुरु तथा शास्त्र के समक्ष ग्रहण किया हुआ व्रत प्राण चले जाने के अवसर मे भी उसका भंग नहीं करना चाहिये। क्योंकि, प्राणान्त होने से उसी समय ही दुःख होगा किन्तु व्रत भग होने पर जन्म जन्मान्तर मे भी कर्म का फल भोगना अनिवार्य होगा।

शीलवान् महतां मान्यो जगतामेक मगडनम्।
सः सिद्धः सर्वशीलेु यः सन्तोपमधिष्ठितः ॥ ५६॥

अर्थ.--शीलवान् पुरुष स्वर्गीय इन्द्रादिको से भी माना जाता है और दुनिया के लोगो से भूषणभूत है। समस्त शीलो मे सन्तोषरूपी शील श्रेष्ठ कहलाता है। जो मनुष्य सन्तोष को प्राप्त करेगा वही सबसे योग्य माना जायगा।

सत्वेषुमैत्रिं गुणिषु प्रमोदं, क्लिष्टेषु जीवेषु कृपा परत्वम्।
माध्यस्थ भावं विपरीत वृत्तौ, सदाममात्मा विदधातुदेव ॥६०॥

अर्थः—समस्त प्राणियो से मैत्री भाव रखना तथा गुणीजनो को देखकर आनदित हो जाना। और दु'खी जीवो पर कृपा भाव रखना एव विपरीत वृत्ति को अवलोकन कर औदासिन्य भाव रखना। इस प्रकार करने से मेरा आत्मा हमेशा के लिये देव हो जावेगा।

त्रैकाल्यं द्रव्य षट्कं नवपद सहितं जीव षट्काय लेश्याः।
पञ्चान्ये चास्ति काया व्रत समिति गति ज्ञान चारित्र भेदाः॥
इत्ये तन्मोक्षमूलं त्रिभुवन सहितं प्रोक्तमर्हद्भिरेभिः।
प्रत्येति श्रद्दधाति स्पृशति च मतिमान् यः सवै शुद्धदृष्टिः॥६१॥

अर्थः—तीन काल मे छह द्रव्य अर्थात जीव, अजीव, धर्म, अधर्म, आकाश, काल तथा जीव, अजीव, आश्रव, बन्ध, सवर, निर्जरा, मोक्ष, पुण्य तथा पाप सात तत्वो मे पुण्य, पाप ये दोनों मिलाने से नव पदार्थ हो जाते है। छहकाय अर्थात् पच स्थावर—पृथ्वी, अप, तेज, वायु और वनस्पति और एक त्रस जीव मिल जाय तो जीव षट्काय कहलाते है। तथा छह लेश्या—इस प्रकार—कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म तथा शुक्ल। और पच अस्तिकाय, बारहव्रत, पांच समिति, चार गति, पांच ज्ञान, तथा तेरह प्रकार के चारित्र इस प्रकार इन सबके भेद होते है। ये सब गुण मोक्ष के मूलभूत है और तीन लोक के अर्हन्त भगवान् ने द्रव्यादिको का स्वरूप बतलाया है। इन सत्ताईस तत्वों पर जो जीव विश्वास रखता है, जानता है, आचरण मे लाता है, ऐसे बुद्धिमान निश्चय से सम्यग्दृष्टि हो जाता है।

यदिच्छसि वशीकर्तुं जगदेकेन कर्मणा।
परापवाद शस्येभ्यो गां चरन्तीं निवारय॥६२॥

अर्थ.—यदि तुम इच्छा करोगे विश्व को एक ही नीति से वश करने के लिये तो परनिन्दास्पद निंद्य वचन रूपी गाय को अर्थात् दूसरो के फसल को चरने वाली पिशाच को रोक लेवे। तब ही विश्व तुम्हारे वशीभूत हो सकेगा।

धर्म तीर्थकरेभ्योऽस्तु स्याद्वादिभ्यो नमोनमः।
ऋषभादि महा वीरान्तेभ्यः स्वात्मोपलब्धये ॥६३॥

अर्थः—धर्म तीर्थकरो को तथा स्याद्वादियो को मेरा नमोऽस्तु हो अर्थात् वृषभ तीर्थकर से वीर तक चोवीसो को स्वानुभव प्राप्त करने के लिये भाव नमोऽस्तु करता हूं।

मातृवत् परदारेषु पर द्रव्येषु लोष्टवत्।
आत्मवत् सर्व भूतेषु यो जानाति स पण्डितः ॥६४॥

अर्थः—माँ के समान पर स्त्री मे भाव रखना तथा दूसरो के ऐश्वर्य मे मिट्टी के ढेर के समान भाव रखना चाहिये। और अपनी आत्मा के माफिक समस्त प्राणिमात्र मे भाव रखना ऐसा जो करेगा वही पण्डित होगा।

सुखमाल्हादनाकारं विज्ञानं मेय बोधनम्।
शक्तिःक्रियानुमेयास्याद् यूनः कान्ता समागमे ॥६५॥

अर्थः—सुख यह वस्तु आनन्द कारक है तथा ज्ञान यह ज्ञेय वस्तु को जानने योग्य है। और शक्ति क्रियाकाण्डानुसार चाहिये जैसे जवान पुरुष अपनी स्त्री के साथ समागम (सेवन) करने के लिये उत्साहित रहता है।

साधूनां द्वेषकाः पापामिथ्यादर्शन संगता।
रौद्रध्यानमृताजीवा गच्छन्ति नरकं ध्रुवम् ॥६६॥

अर्थः—दिगम्बर साधुओ के साथ रागद्वेष करने वाले पापीजन नियम से मिथ्या दृष्टि हो जाते है। तथा रौद्र ध्यान से मरने वाले जीव निश्चय से नरक जाते है।

अर्हत्सिद्धमुनिभ्यो योनमस्यां कुरुते जनः।
स परीत भवो ज्ञेयः सुशासनजन प्रियः ॥६७॥

अर्थ—अर्थात् जो लोग अर्हन्त भगवान्, सिद्ध भगवान् तथा मुनियों को नमोऽस्तु करते है वे आसन्न भव्य ही है क्योंकि वीर भगवान् का शासन अच्छे रीति से समझ गये है।

उपवासं चतुर्दश्यामष्टम्यां च सुमानसाः।
सेवन्ते तेन वन्धन्ति चिरमायुस्त्रिविष्टपे ॥६८॥

अर्थ'—महीने के दो अष्टमी तथा दो चतुर्दशी पर्व के दिन व्रती सज्जन उपवास करेंगे तो स्वर्ग मे चिरकाल तक उत्कृष्ट आयु बांधकर कल्पवृक्ष का सुख सागरोपमकाल तक भोगते रहेंगे।

स्याद्वाद केवलज्ञाने सर्व तत्व प्रकाशने।
भेदः साक्षा दसाक्षाच्च ह्यवस्त्वन्यतमं भवेत् ॥६९॥

अर्थ—स्याद्वाद तथा केवलज्ञान ये दोनो जीवादिक सात तत्त्वो को प्रकाशित करने मे समर्थ है। इन दोनो मे परस्पर भेद है अर्थात् प्रत्यक्षत्व तथा परोक्षत्व किये गये साक्षात् तथा असाक्षात् इन उभयो मे सामान्यापेक्षया एकतरज्ञान होने पर भी अन्यतर शब्द का प्रयोग किया गया है। तथा ज्ञान नहीं है क्योंकि, इनमे अवस्तुत्वात् इस प्रकार हेतु होने से ऐसा भी अर्थ प्रसिद्ध होता है। अर्थात् साक्षात् सर्वद्रव्य पर्यायों को केवली जानते ही है किन्तु आगम से नहीं अर्थात् आगमज्ञान ही परोक्ष होने पर इस लोक मे असाक्षात् शब्द आया है।

अभ्युत्थानमुपागते गृहपतौ तद्भाषणे नम्रता।
तत्पादार्पित दृष्टि रासन विधौ तस्योपचर्या स्वयम् ॥७०॥

अर्थः—अपने पतिराज के उठने के प्रथम ही आप उठ जाना चाहिये। और पति के भाषण मे अपनी नम्रता रखनी चाहिये। तथा उनके चरण कमल की तरफ दृष्टि रक्खे और पतिराज विराजमान होजाने पर स्वयमेव उनकी सेवा करनी चाहिये।

सुप्ते तत्र शयीत तत्प्रथमतो जह्याच्च शय्यामिति।
प्राज्ञैः पुत्रि निवेदिताः कुलवधू सिद्धान्त धर्मा इमे ॥७१

अर्थः—तथा पतिराज सोजाने के बाद आप सोना और उनके उठने के पहले ही अपनी शय्या का त्याग करना चाहिये। हे पुत्री। सीतादेवी को सम्बोधन कर राजा-जनक कहते है कि, बुद्धिमान् लोगो ने इस प्रकार कुल स्त्री के सैद्धान्तिक धर्म बतलाये हैं इसलिये आप ग्रहण करे।

भव्यः किं कुशलं ममेति विमृशन्दुःखाद् भृशं भीतिवान्।
सौख्यैषी श्रवणादि बुद्धि विभवः श्रुत्वाविचार्य स्फुटम् ॥७२॥

अर्थ—हे भव्य। क्या आपका कुशल है? और मेरा भी कुशल है इस प्रकार विचार करने वाले मनुष्य सांसारिक जन्म, जरा, मरण के दुःखो से भयभीत होते है।

शास्त्र श्रवणादिको से एवं बुद्धि वैभवो से सौख्य होगा सुनकर विचार चतुराई से यथा-योग्य कार्य करना होगा ।

धर्मं शर्मकरं दयागुणमयं युक्त्यागमाभ्यां स्थितम् ।
गृहन्धर्मकथा श्रुतावधि कृतः शास्यो निरस्ताग्रहः ॥७३॥

अर्थः—जिनधर्म यह सुखकारी है तथा दयागुण से युक्त है और युक्ति, आगम से स्थित है। तथा धर्म कथा ग्रहण करने वाला और शास्त्र श्रवण कर नियम से रहने वाला गृहस्थ ही दूसरो पर अपना शासन चलाकर निरभिमानी हो सकता है ।

श्रूयतां धर्म सर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम् ।
आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत् ॥७४॥

अर्थः—अर्हन्त भगवान् से प्रतिपादित जिनधर्म सुनना चाहिये और सुनकर ग्रहण करना चाहिये। अपने से प्रतिकूल दूसरो से नहीं आचरण करवाना चाहिये ।

प्राणा यथाऽऽत्मनोऽभीष्टा भूतानामपि ते तथा ।
आत्मौपम्येन भूतानां दयाकुर्वीत मानवः ॥७५॥

अर्थः—जिस प्रकार अपने को दशप्राण इष्ट है तथा परजीवो को भी इष्ट है और आत्मायुक्त प्राणियो पर मनुष्यो को अवश्य दया करनी ही चाहिये अन्यथा दया बिना धर्म कैसे रहेगा ।

परमाणुभिरनन्तैर्वर्गणा संज्ञाहि भवत्येकाहि ।
ताभिरनन्तैर्नियमात् समयप्रवद्धो भवेदेकः ॥७६॥

अर्थः—अनन्त परमाणुओ की एक वर्गणा होती है। और अनन्त वर्गणाओं का नियम से एक समय प्रवद्ध होता है।

सर्वासामेव शुद्धीनां शील शुद्धिः प्रशस्यते ।
शील शुद्धि विशुद्धानां किंकरास्त्रिदशा नृणाम् ॥७७॥

अर्थः—समस्त शुद्धियो मे शील की शुद्धि ही योग्य मानी गई है। जिनकी शील शुद्धि अत्यन्त विशुद्ध है ऐसे मनुष्यो के देव भी सेवक वन जाते है।

गुणान्वितानिर्मलवृत्तमौक्तिका नरोत्तमैः कण्ठविभूषणी कृता ।
न हारयष्टिः परमेव दुर्लभा समन्तभद्रादि भवा च भारती ॥ ७८ ॥

अर्थ —डोरियो से ग्रथित तथा निर्दोष मोतियो का हार उत्तम मनुष्यों के द्वारा अपने गले मे ग्रहण किया जाता है। किन्तु यह हार की माला मनुष्यो को दुर्लभ नहीं है भगवान् समन्तभद्राचार्य की भारती (वाणी) ही अत्यन्त दुर्लभ है।

अद्यापि त्रिरत्नशुद्धा आत्मानं ध्यात्वालभन्ते इन्द्रत्वम्।
लौकान्तिक देवत्वं ततश्च्युत्वा निवृ‍र्तिं यान्ति ॥७६॥

अर्थ'—आजकल भी रत्नत्रय सम्पन्न होकर आत्मानुभव से इन्द्र पद को प्राप्त होते है। और लौकान्तिकदेव होकर वहाँ से मनुष्यभव मे आकर मोक्ष जाते है।

विषय विरक्तः श्रमणः षोडशवरकारणानि भावयित्वा।
तीर्थंकर नाम गोत्र कर्म बध्नाति अचिरेणकालेन ॥८०॥

अर्थ —विषयो से विरक्त साधु षोडशकारण भावना भाकर केवलीपादमूल मे तीर्थंकर नाम गोत्र शीघ्र ही प्राप्त कर लेते है।

स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः, पिबन्ति नाम्भः स्वयमेवनद्याः।
धाराधरो वर्षतिनात्महेतोः परोपकाराय सतां विभूतयः ॥८१॥

अर्थः—वृक्ष स्वयमेव फल नहीं खाते है किन्तु दूसरो के सेवन मे आते है तथा नदियाँ भी जल पीती नहीं है लेकिन अन्य प्राणिया के एव फसलो के लिये उसका सदुपयोग किया जाता है। मेघ भी अपने लिये नहीं वृष्टि करते है अर्थात् दूसरो के लिये ही करते है। इसी प्रकार सज्जन लोगो का ऐश्वर्य भी परोपकार करने के लिये ही उपयोग मे लाया जाता है।

नरपति हितकर्ता द्वेष्यतां यातिलोके,
जनपदहितकर्ता त्यज्यते पार्थिवेन्द्रैः।
इति महति विरोधे वर्तमाने समाने,
नृपति जनपदानां दुर्लभः कार्यकर्ता ॥८२॥

अर्थ —राजा हित करने वाला होकर लोकव्यवहार मे द्वेष्यता को प्राप्त होता है इस श्लोक मे विरोधाभासालकार है राजा के द्वारा प्रजाहित कर्तापन कैसे त्याग किया जायगा। इस प्रकार महान् विरोध उपस्थित होने पर प्रजापालक हितकारक राजा होना अत्यन्त मुष्किल होगा।

नासौ जयी जितो येन नक्रव्याल मृगाधिपाः ।
जितं तेनैव येनेह दान्तो मार स्त्रिलोकजित् ॥८३॥

अर्थः—यह न विजयी होगा तथा नहीं जीतेगा जिससे मामूली पशुओं का राजा हो सकेगा ? वही पुरुष जीत सकेगा कि, जिसने कामरूपी शत्रु को जीत लिया है वही तीन लोक को जीतकर विजयी होगा ।

प्रथमे नार्जिता विद्या द्वितीये नार्जितं धनम् ।
तृतीये नार्जितं पुण्यं चतुर्थे किं करिष्यति ॥८४।

अर्थः—बाल्यावस्था मे विद्यार्जन नहीं किया और जवानावस्था मे द्रव्य नहीं कमाया । तथा मध्यमावस्था मे पुण्योपार्जन नही किया तो बुढ़ापावस्था मे मनुष्य क्या कर सकेगा ?

श्रोतव्याष्टसहस्री श्रुतैःकिमन्यैः सहस्रसंख्यानैः ।
विज्ञायेत ययैव स्वसमय पर समय सद्भावः॥८५॥

अर्थ.—विद्यानन्द्याचार्य रचित अष्टसहस्री अवश्य सुनना चाहिये इसके अलावा हजारो शास्त्र सुनने से क्या प्रयोजन ? जिससे जाना जाता है कि, स्वसमय तथा पर-समय का सद्भाव ।

ध्यानेन शोभते योगी संयमेन तपोधनः ।
सत्येन वचसा राजा गेही दानेन शोभते ॥८६॥

अर्थ —योगिराज ध्यान से शोभते है तथा तपस्वी संयम से शोभते है । और राजा सत्य वचन से शोभता है तथा गृहस्थ दान से शोभता है ।

समीक्ष्य व्रतमादेयमात्तं पाल्यं प्रयत्नतः ।
छिन्नंदर्पात्प्रमादाद्वा प्रत्यवस्थाप्यमञ्जसा ॥८७॥

अर्थः—पूर्वा पर विचार करके व्रत ग्रहण करना चाहिये और ग्रहण किया हुआ व्रत को अत्यन्त प्रयत्न से पालन करना चाहिये । यदि गर्व से याप्रमाद मे भंग हो जाय तो तुरन्त ही प्रायश्चित लेकर पुनः पूर्ववत् निरतिचार पालन करना चाहिये ।

अथास्ति मगधेदेशे नगरं वहुभूतिकम् ।
धन दस्येव शोभाढ्यं तद्वारोपपदं गृहम् ॥८८॥

अर्थः—मगध नामक देश मे बहुत वैभव सम्पन्न राजगृह नगर विराजमान है वह अमरपुरी के समान काफी शोभा को पाकर धन, धान्यादिको से समृद्ध है।

सम्यग्दर्शन सम्पन्नः प्रतापाक्रान्त शात्रवः।
राजपूर्व गृहं राजा श्रेणिकः पाति शुद्ध धीः ॥८६॥

अर्थ—राजा श्रेणिक सम्यग्दर्शन से सहित है तथा अपने पराक्रम से समस्त शत्रुओ को जीत लिया है। इस प्रकार राजधानी शहर मे राज्य करते हुये शुद्ध सम्यक्त्व से शोभायमान हुआ है।

समन्तभद्रेणोत्सर्पिणी काले आगामिनी।
भविष्यत्तीर्थंकर परमदेवेन काले कल्प शतेऽपि च।६०

अर्थ.—भगवान् समन्तभद्राचार्य आगामी उत्सर्पिणी काल मे तीर्थंकर होगे और सैकड़ों कल्पकाल चले जाने तक अर्थात् अनन्तकाल सिद्ध होकर सिद्ध शिला पर विराजमान होंगे। ऐसा उल्लेख जैनागम मे पाया जाता है।

कृत्वा श्रीमज्जिनेंद्राणां शासनस्य प्रभावनाम्।
स्वर्मोक्षदायिनी धीरो भावि तीर्थंकरो गुणी ॥६१॥

अर्थ.—जिनेन्द्रदेव के शासन की प्रभावना कर और स्वग मोक्षदायक धीरवीर ऐसे सकल गुण सम्पन्न समन्तभद्राचार्य भविष्य मे नियम से देवपाल नामक तेईसवे तीर्थंकर होंगे।

दृग्विशुध्यादयो नाम्नस्तीर्थ कृत्वस्य हेतवः।
समस्ता व्यस्तरूपा वा दृग्विशुध्या समन्विताः ॥६२॥

अर्थ—दर्शन विशुद्धयादि सोलह भावना तीर्थंकर नामकर्म के कारण मानी गई है अतएव समस्त रूप से या विकल रूप से भाने पर भी तीर्थंकर गोत्र का बन्ध होगा।

अन्तमुहूर्तमपि लब्धविमुक्तमेकम्।
सम्यक्त्वरत्नमचिरेण विमुक्ति हेतुः ॥६३॥

अर्थः—अन्तमुहूर्त मे काललब्धि को पाकर एक जीवमुक्त हो जायगा और सम्यक्त्वरूपी रत्नजीव को अल्पकाल मे ही मुक्त करने के लिये कारण होगा।

रत्नत्रयस्य तु पवित्रि तमस्य लोके।
साक्षाद्भवप्रमथनस्य किमत्र वाच्यम् ॥६४॥

अर्थः—इस संसार में रत्नत्रय को ही पवित्रतम माना गया है क्योंकि, साक्षात् संसार का नाश करने में यह मुख्य कारण है इसलिये इस विषय में कहना ही क्या ?

वाक्यं त्रिकाल विषयार्थ निरूपणार्थमाकर्ण्य ।
कर्ण सुखमित्थमिनस्य भूपाः ॥ ९५ ॥

अर्थः—त्रिकाल में सुनने योग्य तथा विषय प्रतिपादन करने में कारणभूत वाक्य सुनकर इन्द्रिय जन्य सुख इस प्रकार का है ऐसे समझकर राजा लोग संसार से विरक्त होगये है।

कृष्णादयो हरिरवि प्रमुखाश्च देवान्नत्वा ।
जिनं स्वपदमीयुरुपात्ततत्वाः ॥ ९६ ॥

अर्थ.—कृष्ण, बलभद्र तथा हरि, रवि प्रमुख लोग भगवान् नेमिनाथ को नमोऽस्तु कर तथा जिनोदित तत्व सुनकर भगवान के समवशरण में प्राप्त हो गये है।

क्रोधान्धेन विधेर्वशेन नगरी द्वीपायनेनाखिला ।
बालस्त्री पशुबद्धलोककलिता द्वारा कुला द्वारिका ॥९७॥

अर्थ.—क्रोध से अन्धे तथा दैवाधीन होकर द्वीपायन मुनि ने समस्त द्वारकानगर (बालक, स्त्री, पशुबद्ध सकल प्राणी समुदाय युक्त) जलाकर भस्म किया।

मासैःषड्भिरशेषिता विलसिता संत्यज्य जैनं वचो ।
धिक् क्रोधं स्वपरापकार करणं संसार संवर्धनम् ॥९८॥

अर्थः—छह महीने बाकी रहे थे ऐसे अवसर में विहार करते हुये द्वीपायन मुनि भगवान का वचन पालन नहीं कर अत्यन्त क्रोधिष्ट होकर स्व और पर का अपकार करने वाला तथा ससार को बढाने वाला क्रोध स्वीकार किया उसने धिक्कार है।

तस्मिन्गते हरिस्तीव्र व्रणवेदनमार्दितः ।
उत्तराभिमुखो भूत्वाकृतपञ्चनमस्कृतिः ॥९९॥

अर्थः—उस घोर जगल में प्राप्त कृष्ण तीव्रतम बाण वेदना में अत्यन्त पीडित होकर उत्तर के तरफ मुख करके पचणमोकार मन्त्र स्मरण करने लगा।

कृत्वा नेमिजिनेन्द्राय वर्तमानाय सांजलिः ।
पुनः पुनर्नमस्कारं गुण स्मरण पूर्वकम् ॥१००॥

अर्थः—तथा उस समय विराजमान भगवान नेमिनाथ तीर्थंकर को दोनों हाथों के अजली सहित बार-बार नमोऽस्तु कर गुण स्मरण करता हुआ कृष्ण।

जिनेन्द्र विनति ध्वंस्त समस्तोपद्रवायतः।
ततः कृतशिराः शौरिः क्षितिशय्यामधिश्रितः ॥१०१

अर्थ.—जिनेन्द्र भगवान् की प्रार्थना करने मात्र से कृष्ण के समस्त उपद्रव नष्ट प्रायः हो चुके है ऐसी अवस्था मे अपना मस्तक शौरिपुर के तरफ करके मृत्यु शय्या पर लेट गया।

वस्त्र संवृत सर्वांगः सर्वसंग निवृत्त धीः।
सर्वत्र मित्र भावस्थः शुभचिन्तामुपागतः ॥१०२॥

अर्थः—जिनका समस्त शरीर वस्त्र से वेष्ठित है और सब संग से अर्थात् सब परिग्रह से जिनकी बुद्धि विरक्त हो गई है ऐसा कृष्ण सब प्राणीमात्र पर मित्रत्वभाव रखता हुआ आत्म चिन्तवन करने लगा।

पुत्र पौत्र कलत्राणि ते भ्रातृ गुरु बान्धवाः।
अनागत विधातारो धन्या ये तपसि स्थिताः ॥१०३

अर्थः—लडके, पोते, स्त्रियाँ, भाई, बड़े भाई ये सब अकस्मात कर्म सयोग से प्राप्त हुये है इनसे मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है इस प्रकार विचार मग्न होकर तपस्वियो को धन्यवाद अर्पण करने लगा।

अन्तःपुर सहस्राणि सहस्राणि सुहृद्गणाः।
अभिधाय तपः कष्टं कष्टं वह्नि मुखेमृताः ॥१०४॥

अर्थ.—अर्थात अन्तःपुर मे रहने वाली हजारो रानियाँ और हजारो मित्रगण इन सब लोगो का त्याग कर अत्यन्त कष्ट से तपश्चरण करते अग्नि मुख मे मर गये ऐसे तपस्वी धन्य है।

कर्म गौरव दोषेण मयापि न कृतं तपः।
सम्यक्त्वं मेऽस्तु संसार पात हस्तावलम्बनम् ॥१०५॥

अर्थः—प्रचुरतम कर्म दोष की वजह से मेरे द्वारा तपश्चरण नहीं किया गया किन्तु मुझे सम्यक्त्व होवे इससे ससार का नाश निश्चित होगा।

इत्यादि शुभ चिन्तात्मा भविष्यत्तीर्थ कृद्धरिः ।
बद्धायुष्कतया मृत्वा–तृतीयां पृथिवीमितः ॥१०६॥

अर्थ —इस प्रकार शुभ आत्म चिन्तवन करता हुआ कृष्ण भविष्यत्काल में तीर्थंकर होगा। तथा बांधे हुये आ‍ु े समान मरण कर तीसरे नरक मे गया।

दक्षो दक्षिण भारतार्ध विभुतामुद्धाव्य भव्यप्रजा ।
बन्धुर्बन्धुजनाम्बुधेरहरहवृद्धिं विहायप्रभुः ॥१०७॥

अर्थ.—कृष्ण अर्धचक्रवर्ती थे इसलिये उन्होने विजयार्ध पर्वत तक अपने पराक्रम से राज्य कर भव्य प्रजापालन किया। दक्षिण भारतवर्ष की राजधानी मे शत्रुओं का मानमर्दन करने मे वहुत समर्थ थे भाइयो के समुदायरूपी समुद्र को प्रतिदिन बढ़ाकर अपना प्रभुत्व तीन खण्ड पर चलाया था।

पूर्णं वर्ष सहस्रमेकमगमत्संजीव्य कृष्णो गतिम् ।
भोगी स्वाचरणोचितां जनतया यो योद्यते दर्शनात् ॥१०८॥

अर्थः—कृष्ण सम्पूर्ण हजारो वर्षो तक जिन्दे थे किन्तु अत्यन्त सुखी जीवन होने से इतने वर्ष भी एक वर्ष के समान होकर पश्चात् तीसरे नरक में गये। और तीन खण्ड के राज्य का भोग भोगकर अपने आचरणानुसार प्रजा को भी प्रविष्ट कर अपना जीवन व्यतीत किया।

भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्ता ।
तपो न तप्तं वयमेव तप्ता ॥
कालो न यातो वयमेव याता ।
तृष्णा न जीर्णा वयमेव जीर्णा ॥१०९

अर्थः—भोग नहीं भोगते है किन्तु हम ही भोगते है, तप नहीं तपता है लेकिन हम ही तपते है। काल नहीं जाता है, हम ही मृत्युवश चले जाते है, तृष्णा नहीं जीर्ण होती है, हम ही बुढ़ापा से जीर्ण हो ते हैं।

दक्षिणं स्वजने, दयापरजने, शाठ्यं सदा दुर्जने,
प्रीतिसाधुजने, नम्रो नृपजने, विद्वज्जने सहनशीलता,

शौर्यं शत्रुजने. क्षमा गुरुजने, नारीजने धूर्तता,
यत्रैव पुरुषा कलासुकुशला, यस्त्वेव तवालोकस्थितिः ॥११०॥

अर्थः—निज परिवारजनो मे दक्षता रखना चाहिये। तथा दूसरे लोगो पर दया करना, दुर्जन लोगो से सदैव शाठ्यता से रहना, साधुजनो पर प्रेम करना, राजा लोगों से नम्रता से व्यवहार करे। विद्वान् लोगो पर सहनशीलता गुण रखना, शत्रु लोगो पर शौर्य अर्पण करना, गुरुजनो पर क्षमाभाव रखना। अबलाओ पर (स्त्रीजनो मे) विश्वास नहीं रखना, जहाँ पुरुष बहत्तर कलाओ मे कुशल होगे वहीं तुम्हारी लोक स्थिति स्थिर रह सकेगी।

अकिञ्चन्यस्य, दान्तस्य, शान्तस्य समचेतस्य।
सदा सन्तुष्ट मनस्य, सर्वं सुखं मया दिशि ॥१११॥

अर्थः—निष्परिग्रहधारी, पचेन्द्रियो पर विजयी, शान्त परिणामी, समतादर्शी, सदैव सन्तोषी, सुख मैने अनुभव किया। किन्तु स्वानुभव सुखमात्र अनादिकाल से नहीं किया इस बात का ही मुझे दु ख है।

औरस सो धर्मपत्नीतः सञ्जातः पुत्रिकासुतः।
क्षेत्राजः क्षेत्रजातः स्वगोत्रेण इतरेण वा ॥११२॥

अर्थः—अपने भाई के, धमपत्नि से पैदा हुआ, लडकी का पुत्र, सगे सम्बन्धी का, अन्य क्षेत्र मे प्राप्त हुआ, निज गोत्र मे उत्पन्न हुआ अथवा अन्य कुल मे प्राप्त हुआ है।

दद्यान्माता पिता बन्धुः सपुत्रो दत्त संज्ञितः।
कृत्रिमो मोचित्तो बन्धात् क्षत्र युद्धेन वाजितः ॥११३॥

गृहप्रच्छन्न कोत्पन्नो गूढजस्तु सुतः स्मृतः।
गते मृतेऽथवोत्पन्नः सोऽपविद्ध सुतः पतौ ॥११४॥

अर्थ—मां, बाप तथा भाइयो के द्वारा उस पुत्र को दत्तक (गोद मे) दिया जाता है। वह लड़का कृत्रिम बन्धन से छुटकारा पाया हो या क्षात्र युद्ध से जीत गया हो ऐसा पुत्रदत्तक देने योग्य होगा। अर्थात गुप्त गर्भ से उत्पन्न हुआ हो। अथवा प्राप्त होकर मर गया हो, फिर पैदा हुआ हो वह पुत्र माता पिता के वंश को नहीं बढ़ा सकेगा।

गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः ।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः ॥११५॥

अर्थः—यदि प्रमाद से मनुष्य से गलती हो जाय तो वहाँ दुर्जन नियम से हँसी उडायेगे । किन्तु सज्जन लोग उनको आश्वासन देवेगे ।

अन्तःशुद्धि बहिः शुद्धिं विदध्याद्देवतार्चनम् ।
आद्यादोश्चित्य निर्मोक्षादन्यास्नानाद्यथाविधिः ॥११६॥

अर्थः—देव पूजा के विषय मे गृहस्थ को अन्तरंग तथा बहिरंग शुद्धि अवश्य करनी चाहिये । क्योंकि, अन्तरंग की शुद्धि पाप से छूटने से होगी और बहिरंग शुद्धि स्नान मात्र से की जायगी ।

नित्यंस्नानंगृहस्थस्य देवतार्चन परिग्रहे ।
यतेस्तु दुर्जन स्पर्शात्स्नानमन्यद्विगर्हितम् ॥११७॥

अर्थ—गृहस्थ को सदैव स्नान करने की जरूरत है कि, देव पूजा उसके बिना नहीं हो सकेगी और यतियो को मात्र दुर्जन लोगो का स्पर्श होने से करना चाहिये। अन्यथा निन्दास्पद होगा ।

सर्व एवहि जैनानां प्रमाणं लौकिको विधिः ।
यत्र सम्यक्त्व हानि र्न यत्र न व्रत दूषणम् ॥११८॥

अर्थः—सब जैन लोगो के लौकिक विधि प्रमाण माने गये है अर्थात् जहॉ पर सम्यक्त्व की हानि नहीं होगी वहॉ पर व्रत दूषित नहीं हो सकेगा ।

आदौ सामायिकं कर्म प्रोषधोपासन क्रिया ।
सेव्याथ नियमो दानं शिक्षाव्रत चतुष्टयम् ॥११९॥

अर्थ.—प्रथम सामायिक व्रत करना, दूसरी प्रोषधोपवास क्रिया, तीसरा आहार दान व्रत नियम से व्रती को प्रतिदिन करना ही चाहिये। और चौथा शिक्षाव्रत नामक चतुष्टय कहलाता है ।

दुष्टमन्तर्गतं चित्तं तीर्थस्नानान्न शुद्ध्यति ।
शतशोऽपि जलै धौतं सुराभाण्डमिवाशुचि ॥१२०॥

अर्थः—दुष्ट (संक्लिष्ट) ऐसा अन्त:करण तीर्थ स्नान से शुद्ध नहीं हो सकता है। क्योकि सैकड़ो दफे पानी से शराब का बर्तन धोने से भी शुद्ध नहीं हो सकेगा।

आपस्नानं व्रतस्नानं मन्त्रस्नानं तथैव च।
आपस्नानं गृहस्थस्य व्रतमन्त्रैस्तपस्विनः ॥१२१॥

अर्थ—जल स्नान, व्रत स्नान, मन्त्र स्नान इस प्रकार तीन स्नान माने गये हैं उनमे से जलस्नान गृहस्थ के लिये उचित है। और व्रत तथा मन्त्र स्नान ये दोनो तपस्वियो को योग्य कहे गये है।

न स्त्रीभिः संगमोयस्य यः परे ब्रह्मणिस्थितः।
तं शुचिं सर्वदा प्राहुर्मारुतं च हुताशनम् ॥१२२॥

अर्थः—जिस मनुष्य का स्त्रियो से भी समागम नहीं हुआ होगा और जो उत्कृष्ट आत्मा मे स्थित होगा। उसकी शुद्धि सदैव हवा से तथा अग्नि से रहेगी।

तिल सर्षपमात्रं यो मांसमश्नाति मानवः।
स श्वभ्रान्न निवर्तेत यावच्चन्द्र दिवाकरौ ॥१२३॥

अर्थः—जो मनुष्य तिल्ली के दाणे के समान मांस सेवन करेगा वह पापी नरक से जब तक सूर्य तथा चन्द्रमा रहेगे तब तक वहाँ से नहीं निकल सकेगा।

सप्त ग्रामेषु यत्पापमग्निना भस्मसात्कृते।
तस्य चैतद्भवेत्पापंमधुबिन्दु निषेवणात् ॥१२४॥

अर्थ—अग्नि के द्वारा सात गांवों को जला देने मात्र से जितना पाप होगा उतना ही पाप एक ही मधु (शहद) का बिन्दु सेवन करने से होजायगा।

यः पुमान् अविद्यमानमसन्तं दोषं भाषते च।
सतां साधूनां गुणानां ज्ञानादीनां ग्रहणे च मूकः॥ १२५

अर्थः—जो पुरुष, असम्भव, झूठ (निराधार) दोषारोपण करेगा और साधुओ के गुण तथा ज्ञानादिको को भी ग्रहण नहीं कर मूक हो बैठेगा तो उसकी कितनी मूर्खता होगी।

अवाक् भवति स पुमान् पापभाक् पापीयान् स्यात्।
अविद्यमान दोष भाषित्वात् स पुमान् विनिन्दकश्च ॥१२६॥

अर्थः—वाचा रहित होता है जो पुरुष वह पापयुक्त पापी हो सकता है और जो असम्भव दोष को प्रकट करता है वह पुरुष निन्दक हो जाता है।

निन्दावान् भवति स पापभाक् कथम्।
अमुमेवार्थमर्थान्तरन्यासेन दृढयति ॥१२७॥

अर्थः—जो निन्दावान् होगा वह पापी कैसा ? इसी अर्थ को अर्थान्तरन्यास से (न्याय से) दृढ़ किया जायगा।

यशो वधो यशोघातनं प्राणि वधात्।
हिंसा करणात् गरीयान् गुरुतरो वर्तते ॥१२८॥

अर्थः—प्राणियो के आघात से यश का नाश तथा यशकीर्ति नामकर्म का घात होता है। और हिंसा करने से हिंसक को महान् गुरुतर अशुभ कर्म का बंध होता है।

अघ्नन्नपि भवेत्पापी निघ्नन्नपि न पापभाक्।
अभिध्यान विशेषेण यथा धीवर कर्षकौ ॥१२९॥

अर्थ —जिस प्रकार धीवर नदी मे जाल फेकता हुआ यदि उसमे दिन भर भी एक भी मछली न आये तो भी उसकी हिंसक भावना होने से उसको प्राणी वध का अवश्य पाप लगेगा। और किसान दिन भर हल से जमीन जोतता हुआ उसमें असंख्यात जीव मर जाने से भी उसको हिंसा का दोष नहीं आयगा। क्योकि अपना पेट भरना तथा परिवारजनो का पोषण करना सत्पात्र दान देना, टैक्स (कर) देना इत्यादि उनके शुभ भाव होने से प्राणीबध होने पर भी पाप भागी नहीं होगा।

अयंपुनः पंचस्त्रिंशदक्षर पवित्रोमन्त्रः।
सर्वदासुस्थितेन दुःस्थितेन च त्वयाध्यातव्यः ॥१३०

अर्थः—यह णमोकार मन्त्र पैंतीस अक्षरो का अनादि अनिधन अपराजित कहलाता है इसलिये इसको तुम हमेशा सौख्य मे या दुःखावस्था मे हो तो भी इसका ध्यान करो इससे ही मोक्ष मिल जायगा।

तत्सत्यमपि नो वाच्यं यत्स्यात्परविपत्तये।
जायन्ते येन वा स्वस्य व्यापदश्च दुरास्पदाः ॥१३१

अर्थ—मनुष्य को चाहिये कि, पर के आपत्काल मे सत्यवचन भी हो तो नहीं बोलना चाहिये जिससे दूसरों के प्राण चले जांय अतएव सज्जन के प्राण बचाने के लिये सदैव हितमित और प्रिय भाषण करना चाहिये।

दग्धे बीजे यथात्यन्तं प्रादुर्भवति नांकुरः ।
कर्म बीजे तथा दग्धे न रोहति भवांकुरः ॥१३२॥

अर्थः—जैसे अत्यन्त जल गया हुआ बीज जमीन मे बोने से उससे अंकुर नहीं पैदा होता है वैसे ही कर्मरूपी बीज का शुक्ल ध्यानरूपी अग्नि से जलाने से उसमे से भवांकुर नहीं आ सकता है ।

यथा पूज्यं जिनेन्द्राणां रूपं लेपादि निर्मितम् ।
तथा पूर्व मुनिच्छायाः पूज्याः सम्प्रति संयताः ॥१३३

अर्थः—जिस प्रकार लेपादि द्रव्यो से प्रगटित जिनेन्द्र भगवान् का रूप पूजको को पूज्य होजाता है उसी प्रकार चतुर्थ कालिन पूज्य मुनियो की छायामात्र से आधुनिक मुनि लोग भी पूज्य माने जाते है ।

यः प्राप्त दुष्प्राप्यमिदं नरत्वं धर्मं न यत्नेन करोतिमूढः ।
क्लेश प्रबन्धेन स लब्धमब्धौ चिन्तामणि पातयति प्रमादात् ॥१३४

अर्थः—जो मनुष्य अत्यन्त मुश्किल से प्राप्त इस नरभव को पाकर भी मूर्ख प्रयत्न से धर्म का पालन नहीं करता है वह प्रमाद से तथा दु ख समूह से हस्त मे आया हुआ चिन्तामणि रत्न को समुद्र मे गिरा देता है।

ते धत्तूर तरुं वपन्ति भवने प्रोन्मूल्यकल्पद्रुमम् ।
चिन्तारत्नमपास्य काचशकलं स्वीकुर्वन्ते तेजडाः ।१३५

अर्थः—अपने स्थानो मे से कल्पवृक्ष निकालकर धतूरा के वृक्ष लगाते है। और चिन्तामणि रत्न छोड़कर काच के टुकड़े वे मूर्ख लोग स्वीकार कर बैठते है।

विक्रीय द्विरदं गिरीन्द्र सदृशं क्रीणन्ति ते रासभम् ।
ये लब्ध परिहृत्य धर्ममधमा धावन्ति भोगाशया ॥१३६॥

अर्थः—पर्वत के समान हाथी बेचकर वे मूर्ख लोग गधा खरीद करते है और जो प्राप्त किया हुआ धर्म छोड़कर अधमजन भोगरूपी पिशाच के तरफ दौडते है।

अपारे संसारे कथमपि समासाध्य नृभवम् ।
न धर्मं यःकुर्याद्विषयसुख तृष्णा तरलितः ॥१३७

अर्थ.—इस मर्यादातीत संसार मे कैसे भी मानव भव को प्राप्त कर जो अधम मनुष्य धर्म साधन नहीं करके विषयरूपी तृष्णा मे ही आसक्त हो जाता है ।

ब्रुडन्पारावारे प्रवरमपहाय प्रवहणम् ।
स मुख्यो मूर्खाणामुपलमुपलब्धुं प्रयतते ॥१३८॥

अर्थः—इस अपार भव समुद्र मे डूबा हुआ मनुष्य नौका छोड़कर लकड़ी का आश्रय करता हुआ मूर्खो मे मुख्य समझना चाहिये क्योकि, समुद्र तरने के लिये पत्थर के लिये प्रयत्न करता है ।

ससार विषयातीतं सिद्धानामव्ययं सुखम् ।
अव्याबाधमिति प्रोक्तं परमं परमर्षिभिः ॥१३९॥

अर्थः—संसार के विषयों से अत्यन्त दूरवर्ती सिद्धो को शाश्वत सुख है और वह वाधा रहित उत्कृष्ट है ऐसा तीर्थकरादिको ने दिव्य ध्वनि से फरमाया है ।

अमरै र्वन्दितानां रूपं दृष्ट्वा शील सहितानाम् ।
ये गारवं कुर्वन्ति च सम्यक्त्व विवर्जिता भवन्ति ॥ १४०

अर्थः—इन्द्रादिको के द्वारा पूज्य माने गये ऐसे शीलवान् लोगो का स्वरूप देखकर जो लोग तीन प्रकार के गारव अर्थात् ऋद्धिगारव, रस गारव तथा सात गारव करते है वे नियम से सम्यक्त्व से रहित होते है ।

परमाणु प्रमाणं वा मूर्च्छा देहादिकेषु यस्य पुनः ।
विद्यते यदि सः सिद्धिं न लभते सर्वागम धरोऽपि ॥१४१

अर्थः—जिस मुनि का शरीरादिको पर परमाणु समान भी यदि मूर्च्छा अर्थात् परिग्रह होगा वह साधु श्रुतकेवली के समान द्वादशांग तथा चौदहपूर्व का पाठी भी हो तो उनको सिद्धि नहीं मिलेगी । क्योकि, परिग्रह ही साधुओ को मोक्ष से च्युत कर नीचे नरकादिगतियो मे नियम से गिराने वाला है अतः वाल मात्र ही परिग्रह कोई भी साधु अपने पास मत रक्खे ऐसा भगवान् का आदेश है । पीछी, कमण्डल तथा शास्त्र इनके अलावा सव परिग्रह ही माने जाते है ।

रत्नानां महारत्नं सर्व योगानां उत्तमं योगम् ।
ऋद्धीनां महाऋद्धिः सम्यक्त्वं सर्व सिद्धिकरम् ॥१४२॥

अर्थः—रत्नो मे महारत्न, समस्त योगो मे उत्तम योग तथा समग्र ऋद्धियो मे महाऋद्धि सम्यक्त्व है । इसलिये मोक्षमार्ग मे प्रधान सर्व सिद्धि करने मे सम्यक्त्व को समर्थ माना गया है ।

दर्शन मोहे क्षपिते सिद्ध्यति एकस्मिन् वा तृतीये तुर्यभवे।
नाति क्रामति तुर्य भवं न विनश्यति शेष सम्यक्त्वे ॥१४३

अर्थ.—दर्शन मोहनीय कर्म का क्षपण होने से क्षायिक सम्यग्दृष्टि तद्भव मे, दूसरे मे, तीसरे मे, चौथे मे नियम से सिद्ध होगा। चौथे भव का उल्लघन नहीं कर सकता तथा शेष दो उपशम तथा क्षायोपशम का भी विनाश नहीं कर सकता है।

वर्षे सप्तशते चैव सप्तत्या च विस्तृतौ ।
उमास्वामी मुनिर्जातः कुन्दकुन्दस्तथैव च ॥१४४॥

अर्थ —भगवान महावीर मोक्ष जाने के पश्चात् सातसौ सतहत्तर (७७७) वर्ष जाने के बाद उमास्वामी तथा कुन्दकुन्दाचार्य द्वय प्रभृति उत्पन्न हुये है।

तप्तं पक्वं शुष्कं आम्ललवणेन मिश्रितं द्रव्यम्।
यत् यन्त्रेण च छिन्नं तत्सर्वं प्रासुकं भणितम् ॥१४५॥

अर्थ —तपाया गया हुआ, पकाया हुआ, सुखाया हुआ तथा कच्ची चीज को लवण, मिर्च, मसालादिको से मिलाप कर प्रासुक किया जाता है। और जो द्रव्य यन्त्र से छिन्न भिन्न किया गया है वे सब प्रासुक ही है ऐसा कहा गया है।

सूतकं वृद्धि हानिभ्यां दिनानि दश द्वादश ।
प्रसूति स्थान मासैकं दिनानि पंच गोत्रिणाम् ॥१४६॥

अर्थः—यदि जन्म हुआ होगा तो हानि के हिसाब से दस दिन तक पालन करना अथवा मर गया हो तो वृद्धि के न्याय से बारह दिन तक सूतक अवश्य मानना चाहिये। और जहाँ पर स्त्री प्रसूति हुई है वहाँ पर एक महीने तक अशुचि मानना तथा अपने गौत्रजो को पाच दिन तक सूतक मानना चाहिये।

चतुर्थे दशरात्रिः स्यात् षट्रात्रिः पुंसिपञ्चमे ।
षष्ठे चतुरहः शुद्धिः सप्तमे च दिनत्रयम् ॥१४७॥

अर्थ.—चौथी पीढ़ी तक दस दिन सूतक रहेगा, पांचवीं पीढ़ी में छह दिन, छठी पीढ़ी मे चार दिन तथा सातवीं पीढ़ी मे तीन दिन तक सूतक माने गये है।

अष्टमे पुंस्य होरात्रं नवमे प्रहर द्वयम् ।
दशमे स्नानमात्रं स्यादेतद्गोत्रस्य सूतकम् ॥१४८॥

अर्थः—आठवीं पीढ़ी मे एक दिन तक, नवमीं मे दो प्रहर अर्थात् छह घटों तक तथा दशमी मे स्नानमात्र से शुद्धि हो जाती है इस प्रकार गोत्र का सूतक माना गया है।

यदि गर्भ विपत्तिः स्यात् स्रवणं चापि योषिताम् ।
यावन्मासस्थितो गर्भस्तावद्दिनानि सूतकम् ॥१४९॥

अर्थः—यदि स्त्री का गर्भपात होगा तो तथा गर्भ मे ही बच्चा मर गया हो तो स्त्रियो को जितने महीने का गर्भ रहा होगा उतने ही दिनो तक अवश्य सूतक मानना चाहिये।

पुत्रादि सूतके जाते गते द्वादशके दिने ।
जिनाभिषेक पूजाभ्यां पात्र दानेन शुद्ध्यति ॥१५०॥

अर्थः—बच्चो के सूतक के अवसर मे जन्म होने से तथा मरने से बारह दिनो तक सूतक मानना चाहिये। पश्चात जिनाभिषेक पूजा तथा सत्पात्र दान से शुद्धि होजाती है।

अश्वी च महिषी चेटी गौः प्रसूता गृहाङ्गणे ।
सूतकं दिन मेकं स्याद् गृह बाह्ये न सूतकम् ॥१५१॥

अर्थ.—घोड़ी गृहस्थ के अगन मे प्रसूति होगी तथा भैंस की, दासी की, गाय की वगैरह प्राणियो की प्रसूति होने से एक दिन का सूतक माना गया है और घर के बाहर होगी तो सूतक नहीं माना जाता है।

सतीनां सूतकं हत्यापापं षण्मासकं भवेत ।
अन्यासामात्म हत्यानां यथा पापं प्रकाशयेत् ॥१५२॥

अर्थ.—सतियो के हत्या-पाप का सूतक छह मास तक रहेगा। और दूसरो के आत्म-हत्या पाप का सूतक जिस प्रकार आगम मे कहा है तदनुसार मानना चाहिये।

दासी दासस्तथा कन्या जायते म्रियते यदि ।
त्रिरात्रं सूतकं ज्ञेयं गृहमध्ये तु दूषणम् ॥१५३॥

अर्थ.—यदि गृहस्थ को, दासी को कन्या होकर मरेगी तथा दास को लडकी होकर यदि मर जायगी तो तीन दिन तक सूतक मानना चाहिये और अपने घर मे ऐसी हालत होगी तो दूषण लग जायगा।

महिष्याः पाक्षिकं क्षीरं गोक्षीरं च दशोदितम् ।
अष्टमे दिवसेऽजायाः क्षीरं शुद्धं न चान्यथा ॥१५४॥

अर्थ.—भैस की प्रसूति होने के पश्चात् पन्द्रह दिनो तक दूध की शुद्धि नहीं होगी और गाय के दूध दस दिनो के बाद शुद्ध हो जायगा । और बकरी का दूध आठ दिन के बाद शुद्ध होगा ।

जात दन्तशिशोर्नाशेपित्रोर्दशाह सूतकम् ।
गर्भस्रावे तथापाते विनष्टे च दिन त्रयम् ॥१५५॥

अर्थः—दांत आने के बाद यदि बालक मर जाय तो पिता और माता को दस दिन तक सूतक मानना चाहिये । तथा गर्भस्राव गर्भपात होने से तीन दिन तक दोनों को मानना चाहिये ।

प्रतिष्ठार्जित पुण्येन तीर्थनाथा भवंत्यहो ।
सद्दृष्टयो जगत्पूज्या विश्व भव्योपकारतः ॥१५६॥

अर्थ.—जिस पुण्यात्मा गृहस्थ के द्वारा श्री जिनमन्दिर बनाकर भगवान् के जिनबिम्ब की प्रतिष्ठा की गई होगी—उस पुण्य के प्रताप से वह सद्गृहस्थ साक्षात् आगामी भव मे तीर्थंकर हो जायगा । और ऐसे सातिशय पुण्यवान् जीव सम्यग्दृष्टि होकर जगत्पूज्य होते हुये विश्व के कल्याणकारक होगे ।

मुहूर्तं गालितं तोयं प्रासुकं प्रहरद्वयम् ।
कोष्णं चतुष्कयामं च विशेषोष्णं तथाष्टकम् ॥१५७।

अर्थः—जल छानने के बाद अड़तालीस मिनट तक प्रासुक माना गया है और लौंग, इलायची वगैरह दस प्रकार की चीजो से प्रासुक किया गया पानी छह घटो तक शुद्ध रहेगा । तथा मध्यम दर्जा से तपाया हुआ जल चार प्रहर अर्थात् १२ घटे तक प्रासुक रहेगा और उत्तम रीति से तपाया हुआ पानी आठ प्रहर अर्थात् एक दिन तक प्रासुक माना गया है पश्चात् अप्रासुक होगा ।

रक्तजाः कृमयः सूक्ष्मामृदु मध्याधि शक्तयः ।
जन्मवर्त्मसु कण्डूनित जनयन्ति तथाविधाम् ॥१५८

अर्थः—योनि मे रक्त से उत्पन्न होने वाले कृमि विशेष जाति के सूक्ष्म सम्मूर्च्छन पंचेन्द्रिय जीव हमेशा खुजली पैदा करते है। उससे स्त्रियो को पुरुषो से भी कामवासना अधिक मानी गई है। अर्थात् पुंवेद घास के अग्नि समान तुरन्त ऊपर होकर बुझ जाता है। किन्तु स्त्रियो की कामाग्नि कोयले की अग्नि समान मानी गई है। वह सदैव जलती ही रहेगी।

उच्छ्वासाः स्युस्तनूत्सर्गे नियमान्ते दिनादिषु।
पञ्चस्वष्ट शतार्ध त्रिचतुःपञ्च शत प्रमाः ॥१५६॥

अर्थ.—समाधि के विषय में शरीर का त्याग करते समय नियम से आखिर मरण समय मे (५००) पांचसौ (८००) आठसौ (४००) चारसौ (३००) तीनसौ (४००, चारसौ (५००) पांचसौ ऐसे उच्छ्वास नियम से होते है इस प्रकार आगम में प्रमाण पाया जाता है।

राग द्वेषमदोन्मत्ताः स्त्रीणां ये वशवर्तिनः।
न ते कालेन शुद्ध्यन्ति स्नाता तीर्थ शतैरपि ॥१६०॥

अर्थ.—रागद्वेष से मदोन्मत्त होकर जो लोग स्त्रियो के वशीभूत होगये हैं वे अनन्तकाल वीतने पर भी शुद्ध नहीं होगे और सैकड़ों नदियो में स्नान करने पर भी पवित्र नहीं हो सकेंगे।

निद्राच्छेदे पुनश्चित्तं निर्वेदेनैव भावयेत्।
सम्यग्भावित निर्वेदः सद्यो निर्वाति चेतनः ॥१६१॥

अर्थ.—नींद पूर्ति होने के वाद या छूटने के अवसर में इस चंचल मन को स्थिर करने के लिये वैराग्यभाव से आत्म-चिन्तवन करना चाहिये। और यथार्थ निर्वेदभावना भाने से वज्र वृषभनाराच संहननधारी चरम शरीरी शीघ्र ही मोक्ष प्राप्त कर लेगा।

धन्यास्ते येऽत्याजन् राज्यं भेदज्ञानाय तादृशम्।
धिङ् मादृशः कलत्रेच्छा तन्त्रगार्हस्थ्य दुःस्थितान् ॥१६२

अर्थः—वे लोग धन्य है कि आत्म-कल्याण के लिये भेद ज्ञान प्राप्त करने के हेतु से सम्राट् तुल्य राज्य त्याग कर दिया। और मेरे समान स्त्रीवशवर्ति को धिक्कार हैं क्योकि, गृहस्थरूपी गड्ढे मे फँसकर अनेक मानसिक एवं शारीरिक दुःखो मे संसार मे ही जन्म जरा, मरण को प्राप्त हुये है।

विद्यामन्त्राश्च सिद्धयन्ति किङ्करन्त्यमराऽपिच ।
क्रूराः शाम्यन्ति नाम्नापि निर्मल ब्रह्मचारिणाम् ॥१६३॥

अर्थः—निर्मल ब्रह्मचर्य व्रत पालने वालो की पठित विद्या तथा मन्त्र, तन्त्र, यन्त्र इत्यादिक सब सिद्ध हो जाते है फिर देव लोग भी इनके सेवक बन जाते है। तथा सिंह, बाघ, शार्दूल, वगैरह हिंसक क्रूर पशु भी इनके नाम सुननेमात्र से शान्त होजाते है।

उदयास्तमनयोः कालयोः नालीत्रिक वर्जिते मध्ये ।
येकस्मिन्द्धयोस्त्रिषु वा मुहूर्तकाले एक भक्तं तु ॥१६४॥

अर्थः—तीन घटिका प्रमाण उदयकाल और इतने ही प्रमाण भूत अस्तकाल को छोडकर तथा मध्याह्न सामायिक काल भी छोड़कर मध्यकाल मे आहार करना यह एक भक्त है।

भक्तिःप्रल्हादनं कीर्ति लाघवं गुरु गौरवम् ।
जिनेन्द्राज्ञा गुणश्रद्धा गुणा वैनयिकामताः ॥१६५॥

अर्थः—पूज्यो की भक्ति करना, उनके गुण देखकर आनन्द प्रगट करना, गुणियो के गुण गायनकर उनकी कीर्ति सर्वत्र जाहिर होने योग्य व्यवहार करना और उनके अवगुण न देखकर उनकी लघुता को दूर करना तथा गुरुजनो का आदर सत्कार करना, जिनेन्द्र भगवान् की आज्ञा पालन करना, उनके गुणो पर श्रद्धाभाव रखना। इस प्रकार ये समस्त वैनयिक अर्थात् विनय के गुण माने गये है।

विनयं न विना ज्ञानं दर्शनं चरितं तपः ।
कारणेन विना कार्यं ज्ञायते कुत्रकथ्यताम् ॥१६६॥

अर्थः—विनय गुण के अलावा ज्ञान, दर्शन, चारित्र तथा तप नहीं पैदा होते हैं। और कारण विना कार्य भी नहीं हो सकता है इसलिये कहा है कि—"अस्मिन् जगति कारणे न विना कार्यं न भवति" अर्थात् इस ससार मे कारण के व्यतिरिक्त कार्य नहीं देखा जाता है।

समस्ताः सम्पदः सद्यो विधाय वशवर्तिनोः ।
चिन्तामणिरिवाभीष्टं विनयः कुरुते न किम् ॥१६७॥

अर्थ:—समस्त सम्पत्ति का शीघ्र ही त्याग करके स्वानुभव के वश होने वाले साधुजन चिन्तामणि रत्न के समान ग्रहण करने योग्य ऐसे विनय गुणो को क्यो नहीं स्वीकार करते है।

ये पुनर्गुरु प्रत्यनीका बहुमोहाः सशबलाः कुशीलाश्च।
असमाधना म्रियन्ते ते भवन्ति अनन्त संसाराः ॥१६८॥

अर्थ:—जो पुनः गुरु के विरुद्ध अर्थात् मिथ्यामोह करते है ऐसे धान्य के छिलके के समान शबल और कुशील उपकरणो पर व्यर्थ मोह करते है। इसलिये असमाधि अर्थात दुर्ध्यान से मरकर वे दोनो अनन्त संसारी होते है।

एकस्मिन्भवग्रहणे समाधिमरणं लभते यदि जीवः।
सप्ताष्टभवग्रहणे निर्वाणमनुत्तरं लभते ॥१६९॥

अर्थ:—यदि एक भव (जन्म) ही ग्रहण करने पर जीव समाधिमरण प्राप्त करेगा तो सात, आठ भव ग्रहण करने से निर्वाण (मोक्ष) को अवश्य प्राप्त होगा।

संयम ज्ञानोपकरणे अन्योपकरणे च याचने अन्ये।
योगग्रहणादिषु च इच्छाकारस्तु कर्तव्यः ॥१७०॥

अर्थः—संयम तथा ज्ञान के उपकरण अर्थात् पीछी, कमण्डल और शास्त्र इन तीनो के विषय मे साधुजन दूसरो से याचना कर सकते है। इसी प्रकार शास्त्र लिखने के लिये कागज, स्याही, कलम वगैरह अन्य उपकरण भी मांग सकते है। और परस्पर योग ग्रहण करते समय मे इच्छाकार करना चाहिये।

कश्चित्सर्वसमर्थः स्वगुरुश्रुतं सर्वमागम्य।
विनयेनोपक्रम्य पृच्छति पृच्छति स्वगुरुं प्रयत्नेन ॥१७१॥

अर्थ—कतिपय सर्व समर्थ होते है और अपने गुरु से शास्त्र श्रवण कर तीक्ष्ण बुद्धि से सकल शास्त्र निष्णात होजाते है। और विनय से हाथ जोडकर अपने गुरु को प्रयत्न से पूछते है।

अथकश्चिन्महाप्राज्ञः समर्थः सकलैर्गुणैः।
वीर्य धैर्य तपो योगात्साहाद्यैः संयताग्रणीः ॥१७२॥

अर्थ—कोई महाबुद्धिमान् समस्त गुणो से समर्थशाली है तथा आत्मशक्ति, धैर्य, तप और योग उत्साहादि गुणो से भी संयतों मे (साधुओ मे) श्रेष्ठ है।

स गुर्वादिगतं सर्वं श्रुतं ज्ञात्वा परागमम्।
ज्ञातुमिच्छन्प्रणम्योच्चैः पृच्छतीति निजं गुरुम् ॥१७३॥

अर्थः—वे साधु गुरुओ से पढ़कर समस्त श्रुत (शास्त्र) तथा अन्य आगम भी अच्छी तरह से ज्ञात कर पुनः मै जानने की आप से अतीव इच्छा करता हू। इस प्रकार विनय से नमोऽस्तु कर अत्यन्त आदर पूर्वक अपने गुरु को पूछते है।

गन्तुमिच्छामि शक्त्यान्यागमाध्ययन हेतवे।
इति तिस्रोऽथवा पञ्चषड्वा पृच्छाः करोति सः ॥१७४॥

अर्थः—मै आत्म शक्ति से अन्य आगम का अध्ययन करने के लिये जाना चाहता हू। इस प्रकार तीन अथवा पांच, छह एकत्रित होकर गुरू से शिष्य पूछते है।

एवमापृच्छय योगीन्द्रं प्रेषितो गुरुणा यतिः।
आत्म चतुर्थ एवात्म तृतीयो वा जितेन्द्रियः ॥१७५॥

अर्थः—इस प्रकार गुरू के द्वारा भेजे गये यतिराज योगिन्द्र को पूछ कर परस्पर सामुदायिक रूप से चार अथवा तीन सम्मिलित होकर जितेन्द्रिय शिष्य अपने शिष्यत्व का व्यवहार करते है।

अथवात्म द्वितीयोऽसौ न त्वाचार्यादि पाठकान्।
निर्गच्छति ततः संघादेकाकी न तु जातुचित् ॥१७६॥

अर्थः—अथवा अत्यन्त आदर से दो शिष्य परस्पर से आचार्य तथा उपाध्याय को नमोऽस्तु कर सघ से चले जाते है किन्तु अकेले कभी भी नहीं जा सकते है। यह प्रमाण पार्श्वादि मुनियो के लिये दिया है।

स्वच्छन्दगतागतिशयन निषीदनादानभिक्षाव्युत्सर्गेषु
स्वच्छन्दजल्परुचिश्चमामे शत्रुरप्येकाकी ॥१७७॥

अर्थः—स्वछन्द रीति से इतस्ततः विहार करना, शयन कभी भी करना तथा निषेध किये गये स्थानों से भिक्षा करना और शरीर पर ममत्व भाव रखना इत्यादि निषेध माने गये हैं। और स्वच्छन्द रीति पे बोलने की रुचि रखना वगैरह मुनि धर्म के विरुद्ध हैं इस प्रकार मेरा शत्रु भी हो तो भी अकेला सचार मत करे।

गुरुपरिवादो श्रुतव्युच्छेदस्तीर्थस्य मलिनता जडता।
विह्वलकुशीलपार्श्वस्थता च उत्सार कल्पे ॥१७८॥

अर्थः—गुरु से वाद-विवाद करने से, शास्त्र का व्युच्छेद करने से, धर्म की मलिनता मूर्खता ही मानी गई है। और संक्लिष्ट परिणामी कुशील तथा पार्श्वस्थ ये दोनो उत्सार नामक कल्प तक जाते है।

गुरोः परिभवः शास्त्रव्युच्छेदो जडता भुवि।
मलिनत्वं च तीर्थस्य विह्वलत्वं कुशीलता ॥१७९॥

अर्थः—गुरू का पराभव करने से, शास्त्र का विनाश करने से, संसार मे जड़ता अर्थात् मूर्खता मानी गई है। तथा मलिनतायुक्त परिणाम से धर्मतीर्थ का विकलत्व और कुशीलता है।

पार्श्वस्थताप्यनाचार इत्याद्यन्यो गुणव्रजः।
स्वेच्छया स्वगुणंत्यक्त्वा जायेतैक विहारिणः॥ १८०

अर्थ—पार्श्व स्थादिक ये पॉच प्रकार के भ्रष्ट मुनि कहलाते है इनमे गुणो के अभाव तथा दोष प्रसिद्ध है। और स्वच्छन्द से येकल विहारी हो जाते है। इसका खुलासा—इस प्रकार है कि आचार्य, वलवान् मुनि अर्थात सकल शास्त्र निष्णात, धीर, वीर तथा पराक्रमी स्ववल से येकल विहारी हो सकते है। किन्तु इन पांच प्रकार के पार्श्व स्थादिको को अधिकार नहीं है।

धर्मोपदेशको धीमान् धीमतां पठनोद्यतः।
अङ्गपूर्वप्रकीर्णानां योऽत्र तं विद्धि पाठकम्॥१८१

अर्थ—धर्मोपदेशक, वुद्धिमान् तथा वुद्धिमानो को पढ़ाने मे अत्यन्त उद्यत अर्थात् चतुर तथा ग्यारह अग चौदह पूर्व प्रकीर्णको को जानने वाले ऐसे उपाध्याय होते है।

चतुःश्रमण संघानां चर्यादि मार्गदेशने।
प्रवृत्याद्युपकारान्यः करोति स प्रवर्तकः॥ १८२

अर्थ—मुनि, यति, ऋषि तथा अनगार इन चार प्रकार के श्रमण (साधु) सघ को वीर चर्या अर्थात आहार इत्यादिको का उपदेश देने मे प्रवृत्त होकर दूसरो पर उपकार करते है वे प्रवर्तक कहलाते है।

बाल वृद्धादि शिष्याणां यः सन्मार्गोपदेशकः।
सर्वज्ञाज्ञयायुक्त्या स्थविरः सोऽनुमन्यते ॥ १८३

अर्थः—बाल अर्थात् अज्ञानी तथा ज्ञान से वृद्ध इत्यादि शिष्यो को जो मोक्ष मार्ग का उपदेश देते है। तथा सर्वज्ञ भगवान् के आज्ञा से उनको युक्ति से स्थविर माने जाते है।

गणस्य सर्वसंघस्य पालकः परिरक्षकः।
यो नानोपायशिक्षाद्यैर्ज्ञेयोगणधरोऽत्र सः॥१८४

अर्थः—गण का तथा समस्त संघ का पालन तथा संरक्षण करने मे दक्ष और नाना प्रकार के शिक्षादि क्रियाओ को जो यथायोग्य जानते है वे गणधर है।

अमीषां निकटे नूनं वसतां गुण राशयः।
वर्द्धन्ते साहचर्येण यथाब्धौ वायुर्नोमयः ॥ १८५

अर्थः—गणधर भगवान् के पास रहने वाले तथा गुणो के समूह से उत्तरोत्तर बढ़ने वाले वायुर्नोमय कहलाते है।

ऋजुत्रिभ्यःसप्तेभ्यो वागृहेभ्यो यद्यागतं तु आचिन्नम्।
परतोवा तेभ्यो भवेत्तद्विपरीतमनाचिन्नम् ॥१८६॥

अर्थः—एक लाईन के होने से तीन तथा सात घरो से प्राप्त किया गया अन्न आचिन्न नाम से कहा जाता है। और इनसे विपरीत अर्थात् लाईन का अभाव होने से ऐसे घरो से जो सम्पादन किया जायगा उस अन्न को अन्नाचिन्न कहते है।

सर्वारम्भनिवृत्ताः युक्ता जिनदेशिते धर्मे ।
न च इच्छन्ति ममत्वं परिग्रहे बालमात्रे ॥१८७॥

अर्थः—सब आरम्भ दोष से रहित और जिनेन्द्र भगवान् से प्रतिपादित धर्म मे जो तत्पर है। और बालमात्र के समान परिग्रह नहीं चाहते है ऐसे उत्तम सहनन धारी साधु होते है।

ग्रामे एक रात्रिवासिनः नगरे पंचाहवासिनो धीराः।
श्रमणाःप्रासुकविहारिणः विविक्तैकान्तवासिनश्च ॥१८८

अर्थ—ग्राम में एक दिन रहते हैं तथा नगर में पांच दिन तक निवास करने वाले और धीर श्रमण (साधु) होते हैं। ऐसे साधुओं का प्रासुक विहार, आहार और विविक्त एकान्तवास होने से जिनकल्पी कहलाते हैं।

मूल(मूलगुणं)छित्वा श्रमणो यो गृह्णाचतिबाह्य योगं।
वाह्ययोगाः सर्वमूल विहीनस्य किं करिष्यन्ति ॥ १८६

अर्थ—जो साधु मूल गुणों का छेदन कर [illegible] योग [illegible] हैं वे [illegible] मूल गुणों से व्यतिरिक्त होने से बेकार हैं इस विषय में कुछ भी [illegible] नहीं [illegible] है।

योगेषु मूलयोगोभिक्षाचर्या च वर्णिता सूत्रे।
अन्ये च पुनर्योगा विज्ञान विहीनैः कृता ॥ १९०

भावार्थ—योगों में मूल योग भर्थात् भिक्षाचर्या का [illegible] [illegible] हैं। और इसके व्यतिरिक्त जो योग हैं वे सब विज्ञान रहित [illegible] हैं

ततःपरं तु नियमादुपपादो नास्ति अन्यलिंगिनाम।
निर्ग्रन्थश्रावकाणामुपपादोऽच्युतं यावत् ॥ १९१

भावार्थ—अर्थात् सहस्रार स्वर्ग से ऊपर [illegible] पाखंडी [illegible] का उपपाद (जन्म) नहीं होगा और निर्ग्रन्थ जैन साधु तथा गृहस्थ के सोलहवें स्वर्ग तक उपपाद होंगे।

ततः परं तु नियमात्तपोदर्शनज्ञानचरणयुक्तानाम।
निर्ग्रन्थानामुपपादोयावत्सर्वार्थसिद्धि रिति ॥ १९२

अर्थ—इसके ऊपर के स्वर्ग अर्थात् नियम से तप, दर्शन, ज्ञान तथा चारित्र युक्त ऐसे निर्ग्रन्थ साधुओं को सर्वार्थसिद्धि तक उपपाद कहा गया है

धन्यास्ते मानवा मन्ये ये लोके विपदाकुले।
विचरन्ति गतग्रन्थाश्चतुरंगे निराकुलाः ॥ १९३

अर्थ—इस संसार में [illegible] [illegible] में [illegible] [illegible] होकर निराकुल [illegible] साधु विहार करते हैं वे धन्य हैं

गुणदोषौ प्रजायेते संसर्गवशतो यतः ।
संसर्गः पावनः कार्यो विमुच्यापावनं ततः ॥१९४

अर्थ —क्योकि, संसर्गवश से गुण और दोष ये दोनो युगपत् प्राप्त होगे इसलिये पवित्र संसर्ग रखना चाहिये और अपवित्र ससर्ग का शीघ्र ही त्याग करना युक्त होगा ।

स्त्रैण षंढत्व तैरश्च नीच गोत्र पराभवाः ।
मायादोषेण लभ्यन्ते पुंसां जन्मनि जन्मनि ॥ १९५

अर्थ.—स्त्रीत्व, नपु सकत्व, तिर्यचत्व, नीच गोत्रत्व इत्यादिक कर्मजन्य दोष पुरुषो को जन्म जन्मान्तरो मे माया दोष से ही प्राप्त होते है।

ततोऽमुं शासनं श्रव्यं श्रुत्वा संविग्न मानसः।
उत्थायवन्दते सूरिं स नम्रीकृत विग्रहः ॥ १९६

अर्थः—वीर शासन सुनना चाहिये अर्थात स्थिर चित्त से गुरु का उपदेश श्रवण कर शिष्य अत्यन्त सावधान से आचार्य को नमोऽस्तु करे जिसने अपना शरीर नम्रीभूत किया है ऐसा होकर विनय करेगा ।

यः षण्मासावशेषायुः केवलज्ञानमश्नुते ।
अवश्यं स समुद्घातं यातिशेषो विकल्प्यते ॥१९७

अर्थ —जिनेन्द्रदेव की अवशेष छह मास की आयु रहने से उस समय जो भगवान् को केवलज्ञान होगा तो अवश्य ही केवली समुद्घात करेगे। और अ य अर्हन्तो को यह नियम लागू नहीं हो सकेगा ।

सूक्ष्मं जिनोदितं तत्वं स्यात्कारसत्यलांछनम् ।
आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं नान्यथावादिनोजिनः९८

अर्थ —जिनेश्वर के द्वारा प्रतिपादित किया गया तत्व बहुत ही सूक्ष्म अर्थात् स्यात्कार (स्याद्वाद) से कथचित् सत् है तथा कथंचित् असत् है। इस प्रकार अनेकान्त युक्त होने से सत्य लाछन का यह समर्थन करता है। और जिनाज्ञा से सिद्ध होने से ग्रहण करने लायक है क्योकि जिन भगवान् अन्यथा अर्थात असत्यवादी नहीं है ।

स तैः सह विहृत्याखिलार्य क्षेत्राणि तर्पयन् ।
धर्मवृष्टया क्रमात्प्राप्य चम्पामह्नसहस्रकम् ॥१९९॥

अर्थः--वे उनके साथ विहार कर समस्त आर्यखण्ड में अर्थात् अखिल भारतवर्ष मे प्रवेश करते हुये क्रम से केवलज्ञान प्राप्त करके चम्पा नगरी मे दिव्य ध्वनि उपदेश से हजारो वर्ष बिताये है।

स्थित्वात्र निष्क्रियोमासं नद्याराजत मौलिका ।
संज्ञायाश्चित्तहारिण्याः पर्यन्ताद् निवर्तिनि ॥ २००

अर्थः--वहीं पर निष्क्रिय से एक महिने तक विराजमान होकर नदियाँ, बगीचा वगैरह शोभायमान होते हुये और भव्यजनो को आनन्ददायक ऐसे।

अथमंदरशैलस्य सानुस्थान विभूषणे ।
वने मनोहरोद्याने पल्यंकासनमाश्रितः ॥ २०१

अथ.—अर्थात वासुपूज्य भगवान् मंदारगिरि पर्वत को भूषणभूत होकर उस वन के मनोहारक उद्यान में पल्यकासन से विराजमान हो गये।

मासे भाद्रपदे ज्योत्स्ने चतुर्दश्या पराह्णके ।
विशाखायां ययौ मुक्तिं चतुर्नवति संयतैः ॥२०२

अर्थः—भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष मे चतुर्दशी के सायकाल मे तथा विशाख नक्षत्र के शुभावसर मे (९४) सामान्य केवलियो के साथ भगवान् वासुपूज्य तीर्थकर मोक्ष गये है।

जैनमेवोत्तमं वाक्यं जैनमेवोत्तमं तपः ।
जैन एव परोधर्मो जैनमेव परं मतम् ॥ २०३

अर्थ.—जैन अर्थात केवलज्ञान ही उत्तम वाक्य है वही उत्तम तप भी है और वही उत्कृष्ट धर्म है एवं वही परमोत्कृष्ट स्याद्वाद युक्त मत है।

अन्यदीयमिवात्मीयमपिदोषं प्रपश्यता ।
कःसमःखलु मुक्तोऽयं युक्तःकायेन चेदपि ॥२०४

अर्थ.—पर दोष के समान यदि मनुष्य अपने दोष को भी देखने लगेगा तो निश्चय से इस ससार मे शरीर से सहित होकर भी यह मुक्त ही होगा। क्योंकि इसके समान कोई भी देहधारी प्राणी इस विषय में समर्थ नहीं हो सकेगा।

"समन्तभद्रो भद्रार्यो भातु-भारत भूषणम्" ।। इति—

अर्थात् इस समग्र भारतवर्ष मे भगवान् समन्तभद्राचार्य के समान वीर शासन रूपी समुद्र को भरति लाने वाले अन्य कोई भी आचार्य अभी तक नहीं हुये हैं और न ही होगे। क्योकि इनके अलावा पूर्वाचार्यो मे आगामी तीर्थंकर नहीं होगे। अतः समन्तभद्राचार्य इस भारतवर्ष मे भूषणभूत होवे।



भगवद्गीता के आधार से प्रश्नोत्तर रूप से लिखा जाता है—

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः ।
मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय ।।२०५।।

अर्थः—धृतराष्ट्र ने कहा कि, भो सजय ! धर्मभूमि तथा कुरुक्षेत्र मे एकत्रित हुये और युद्ध चाहने वाले मेरे तथा पाण्डु राजा के पुत्रो ने क्या किया ?

संजय का उत्तर—

दृष्ट्वा तु पाण्डवानीकं व्यूढं दुर्योधनस्तदा ।
आचार्यमुपसंगमय राजा वचनमब्रवीत् ।।२०६।।

अर्थ — इस विषय मे संजय ने कहा, उस समय राजा दुर्योधन ने व्यूह रचना युक्त पाण्डवो की सेना को देखकर तथा द्रोणाचार्य के पास जाकर यह वचन कहा।

पश्यैतां पाण्डुपुत्राणामाचार्य महतीं चमूम् ।
व्यूढां द्रुपदपुत्रेण तव शिष्येण धीमता ।।२०७।।

अर्थ.—हे आचार्य ! आपके बुद्धिमान् शिष्य द्रुपद पुत्र धृष्टद्युम्न द्वारा व्यूहाकार खड़ी की हुई पाण्डु पुत्रो की इस बडी भारी सेना को देखिए।

अत्रशूरा महेष्वासा भीमार्जुन समायुधि ।
युयुधानो विराटश्च द्रुपदश्च महारथः ।। २०८

अर्थः—इस सेना मे बडे बड़े धनुषधारी युद्ध मे भीम और अर्जुन के समान बहुत से शूरवीर है, जैसे सात्यकि और विराट तथा महारथी राजा द्रुपद है।

धृष्टकेतु श्चेकितानः काशि राजश्च वीर्यवान् ।
पुरु जित्कुन्ति भोजश्च शैब्यश्च नरपुङ्गवः ।।२०९

अर्थः—और धृष्टकेतु, चेकितान तथा बलवान् काशिराज, पुरुजित, कुन्तिभोज और मनुष्यो मे श्रेष्ठ शैब्य है।

युधामन्युश्च विक्रान्त उत्तमौजाश्च वीर्यवान्।
सौभद्रो द्रौपदेयाश्च सर्व एव महारथाः॥ २१० ॥

अर्थ—पराक्रमी युधामन्यु तथा बलवान् उत्तमौजा, सुभद्रापुत्र अभिमन्यु तथा द्रौपदी के पाँचों पुत्र यह सब ही महारथी है।

अस्माकं तु विशिष्टा ये तान्निबोध द्विजोत्तम्।
नायका मम सैन्यस्य संज्ञार्थं तान्ब्रवीमिते॥२११॥

अर्थ—हे ब्राह्मण श्रेष्ठ! हमारे पक्ष मे भी जो जो प्रधान है, उनको आप समझ लीजिये, आपके जानने के लिये मेरी सेना के जो जो सेनापति है उनको कहता हूं।

भवान्भीष्मश्च कर्णश्च कृपश्च समितिं जयः।
अश्वत्थामा विकर्णश्च सौमदत्तिस्तथै वच॥२१२॥

अर्थः—एक तो स्वय आप और पितामह भीष्म तथा कर्ण और संग्राम विजयी कृपाचार्य तथा वैसे ही अश्वत्थामा, विकर्ण और सौमदत्त का पुत्र भूरिभवा।

अन्ये च बहवः शूरा मदर्थेत्यक्त जीविताः।
नाना शस्त्र प्रहरणाः सर्वे युद्धविशारदाः॥२१३॥

अर्थ—तथा और बहुतसे शूरवीर अनेक प्रकार के शस्त्र अस्त्रों से युक्त मेरे लिये जीवन की आशा को त्यागने वाले सब के सब युद्ध में चतुर है।

अपर्याप्तं तदस्माकं बलं भीष्माभि रक्षितम्।
पर्याप्तंत्विदमेतेषां बलं भीमाभिरक्षितम्॥२१४॥

अर्थः—और भीष्म पितामह द्वारा रक्षित हमारी वह सेना सब प्रकार से अजेय है और भीम द्वारा रक्षित इन लोगो की यह सेना जीतने मे सुगम है।

अयनेषु च सर्वेषु यथा भाग भवस्थिताः।
भीष्ममेवाभि रक्षन्तु भवन्तः सर्व एवहि॥२१५॥

अर्थः—इसलिये सब मोर्चों पर अपनी अपनी जगह स्थित रहते हुये आप लोग सबके सब ही नि.सन्देह भीष्म पितामह की ही सब ओर से रक्षा करे ।

तस्य संजनयन्हर्षं कुरुवृद्धः पितामहः ।
सिंहनादं विनद्योच्चैः शङ्खं दध्मौ प्रतापवान् ॥२१६

अर्थः—इस प्रकार द्रोणाचार्य से कहते हुए दुर्योधन के वचनो को सुनकर कौरव मे वृद्ध बड़े प्रतापी पितामह भीष्म ने उस दुर्योधन क हृदय मे हर्ष उत्पन्न करते हुए उच्च-स्वर से सिंह की नाद के समान गर्जना कर बजाया ।

ततः शङ्खाश्च भेर्यश्च पणवानक गोमुखाः ।
सहसैवाभ्यहन्यन्त स शब्दस्तुमुलोऽभवत् ॥ २१७

अर्थ —उसके उपरान्त शख और नगारे तथा ढोल, मृदग और नृसिंहादि बाजे एक साथ ही बजे, उनका वह शब्द बड़ा भयकर हुआ ।

ततः श्वेतैर्हयैर्युक्ते महति स्यन्दने स्थितौ ।
माधवः पाण्डवश्चैवदिव्यौ शङ्खौ प्रदध्मतुः ॥२१८॥

अर्थः—इसके अनन्तर सफेद घोड़ो से युक्त उत्तम रथ मे बैठे हुए श्री कृष्ण और अर्जुन ने भी अलौकिक शख बजाये ।

पाञ्चजन्यं हृषी केशो देवदत्तं धनंजयः ।
पौण्ड्रं दध्मौ महाशङ्खं भीमकर्मा वृकोदरः ॥२१६

अर्थ —उनमे, श्रीकृष्ण ने पाञ्चय जन्य नाम के शंख और अर्जुन ने देवदत्त नामक शङ्ख बजाया, भयानक कर्म वाले भीमसेन ने पौण्ड्र नामक महाशङ्ख बजाया ।

अनन्त विजयं राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः ।
नकुलः सहदेवश्च सुघोष मणि पुष्पकौ ॥२२०॥

अर्थः—कुन्ती पुत्र राजा युधिष्ठिर ने अनन्त विजय नामक शङ्ख और नकुल और सहदेव ने सुघोप और मणि पुष्पक नामक वाले शख बजाये ।

काशश्च परमेष्वासः शिखण्डी च महारथः ।
धृष्टद्युम्नो विराटश्च सात्यकिश्चा पराजितः ॥ २२१

अर्थः—श्रेष्ठ धनुष्य वाला काशिराज और महारथी शिखंडी और धृष्टद्युम्न तथा राजा विराट और अजेय सात्यकि।

द्रुपदो द्रौपदेयाश्च सर्वशः पृथिवीपते।
सौभद्रश्चमहाबाहुःशंखान्दध्मुःपृथक्पृथक्॥२२

अर्थ.—तथा राजा द्रुपद और द्रौपदी के पांचो पुत्र और वड़ी भुजा वाला सुभद्रा पुत्र अभिमन्यु इन सबने हे राजन्! अलग अलग शंख बजाये।

स घोषो धार्तराष्ट्राणां हृदयानि व्यदारयत्।
नभश्च पृथिवीं चैव तुमुलो व्यनुनादयन्॥ २३

अर्थः—और उस भयानक शब्द ने आकाश और पृथ्वी को भी शब्दायमान करते हुए धृतराष्ट्र पुत्रो के हृदय विदीर्ण कर दिये।

अथ व्यवस्थितान्दृष्ट्वा धार्तराष्ट्रान्कपिध्वजः।
प्रवृत्ते शस्त्रसंपातेधनुरुद्यम्य पाण्डवः॥ २२४
हृषीकेशं तदावाक्यमिदमाह महीपते।
सेनयो रुभयो र्मध्ये रथं स्थापय मे ऽच्युत॥२२५

अर्थः—हे राजन्! उसके उपरान्त कपिध्वज अर्जुन ने खड़े हुए धृतराष्ट्र पुत्रों को देखकर उस शस्त्र चलने की तैयारी के समय धनुष उठाकर हृषीकेश श्रीकृष्ण से यह वचन कहा, हे अच्युत! मेरे रथ को दोनो सेनाओ के वीच मे खड़ा कीजिये।

यावदे तान्निरीक्षेऽहं योद्धु कामानवस्थितान्।
कै र्मया सह योद्धव्यमस्मिन्रणसमुद्यमे॥ २२६

अर्थः—जव तक मै इन स्थित हुए युद्ध की कामना वालो को अच्छी प्रकार देख लूँ कि, इस युद्ध रूप व्यापार से मुझे किन-किनके साथ युद्ध करना योग्य है।

योत्स्य मानानवेक्षेऽहं य एतेऽत्र समागताः।
धार्तराष्ट्रस्य दुर्बुद्धे युद्धे प्रिय चिकीर्षवः॥२

अर्थः—और दुर्बुद्धि दुर्योधन का युद्ध मे कल्याण चाहने वाले जो जो ये राजा लोग इस सेना मे आये है, उन युद्ध करने वालो को मै देखूँगा।

एवमुक्तो हृषीकेशो गुडाकेशेन भारत।
सेनयोरुभयोर्मध्ये स्थापयित्वा रथोत्तमम् ॥ २२८

भीष्मद्रोण प्रमुखतः सर्वेषां च महीक्षिताम्।
उवाच पार्थपश्यैतान्समवेतान्कुरूनिति ॥ २२९

अर्थ.—सजय ने कहा, हे धृतराष्ट्र! अर्जुन द्वारा इस प्रकार कहे हुए श्रीकृष्ण ने दोनो सेनाओ के बीच मे भीष्म और द्रोणाचार्य के सामने और सम्पूर्ण राजाओ के सान्निध्य से उत्तम रथ का खडा करके ऐसे कहा कि, हे पार्थ! इन इकट्ठे हुए कौरवो को देख।

तत्रापश्यत्स्थितान्पार्थः पितॄनथ पितामहान्।
आचार्यान्मातुलान्भ्रातॄन्पुत्रान्पौत्रान्सखींस्तथा-
श्वशुरान्सुहृदश्चैवसेनयोरुभयो रपि ॥ २३० ॥

अर्थः—उसके उपरान्त प्रथा पुत्र अर्जुन ने उन दोनो ही सेनाओ मे स्थित हुए पिता के भाइयो को, पितामहो को, आचार्यो को, मामो को, भाइयो को, पुत्रो को, पौत्रो को तथा मित्रो को, ससुरो को और सुहृदो को भी देखा।

तान्समीक्ष्यसकौन्तेयः सर्वान्बन्धूनवस्थितान्।
कृपया परयाविष्टो विषीदन्निदमब्रवीत् ॥ २३१

अर्थ.—इस प्रकार उन खड़े हुए सम्पूर्ण बन्धुओ को देखकर वह अत्यन्त करुणा से युक्त हुआ कुन्ती पुत्र अर्जुन शोक करता हुआ यह वचन कहा।

दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम्।
सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति।
वे पथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते ॥ २३२

अर्थः—हे कृष्ण! इस युद्ध की इच्छा वाले खड़े हुए स्वजन समुदाय को देखकर मेरे अग शिथिल हुए जाते है और मुख भी सूखा जाता है और मेरे शरीर मे कम्प तथा रोमांच होता है।

गाण्डीवं स्रंसते हस्तात्त्वक्चैव परिदह्यते।
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः॥२३३

अर्थः—तथा हाथ से गाण्डीव धनुष्य गिरता है और त्वचा भी बहुत जलती है तथा मेरा मन भ्रमित सा हो रहा है, इसलिये मै खड़ा रहने को भी समर्थ नहीं हूं।

निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव।
न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे॥२३४

अर्थ—और हे केशव! लक्षणो को भी विपरीत ही देखता हूं तथा युद्ध मे अपने कुल को मारकर कल्याण भी नहीं देखता।

न कांक्षे विजयं कृष्ण न च 'राज्यं सुखानि च।
किं नो राज्येन गोविन्द किं भोगैर्जीवितेन वा॥२३५

अर्थः—हे कृष्ण! मै विजय को नहीं चाहता और राज्य तथा सुखो को भी नहीं चाहता, हे गोविन्द! हमे राज्य से क्या प्रयोजन है अथवा भोगो से और जीवन से भी क्या प्रयोजन है।

येषामर्थे कांक्षितं नो राज्यं भोगाः सुखानि च।
त इमेऽवस्थितायुद्धे प्राणांस्त्यक्त्वा धनानि च॥२३६

अर्थ—क्योकि हमे जिनके लिये राज्य, भोग और सुखादिक इच्छित है वे ही यह सब धन तथा जीवन की आशा को त्याग कर युद्ध मे खड़े है।

आचार्याः पितरः पुत्रास्तथैव च पितामहाः।
मातुलाःश्वशुराःपौत्राःश्यालाःसम्बन्धिनस्तथा॥२३७

अर्थः—जो कि गुरुजन, ताऊ, चाचे, लड़के और वैसे ही दादा, मामा, ससुर, पोते, साले तथा और भी सम्बन्धी लोग है।

एतान्न हन्तुमिच्छामि घ्नतोऽपि मधुसूदन।
अपि त्रैलोक्य राज्यस्य हेतोः किं नु महीकृते॥२३८

अर्थः—इसलिये हे मधुसूदन! मुझे मारने पर भी अथवा तीन लोक के राज्य के लिये भी मै इन सबको मारना नहीं चाहता, फिर पृथ्वी के लिये तो कहना ही क्या है।

निहत्य धार्तराष्ट्रान्नः का प्रीतिस्या जनार्दन।
पापमेवाश्रयेदस्मान्हत्वैताना ततायिनः॥ २३९

अर्थः—हे जनार्दन ! धृतराष्ट्र के पुत्रो को मारकर भी हमे क्या प्रसन्नता होगी, इन आततायियो को मारकर तो हमे पाप ही लगेगा ।

तस्मान्नार्हावयं हन्तुं धार्तराष्ट्रान्स्वबान्धवान् ।

स्वजनं हि कथं हत्वा सुखिनः स्याम माधव ॥२४०

अर्थः—इससे हे माधव ! अपने बांधव धृतराष्ट्र के पुत्रो को मारने के लिये हम योग्य नहीं है, क्योंकि अपने कुटुम्ब को मारकर हम कैसे सुखी होगे ।

यद्यप्येते न पश्यन्ति लोभोपहत चेतसः ।

कुलक्षयकृतं दोपं मित्र द्रोहे च पातकम् ॥२४१॥

अर्थ.—यद्यपि लोभ से भ्रष्टचित्त हुए यह लोग कुल के नाशकृत दोष को और मित्रो के साथ विरोध करने मे पाप को नहीं देखते है ।

कथं न ज्ञेयमस्माभिः पापादस्मान्निवर्तितुम् ।

कुल क्षय कृत्तं दोषं प्रपश्यद्भिर्जनार्दन ॥२४२॥

अर्थ —परन्तु हे जनार्दन ! कुल के नाश करने से होते हुए दोष को जानने वाले हम लोगो को इस पाप से हटने के लिये क्यो नहीं विचार करना चाहिये ।

कुलक्षये प्रणश्यन्ति कुलधर्माः सनातनाः ।

धर्मे नष्टे कुलं कृत्स्नम धर्मोऽभि भवत्युत ॥२४३॥

अर्थः—क्योकि कुल के नाश होने से सनातन कुल धर्म नष्ट हो जाते है, धर्म के नाश होने से सम्पूर्ण कुल को पाप भी बहुत दबा लेता है ।

अधर्माभि भवात्कृष्ण प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रियः ।

स्त्रीपु दुष्टा सु वार्ष्णेय जायते वर्ण संकरः ॥२४४॥

अर्थ —तथा हे कृष्ण ! पाप के अधिक बढ़ जाने से कुल की स्त्रियां दूषित होजाती है और हे वार्ष्णेय ! स्त्रियो के दूषित होने पर वर्ण संकर उत्पन्न होता है ।

संकरो नरकायैव कुलघ्नानां कुलस्य च ।

पितन्ति पितरोह्येषां लुप्तपिण्डोदक क्रियाः ॥२४५॥

अर्थ —और वह वर्ण सकर कुल घातियो को और कुल को नरक मे लेजाने के लिये ही होता है । लोप हुई पिण्ड और जल की क्रिया वाले इनके पितर लोग भी गिर जाते हैं ।

दोषैरेतैः कुलघ्नानां वर्णसंकर कारकैः ।
उत्साद्यन्ते जातिधर्माः कुलधर्माश्च शाश्वताः ॥२४६

अर्थः—और इन वर्ण संकर कारक दोषो से कुल घातियो के सनातन कुल धर्म और जाति धर्म नष्ट हो जाते है ।

उत्सन्न कुल धर्माणां मनुष्याणां जनार्दन ।
नरकेऽनियतं वासो भवतीत्यनु शुश्रुम ॥२४७॥

अर्थ —तथा हे जनार्दन ! नष्ट हुए कुल धर्म वाले मनुष्यो का अनन्तकाल तक नरक मे वास होता है ।

अहो वत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयम् ।
यद्राज्य सुख लोभेन हन्तुं स्वजनमुद्यताः ॥२४८

अर्थः—अहो ! शोक है कि हम लोग बुद्धिमान् होकर भी महान् पाप करने को तैयार हुए है, जो कि राज्य और सुख के लोभ से अपने कुल को मारने के लिये उद्यत हुए है ।

यदि मामप्रतीकारमशस्त्रं शस्त्र पाणयः ।
धार्तराष्ट्रा रणे हन्युस्तन्मे क्षेमतरं भवेत् ॥२४९॥

अथ —यदि मुझे शस्त्र रहित, न सामना करने वाले को शस्त्रधारी धृतराष्ट्र के पुत्र रण मे मारे तो वह मारना भी मेरे लिये अति कल्याणकारक होगा ।

संजय का उत्तर—

एवमुक्त्वार्जुनः संख्ये रथोपस्थ उपाविशत् ।
विसृज्य सशरं चापं शोक संविग्न मानसः ॥२५०॥

अर्थ —सजय कहता है कि रणभूमि मे शोक से उद्विग्न मन वाला अर्जुन इस प्रकार कहकर बाण सहित धनुष को त्याग कर रथ के पिछले भाग मे बैठ गया ।

सूचना—पूर्वार्द्ध के तीसरे अध्याय मे—श्लोक २०५ मे से—इसका अभिप्राय शरीर का त्याग करने से मुक्ति नहीं मिलती किन्तु तपस्या से मिलती है। एवं भव्यजीव-रूपी कमल से ही मुक्ति होती है (अभ्र माने कर्मपटल उसका नाश होने से मुक्ति होती है अरुण माने भव्यरूपी सूर्य से ही मुक्ति मिलती है ।

॥ आप्त स्वरूपम् ॥

आप्तागमः प्रमाणं स्याद्ययावद्वस्तु सूचकः ।
यस्तु दोषैर्विनिर्मुक्तः सोऽयमाप्तो निरञ्जनः ॥ १५१

अर्थ.—आप्त (अर्हत) निर्मित आगम प्रमाण है जैसे वस्तु का स्वरूप होगा वैसे ही सूचित करने वाला होगा। और जो दोषो से रहित है वे ही आप्त (अर्हत भगवान्) चार घाति कर्मो से निर्मुक्त है ।

दोषावरणमुक्तात्मा कृत्स्नं वेत्ति यथास्थितम् ।
सोऽर्हस्तत्वागमं वक्तुं यो मुक्तोऽनृत कारणैः ॥२५२

अर्थः—दोष और आवरण से जो रहित है वे ही सम्पूर्ण वस्तु स्वरूप को निर्दोष जान सकते है। और जो असत्य कारणो से निर्मुक्त है वे अर्हत भगवान् तत्वागम को कहने मे समर्थशाली है।

आगमो ह्याप्तवचनमाप्तं दोष क्षयं विदुः ।
त्यक्त दोषोऽनृतं वाक्यं न ब्रूयादित्य सम्भवात् ॥२५३

अर्थ.—निश्चय से आगम आप्त का वचन है और दोषो से रहित ही आप्त है अतएव दोष निर्मुक्त होने से असत्य वाक्य नहीं बोल सकते है अर्थात् असम्भव है।

रागाद्वा द्वेषमोहाद्वा वाक्यमुच्यते ह्यनृतम् ।
यस्य तु नैव च दोषास्तस्यानृतकारणं नास्ति ॥२५४

अर्थः—राग द्वेष मोह से ही असत्य वचन बोला जाता है किन्तु जिनके दोष ही नहीं है उनको असत्य बोलने का कारण नहीं है ।

पूर्वापर विरुद्धादेर्व्यपेतो दोष संहतेः ।
द्योतकः सर्वभावानामाप्तव्याहृतिरागमः ॥ २५५

अर्थ—पूर्वा पर विरुद्धादिक दोषो का अभाव होने से समस्त तत्वो का प्रकाश करने मे जो समर्थ है वही आगम आप्त द्वारा प्रत्यक्ष तथा परोक्ष प्रमाण से कहा गया है।

ध्यानानल प्रतापेन दग्धे मोहेन्धने सति ।
शेष दोषास्ततो ध्वस्ता योगी निष्कल्मषायते ॥ २५६

अर्थः—ध्यानाग्नि के प्रताप से मोहरूपी ईंधन को जलाने से और अवशेष दोषों का भी विध्वंस होने से योगी निर्दोषी कहलाते है।

मोह कर्म रिपौ नष्टे सर्वे दोषाश्च विद्रुताः।
छिन्न मूलतरोर्यद्वद्ध्वस्तं सैन्यमराजवत् ॥२५७॥

अर्थः—प्रथम समय में मोहकर्म शत्रु नष्ट होने पर युगपत् ही समस्त दोष विनाश पाते है। जैसे वृक्ष की जड़ पतित होने से उस वृक्ष का ही अभाव हो जाता है वैसे मोहनीय कर्म का नाश होने मात्र से मोहरूपी राजा का पतन होता है। तदनुसार मोह के अभाव में सब कर्मो का अभाव निश्चित है।

नष्टं छद्मस्थविज्ञानं नष्टं केशादि वर्धनम्।
नष्टं देहमलं कृत्स्नं नष्टे घाति चतुष्टये ॥२५८॥

अर्थ.—देहधारी छद्मस्थो का विज्ञान नष्ट प्रायः हो जाता है तथा केशादिको का भी नाश पाता है। और घाति कर्म चतुष्टय के नष्ट होने से सम्पूर्णत. देह मल विध्वस्त हो जाता है।

नष्टं मर्याद विज्ञानं नष्टं मानस गोचरम्।
नष्टं कर्म मलं दुष्टं नष्टो वर्णात्मको ध्वनिः ॥२५९॥

अर्थः—सीमित ज्ञान भी नष्ट होता है तथा मानसिक ज्ञान भी विनाश पाता है। और दुष्ट कर्ममल भी नष्ट हो जाता है इसलिये वर्णात्मक ध्वनि भी अन्त में विध्वस हो जाती है।

नष्टाः क्षुत्तृड् भयस्वेदा नष्टं प्रत्येक बोधनम्।
नष्टं भूमि गत स्पर्शं नष्टं चेन्द्रियजं सुखम् ॥२६०

अर्थः—भूख, प्यास, भय, पसीना वगैरह दोष नष्ट हो जाते हैं और इन्द्रिय जन्य ज्ञान का भी नाश होता है। और पृथ्वी तल का स्पर्श भी विनाश पाता है तथा इन्द्रियज सुख का भी अन्त हो जाता है।

नष्टा सदेहजा छाया नष्टाचेन्द्रिय जा प्रभा।
नष्टा सूर्यप्रभा तत्र सूतेऽनन्त चतुष्टये ॥२६१॥

अर्थ —देह प्राप्त छाया नष्ट हो जाती है तथा इन्द्रियजन्य कान्ति भी विनष्ट होती है। और सूर्य की प्रभा भी नष्टता को प्राप्त होती है वहीं पर अनन्त चतुष्टय भी भगवान् को प्राप्त होते है।

तदा स्फटिक संकाशं तेजो मूर्तिमयं वपुः।
जायते क्षीण दोषस्य सप्त धातु विवर्जितम् ॥२६२॥

अर्थः—तब स्फटिक के समान शरीर तेजः पुञ्ज हो जाता है और अर्हत भगवान् के सात धातु भी नष्ट होकर परमौदारिक शरीर प्राप्त हो जाता है।

सकल ग्राहकं ज्ञानं युगपद्दर्शनं तदा।
अव्याबाधसुखं वीर्यं एतदाप्तस्य लक्षणम् ॥२६३॥

अर्थ —समस्त चराचर पदार्थ ग्रहण करने योग्य केवलज्ञान तथा केवल दर्शन युगपत प्राप्त होते है और बाधा रहित सुख वीर्यादिक गुण प्राप्त होते है यही आप्त का लक्षण है।

त्रैलोक्य क्षोभका ह्येते जन्म मृत्यु जरादयः।
ध्वस्ता ध्यानाग्निना येन सआप्तःपरिपठ्यते ॥२६४॥

अर्थः—ये जन्म, मृत्यु, जरादि रोग त्रैलोक्यवासी ससारी प्राणियो को क्षोभ उत्पन्न करने वाले है। जिन्होने ध्यानाग्नि से ध्वस्त किये वे ही आप्त कहे जाते है।

क्षुधा तृषा भयं द्वेषो रागा मोहश्च चिन्तनम्।
जरारुजा च मृत्युश्च स्वेदः खेदो मदो रतिः ॥२६५

अर्थः—भूख, प्यास, भय, द्वेष, राग, मोह, चिन्ता, बुढ़ापा, रोग, मरण, पसीना, दुःख, गर्व तथा रति इस प्रकार—

विस्मयो जननं निद्रा विषादोऽष्टादश ध्रुवाः।
त्रिजगत्सर्व भूतानां दोषाः साधारणा इमे ॥२६६॥

अर्थः—आश्चर्य, जन्म, निद्रा तथा विषाद ये अठारह दोष जिनमें नहीं है वे सर्वज्ञ भगवान् आप्त कहलाते है। और निश्चय से ऊपर प्रतिपादित ये दोष त्रैलोक्यवासी जीवों मे सामान्य से ये होने से संसारी कहने योग्य हैं।

एते दोषै विनिर्मुक्तः सोऽयमाप्तो निरञ्जनः ।
विद्यन्ते येषु ते नित्यं तेऽत्र संसारिणः स्मृताः ॥२६७

अर्थ.—इन दोषों से जो रहित है वे ही निर्दोष आप्त हैं और ये दोष जिनमें विद्यमान हैं वे सदैव यहाँ पर संसारी प्राणी अष्ट कर्मों से युक्त हैं । [illegible]

संसारो मोहनीयस्तु प्रोच्यतेऽत्र मनीषिभिः ।
संसारिभ्योऽन्यो ह्यात्मा परमात्मेति भाषितः ॥२६८॥

भावार्थ—यहाँ केवलज्ञानियों के द्वारा संसार मोहनीय कर्म के [illegible] कहा गया है । और संसारियों से जो [illegible] हैं वे ही परमात्मा इस [illegible] से प्रसिद्ध हैं ।

सर्वज्ञः सर्वतो भद्रः सर्वदृग्वदनो विभुः ।
सर्व व्यापः सदा वन्द्यः सर्व सौख्यात्मको जिनः ॥२६९

भावार्थ—सर्वज्ञ होने से त्रैलोक्यवर्ती [illegible] सर्वतोभद्र सर्वदर्शी अर्थात् जिनके केवल दर्शनरूपी [illegible] हो जाते हैं अत विभु हैं । और अठारह महाभाषा [illegible] युक्त एवं सदैव वन्द्य सर्व सौख्यदायक ऐसे जिन भगवान् विराजमान हैं ।

अर्हन् त्रैलोक्य साम्राज्यमर्हन् पूजां सुरेशिनाम् ।
हतवान् कर्म सम्पूतं अर्हन्नात्मा ततः स्मृतः ॥२७०॥

भावार्थ—अर्हंत भगवान त्रैलोक्य के [illegible] हैं तथा इन्द्रादिकों के [illegible] योग्य हैं । और घाति कर्म चतुष्टय को मारने वाले होने से अर्हंत इस प्रकार [illegible] जाते हैं ।

रागद्वेषादयो येन जिताः कर्ममहाभटाः ।
काल चक्र विनिर्मुक्तः सजिनः परिकीर्तितः ॥२७१॥

भावार्थ—[illegible]

न स्वयम्भूः [illegible] ।
[illegible] नित्यं [illegible] ॥२७२॥

अर्थः—वे ही स्वयम्भू तथा स्वयमेव सिद्ध और जिनको केवलज्ञान प्राप्त होगया है इसलिये सदैव विश्व को जानते है। तथा युगपत् केवलदर्शन से समस्त त्रिकालवर्ती पदार्थो को देख लेते है।

येनाप्तं परमैश्वर्यं परानन्द सुखास्पदम्।
बोधरूपं कृतार्थोऽसावीश्वरः पटुभिः स्मृतः ॥२७३॥

अर्थ.—जिससे आप्त उत्कृष्ट ऐसे केवलज्ञानादि ऐश्वर्यो से तथा परमोत्कृष्ट आत्मिक सुख से सहित है। और केवलज्ञानरूपी बोधामृत से भव्य जीवो को प्राशन करते है अत. कृतार्थ है। हमेशा श्रेष्ठ पद में विराजमान होने पर ईश्वर तथा उपदेश से आप्त का स्मरण किया जाता है।

शिवं परमकल्याणं निर्वाणं शान्तमक्षयम्।
प्राप्तं मुक्ति पदं येन स शिवःपरिकीर्तितः ॥२७४॥

अर्थ.—शिव है तथा परम कल्याण युक्त है और मोक्ष को प्राप्त कर चुके है तथा शान्तमय अक्षय सुखी है। और जिन्होने मुक्ति प्राप्त करली है वे ही शिवनाम से प्रसिद्ध है।

जन्ममृत्युजराख्यानि पुराणि ध्यान वह्निना।
दग्धानि येन देवेन तं नौमि त्रिपुरान्तकम् ॥२७५॥

अर्थः—जन्म, मृत्यु, बुढ़ापा नाम के पुराने कर्मो को जिन्हाने ध्यानरूपी अग्नि से जला दिये है ऐसे देवाधिदेव अर्हत भगवान् जन्म, जरा तथा मरण से परिमुक्त है उनको मै नमोऽस्तु करता हूँ।

महामोहादयो दोषा ध्वस्ता येन यदृच्छया।
महाभवार्णवोत्तीर्णमहादेवः सकीर्तितः ॥२७६॥

अर्थः—जिससे महामोहादि दोषो का जिन्होने विध्वंस किया है और महासंसार समुद्र से तिर गये है ऐसे महादेव अर्थात् तीर्थंकर प्रभु प्रसिद्ध है।

महत्वादीश्वरत्वाच्च यो महेश्वरतांगतः।
त्रैधातुकर्मविनिर्मुक्तस्तं वन्दे परमेश्वरम् ॥२७७॥

अर्थ.—जो महान् गुणों से युक्त होने से ईश्वरत्व को प्राप्त हो चुके है और जन्म, जरा तथा मरण से निर्मुक्त हैं ऐसे परमेश्वर को मै नमोऽस्तु करता हूँ।

तृतीय ज्ञान नेत्रेण त्रैलोक्यं दर्पणायते।
यस्यानवद्यचेष्टायां स त्रिलोचन उच्यते ॥२७८॥

अर्थः—जिनके तीसरे केवलज्ञानरूपी नेत्र से त्रैलोक्य की दर्पण के समान प्रकाशित किये है और जिनके निर्दोष चेष्टाएं देखी जाती है ऐसे तीन नेत्रधारी कहे जाते है।

येन दुःखार्णवे घोरे मग्नानां प्राणिनां दया।
सौख्यमूलः कृतोधर्मः शंकरः परिकीर्तितः ॥२७६॥

अर्थ.—जिससे घोर दुःखरूपी समुद्र मे डूबे हुए प्राणियो को ऊपर लेने के लिये दया के सौख्य मूल कारण है ऐसे धर्म तीर्थकर शंकर सुखदायक प्रसिद्ध है।

रौद्राणि कर्मजालानि शुक्ल ध्यानोग्रवह्निना।
दग्धानि येनरुद्रेण तं तु रुद्रं नमाम्यहम् ॥२८०॥

अर्थः—जिन्होने शुक्ल ध्यानरूपी भीषणमय अग्नि से रौद्रस्वरूपी कर्म समुदाय जला दिया है ऐसे रुद्र को मै नमोऽस्तु करता हू।

विश्वंहि द्रव्यपर्यायं विश्वं त्रैलोक्य गोचरम्।
व्याप्तं ज्ञानत्विषा येन स विष्णुर्व्यापको जगत् ॥२८१

